उनके इलाका अख्तियारकी हुदूदअरज़ी, बल्दै प्रेज़ीडन्सी के कुल मुक़ामातमें जिस के
लिये वह मुक़र्रर हुआहो और नीज़ अंदरहुदूद
बंदर बल्दै मज़कूरके और हरएकदरियाय क़ाबिलरवानगी किश्ती
या नहरकी हुदूदमें जो उसमें जामिलाहो मुताबिक़ सराहतहुदूद
मुन्दरजै उस क़ानूनके नाफ़िज़करेगा जो वास्ते इन्तिज़ाम बंदर
और महसूलात बंदरके उसवक्त निफ़ाज़पिज़ीर हो ॥

दफ़ा २०—हरमजिस्ट्रेट प्रेज़ीडंसी मुतअल्लिक़ै बल्दै बम्बई वह
बम्बई के कोर्ट तमाम अख्तियारात अमलमें लायेगा जो बसू-
आफ पेटी सिशन, जिन किसी क़ानून मजारिये ऐनमाक़ब्ल

यकुमअप्रैल सन् १८७७ ई० के कोर्ट आफ़पेटी-सिशनकी तरफ़ से बल्दै मज़कूर में तामील पाते थे ॥

मगर शर्त्त यह है--कि मुक़द्दमात अपीलमुताबिक़ उसक़ानून के जो बाबत इन्तिज़ाम म्यूनिसिपिल्टी बंबई के किसी वक्त जारीहो सिर्फ़ चीफ़माजिस्ट्रेट के हुजूर दायर होसकेंगे ॥

(चीफ माजिस्ट्रेट) दफ़ा २१--हरचीफ़ माजिस्ट्रेट अपनेइलाक़ै अख़्तियारकी हुदूद अरज़ी के अन्दर वह तमाम अख़्तियारात नाफ़िज़करेगा जो उसेबमूजिब मजमूये हाज़ा अताहुयेहों या बमूजिब किसी क़ानून या क़ायदे नाफ़िज़•ऐनमाक़ब्ल उस वक्त के जब यह मजमूआ असर पिज़ीर होजाय किसी माजिस्ट्रेट आज़म या चीफ़माजिस्ट्रेटकी मारफ़त अमल में आने चाहियें--और उसको अख़्तियार होगा कि वक्तन् फ़वक्तन् लोकलगवर्नमेंट की मंज़ूरी पहिले से हासिल करके ऐसे क़वायद जो इसमजमूये के मुताबिक़ हों वास्ते इन्तिज़ाम उमूर मुफ़स्सिलैजैलके मुरत्तिब करतारहे ॥

(अलिफ़)-निस्बतकार्रवाई वतक़सीम ख़िदमात और ज़ाबितैअमल•अदालत हायसाहिबान माजिस्ट्रेट बल्दैके ॥

(बे)-निस्बत औक़ात और मुक़ामातके जहां माजिस्ट्रेटों के बेंचों का इजलास होगा ॥

(जीम)-निस्बत तौज़ीअ ऐसे बेंचों के--और

(दाल)-निस्बततरीक़ातस्फ़ियइख़्तिलाफ़ातआराके जो बवक्त इजलास माबैन मजिस्ट्रेटों के वाक़ै हों ॥

(हे)-जस्टिस आफ दीपीस ॥

(जस्टिसआफ दीपीस मुफ़स्सिलके लिये) दफ़ा २२--जनाबनव्वाब गवर्नरजनरलबहादुर इजलास कौंसल को जहांतक बलादप्रेजीडन्सी के बाहर ब्रिटिश-इंडियाके कुलक़लमरौ या उसके किसी जुज्व से तअल्लुक़ है ॥

और हर लोकलगवर्नमेंट को जहां तक बइस्तस्नाय बलाद प्रेजीडन्सी मज़कूर उसके मुमालिक ज़ेरहुकूमत से तअल्लुक़है ॥

अख़्तियारहोगा कि बज़रिये इश्तिहार मुन्दर्जै गजट सर्कारी के

उसक़दर रिआयाय बृटानिया अहल यूरोपको जो जनाबमुफख़्खर अलेहुम् या लोकलगवर्नमेण्ट को मुनासिब मालूम हो उन मुमालिक के अन्दर और उनके लिये जस्टिस आफदीपीस मुक़र्रर करे जिनकी सराहत इश्तिहार मज़कूरमें हो ॥

दफ़ा २३--जनाब नव्वाब गवर्नर जनरल बहादुर बइजलास कौंसल या लोकलगवर्नमेण्ट को जहांतक बल्दै कलकत्ते से तअ़ल्लुक़ है ॥

जस्टिस आफदीपीस बलादप्रेजीडंसीके लिये,

और लोकलगवर्नमेण्ट को जहांतक बलाद मदरास और बंबई से तअ़ल्लुक़ है ॥

अख़्तियार होगा—कि बज़रिये इश्तिहार मुन्दरजै गज़ट सर्कारी के उस बल्दैकी हुदूद के अन्दर जो इश्तिहार में मज़कूरहो किसी अशख़ास साकिन ब्रिटिशइंडिया को जो किसी रियासत ग़ैरकी रिआ़या न हों और जिनको गवर्नर जनरल बहादुर बइजलास कौंसल या लोकलगवर्नमेण्ट (जैसी सूरतहो) लायक़ समझे ओहदैजस्टिस आफ़दीपीसपर मामूरकरे ॥

दफ़ा २४-हर वह शख़्स जो बज़रिये कमीशन मजारिये हाईकोर्टके ब्रिटिशइंडिया के किसी जुज़्वकेअंदर और उसकेलिये बइस्तस्नाय बलाद प्रेजीडंसीकेबिल्फ़ैल काम जस्टिस आफदीपीसका अंजाम देताहो ऐसा समझाजायेगा कि गोया वह दफ़ा २२-के मुताबिक़ जनाब नव्वाब गवर्नर जनरल बहादुर बइजलास कौंसल के हुक्मसे ब्रिटिशइण्डिया के तमाम क़लमरौ के लिये बइस्तस्नाय बलाद प्रेजीडंसी जस्टिसआफदीपीस का काम अंजाम देनेके लिये मुक़र्रर हुआ है ॥

बिल्फ़ेलकेजस्टिस आफदीपीस,

हर ऐसा शख़्स जो क़िस्म मज़कूर के किसी कमीशन के ज़रिये से किसी बल्दै मज़कूरै सदरकी हुदूदके अन्दर कामजस्टिस आफ़दीपीस का बिल्फ़ैल अंजाम देताहो ऐसा समझा जायगा कि वह दफ़ा २३-के बमूजिब लोकलगवर्नमेण्ट के हुक्मसे मुक़र्रर कियागयाहै ॥

दफ़ा २५--जनाब नव्वाब गवर्नर जनरल बहादुर और जनाब

यवसआफ़िशियर यानी ओहदोंकेएतबारसेजस्टिस आफदीपीस,

मभदूह की कौंसलके मामूली मेम्बरान और हाईकोर्ट के साहिबानजज और रिकार्डररंगून अपने २ ओहदों के एतबार से कुल ब्रिटिश-इण्डियाके लिये और उसके अंदर जस्टिस आफ़दीपीसहैं * और साहबान सिशनजज व डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट उस कुलकलमरौके अन्दर और उसकुलकलमरौकेलिये जो उस लोकलगवर्नमेण्ट के जेर नज्म व नुस्क़हों जिसके मातहत वह कारगुज़ारहैं जस्टिस आफदीपीसहैं — और साहबान मजिस्ट्रेट प्रेज़ीडेंसी उनबलादके अन्दर और उनकेलिये जस्टिस आफ़दीपीस हैं जिनमें वह मजिस्ट्रेट का ओहदा रखतेहैं ॥

(बाब)-मुअत्तली और मौकूफी ॥

साहबानजज व साहबान मजिस्ट्रेटकी मुअत्तली व मौक़ूफी,

दफ़ा २६—जायज़है कि लोकलगवर्नमेण्टके हुक्मसेतमामसाहिबानजजअदालतहायफौजदारी बइस्तस्नायअदालतहाय हाईकोर्टकेजोअजरूय सनदशाहीकेकायमहुईहों औरजुमलेसाहिबान मजिस्ट्रेट ओहदेसे मुअत्तल या मौकूफ़ कियेजायँ ॥

मगरशर्त्त यह है कि ऐसे साहिबानजज और मजिस्ट्रेट जो बिलफ़ैल सिर्फ़ जनाब नव्वाब गवर्नर जनरल बहादुर बइजलास कौंसलके हुक्म से ओहदेसे मुअत्तल या मौकूफ़ होनेके लायक़ हैं किसी और हाकिमके हुक्मसे मुअत्तल या मौकूफ़ न होसकेंगे॥

जस्टिस आफदी पीस की मुअत्तली व मौकूफी,

दफ़ा २७--जनाबनव्वाब गवर्नर जनरलबहादुर बइजलासकौंसलमजाजहैं कि अपने मुकर्रर कियेहुये किसी जस्टिस आफ़दीपीस को ओहदेसे मुअत्तल या मौक़ूफ़ करें-और लोकलगवर्नमेण्ट मजाज़है कि अपने मुकर्रर कियेहुये किसी जस्टिस आफ़दीपीस को ओहदेसे मुअत्तल या मौकूफ़करे ॥

---

* यह अलफाज दफा २५-में ऐक्ट ३ सन् १८८४ की दफा १--की रूसेमुन्दर्ज किये गये हैं,

बाब--३ ॥

अदालतोंके अख्तियारात ॥

(अलिफ़)-तसरीह उन जरायम की जो हरअदाल
की समाअत के लायक़ हैं ॥

जरायम मुसर्रहमजमूअ ताजीरातहिंद, ऐक्ट ४५ सन् १८६०ई०,

दफ़ा २८--बपाबन्दी दीगर अहकाम मजमूये हाजाके
है कि तजवीजहरजुर्ममुसर्रहमजमूये
हिंदकीअदालत हाईकोर्ट या अदाल
या किसी और ऐसी अदालतकी मारफ़त कीजाय ज
दोम के खाने ८ की रूसे उसकी त
मजाज जाहिर कीगई हो ॥

जरायम जोकिसी और कानून में मुसर्रहहैं,

दफ़ा २९--तजवीज हर जुर्म मुसर्रह किसी और क
अगर उस कानून में कोई खास
उसकी मुजाव्विज क़रार पाईहो उस
लत की मारफ़त होगी ॥

अगर उस कानून में किसी अदालतका जिक्र न हो
ज है--कि उस जुर्मकी तजवीज हाईकोर्ट या किसी और
की मारफत हो जो इस मजमूये के बमूजिब मुक़र्रर हुई
शर्त यह है कि--

(अलिफ़)-कोई मजिस्ट्रेट दरजै अव्वल ऐसे किसी
तजवीज न करेगा जो काबिल ऐसी सजाय कैदके हो
मीआद ७-सात बरस से जियादह होसक्ती है ॥

(बे)-कोई मजिस्ट्रेट दरजै दोम ऐसी किसी जुर्मकी
ज न करेगा जो काबिल ऐसी सजाय कैदकेहो जिसकी
३-तीन बरसतक होसक्ती हो--और

(जीम)-कोई मजिस्ट्रेट दरजै सोम ऐसे जुर्मकी
न करेगा जो काबिल ऐसी सजाय कैदके हो जिसकी
एक बरस तक होसक्ती है ॥

वह जरायम जो लाय

दफ़ा ३०--उन मुमालिकमें जो जेरहुकूमत जनाब न
फ़िटनेंट गवर्नर बहादुर पंजाब और

क सजाय मौतके नहींहैं, बान चीफ कमिश्नर मुमालिक अवध और मुमालिक मुतवस्सित और ब्रिटिश ब्रह्मा और कुरग और आसाम के हैं और बाकीमुमालिक के उन अतराफ में जहां २ साहबान डिपुटी कमिश्नर या असिस्टण्टकमिश्नर मुकर्रर हैं लोकलगवर्नमेंट को बावजूद इसके कि दफ़ा २९--में कुछ और हुक्म मुन्दर्ज हो अख्तियार है--कि जिलेके मजिस्ट्रेटको यह अख्तियार अता करे कि वह बहैसियत मजिस्ट्रेटी उन कुल जरायमकी तजवीज करे जो लायक सजाय मौतके नहीं हैं॥

(बे)-बाबत अहकाम सजा जो मुख्तलिफ़ दरजोंकी अदालतों से सादिर होसक्ते हैं॥

दफा ३१--जायजहै कि हाईकोर्ट कोई हुक्म सजा जोकानूनन् जायज हो सादिर करे॥

वहअहकामसजाजोहाई-कोर्ट और साहबान सिशनजजसादिर करसक्तेहैं,

सिशनजज या ऐडीशनल सिशनजज या जायंटसिशनजज कोईऐसा हुक्म सजासादिर करसक्ताहै जोकानूनन् जायजहो-मगर जब ऐसा जज सजाय मौत का हुक्म सादिर करे तोवह मोहताज बहालीहुकाम हाईकोर्ट का होगा॥

असिस्टंटसिशनजज मजाजहै--कि कोईहुक्म सजा जो कानूनन् जायज हो सादिरकरे--बइस्तस्नाय हुक्मसजाय मौत याहब्स बउबूर दरियाय शोर ७-सात बरससे जियादहकेलिये या कैद ७-सात बरस से जियादह मीआद के मगर हरहुक्म सजाय कैद * मुसद्दिरै असिस्टंटसिशनजज जिसकीमीआद४-चारबरससे जियादह हो और हरहुक्म सजाय हब्स बउबूर दरियाय शोर मुसदिरै असिस्टंट सिशनजज मजकूर * मोहताज बहाली सिशन जजका होगा॥

दफा ३२--साहिबान मजिस्ट्रेटकी अदालतों को अख्तियारहै-

- यह अलफाज दफा ३१-में ऐक्ट १० सन् १८८६ ई० की दफा १-की रूसे साबिक अल्फ़ाज़ के एवज कायम किये गये हैं,

वहअहकामसजाजोसाहबान मजिस्ट्रेट सादिरकरसक्तेहैं, — कि अहकाम सजा मुफ़स्सिलै जैल सादिरकरैं॥

(अलिफ़)-अदालतहाय साहिबान मजिस्ट्रेट प्रेजीडंसी और साहिबान मजिस्ट्रेट दरजे अव्वल — कैद जोर-दोबरससे जियादहन हो मै उसकदर कैदतनहाईके जो कानूनन् जायजहो- जुर्माना जिसकी मिकदार एकहजार रुपयेसेजियादहनहो-ताजियाना-- ※

(बे)-अदालतहाय साहबान मजिस्ट्रेटदरजै दोम — कैदजिसकी मीआद ६-छःमहीने से जियादह न हो मै उसकदर कैद तनहाई के जो कानूनन् जायज हो—— जुर्माना जिसकीमिकदार २००दोसौरुपयेसे जियादहनहो-ताजियाना ——

(जीम)-अदालत हाय मजिस्ट्रेट दरजै सोम — कैद जिसकी मीआद एकमहीनेसे जियादह न हो·जुर्माना जिसकी मिकदार ५० पचास रुपये से जियादह नहो——

हर अदालत मजिस्ट्रेटको अख्तियारहै-कि ऐसाहुक्म सजाय कानूनी सादिरकरे जिसमें ऐसी चन्दसजायें शामिलहों जिनकी तजवीजकरनेका उसको कानूनन् अख्तियारहो ॥

कोई अदालत मजिस्ट्रेट दरजै दोम हुक्मसजाय ताजियाना सादिर नहींकरसक्ती है बजुज इसके कि लोकलगवर्नमेंट से बिलखसूस इस बाबमें उसको अख्तियार अताकियाजाय ॥

दफ़ा ३३--हर मजिस्ट्रेटकी अदालत मजाजहै-कि दरसूरत अदमअदाय जुर्माना उस मीआद की कैद तजवीजकरै जो कानूनन् अदम अदाय जुर्मानेकी सूरतमें जायजहो बशर्त्ते कि वह मीआद मजिस्ट्रेटके उस अख्तियारसे बाहर न हो जो इसमजमूयेकी रूसे उसको अताहुआ है॥

(दरसूरतअदमअदायजुर्मानाके मजिस्ट्रेटोंकोहुक्म सजायकैद सादिर करने काअख्तियार,)

※ अपर ब्रह्माके मजिस्ट्रेटों के उन अख्तियारातकेलिये जोहुक्मसजायताजियानावगैरके सादिर करनेकेबारेमेंहैंकानून७-सन्१८८६ई०केजमीमे की दफ़ा ५-देखो-मगररिआयाय बरतानी अहलयूरपकेबारेमें उसीजमीमे कीदफ़ा२२-देखो,

और यहभी शर्तहै—कि किसी मुकद्दमे मुन्फसिलै साहब मजि-

शर्तमुतअल्लिकबाब सूरतोंके, स्ट्रेटमें जिसमें हुक्म कैदका असलहुक्म सजा का एक जुज्वहो वह मीआदकैद जो बकुसूर अदम अदाय जुर्माना तजवीज कीजाय उस अरसे कैदके एक चहारुमसे जियादह न होगी जो मजिस्ट्रेट मज़कूर उस जुर्मके एवज आयद करसक्ताहो बजुज इसके कि वह कैद दरसूरत अदम अदाय जुर्माना आयद कीजाय॥

जो कैद इसदफाके बमूजिब तजवीजकीगईहो वह जायजहै कि अलावह असल हुक्मसजाय कैद बाबत उस सबसे बड़ी मीआदके हो जो मजिस्ट्रेट हस्ब दफा ३२—सादिरकरसक्ताहै॥

बाज़मजिस्ट्रेटज़िला के अख़्तियारातआला, दफा ३४—+ऐसे मजिस्ट्रेटजिलेकी अदालतको जिनको दफा ३०—कीरूसे अख्तियार खासदियागया हो ऐसेहुक्म सजाके सादिर करने का अख्तियारहोगा जो कानूनन् मजाजहो-बजुज उसहुक्म सजाय मौत या कैद बउबूर दरियायशोर के जिसकी मीआद ७-सातबर्षसे जियादहहो—या हुक्मसजाय कैदके जिसकीमीआद७-सातबर्षसे जियादहहो—मगर हरहुक्मसजायकैद जिसकी मीआद *४—चारबर्षसे जियादह हो और हरहुक्म सजायकैद बउबूर दरियाय शोर ताबे बहाली साहब सिशनजज*के होगा॥

हुक्मसजा उनसूरतोंमें किजबएकही तजवीजमेंच दफा ३५—जब किसी शख्सपर एकही तजवीज में दो या जियादह जुदागाना जरायम साबितकिये जायँ तोअदालत मजाजहै-कि ऐसेजुर्मोंकी

+दफा३४-ऐक्ट१०सन्१८८६ई०कीदफा२-कीरूसेसाबिकादफाकेएवज़कायमकीगईहै

*-*उन मुकामात में जहां कानून मुसद्दिरासन् १८८७ई०मुतअल्लिक जरायम सरहद्दी पंजाब नाफिज है कोई ऐसाहुक्म सजा जो साहब मजिस्ट्रेट जिलाया साहब अडीशनल मजिस्ट्रेट जिलाने उस अख्तियारकी तामीलमें सादिर किया हो जो दरबारे तजवीज करने बहैसियत मजिस्ट्रेट किसी ऐसेजुर्म के है जिस में सज़ायमौत नहीं होसक्तीहै -मोहताजबहाली सिशनजजका नहीं है—देखो कानून ४ सन् १८८७ ई० की दफे ७-जिम्न (१),

न्दजरायमसाबितकियेजायं, इस्सूरतमेंवहमुतअद्दिदसजायेंमुजरिमकेलिये तजवीजकरे जो जरायम मजकूरके लिये मुकर्रर हैं और जिसकदर अदालतको आयदकरनेका अख्तियारहै-औरचाहिये कि वहसजायें जब कैद या हब्स बउबूरदरियायशोरकी किस्मसेहों यकेबाददीगरे उस तरतीबसे शुरूअ की जायँ जिसकी अदालत हिदायतकरे ॥

अदालत को महज इस वजहसे कि उन जरायममुतअद्दिदकी सजायमजमूई उसमिक़दारसजासे जियादहहै जिसके आयद करनेकी अदालतमौसूफा बहालत सुबूत जुर्म वाहिद मजाजहै जरूर न होगा कि मुजरिमको अदालत बालातर के हुजूरमें तजवीज मुकद्दमे के लिये भेजदे ॥

मगर शर्त्त यहहै कि-

(अलिफ)--किसी सूरतमें मुजरिम मजकूरकी निस्बत १४-सजाकादर्जाइन्तिहा, चौदह बरससे जियादह मीआदके लिये कैद का हुक्म सादिर करना जायज न होगा ॥

(बे)-अगर मुकद्दमेकी तजवीज (उसमजिस्ट्रेटके सिवाय जो दफा ३४-के बमूजिबअमल करताहो) किसी और मजिस्ट्रेटकी मारफतहो तो मजमूई सजा उस सजाकी दोचन्द मिकदार से जियादह न होगी जिसको मजिस्ट्रेट अपने मामूली अख्तियारकी रूसे आयद करसक्ता है ॥

हुक्म सजाकी बहाली या उस्से अपील करने के लिये हुक्म सजाय मजमूई का जो इस दफ़ा के बमूजिब उस मुकद्दमे में सादिर हो जिसमें मुतअद्दिद जरायम एकही तजवीज में साबित कियेजायँ बमंजिले हुक्म सजाय वाहिद के मुतसव्विर होगा ॥

(जीम)—अख्तियारात मामूली और जायद ॥

दफा३६-+तमाम साहबानमजिस्ट्रेटजिला औरसाहबानमजि-

+अपरब्रह्माकेमजिस्ट्रेटोंकेअख्तियारातकेबारेमेंकानून७सन्१८८६ई०के जमीमाकी दफा८-देखो-मगररिआयायबरतानीअहलयूरपकेबारेमेंउसीजमीमाकीदफा२२देखो,

मजिस्ट्रेटोंकेअख्तियारातमामूली,

स्टेट हिस्सा जिला औरसाहबान मजिस्ट्रेट दरजै अव्वलवदरजैदोम व दरजैसोमकोवहअख्तियारात हासिलहैं जो बादअर्जी उनको अताहुये हैं और जिनकी सराहत जमीमैसोम में मुन्दर्ज है और यह अख्तियारात उनके "मामूली अख्तियारात" कहलाते हैं ॥

अख्तियारातमजीदजोसाहबान मजिस्ट्रेटकोबख्शेजासक्तेहैं,

दफा ३७-+जायजहै कि किसीमजिस्ट्रेटहिस्साजिलायामजिस्ट्रेट दरजैअव्वलयादरजैदोम यादरजैसोमको लोकलगवर्नमेण्ट या किसीमजिस्ट्रेट जिलेकी तरफसे जैसा मौकाहो अलावहउसके मामूली अख्तियारातके ऐसे अख्तियारात जायद अताकियेजायँ जो जमीमै चहारुम में वह अख्तियारात करारदियेगयेहैं जो लोकलगवर्नमेण्ट या मजिस्ट्रेट जिलेकी तरफ से उसको हासिल होसक्ते हैं ॥

मजिस्ट्रेट जिला के अख्तियारअताशुदहकाताबे हुकूमत होना,

दफा ३८--अख्तियार जो मजिस्ट्रेट जिलाको अजरूयदफा ३७-अताहुआ है बइतबाअहुकूमत लोकलगवर्नमेण्ट के अमल में लायाजायेगा ॥

(दाल)—बाबत अता व बहाली व मन्सूखी अख्तियारातके ॥

अख्तियारातके बख्शने का तरीका,

दफा ३९--जब लोकलगवर्नमेण्ट इसमजमूये के मुताबिक अख्तियारात अताकरे तो उसको अख्तियार है कि अजरूय हुक्म अशखासको बतखसीस उनके इस्मायके या बइतबार उनके ओहदोंके या अकसाम ओहदेदारोंको बिलउमूम उनके ओहदोंके लकबसे अख्तियारातबख्शे ॥

हर ऐसा हुक्म उस तारीख से नाफिज़होगा जिसतारीखको हुक्म मजकूर उसशख्सके पास पहुंचायाजाय जिसे इस नेहजका अख्तियार अताहुआहो ॥

दफा ४०--जब कोईओहदेदार मुलाज़िम गवर्नमेंट जिसकोइस

+सफा २४ का फोटनोट देखो,

उन ओहदेदारों के अखित यारातका नाफिजरहना जिनकी तब्दीलीहुईहो, मजमूयेके मुताबिक़ किसी रक़बै अरज़ीके अंदर अख्तियारात बख्शे गयेहों उसीमिकदारके किसी औररकबाअरज़ीकेअन्दरउसीलोकलगवर्नमेण्ट के तहतमें उसी किस्मके किसी और ओहदेपर जोओहदे अव्वलुल्जिक्रके बराबर या उससे बालातरहो मुन्तकिल कियाजाय तोअगरलोकलगवर्नमेण्टने इसके खिलाफ हिदायत न की हो या इसके खिलाफ हिदायत नकरे शख्स मजकूर मुस्तहक होगा कि उस रक़बै अरजीमें जिसमें वह मुन्तकिल हुआ हो वही अख्तियारात नाफ़िज करतारहै ॥

अख्तियारात का मंसूखहोना, दफा ४१--लोकलगवर्नमेण्ट मजाजहै--कि किसी अख्तियारात को मंसूखकरे जो उसने या उसके किसी ओहदेदार मातहत ने इसमजमूये के मुताबिक किसी शख्स को अताकिये हों ॥

हिस्सासोम ॥

अहकाम आम ॥

बाब--४ ॥

वावत अआनत व इत्तिलारसानी बहुजूर साहिबान मजिस्ट्रेट व पुलिस और उन अशख़ास के जो गिरफ्तारी करें ॥

कवआमहको चाहिये कि साहबान मजिस्ट्रेट और पुलिसकी अआनत करे, दफा ४२--हर शख्सको लाजिम है--कि बलाद प्रेज़ीडंसी के अंदर या उनके बाहर जब कभी मजिस्ट्रेट या पुलिसअफ्सर उससेबतौरमुनासिबअआनत तलबकरे तो उमूरमुफ़स्सिलै जैलमें मदददे ॥

(अलिफ)--गिरफ्तार करने में किसी और शख्सके जिसको ऐसा मजिस्ट्रेट या अफ्सर पुलिस गिरफ्तार करनेकामजाजहै-या-

(बे)--नुक़्ज अमन के रोकने में या किसी नुकसानके रोकने म जब रेलवे या नहर या माल या तारबरकी सरकारी को नुकसान पहुंचाने का इकदाम कियाजाय -- या --

(जीम)--बलवा या हंगामा के फरो करने में ॥

दफा ४३—जब वारंटअहल्कार पुलिसके सिवाय किसी और शख्सके नाम तहरीर पाये तो हरशख्सगैरको उस वारंट की तामीलमें मदद करनेका अख्ति-यारहोगा बशर्तेकिवहशख्साजिसकेनाम वारंट तहरीर पाया है नजदीक मौजूद और वारंटकी तामील में मसरूफ हो ॥

(अहल्कार पुलिस के सिवाय किसी और शख्स को मदद करना जो तामीलवारंट करता हो)

दफा ४४—हर शख्सको आमइससे कि वहबलादप्रेजीडंसीके अंदरहो या बाहर जो किसी ऐसे जुर्मके इर्ति-काबयाकिसी और शख्सके इरादाइर्तिकाबसे मुत्तिलै होजाय जिसकी सजा मजमूये ताजीरातहिन्दकी दफआत मुफ़स्सिलै जैलमें मुकर्रर है [याने]दफआत १२१ व १२१ (अलिफ) व १२२ व १२३ व १२४ व १२४ (अलिफ) व १२५ व १२६ व १३० व ३०२ व ३०३ व ३०४ व ३८२ व ३९२ व ३९३ व ३९४ व ३९५ व ३९६ व ३९७ व ३९८ व ३९९ व ४०२ व ४३५ व ४३६ व ४४९ व ४५० व ४५६ व ४५७ व ४५८ व ४५९ व ४६०--लाजिम है कि दर सूरत न होने माने किसी वजह माकूल के जिसका साबित करना खुद उसी शख्सके जिम्मे रहेगा जो उससे वाकिफ हो उस इर्ति-काब या इरादेकी इत्तिला उस मजिस्ट्रेटको जो करीबतरहो या अ-हल्कार पुलिसको फौरन पहुँचाये ॥

(आमहकोचाहियेकिबाज जुर्मोंकी इत्तिला पहुंचाये, ऐक्ट ४५ सन् १८६० ई०)

दफा४५-+हरगांवके मुखिया या गांवके चौकीदार या गांवकेअह-ल्कार पुलिस या मालिक या दखील अराजी और उस मालिक या दखीलकेकारिंदेकोऔर हरअहल्कार तहसील मालगुजारीया लगान अराजीको जो मिंजानिब सर्कार या कोर्ट आ-फवार्डस मामूर हो लाजिम है कि करीबतर मजिस्ट्रेट याकरीबतर

(गांव मुखियावोंऔर मालिकान अराजीवगैरह परवाजिबहैकिवाजमुआमिलातमेंरिपोर्टकरें,)

+— अपरब्रह्मामें क़ानून १४—सन्१८८७ ई० की दफा४-की रूसे दफा ४५ के एवज़ दफा मरक़ूमुल् जैल कायम की गई है,

“दफा ४५-उस मुखियाको जोअपरब्रह्माके गांवके कानून मुसद्दिरह सन्१८८७ई०

थानै पुलिसके अहल्कार मोहतमिमको याने जो करीबतरहो हरखबर जो उमूरमुफस्सिलैजैलकी बाबत उसको मालूमहोफौरन्पहुंचाये॥

(अलिफ)—जो शख्स किसी गांवका मुखिया या चौकीदारया

गांवके मुखियापरवाज मुआमिलात में रिपोर्ट करना वाजिब है,

की रूसेमुकर्ररहुआ होयहलाजिमहोगा कि करीबतरमजिस्ट्रेट या करीबतरथानापुलिसयाफौजी चौकीकेअहल्कार मुहतमिमको यानी जो करीबतरहो हरखबर जोउमूरमुफस्सिलह जैलकीबाबत उसको मालूमहो फौरन्पहुंचाये-

(अलिफ)--उसकेगांवमें जो शख्स मालमसरूका का मशहूर लेनेवाला या उसका फरोख्त करनेवाला हो उसकी सकूनत मुस्तकिल या चन्दरोजहकी बाबत-

(बे)--जिस शख्सकी निस्बत उसको मालूम या इश्तबाह माकूलहो कि वह डाकू या रहज़न या कैदी फिरारी या मुजरिम इश्तहारीहै उसके गांवके अन्दर किसी मुक़ाम में उसकी आमदकी बाबत या गांव मजकूर में होकर किसी रास्ता से उसके गुजरने की बाबत—

(जीम)--उसके गांवके अन्दर जरायम मरकूमुल्‌जैलमें से किसी जुर्मकेइर्तिकाब या अकदाम इर्तिकाब या इरादा इर्तिकाबकी बाबत (यानी)—

(१)—कत्ल,

(२)—कत्ल इन्सान मुस्तलजिम सजा जो कत्ल अमद तक न पहुंचे,

(३)—डकैती,

(४)—रहजनी,

(५)—जुर्ममुतअल्लिक़ ऐक्टमुसद्दिरहसन् १८७८ई० मजरिये हिन्द बाबत इसलह—और

(६)—कोई और जुर्म जिसकी बाबत साहब डिपटी कमिश्नर बज़रिये हुकम आम या ख़ास के साहब कमिश्नरकी मंजूरी पेश्तर हासिल करके ख़बर पहुंचाने के लिये उसे हिदायत करे,

(दाल)—उसके गांव में किसी मौत इत्तिफाकी या ग़ैरतबईके वाके होने की बाबत या बाबत किसी मौतके जो बहालात मुश्तबह वकूअ में आईहो,

तशरीह-इस दफ़ामें लफ़्ज़'गांव, के वही मानेहोंगे जो अपरब्रह्माके गांवों के क़ानून मुसद्दिरह सन्१८८७ई०की रूसे उस लफ़्ज़के लिये मुकर्रर करदिये गयेहैं,,

लोवरब्रह्माके उनहिस्सोंमें जहांलोकल गवर्नमेंटके जरियेसेऐक्ट३-सन्१८८६ई०. की दफ़ा ५--वसअ़तपिज़ीर हुईहै-- दफ़ा मरकूमुल्जैल उसदफ़ाकी रूसे दफा ४५ के एवज क़ायम की गईहै,

अहल्कारपुलिसहो या उसमें वह अराजीकामालिक या दखीलहो या उसका जरलगान या जरमालगुजारी तहसीलकरताहो या कारिन्दा होतो उसगांवमें जोशख्स मालमसरूकाका मशहूर लेने

"दफ़ा ४५-- (१)--उस मुखिया को जो लोवरब्रह्मा के गांवकेऐक्टमुसद्दिरह सन्१८८६ई० के बमूजिब मुकर्ररहुआहो-यह लाजिम होगा--कि करीबतर मजिस्ट्रेट या क़रीबतर थानापुलिस या फ़ौजी चौकी के अहल्कार मुहतमिम को यानी जो करीबतरहो हरख़बर जोउमूर मुफ़स्सिलह ज़ैलकी बाबत उसको मालूमहों फ़ौरन् पहुंचाये--

ऐक्ट ३ सन् १८८६ई०, } मुखिया पर बाज़मुआमिलातमें रिपोर्ट करना वाजिब है,

(अलिफ़)--उसके गांव में जो शख़्स माल मसरूक़ाका मशहूर लेनेवाला या उसका फ़रोख़्त करनेवाला हो उसकी सकूनत मुस्तक़िल या चंदरोजह कीबाबत,

(बे)--जिस शख़्स की निस्बत उसको मालूम या इश्तबाह मक़ूलहो कि वह डाकू या रहज़न या क़ैदी फरारी या मुजरिम इश्तहारीहै उसके गांवके अन्दर किसी मुक़ाम में उसकेआमदकी बाबत या गांव मजकूर में होकर किसीरास्तासे उसके गुज़रनेकी बाबत,

(जीम)--उसके गांव के अंदर जरायम मरकूमुल्ज़ैलमें से किसी जुर्मके इर्तिकाब या अक़दाम इर्तिकाब या इरादह इर्तिकाब की बाबत (यानी)——

(१)--क़त्ल,

(२)--क़त्ल इन्सान मुस्तलजिम सज़ा जो क़त्ल अमद तक न पहुंचे,

(३)--डकैती,

(४)--रहज़नी,

(५)--जुर्म मुतअल्लिक़ ऐक्ट मुसद्दिरह सन् १८७८ ई० मजरियह हिंद बाबत असलह — और

ऐक्ट ११ सन् १८७८ ई०,

(६)--कोई और जुर्म जिसकी बाबत साहब डिप्टी कमिश्नर बज़रिये हुक्म आम या ख़ास के साहब कमिश्नरकी मंजूरी पेश्तर हासिल करके ख़बर पहुंचानेके लिये उसे हिदायत करे,

(दाल)--उसके गांव में किसी मौत इत्तिफ़ाकी या ग़ैर तबई के वाक़े होने की बाबत या बाबत किसी मौतके जो बहालात मुश्तबह वक़ूअ में आई हो,

"(२)--दफ़ा मातहती (१) में लफ़्ज़'गांव,के वही मानेहोंगे जो लोवर ब्रह्मा के गांवके ऐक्ट मुसद्दिरह सन् १८८६ ई०की रूसे उस लफ़्ज़ के लिये मुक़र्रर करदियेगये हैं,,

ऐक्ट ३ सन् १८८६ ई०,

वाला या उसका फरोख्त करनेवालाहो उसकीसकूनत मुस्तकिल या चंद्रोजाकी बाबत ॥

(बे)-जिसशख्सकीनिस्बत उसको मालूम या इश्तिबाह माकूल हो कि वह ठग या रहजन या कैदी फरारी या मुजरिम इश्तहारी है उसीगांव के अन्दर किसीमुकामपर उसके आमदकी बाबत या गांव मजकूरमें होकर किसीरास्ते से उसके गुजरनेकी बाबत ॥

(जीम)-जो जुर्मकाबिल ज़मानत नहींहै उसीगांव में याउसके क़रीब उसके इर्तिकाब या इरादे इर्तिकाबकी बाबत ॥

(दाल)-उस गांवमें किसीमौत इत्तिफाकी या गैरतबईके वाके होनेकी बाबत या बाबत किसीमौतके जो बहालात मुश्तबह वकूअ में आईहो ॥

तशरीह--दफ़ाहाजामें गांवमें गांवकी अराजीभी दाखिल है ॥

बाब--५ ॥

बाबत गिरफ्तारी और फरार औरगिरफ्तारी मुकर्रर,

(अलिफ़)-उमूमन बाबत गिरफ्तारी ॥

गिरफ़्तार क्योंकर किया जायेगा,

दफ़ा ४६—गिरफ्तार करने के वक्त अहलकार पुलिस या और शख्स गिरफ्तारकुनिन्दाको लाज़िमहै कि उस शख्स के जिस्मको जिसकी गिरफ्तारी मंजूरहै फ़िल्वाक़े छोड़दे या कैदकरे इल्ला उससूरतमें कि वह शख्स कौलन् या फेलन् खुद हिरासत कुबूलकरे ॥

कोशिशगिरफ़्तारीमें तअर्रुज़करना,

अगर वहशख्स जिसकी गिरफ्तारी मंजूरहो उसकोशिशमें जो उसकीगिरफ्तारीकेलिये कीजाय बज़ोरतअर्रुज़ करे या गिरफ्तारी से गुरेज़करने का क़स्दकरे तो ऐसा अहल्कार पुलिस या और शख्स मजाज़होगा-कि उसकी गिरफ्तारीकेलिये हरएक तदबीर जरूरी अमलमेंलाये ॥

इसदफ़ामें कोई ऐसामज़मून नहीं है जिससे इस्तहक़ाक़वकूअ में लाने हलाकत ऐसे शख्स गिरफ्तारक़र्दाका हासिलहो जिस

पर इल्जाम जुर्म जो क़ाबिल सज़ायमौत या हब्स दवाम बउबूर दरियाय शोरहो न लगायागयाहो + ॥

दफ़ा४७--अगर कोई शख्स जिसके पास वारंट गिरफ्तारीहो या कोई अहल्कार पुलिस जो गिरफ्तारी का अख्तियार रखताहो किसीवजहसे यह बावरकरे कि वहशख्स जिसकी गिरफ्तारी मंजूरहै किसी मुकाममें घुसगयाहै या उसकेअंदर मौजूदहै-तो उसशख्सको जो उसमुकाममें रहता या उसका एहतिमामरखताहो लाजिमहै—कि शख्स मज़कूरकी जो वारंटगिरफ्तारी रखता हो या अफ्सर पुलिस मज़बूरकी दरख्वास्तपर मुकाम मज़कूर में बिलामुजाहिमत जाने दे और वास्ते लेने खानातलाशी के उसको हरतरह की सहूलत माकूलदे ॥

उस जगहकी तलाशी जहां वहशख्स जिसको गिरफ़्तारकरना मंजूरहै दाखिलहुआ हो,

दफ़ा ४८-अगर दफ़ा ४७-के बमूजिब मुकाम मजकूर के अंदर

+उन मुक़ामात में जहां पंजाब के सरहद्दी जरायमका क़ानून मुसद्दिरह सन् १८८७ई० नाफ़िजुल्अमल है दफ़ा ४६—यों पढ़ी जायगी कि गोया मजामीन मर्क़ूमुल्ज़ैल उसमें बढ़ाये गये हैं—

"मगर इसदफ़ाकी रूसे किसी ऐसे शख्सके बाअस मौतहोनेका हक़बख्शा जाताहै जिसपर पंजाबकी सरहद्दी जरायम के क़ानून मुसद्दिरह सन् १८८७ई० के वह अजजा जारी किये जा सक्ते हैं जिनको तअल्लुक़पिजीरी आमनहींहै—

(अलिफ)—अगर वह ऐसे हालात में जिनसे इसबातके बावर करनेकी वजह माक़ूल पाईजाती हो कि वह अपनी नियत के हासिल करने के लिये हथियार चलानेका इरादा रखताहै—किसी जुर्मका मुर्तकिब होरहाहो या किसी जुर्मके इर्तिकाब का क़स्द कररहाहो या गिरफ़्तारीमें तअर्रुज कर रहाहो या गिरफ़्तारी से निकल भागने का क़स्द कर रहाहो—या

(बे)—अगर उसकी निस्बत गौगा यहहो कि वह किसी ऐसे जुर्म में मुलव्विस है जिसकी तसरीह इस दफ़ाके फ़िक़रा अख़ीर मर्क़ूमुल्फ़ौक़ में कीगई है—या यह कि वह ऐसे हालातमें जिनका जिक्र इस फ़िक़रेकी जिम्न(अलिफ)में कियागयाहै किसी जुर्मका मुर्तकिब होरहाहै या किसी जुर्मके इर्तिकाबका क़स्द कररहाहै या गिरफ़्तारीमें तअर्रुज कररहाहै या गिरफ़्तारीसे निकल भागनेका क़स्द कर रहाहै,, देखो क़ानून ४—सन् १८८७ ई०—कीदफ़ा ६०— जिम्न २,

जाब्ता कार्रवाई जबकि अन्दरदखल न मिलसके, दखल न मिलसके तो उसमुकद्दमे में जिसमें कोई शख्स वारंट के जरियेसे अमल करताहो और किसी दूसरे मुकद्दमे में जिसमें वारंटका जारीहोना जायज़ है मगर बिलादेने मौका फरार के उस शख्सको जिसकी गिरफ्तारी मतलूबहो वारंटका हासिलकरना गैरमुमकिन हो यह बात जायज होगी कि अहल्कार पुलिस उसमुकाममें दाखिलहोकर उसके अंदर खानातलाशीकरे॥

और उसको अख्तियारहोगा-किवैसेमुकाममें दाखिलहोनेकेलिये किसी मकान या मुकामके दरवाजे या खिड़की बेरूनी या अंदरूनी को जो शख्स मतलूब गिरफ्तारी की या किसी और शख्सकी मिल्कियतहो उस सूरत में तोड़कर दाखिलहो जब कि उसने अपना अख्तियार और इरादा जाहिर और दाखिल होनेकी दरख्वास्त हस्ब जाब्ताकीहो और किसी और तौरपरदाखिल होनेसे मजबूर हो॥

मगर शर्तयहहै-कि अगरवह मुकाम ऐसा खिलवतखानाहो जिस में कोई औरत (जो शख्स मतलूब गिरफ्तारी न हो) फिल्वाक़े मुकीमहो जो मुताबिक़ रिवाज के अवामके रूबरू नहीं निकलती है तो ऐसे शख्स या अहल्कार पुलिस को लाजिम है कि ऐसे खिलवतखाने में दाखिल होने से पहिले ऐसी औरतको इत्तिलाअदे कि वह उसमें से चलेजाने की मजाज़है--और उसको निकलने के लिये हरतरहकी सहूलत माकूलदे--और बाद उसके मजाज़होगा कि खिलवतखाने को तोड़कर उसके अंदरजाय॥

जनानाखानाकोतोड़ करउसके अन्दरजाना,

दफा ४९--हरएक अहल्कार पुलिस या और शख्सको जो गिरफ्तारी करने का मजाज़हो अख्तियारहै कि वास्ते रिहाकरने नफ्सखुद या किसी और शख्सके जो बतौरजायज़ किसीकी गिरफ्तारी के लिये किसी मकान या मुक़ाममें दाखिलहोकर वहां रोंकागया हो मकान या मुकाम मजकूरके किसीदरवाजा या खिड़की बेरूनी या अन्दरूनी को तोड़डाले॥

रिहाईकेलियेदरवाजों और खिड़कियों के तोड़ डालने का अख्तियार,

दफ़ा ५०--शख़्स गिरफ्तार शुदहकेसाथ उससेजियादहतअर्रुज

ग़ैर जरूरी तअर्रुज न किया जायगा, — न किया जायगा जो उसके फ़रारके इन्सदादके लिये जरूरहो ॥

दफ़ा ५१--जब कोईशख़्स किसी अफ़सर पुलिस की मारफ़त

अशख़ास गिरफ्तार शुदहकी तलाशी लेनी, — ऐसेवारंटके जरिये से गिरफ्तार कियाजाय जिसमें हुक्म हाजिरजामिनी लेनेका न हो या ऐसेवारंट के जरिये से जिसमें हुक्म हाजिरजामिनी के लेनेकाहो इल्ला शख़्स गिरफ्तारशुदह हाजिरजामिनी न देसके ॥

और जब कोई शख़्स बिलावारंट गिरफ्तार किया जाय या बजरिये वारंटके किसी शख़्सखानगीने उसको गिरफ्तार कियाहो और हाजिरजामिनी पर उसका रिहाहोना कानूनन्जायज़ न हो या वह हाजिरजामिनी न देसके ॥

तो अहल्कार पुलिस गिरफ्तारकुनिन्दा या अगर गिरफ्तारी शख़्स खानगीनेकीहो तो वह अहल्कार पुलिस जिसको शख़्स खानगी शख़्सगिरफ्तार शुदह की सिपुर्दकरे मजाज़ होगा-किऐसे शख़्सकी तलाशीले और जुम्लाअशियाय कोसिवायपारचेपोशी-दनी बक़द्र ज़रूरत के जो उसके बदन पर पाईजायें हिरासत महफ़ूज़में रक्खे ॥

दफ़ा ५२-जब कभी किसी औरत की तलाशीलेनी ज़रूर हो

औरतोंकी तलाशीलेने का तरीका, — उसकी तलाशी किसी औरतकी मारफ़तबकमा-ललिहाज़ उसकीशर्म व हयाके लीजायेगी ॥

दफ़ा ५३--अहल्कार पुलिस या और शख़्स जो इस मजमूये

लड़ाई के हथियारलेलेने का अख्तियार, — के मुताबिक़ कोई गिरफ्तारीकरे मजाज है-कि शख़्स गिरफ्तार शुदह से ऐसे लड़ाईके हथियार लेले जो उसके बदनपर पायेजायँ-और उसको लाजिम है कि कुल हथियार जो इसतरह लियेहों उस अ़दालत या ओहदेदार को हवाले करदे जिसके रूबरू शख़्स गिरफ्तार कुनिन्दा के लिये इस मजमूये में हुक्म है कि शख़्स गिरफ्तार शुदह को हाज़िरकरे ॥

(बे)--बाबत गिरफ़्तारी बिला-वारंट॥

दफ़ा ५४--हर अहलकार पुलिस मजाज़ है--कि बिलाहुक्म मजिस्ट्रेट और बिदून वारंट किसी ऐसेशख्स को गिरफ्तारकरे जिसका जैलमें जिक्रहै॥

कबबिलावारंट पुलिस गिरफ़्तार करसक्ताहै,

अव्वलन्--हर शख्स को जो जुर्म काबिल दस्तन्दाजी में शरीक रहा हो या जिसकी निस्बत इसबातकी शिकायत माकूल गुज़रीहो या इत्तिला मोतबिर पहुंचीहो या शुभह माकूल नाशीहो कि वह ऐसे जुर्ममें शरीक रहाहै॥

सानियन्--ऐसे हर शख्स को जिसके पास बिलावजह जायज़ कोई आला नक़बज़नी मौजूदहो जिसकेपास रहने की वजह मज़कूर का बार सुबूत शख्समज़कूरकी गर्दनपरहोगा॥

सालिसन्--ऐसे हरशख्सको जिसके मुजरिम होनेकी बाबत इस मजमूये के बमूजिब या अज़रूय हुक्म लोकलगवर्नमेण्टइश्तिहार दियागयाहो॥

राबिअन्--ऐसे हर शख्स को जिसके कब्जेमें ऐसाकोई माल पायाजाय जिसकी निस्बत मालमसरूका होनेका शुभह माकूल हो और इसबात का शुभहमाकूल हो कि उसने कोई जुर्म निस्बत शै मज़कूर के किया है॥

खामिसन्----ऐसे हर शख्सको जो किसी अहलकार पुलिस का उस हालत में मज़ाहिमहो जबकि वह अपना कारमन्सबी तामीलकरताहो या जो हिरासत कानूनी से फ़रार होजाय या फरार होजाने का इक़दामकरे--और--

सादसन्--ऐसे हर शख्सको जिसकी निस्बत यह शुभह माकूल होकि वह अफवाज बहरी या बर्री मलका मुअज़्ज़िमा से फ़रारहुआ है+या जो मलका मुअज्जिमा की मुलाज़िमत बहरी हिंदके मुतअल्लिक़हो-और उस मुलाज़िमत से बतौर नाजायज़ गैरहाज़िर रहाहो+॥

+--+ यह अल्फाज दफ़ा ५४-मेंऐक्ट१४- सन् १८८७ ई० की दफ़ा७८-की रूसे मुंदर्ज कियेगये हैं,

यहदफा बलाद कलकता और बम्बईकी पुलिससे मुतअल्लिक़ है,

दफा ५५--※ इसी तरह अफसर मोहतमिम पुलिस इस्टेशनको अख्तियार है कि अशखास मुफस्सिलै जैल को गिरफ्तारकरे या कराये--

आवारह गरदों और इन लोगोंकी गिरफ्तारी जोआदतन्रहजनवग़ैरहहों,

(अलिफ)- ऐसे हर शख्सको जो इस्टेशन मज़कूरकी हुदूदके अंदर ऐसे हालातके साथ अपनी मौजूदगीके छिपानेकी तदबीरें कररहा हो जिनसे यह जन्गालिब पैदाहो कि वह किसी जुर्मकाबिल दस्तन्दाजीके इर्तिकाब की नियत से ऐसी तदबीरेंकरता है --या--

(बे)-ऐसे हरशख्सको जो इस्टेशन मजकूरकी हुदूदके अंदर बज़ाहिर कोई सबील मआशकी न रखता हो या अपनाहाल इस तौरसे ज़ाहिर न करसक्ताहो कि उसपर इतमीनान कियाजाय-या--

(जीम) -ऐसे हरशख्स को जो उरफन् और आदतन् रहज़न या नक़बज़न या चोर या आदतन् माल मसरूका को मसरूका जानकर लेनेवाला हो-या इस अम्रमें मशहूरहो कि आदतन् हुसूल बिल्जब्र करताहै या हुसूल बिल्जब्र के इरादे से खलायक़ को नुकसान रसानीका आदतन् खौफदेताहो या देनेका कस्दकरताहो॥

×यह दफा शहर कलकत्ता व शहर बम्बई के पुलिस से मुतअल्लिक है× ॥

दफा ५६--जब ओहदेदार मोहतमिम पुलिस इस्टेशन को इस अम्रकी जरूरतहो कि उसका कोई अहलकार मातहत बिला वारंट उसके मवाजह में नहीं बल्कि बतौर खुद ऐसे शख्सको गिरफ्तारकरे जिसकी गिरफ्तारी कानूनन्बिलावारंट होसक्ती है तो ओहदेदार मजकूरको लाजिम है

जाबिता कार्रवाई जब कि ओहदेदार पुलिस अपने अहल्कार मातहत कोबिलावारंट गिरफ्तारी के लिये भेजे,

---

※ अपरब्रह्मामें वह अख्तियारात जो ओहदेदार मुहतमिम पुलिस इस्टेशन को दफा ५५ --की रूसे बख्शेगये हैं किसी ओहदेदार पुलिसके ज़रियेसे अमलमें आसक्ते हैं--देखो कानून ७--सन् १८८६ ई० के जमीमेकी दफा ७

×--×यह अल्फाजदफ़ात ५५-व५६-में ऐक्ट१० सन् १८८६ ई० की दफा३-की रूसे बढ़ाये गये हैं,

कि उस अहल्कार को जिसकी मारफत किसी शख्सका गिरफ्तार कराना मंजूरहो हुक्म तहरीरी मतफ्सील नाम उस शख्सके जिस की गिरफ्तारी मतलूबहो और उस जुर्मके जिसकी इल्लतमें उसको गिरफ्तार करना मंजूरहै हवाले करे ॥

यहदफा शहरकलकत्ता व शहरबम्बईके पुलिससे मुतअल्लिक है

नाम और सकूनत के बताने से इन्कार करना,

दफा ५७--× अगर कोई शख्स किसी अफसर पुलिसके रूबरू ऐसे जुर्मका मुर्तकिब हो या ऐसे जुर्ममें मुल्जिमहो जो लायक दस्तन्दाजीके नहो-और इन्दुल्तलब अहल्कार पुलिसके अपना नाम और सकूनत जाहिर न करे या ऐसा नाम या सकूनत जाहिरकरे जिसको अहल्कार मजकूर बवजह माकूल झूठ समझता हो तो जायज़ है कि ऐसा शख्स ऐसे अहल्कार की मारफत इस ग़रज से गिरफ्तार किया जाय कि उसका नाम और सकूनत दरियाफ्त की जाय और वह वक्त गिरफ्तारी से चौबीसघंटे के अंदर उस मजिस्ट्रेट के पास भेजा जायेगा जो क़रीबतर हो बजुज उस सूरत के कि मीआद मजकूर के इन्कजासे पहिले उसका सही नाम और सकूनत मुतहक्किक होजाय कि उस सूरत में मजिस्ट्रेट के रूबरू हाजिर होनेका मुचलका लिखनेपर अगर उससे मुचलका तलब कियाजाय उस की रिहाई दीजायेगी ॥

मुजरिमोंका और और इलाकाअख्तियारकेअन्दर तअक्कुब करना,

दफा ५८--अहल्कार पुलिस मजाज़है कि बगरज बिलावारंट गिरफ्तार करने ऐसे शख्सके जिसको वह इस बाबके बमूजिब गिरफ्तार करने का मजाज़ है कलमरौ बृटिशइण्डियाके अंदर हर मुकाम पर शख्स मजकूरका तअक्कुब करता चलाजाय ॥

---

*--*सफा २५ का फोट नोट (×--×) देखो,

×दरबारह अख्तियार पुलिस दरखसूस रोकरखनेके आवारह्गा में कानून ७-सन् १८७६ ई० के ज़मीमे की दफा ८-देखो,

दफ़ा ५९--हरशख्स खानगी मजाज़है--कि किसी ऐसे शख्स को गिरफ्तारकरे जो उसके रूबरू कोईजुर्म गैर काबिल जमानत और लायक़ दस्तन्दाजी कररहाहो या जो मुजरिम इश्तिहारी हो ॥

गिरफ्तारी ग़ैर सरकारी आदमियों के जरिये से,

और उसको लाजिम है--कि बिला तवक्कुफ़ गैरजरूरी के ऐसे शख्सगिरफ्तारशुदहको किसीअहल्कारपुलिसके हवालेकरे--या अहल्कार पुलिसकी अदम मौजूदगीकीसूरतमें उसकोइस्टेशनपुलिसमेंलेजाय जोकरीबतरहो॥

जाब्ता कार्रवाई वैसी गिरफ्तारी के बाद,

अगर इसगुमानकी वजह पाईजाय कि शख्स मजकूरपर मिन्जुमलै शरायत दफ़ा ५४- किसीशर्त्तका इत्तलाक़ होसक्ता है तो अहल्कार पुलिस को चाहिये कि उसको मुकर्रर गिरफ्तारकरे ॥

अगर यह गुमान करनेकी वजहहो कि उससे कोई जुर्मगैरकाबिलदस्तन्दाजी सरजदहुआहै--और वह इन्दुलतलब किसी अहल्कार पुलिस के अपनानाम और मस्कन बतानेसे इन्कारकरे-या ऐसानाम या मस्कन जाहिर करे जिसको अहल्कार पुलिस झूठ समझने की वजहरखताहो-तो शख्स मजकूरकी निस्बत कार्रवाई हस्बशरायतदफ़ा ५७-कीजायेगी-और अगर यहगुमान करने की कोई वजह न हो कि वहजुर्मका मुर्त्तकिब हुआ है तो उसको फौरन् रिहाई दीजायगी ॥

दफ़ा ६०—अहल्कार पुलिसको जो किसी शख्सको बिलावारंट गिरफ्तारकरे लाजिम है—कि बिलातवक्कुफ़ गैर जरूरी और बपाबन्दीअहकाम मजमूयहाज़ा दरबाब अख्ज जमानतके शख्समजकूरको रूबरू उसमजिस्ट्रेट के जो उसमुकद्दमेकीसमाअतका मजाज़हो यारूबरूअहल्कार मोहतमिम इस्टेशन पुलिस के लेजाय या भेजे ॥

शख्स गिरफ्तार शुदह को मजिस्ट्रेट या अहल्कारमोहतमिमइस्टेशन पुलिसके रूबरू लेजाया जायगा,

दफ़ा ६१—×किसी अहल्कार पुलिसको अख्तियारनहीं है कि

× दरबारे अख्तियार पुलिस दरखसूसरोकारखनेके अपरब्रह्मामें कानून ७-सन्१८८६ ई० के जमीमा की दफ़ा ८ देखो,

शख्स गिरफ्तार शुदह कोचोबीसघंटेसेजियादह अर्से तक हिरासत में न रक्खा जाय, किसी शख्सको जो बिलावारंट गिरफ्तारहुआ हो उससेजियादह अरसेतक हिरासतमें रक्खे जो बलिहाज जुमलै हालात मुकदमे माकूल मालूमहो-औरवह अर्सा बजुज उस सूरतके कि साहब मजिस्ट्रेट कोई और हुक्म खास हस्ब दफा १६७--सादिर करे २४--घंटेसे जियादह न होगा—अलावह उस अर्सेके जो मुकाम गिरफ्तारीसे मजिस्ट्रेटकी अदालततकसफरकरनेके लिये दरकारहो

दफा ६२--अहल्कारान मोहतमिम इस्टेशन हाय पुलिस को लाजिमहै--कि मजिस्ट्रेट जिला या अगर वह इसबातकी हिदायत करे तो मजिस्ट्रेट हिस्सा जिला को जुमलै अशखासकी रिपोर्ट लिखभेजें जो उनके इस्टेशनों की हुदूद के अंदर बिलावारंट गिरफ्तारहुये हों--आम इससे कि उन अशखाससे जमानत लीगई हो या नहीं ॥

पुलिस गिरफ्तारियों कीरिपोर्टकरेगा,

दफा ६३--कोई शख्स जो मारफत अहल्कार पुलिस के गिरफ्तार कियाजाय रिहाई न पायेगा बजुज उस सूरतके कि वह अपना मुचलका लिखदे या जमानत दे या उससूरतमें कि साहब मजिस्ट्रेटका हुक्म खाससादिरहो ॥

शख्स गिरफ्तार शुदह की रिहाई,

दफा ६४--जब कोई जुर्म मजिस्ट्रेट के खुद मवाजहा में उस के इलाके अख्तियारकी हुदूद अरजीके अंदर सरजदहो साहब मजिस्ट्रेट को अख्तियार है कि मुजरिमको खुद गिरफ्तारकरे--याहुक्मदे कि कोई शख्समुजरिमको गिरफ्तार करे--और उसकेबाद बपाबंदी अहकाम मजमूये हाजा बाबत जमानत के मुजरिम को हिरासत में करे ॥

वहजुर्म जिसका इर्त्तिका ब मजिस्ट्रेटके रूबरू हो,

दफा ६५--हर मजिस्ट्रेटको अख्तियार है--कि हरवक्त अपने रूबरू अपनेइलाके अख्तियारकी हुदूदअरजी केअंदर ऐसेशख्सकोखुदगिरफ्तारकरे या उसकी गिरफ्तारीकी हिदायतकरे जिसकी गिरफ्तारीकेलिये वह उस वक्त और बलिहाज़ हालात के वारंट जारीकरने का मजाज़ है ॥

मजिस्ट्रेटके जरियासे याउसके रूबरू गिरफ्तारी,

दफा ६६—अगर कोई शख्स जो हिरासत जायजमेंहो फरार होजाय या शख्स गैर उसको छुड़ालेजाय वह शख्स जिसकी हिरासत से वह फरारहुआ या छुड़ायागया मजाजहै-कि फौरन् उसका तअक्कुबकरके उसको किसीमुकाम वाकै बृटिशइंडियामें गिरफ्तारकरे ॥

फरारहोनेपर यह अख्तियार कि उसका तअक्कुबकरके फिरउसकोगिरफ़्तारकियाजाय,

दफा ६७—अहकाम दफआत ४७-व ४८-व ४९-उन गिरफ्तारियोंसे मुतअल्लिक्कहोंगे जो अजरूय दफा६६-के कीजायँ गोवहशख्स जोऐसीगिरफ्तारीकरे अजरूय वारंटकेकार्रवाई न करताहो और ऐसा अहल्कार पुलिस न हो जिसे गिरफ्तारी करने का अख्तियारहो ॥

अहकाम दफात४७-व ४८-व४९-गिरफ्तारीहाय तहतदफा ६६ से मुतअल्लिक्कहोंगे,

बाब-६ ॥

बाबत हुक्मनामजात अहजार बिलजब्र ॥

(अलिफ)--सम्मन ॥

दफा ६८--हरसम्मन जोइसमजमूयेके बमूजिब किसी अदालतसे सादिरहो तहरीरीहोगा-और उसकी दोन कलें होंगी-और उसपर अदालत के हाकिम इजलास कुनिन्दा या किसी और ओहदेदारके दस्तखत और मोहरहोगी जैसाकिहुक्काम हाईकोर्ट वक्तन् फवक्तन् किसी कायदेकी रूसे हिदायत करें ॥

सम्मनका नमूना,

तालीम सम्मनकी मारफत अहल्कार पुलिसके या बपाबन्दी उनकवाअदके जो नकीज मजमूयेहाजाकेनहों और जिन्हें लोकल गवर्नमेण्ट इसबाब में मुन्जबितकरे मारफत किसी अहल्कार अदालत सादिरकुनिन्दा सम्मन के कीजायगी ॥

तामील सम्मनकी किसकेजरियेसेहोगी,

यहदफा बलाद कलकत्ता और बम्बईकीपुलिससे मुतअल्लिक़है-

दफा ६९--अगर मुमकिनहो तो सम्मन की तामील उसशख्स की जातपर जिसपर सम्मन जारी कियाजाय इसतौरसे कीजायेगी कि सम्मनकी दोनकलोंमें

तामील सम्मनकी क्यों कर होगी,

से एकनकल उसके हवाले या उसके रूबरू पेश कीजाय ॥
हरशख्सको जिसपर सम्मनकी तामील इसतौर से कीजाय लाज़िमहै-कि बरवक्त दरख्वास्त अहल्कारतामीलकुनिंदा सम्मनके सम्मनकी दूसरीनकल की पुश्तपर निस्बत वसूली सम्मन के अपने दस्तखत सब्तकरे॥

सम्मनके पानेकी निस्बत दस्तखत,

दफा७०--अगर वह शख्स जिसके नाम सम्मन जारीकिया जाय बाद कोशिश करारवाकई के दस्तयाब न होसके तो सम्मन की तामील इस तौरसे जायज़ है कि उसकी एक नकल शख्स मज़कूरके लिये उसके खान्दान के किसी अहलज़कूर बालिग़के पास या बल्दै प्रेज़ीडंसीमें उसके मुलाज़िम के पास जो उस के साथ रहता हो छोड़दीजाय-और उसशख्स को जिसके पास सम्मन छोड़दियाजाय लाजिम है कि बरवक्त दरख्वास्त अहल्कार तामीलकुनिन्दैके दूसरी नक़लकीपुश्तपर रसीद सम्मन की लिखकर उस पर दस्तखत करदे ॥

तामील सम्मन जबकि वहशख्स जिसके नाम सम्मन जारीकियाजाय न मिले,

दफा ७१--अगरवह दस्तखतजो दफ़आत६९-व७०-में मज़कूरहैं बाद कोशिश करारवाकईके हासिल न होसकें तो अहल्कार तामीमकुनिन्दै सम्मनकोलाज़िम है-कि सम्मनकी एकनकल उस मकान या मस्कनकीकिसीनज़रगाह आमपर आवेज़ांकरदे जिसमें वहशख्स जिसपर सम्मनजारी हुआ मामूलन् रहताहो-उसकेबाद यह समझाजायेगा कि सम्मन की तामील हस्बज़ाबिता होगई है ॥

जाबिता जबकि रसीद न हासिलहोसके,

दफा ७२ ---जब वह शख्स जिसपर सम्मन जारीहो गवर्नमेंट या किसी रेलवे कम्पनी का मुलाज़िम मसरूफ़ बख़िदमत हो तो अदालत सादिर कुनिन्दा सम्मन को लाज़िम है--कि उमूमन् सम्मन की दो नक़ल उसदफ्तर के अफ्सर के पास भेजदे जिसमें वह शख्स मुलाज़िम हो–पस अफ्सर मज़कूर उसतौर से सम्मन

तामील सम्मन मुलाज़िमसरकार यामुलाजिम रेलवेकम्पनी पर,

की तामील करादेगा जो दफ़ा ६९--में मज़कूरहै--और उस अदालत में मयइबारत ज़ोहरी महकूमै दफ़ामज़कूर वापिस भेजेगा॥

दफ़ा ७३--जब किसी अदालतको यह मंजूर हो कि तामील किसी सम्मन की जो उसने जारी किया है किसी ऐसे मुक़ाम पर कीजाय जो उसके अख्तियार की हुदूद अरज़ी से बाहर हो तो उसको लाज़िम है-कि उमूमन् सम्मनकी दोनकलें उस मजिस्ट्रेटके पास मुरसिलकरे जिसके इलाक़े की हुदूद अरज़ीके अंदर वह शख्स सकूनत रखताहो या मौजूद हो जिसपर सम्मन जारी किया गया ताकि वहां उसकी तामील कीजाय॥

तामील सम्मन हुदूद अरज़ी के बाहर,

दफ़ा ७४--जब तामील किसी सम्मन की जो किसी अदालतने जारी कियाहो उसके इलाक़े अख्तियारकी हुदूद अरज़ीके बाहर कीगईहो औरहर मुक़द्दमेमें जिसमें ओहदेदार तामील कुनिन्दा सम्मन वक्त समाअत मुक़द्दमेके हाज़िर न हो तो इज़हार हलफ़ी जिसका मजिस्ट्रेटके रूबरूलिखाजाना पाया जाय बदींमज़मून कि सम्मन की तामील होगई और एक नकल जिसमें इबारत ज़ोहरी (हस्बतर्शके महकूमै दफ़ा ६९--या दफ़ा ७०--) उस शख्सकी जानिबसे हो जिसको वहनकल हवाले कीगई या जिसके रूबरू पेशकीगई या जिसकेपास वह छोड़ीगई शहादत में क़ाबिल लिये जाने के होगी-और जो बयानात उसमें दर्जेहों वह सही मुतसव्विरहोंगे-बजुज़ उस सूरतके और उसवक्त तक कि खिलाफ़ उसके साबित कियाजाय॥

सबूत तामील सम्मन वैसी सूरतों में और जब ओहदेदार तामील कुनिन्दा सम्मन हाज़िरनहो,

जायज़है कि इज़हार हलफ़ी मुतज़क्किरैदफ़ाहाज़ा नकल सम्मन के साथ मुन्सलिक होकर अदालत में वापिस कियाजाय॥

(बे)—वारंट गिरफ्तारी॥

दफ़ा ७५ — हर वारंट गिरफ्तारी जो अजरूय मजमूये हाज़ा किसी अदालत से जारी हो तहरीरी होना चाहिये-और उसपर हाकिम इजलास कुनिन्दाके दस्तख़त सब्त

नमूनावारंट गरफ्तारी,

हों-या दरसूरत साहबान बेंचमजिस्ट्रेटके बेंच मजकूरके किसी मेम्बर के दस्तखत और मोहर अदालत सब्तकीजाय ॥

वारंट गिरफ्तारी का नफ़ाज़ पिज़ीर रहना,

ऐसा हर वारंट उसवक्ततक नफ़ाज़ पिज़ीर रहेगा कि वह उस अदालत से मन्सूख़ कियाजाय जिसने उसको जारी किया हो या उस वक्ततक कि उसकी तामील होजाय ॥

अदालत जमानतलेने की हिदायत करसक्ती है,

दफ़ा ७६.--हर अदालतको जो किसी शख्स की गिरफ्तारी के लिये वारंट जारीकरे अख्तियारहै कि अगर मुनासिब समझे वारंटकी पुश्तपर यह हिदायतलिखदे कि अगर वह शख्स जिसकी गिरफ्तारी मतलूबहै इस-मज़मूनका मुचलिका साथ जमानत काफी के लिखदे कि वह फलां वक्त मुअय्यना पर अदालतमें हाजिर होगा और बाद अज़ीं जबतक कि अदालत से दूसरे नेहजका हुक्म सादिर न हो हाजिर रहेगा तो उस ओहदेदारको जिसके नाम वारंट भेजाजाय लाजिम है कि ऐसी जमानत लेकर शख्स मजकूरको हिरासतसे रिहाकरे ॥

इबारत जोहरी में यह लिखा जायगा ॥

(अलिफ)-- तादाद जामिनोंकी ॥

(बे)-- मिकदार जर जिसमें जामिनीन और वह शख्स माखूज़ किया जायेगा जिसकी गिरफ्तारीके लिये वारंट जारीहुआहो-और-

(जीम)—वह तारीख जिसमें उसको अदालत में हाजिर-होना चाहिये ॥

मुचलिकाभेजाजायगा,

जब जमानत इस दफ़ा के बमूजिब लीजाय तो वह अहल्कार जिसके नाम वारंट भेजा जाय मुचलिका और जमानतनामे को अदालत में इरसाल करेगा ॥

वारंट क़िसके नाम लिखाजायगा,

दफ़ा ७७—अलल उमूम वारंट गिरफ्तारी एक या चन्द अहल्कारान् पुलिसके नाम लिखा जायगा-और जब किसी मजिस्ट्रेट प्रेजीडन्सी के हुक्म से जारी किया जाय तो हमेशा बतौर मजकूर तहरीर पायेगा-मगर किसी और अदालत जारीकुनिंदह वारंट को अख्तियार होगा कि

अगर वारंट मजकूर की फ़ौरन् तामील होनी ज़रूर हो और उस वक्त कोई अहल्कार पुलिस उसकामकेलिये दस्तयाब न होसकेतो किसी और शख्स या अशखास के नाम वारंट तहरीर करे-और ऐसा शख्स या अशखास वारंटकी तामील करेंगे ॥

जब वारंट एक से ज़ियादह अहल्कार या अशखासके नाम लिखा जाय तो जायज़ है कि उसकी तामील में सबके सब या उनमें से कोई एक या चन्द मसरूफ़हों ॥

दफा ७८—मजिस्ट्रेट ज़िला या मजिस्ट्रेट हिस्सा ज़िला मजाजहै-कि अपने ज़िले या हिस्से ज़िलेके अंदर किसी जमींदार या मुस्ताजिर या सरबराहकार अराजीके नाम वारंट वास्ते गिरफ्तारी किसी ऐसेशख्सके तहरीरकरे जो कैदी मफ़रूर या मुजरिम इश्तिहारी हो या ऐसा शख्सहो जिसपर जुर्म गैरकाबिल ज़मानत का इल्ज़ामलगाया गयाहो और जो तअक्कुब किये जाने से गुरेज़ करता रहाहो ॥

वारंट जमींदारवगैरह के नाम लिखा जासक्ताहै,

ऐसे ज़मींदार या मुस्ताजिर या सरबराहकारको लाज़िम है कि वारंट पहुंचनेकी रसीदलिखदे—और अगर वहशख्स जिसकी गिरफ्तारी के लिये वारंट जारीहुआहो उसकी ज़मींदारी या मुस्ताजिरी या अराज़ी में जिसका वह सरबराहकार हो मौजूद हो या उसके अन्दर आये उसपर वारंट की तामील करे ॥

जब वह शख्स जिसकेनाम वारंट जारीहुआहो गिरफ्तारकिया जाय तो चाहिये कि वह मयवारंट उसअफ्सर पुलिस के हवाले किया जाय जो करीबतरहो-और वह अफ्सर पुलिस उसको उस मजिस्ट्रेट के रूबरू हाजिर करेगा जो उस मुकद्दमे में अख्तियार समाअत रखताहो-इल्ला उससूरत में कि दफा७६-के बमूजिबजमानत लीजाय ॥

दफा ७९—जो वारंट किसी अहल्कार पुलिसकेनाम लिखा जायजायजहै कि उसकी तामील किसी और अहलकार पुलिसकीमारफत अमलमें आये जिसकानाम वारंट की जोहर पर उस अहल्कार की तरफ़ से लिखा

जोवारंट अहलकार पुलिसके नामलिखाजाय,

गयाहो जिसके नाम वारंट लिखा गया या बजरिये तहरीर जोह री मुन्तकिल किया गया हो॥

खुलासावारंटकासुनादेना,

दफा८०—अहल्कार पुलिस या दीगर शख्स तामील कुनिन्दा वारंट गिरफ्तारी को लाजिमहै कि उस शख्स को जिसकी गिरफ्तारी मंजूर हो वारंट का खुलासा सुना दे- और अगर वह ख्वास्तगार हो तो उसको वारंट दिखलादे॥

शख्सगिरफ्तारशुदहको बिलातवक्कुफअदालतके रूबरू लाना चाहिये,

दफा ८१—अहल्कार पुलिस या दीगरशख्स तामील कुनिन्दा वारंट गिरफ्तारी को लाजिमहै कि बइतबाअ अहकाम दफा ७६—बाबत जमानत के बिलातवक्कुफ गैरजरूरी शख्स गिरफ्तार शुदहको उस अदालतके रूबरू हाजिरकरे जिसके रूबरू कानून के बमूजिब शख्स मज़कूरके हाजिर करनेका हुक्महो॥

वारंट कहांतामील किया जासक्ताहै,

दफा८२—जायज़ है वारंट गिरफ्तारी बृटिशइण्डिया के किसी मुक़ामपर तामील कियाजाय॥

वारंट तामीलके लिये इलाकाअख्तियारकेबाहर मजिस्ट्रेटकेपासभेजादियाजासक्ता है,

दफा ८३—जब वारंटकीतामील अदालत जारीकुनिन्दावारंटकेइलाकेकी हुदूदअरज़ीके बाहरहोनीजरूर हो तो अदालत मजकूर मजाज़है--किबजाय भेजनेवारंटके बनाम किसीअहल्कार पुलिसके उसको बज़रियेडाक या बसबील दीगरकिसी और मजिस्ट्रेट या कमिश्नर पुलिसके पास भेजदे जिसके इलाके की हुदूद अरज़ीके अंदर उसकी तामील करनी जरूरहो॥

साहब मजिस्ट्रेट या कमिश्नर जिसके पास वारंट गिरफ्तारी इसतौरपर भेजाजाय उसपर अपना नाम लिखेगा-और अगर मुमकिन हो अपने इलाके की हुदूद अरजी के अंदर उसकी तामील करायेगा।॥

दफा ८४—जब किसी वारंट मौसूमे अहल्कार पुलिसकीता-

जो वारंट इलाका अख्तियार के बाहर तामीलके लिये अहलकारपुलिसके नाम लिखाजाय,

मील अदालत जारी कुनिन्दह वारंटके इलाक की हुदूद अरजीकेबाहर दरकारहो तो अहल्कार पुलिसको उमूमन् लाजिम है--कि वारंट पर इबारत जोहरी लिखाने के लिये मजिस्ट्रेट या ऐसे अहल्कार पुलिस के पास लेजाय जिसका रुतबा अफ्सर मोहतमिम इस्टेशनके रुतबेसे कमनहो और जिसके इलाके की हुदूद अरजी के अंदर वारंटकी तामीलहोनी जरूरहो॥

ऐसा मजिस्ट्रेट या अहल्कार पुलिस वारंटकी जोहरपर अपना नाम लिखेगा--और ऐसी तहरीर जोहरी उस अहल्कार पुलिस के लिये जिसके नाम वारंट लिखाजाय हुदूद मजकूर में उसकी तामील करनेकेवास्ते अख्तियार काफीसमझीजायेगी-और अहाली पुलिस मौकेको लाजिमहै--कि अगर उनसे दरख्वास्तकीजाय तो वारंट मजकूरकी तामील में ऐसे अहल्कार पुलिसकी मददकरें॥

जब कभी वजहकवी इस अम्रके बावर करने की हो कि तवकुफ हासिल करने में इबारत जोहरी के मिन्जानिब उसमजिस्ट्रेट या अहल्कार पुलिस के जिसके इलाके की हुदूद के अंदर वारंटकी तामीलजरूरहो वारंटके न तामील पानेका बाअस होगा-तो अहल्कार पुलिस जिसके नाम वारंट लिखागयाहो मजाज होगा कि बिलातहरीरहोने ऐसी इबारत जोहरी के वारंट को ऐसे मुकाम पर तामीलकरै जो उस अदालतके इलाके की हुदूद अरजी से बाहर हो जहां से वह जारीहुआ॥

यह दफा बलाद कलकत्ता औरबम्बईकी पुलिससे मुतअल्लिकहै॥

दफा ८५—जब वारंट गिरफ्तारी उसजिले के बाहर तामील

जाबिते कारर्वाई उस शख्सके गिरफ्तारहोनेपर जिसके नाम वारंट जारी कियाजाय,

पाये जहां से वह जारीहो तो लाजिम है कि शख्स गिरफ्तार शुदह बजुज उससूरतके कि अदालत जारीकुनिन्दा वारंट मुकाम गिरफ्तारी से २०--मीलके अंदर वाकैहो या उस मजिस्ट्रेट या कमिश्नर पुलिससेकरीबतरहो जिसके इलाकेकी हुदूद अरजीके अंदर गिरफ्तारीहुईहो या उससूरतके कि दफा७६--केबमू-

जिब जमानतलीजाय मजिस्ट्रेट या कमिश्नर मजकूर के रूबरू हाजिर कियाजाय॥

दफा ८६—ऐसे मजिस्ट्रेट या कमिश्नर को लाजिम है-कि अगर शख्स गिरफ्तार शुदह वही शख्स मालूमहो जोअदालत जारीकुनिन्दावारंट का मक्सूदहो-यह हुक्मदे-कि शख्समजकूर उस अदालतमें बहिरासत भेजाजाय-मगर शर्त्तयह है--कि अगर जुर्म लायक जमानत के हो और वह शख्स जमानतकाबिल इतमीनान मजिस्ट्रेट या कमिश्नर दाखिल करनेपर मुस्तैद और आमादाहो या हस्ब दफा ७६--जोहर वारंट पर हिदायत तहरीरकीगई हो और शख्स मजकूर उसजमानतके देनेपर मुस्तैद व रजामन्द हो जो बमूजिब हिदायत मजकूरके मतलूबहो--तो मजिस्ट्रेट या कमिश्नर मजकूर ऐसीजमानतलेकर जैसी कि सूरतहो मुचलिका और जमानतनामा उसअदालतमें मुरसिल करेगा जहां से वारंट जारीहुआ था॥

कार्रवाई उस मजिस्ट्रेट के लिये जिसके रूबरू शख्स गिरफ्तार शुदह लाया जाय,

इस दफाकी किसी इबारत से यह न समझाजायेगा कि अहल्कार पुलिस दफा ७६--के बमूजिब जमानत लेने से मुमतनाहै॥

(जीम)—इश्तिहार और कुर्की॥

दफा ८७--अगर किसी अदालत को (बाद लेने या न लेने शहादतके) इसअम्रके बावर करनेकी वजह हो कि कोई शख्स जिसकी गिरफ्तारी के लिये वारंट उसअदालतसे जारीहुआहै मफ़रूर या रूपोशहोगयाहै इस गरज से कि वारंट मजकूर की तामील उसपर न होसके तो ऐसे अदालत मजाज है कि इश्तिहार तहरीरी इस हुक्मसे जारी करे कि शख्स मजकूर एकमीआद मुअय्यनके अंदर जो इश्तहार के मुश्तहिर करनेकी तारीखसे ३०-रोजसे कम न होगी एकखास मुकाम और खासवक्त पर हाजिरहो॥

इश्तिहार मुतअल्लिक शख्स मफ़रूर के,

वह इश्तिहार हस्बतरीके मुफस्सिले जैलमुश्तहिरकियाजायगा॥

(अलिफ़)--उसकस्बे या मौज़े के किसी नज़रगाह आमपर

अलानियां सुनाया जायेगा जहां वहशख्स अमूमन रहता हो ॥

(बे)--उस मकान या मस्कन के मुक़ाम नुमायांपर जिसमें कि शख्स मजकूर अमूमनरहताहो या क़स्बे या मौजे मजकूरके किसी मंज़िर आमपर चस्पां कियाजायेगा—और--

(जीम)-इश्तिहार की एकनक़ल मकान कचहरी के किसी मंज़िर आमपर भी चस्पां कीजायेगी ॥

अदालत जारीकुनिन्दह इश्तिहार की तहरीर बदीं मजमून कि इश्तिहार हस्बजाबिते एक तारीख मुअय्यनपर मुश्तहिर कियागया इसबात के लिये शहादत कतई होगी कि इसदफ़ाके अहकाम की तामील क़रार वाकई हुई और इश्तिहार तारीख मुअय्यनपर मुश्तहिर कियागया ॥

दफ़ा ८८—अदालत मजाज़ है कि बाद जारी करने इश्तिहार शख्स मफरूरकी जायदादकी कुर्की, महकूमे दफ़ा ८७-के शख्स इश्तिहारी की किसी जायदाद मन्कूला या गैरमन्कूला या दोनों की कुर्की का हुक्मदे ॥

उसहुक्मकी रूसे कुर्की किसीजायदाद ममलूका शख्स मजकूरकी जायजहोगी जो उसजिलेमें हो जिसमें कुर्कीहुईहो—और उसकी रूसे कुर्की जायदाद ममलूका शख्स मजकूर वाक़ैबेरूंजिले मजकूरभी उसवक्त जायजहोगी जबकि उसकी जोहरपर उस मजिस्ट्रेट जिले+ या चीफप्रेजीडेंसी मजिस्ट्रेट+का हुक्मलिखाजाय जिसके जिलेके अन्दर वह जायदाद वाक़ैहो ॥

अगर जायदाद जिसकी कुर्कीकाहुक्मदियागयाहो क़र्ज़ाजात या दीगर जायदाद मन्कूलाहो तो कुर्की हस्ब दफ़ाहाजा बतरीक़ जैल अमल में आयेगी--

(अलिफ)--बजरिये क़ब्जे बिलजब्र—या-

(बे)--बजरिये तक़र्रुर रिसीवर याने मुहास्सिल के—या-

(जीम)--बज़रिये हुक्मतहरीरी मशअरइम्तनाअ हवाले किये

×—× यह अल्फ़ाजदफ़ा ८८ में ऐक्ट १० सन् १८८६ ई० कीदफ़ा४की रूसेमुंदर्ज कियेगयेहैं,

जाने जायदाद मजकूरके शख्स इश्तिहारी या किसी शख्स को मिन्जानिब उसके-या-

(दाल)-बजरिये ज़ुमले या किसी दोतरीकोंके मिंजुमले तरीकै हाय मजकूरैबालाके जो अदालतकी रायमें मुनासिबहों॥

अगर जायदाद जिसकी कुर्कीकाहुक्म सादिरहो गैरमन्कूला हो तो कुर्की हस्ब दफ़ाहाजा इसतौरसेहोगी कि अगर शैकुर्की तलब ऐसी अराजीहै जो सर्कारको मालगुजारी देतीहो तो मारफ़त साहब कलक्टर उस जिलेके होगी जिसमें वह अराजी वाकै है और बाक़ी औरसूरतोंमें-

(हे)-बजरिये क़ब्ज़ाकरलेनेके-या-

(वाव)-बजरियेतक़र्रुर किसी रिसीवर याने मुहस्सिलके-या-

(ज़े)-बजरिये हुक्म तहरीरी मशअर इम्तनाअ अदाय लगान या हवालगी जायदादके शख्स इश्तिहारीको या उसकी तरफ़ से किसी औरको--या-

(हे)-बज़रिये ज़ुमलै या किसी दोतरीकों के मिन्ज़ुमलै तरीकै हाय मज़कूरैबाला जो अदालतकी रायमें मुनासिबहों॥

अख्तियारात और खिदमात औरज़िम्मेदारियां शख्समुहास्सिलकी जो हस्ब दफ़ाहाजा मुक़र्रर कियाजाय वहीहोंगी जो उस ऐक्ट१४सन्१८८२ई०, मुहस्सिलकी होतीहैं जो बमूजिब बाब ३६-मजमूये ज़ाबितै दीवानी के मुक़र्रर कियाजाता है॥

अगर शख्स इश्तिहारी मीआद मुअय्यना इश्तिहारके अंदर हाज़िरनहो तो जायदाद मक़रूक़ा सर्कारके तसर्रुफ़में दरआयेगी मगर वह जायदाद तावक्ते कि तारीख़ कुर्कीसे६-छःमहीनेनगुज़र जायँ नीलाम न कीजायेगी-बजुज़ उससूरत के कि वहजायदाद जल्द औरखुदबखुद ख़राबहोजानेवालीहोयाअदालतकीदानिस्त में उसके नीलामकरने से मालिकका फ़ायदामुतसव्विरहोताहो-कि इनदोनों सूरतों में अदालत मजाज़होगी कि जब कभीमुनासिब समझे उसको नीलामकरदे॥

दफ़ा८९—अगरकुर्कीकी तारीख़से २-दोबरसकेअन्दर कोई

जायदादकुर्क शुदहका वापिसकरदेना, शख्स जिसकी जायदाद मुताबिक फ़िक़रैअखीर दफ़ा ८८-के लायक़ तसर्रुफ़ सर्कारकेहो या होगईहो उस अदालत के रूबरू खुद हाज़िरहो या गिरफ्तार होकर हाज़िर कियाजाय और हस्ब इतमीनान उस अदालत के जिसके हुक्मसे जायदाद कुर्कहुई थी यह साबित करदे कि वह वारंटकी तामील से गुरेज करने की नियत से मफरूर या रूपोश नहीं हुआ था--और उसको इश्तिहार मजकूर की खबर इस तरह न मिलीथी कि वह वक्त मुकर्ररह इश्तिहार पर हाजिर होसक्ता-तो ऐसी जायदाद या अगर वह नीलाम होचुकीहो तो उसका जर सम्मन खालिस या अगर जायदाद का एक जुज्व नीलाम हुआ हो तो खालिस जर सम्मन नीलाम और जुज्व जायदाद बाकी मुन्दा बादमुजरा देने कुल खर्चेके जो बवजह कुर्की आयद हुआ हो उसके हवाले कियाजायेगा ॥

(दाल)--दीगर कवाअद मुतअल्लिकै हुक्म नामजात ॥

दफ़ा ९०--अदालतको अख्तियारहै-कि जिस मुकद्दमे में वहइस इजरायवारंटसम्मनके बवजयाअलावहसम्मनके, मजमूयेके मुताबिक अलावह अहलजूरी या असेसरके किसी शख्सकी हाजिरी के लिये सम्मन सादिर करनेकी मजाजहै बादकलमबंद करने वजूहके वारंट उसकी गिरफ्तारीके लिये सूरत हाय मुफस्सिलै जैलमें सादिर करे ॥

(अलिफ)- अगर सम्मन सादिर करने से पहले या सम्मन सादिर करने के बाद मगर कब्ल पहुंचने उसतारीखके जोउसकीहाजिरीके लिये मुकर्ररहो अदालतको किसी वजहसे जन्गालिबहो कि वह मफरूर होगयाहै या सम्मनका हुक्मबजा न लायेगा-या--

(बे)-अगर वह वक्त मुकर्ररह पर हाजिर न हो और यह साबित होजाय कि सम्मन ऐसी मुहलत के साथ हस्बजाबिता उसपर जारीहुआ था कि उसके हुक्मके बमूजिब उसका हाजिर होना मुमकिन था और अदम अहजार की कोई वजह माकूल न जाहिर कीजाय ॥

दफ़ा ९१--जब कोई शख्स जिसके हाजिर या गिरफ्तार करने

हाजिरीके लियेमुचल्का लेने का अख्तियार,

के लिये हाकिम इजलास कुनिन्दा अदालत सम्मन या वारंट सादिर करनेका अख्तियार रखता हो उस अदालत में हाजिर हो तो हाकिम मजकूर मजाज है--कि शख्स मजकूर से मुचल्का बशमूल या बिलाशमूल जामिनों के बवादह हाजिरी अदालत तहरीर कराये ॥

दफ़ा ९२--अगर कोई शख्स जिसने इसमजमूये के मुताबिक

गिरफ्तारी हाजिरीके मुचल्काके वरखिलाफ़ करनेपर,

मुचल्का लिखकर अपने तई अदालत में हाजिर होनेका पाबंद किया हो अदालत में हाजिर नहो-तो हाकिम इजलासकुनिन्दा अदालत मजाज होगा कि वारंट इस हुक्म से सादिरकरे कि शख्स मजकूर गिरफ्तार और अदालत के रूबरू हाजिर कियाजाय ॥

दफ़ा ९३--अहकाम मुन्दर्जै बाबहाजा जो सम्मन और वारंट

इसबाबके एहकामअम्मनसम्मनऔर वारंट गिरफ्तारीकोनिस्बततअल्लुकपिजीर होंगे,

और उनके सिदूर और इजरा और तामीलसे मुतअल्लिकहैं जहांतक मुमकिनहो हरसम्मन और हर वारंट गिरफ्तारीसेभी जोइसमजमूये के मुताबिक जारीहो मुतअल्लिक समझे जायेंगे ॥

बाब -- ७ ॥

बाबत हुक्म नामजात वास्ते जबरन् हाजिर कराने दस्तावेजात औरदीगर जायदाद मन्कूलाके औरवास्ते इन्किशाफहाल उन अशखास के जो बतौर बेजामुकय्यद कियेगये हों ॥

(अलिफ)--सम्मन वास्ते हाजिर करने किसी शैके ॥

दफा ९४--जब किसी अदालत या किसी मुकाम बेरूं हुदूद

सम्मन वास्ते पेशकरने दस्तावेजया दीगरशैके,

बलाद कलकत्ता और बंबईमें किसी अहलकार मोहतमिम इस्टेशन पुलिसकेनज़दीक हाजिर करना किसी दस्तावेज या दीगर शै का वास्ते अगराज किसी तफ्तीश यातहकीकात या तजवीज या दीगरकार्रवाई के जो इसमजमूये के बमूजिब ऐसी अदालत या ओहदेदारकी मारफत या उसके रूबरू होरहीहो जरूर या मुनासिबहो तो जायज है कि

ऐसी अदालत सम्मन या अहल्कार मजकूर हुक्मतहरीरी बनाम उसशख्स के जारीकरे जिसके कब्जे या अख्तियारमें दस्तावेज़ या शै मजकूरका होना बावर कियाजाय वहीं हिदायत कि वह तारीख और मुकाम मुन्दर्जे सम्मन या हुक्मपर हाजिर होकर दस्तावेज या शै मज़कूरको पेशकरे॥

हरऐसे शख्सकीनिस्बत जिसकोबमूजिब इसदफ़ाके महजवास्ते हाजिर करने दस्तावेज या दीगर शैके हुक्म हुआहो यह खयाल किया जायेगा कि उसने हुक्म की तामीलकी बशर्ते कि नामबुर्दह दस्तावेज या शै मजकूरको बजाय बज़ातखुद हाजिरहोकर पेश करने के हाजिर करादे॥

इस दफ़ा की कोई इबारत ऐक्ट शहादत मजरिये हिंद
ऐक्ट १सन् १८७२ई०, मुसह्हिरै सन् १८७२ई० की दफ़आत १२३ व १२४-की मुख़िल न होगी या किसी चिट्ठी या पोस्टकार्ड या पैग़ामतारबर्की या दूसरी दस्तावेजसे जो हुक्काम सीगैडाक या सीगै टेलीग्राफ की तहवील मेंहो मुतअल्लिक न समझी जायगी॥

दफ़ा९५-अगरकोई दस्तावेज़ जो ऐसी तहवील में हो कि-
ज़ाबिते दरख़सूसख़तूत और टेलीग्रामके, सी मजिस्ट्रेट जिला या चीफ मजिस्ट्रेट प्रेजीडेंसी या हाईकोर्ट या अदालत सिशन की दानिस्त में वास्ते ग़रज किसी तफ्तीश या तहकीकात या तजवीज या दीगर कारर्वाई मुतअल्लिके मजमूये हाजा के दरकार व मतलूबहो तो ऐसे मजिस्ट्रेट या अदालत को अख्तियार है--कि सीगैडाक या टेलीग्राफ़को जैसीसूरतहो हुक्मदे कि दस्तावेज़ मजकूर उसशख्स के हवालेकरे जिसकी निस्बत मजिस्ट्रेट या अदालत मजकूर हिदायत करे॥

अगर कोई ऐसी दस्तावेज़ किसी और मजिस्ट्रेट या कमिश्नर पुलिस या सुपुरिन्टेन्डण्टपुलिस जिलेकी दानिस्त में किसी ऐसी गरजके लिये दरकार हो-तो उसको अख्तियार है कि सीगै डाक या सीगै तारबर्की को (जैसी सूरत हो) हिदायत करे कि चिट्ठीमज़कूरको तलाशकराये--और तासिदूरहुक्म मजिस्ट्रेटजिला

या चीफ़मजिस्ट्रेट प्रेजीडंसी या अदालतके उसको रोकरक्खे ॥

(ब)-वारंटतलाशी॥

दफ़ा ९६--जब किसी अदालत को इस बातके बावरकरने की वजहमौजूदहो कि वहशख्स जिसकेनामसम्मन या हुक्म महकूमै दफ़ा ९४-या हुक्म मुफ़स्सिलै फ़िक़रै अव्वल दफ़ा ९५-भेजागया हो या भेजाजाय दस्तावेज़ या शैमतलूबाको मुताबिक़ हिदायत मुन्दरजै सम्मन या हुक्म के हाज़िर न करेगा ॥

कबवारंटतलाशीसा दिरकियाजासक्ताहै,

या जब इसबातका इल्म न हो कि दस्तावेज या दीगर शै मतलूबा ऐसे शख्सके क़ब्ज़े में है-

या जब अदालतकी यह रायहो कि अग़राज़ किसी तहक़ीक़ात या तजवीज़ या दीगरकाररवाई मुतअल्लिक़ैमजमूये हाजाकी आम तलाशी या मुआयना से हासिल होजायेंगी-

तो उसको अख्तियार है-कि वारंट तलाशी सादिर करे-और वह शख्स जिसकेनाम वारंट लिखाजाय मजाजहोगा कि बमूजिब वारंट मजकूर और अहकाम मुंदरजै आयन्दा के तलाशी औरमुआयना करे ॥

इस ऐक्टकी किसीइबारतसे किसी मजिस्ट्रेटको बजुज मजिस्ट्रेट जिला या चीफ़मजिस्ट्रेट प्रेजीडंसीके यहअख्तियार न होगा-कि वारंट वास्तेतलाशी ऐसी दस्तावेज़के सादिर करे जो ओहदेदारान डाक या टेलीग्राफ़की तहवीलमें हो ॥

दफ़ा९७—अदालत मजाज है कि अगर मुनासिब समझे वारंट में उस मुक़ाम या मकान या जुज्व मकान या मुक़ाम की सराहतकरदे कि सिर्फ़ जिसमें तलाशी या मुआयना किया जायेगा-पस वह शख्स जिसको वारंट की तामील सिपुर्द हुई हो सिर्फ़ उसमुक़ाम या मकान या जुज्व के अन्दर तलाशी मकान या मुआयना करेगा जिसकी इसतरह सराहत की गई हो ॥

वारंट के रोकनेका अख्तियार,

दफ़ा ९८--अगर मजिस्ट्रेट जिला या मजिस्ट्रेट हिस्सा जिला या मजिस्ट्रेट प्रेज़ीडंसी या मजिस्ट्रेट दरजै अव्वलको किसी इत्तिलाअकी बुनियादपर और उसक़दर तहक़ीक़ात के बाद जो उस को जरूरी मालूमहो इसअम्र के बावरकरने की वजह पाई जाय कि कोई मुक़ाम इसकाममें आताहै कि उसमें मालमसरूक़ा रक्खा या फ़रोख्त कियाजाताहै--

तलाशी उस मकान की जिसमें माल मसरूकाया दस्तावेज़ात जाली वग़ैरह के रहने का शुभहहो,

या दस्तावेज़ातजाली या मवाहीर नक़ली या कागज़ात इस्टाम्प मुल्तबिस या सिक्केजात मुल्तबिसह यामुल्तबिसासिक्के या इस्टाम्प जाली बनानेके औज़ार या उसका सामान उसमें रक्खा या फ़रोख्त या तय्यार कियाजाताहै--

याकि कोई दस्तावेज़ात जाली या मवाहीर नक़ली या काग़ज़ातइस्टाम्प मुल्तबिस या सिक्कामुल्तबिस या औज़ार या सामान जो सिक्केकी तल्बीस या इस्टाम्प जाली बनाने के काममें लाया जाताहै किसीमुक़ाममें रक्खा या जमाकियाजाताहै—

तो मजिस्ट्रेट मज़कूरको अख्तियारहोगा कि अपने वारंट के जरियेसे किसी अहलकार पुलिसको जो कान्स्टेबिल से बालातर रुतबा रखताहो इजाजतदे-

(अलिफ)—कि वह बक़द्र हाजत मदद साथलेकर ऐसेमुक़ाम में दख़लकरे—और

(बे)—उस मुक़ामकी तलाशी हस्बमुसर्रहा वारंटके करे-और

(जीम)—हरएकमाल या दस्तावेज़ात या मवाहीर या काग़ज़ात इस्टाम्प या सिक्केजातको जो वहां दस्तयाबहों और जिनकी बाबत उसको बवजह माकूलशुभहहो कि वह चोरीसे या बतरीक़ नाजायज़ हासिलकियेगयेहैं या जाली या झूठे या तल्बीसी बनायेगये हैं और तमाम औज़ार और सामान मज़कूरै सदरको अपने कब्ज़ेमें करले—और

(दाल)—ऐसे माल और दस्तावेज़ और मवाहीर और काग़ज़ात इस्टाम्प और सिक्केजात और औज़ार और सामान को

किसी माजिस्ट्रेट के रूबरू पहुँचादे या उसको उसी मौकेपर उस वक्त तक महफूजरक्खे कि मुजरिम किसी माजिस्ट्रेटकेपास हाजिरकियाजाय या उसको उसीमकान महफूजमें और तौर पर उठवादे—और

(हे)-हर शख्सको जो ऐसे मुकामपर पायाजाय और जो जाहिरन् ऐसे माल या दस्तावेजात या मवाहीर या काग़ज़ात इस्टाम्प या सिक्केजात या औज़ार या सामानके रक्खेजाने या फरोख्त या तय्यार कियेजाने से वाक्फ़िकार मालूमहो और जिसको जाहिरन् यह इल्मथा या इस इश्तिबाहकी वजह माकूल हासिल थीकि माल मज़कूर चोरीसे या किसी और तरीक़ नाजायजसेहासिलकियागयाहै या कि वह दस्तावेज़ात या मवाहीर या काग़जात स्टाम्प यासिक्केजात या औज़ार या सामान जाली और झूठे और लिबासी बनाये गये और वह औज़ार या सामान सिक्का लिबासी या इस्टाम्प जाली बनाने के लिये मुस्तअमिल कियेगये या उनके उस तौर पर मुस्तअमिल होनेका क़स्द कियागयाथा अपनी हिरासत में करले और रूबरू माजिस्ट्रेटके लेजाय ॥

+ दफ़ा हाज़ाके अहकाम—

(अलिफ़)—बाबत तलबीसीसिक्कहके—और

(बे)—बाबत ऐसे सिक्कहके जिसपर तलबीसका शुभहहो—और

(जीम)—बाबत ऐसे औज़ार या असबाबके जो सिक्कहकेतलबीसी बनानेमें मुस्तअमिलहों—

जहांतक कि वह लायक तअल्लुकहों—बिल्तनासिब—

(अलिफ़)—ऐसे धातके टुकड़ोंसे मुतअल्लिक होंगे जोधात के ग़ैरसरकारीसिक्कों के ऐक्ट मुसद्दिरै सन् १८८९ ई० की खिलाफ़वर्ज़ी में बनायेजायें-या वृटिश-इंडिया में बाखिलाफ़ वर्ज़ी किसी इश्तिहार मुजरिये वक्त हस्ब

ऐक्टनंबर १ सन् १८८९ ई०,

+—+यह फ़िक़रह ऐक्ट१—सन्१८८९ई० की दफा ८- कीरूसेमुंदर्ज कियागयाहै,

ऐक्टनंबर ८ सन् १८७८ ई०, दफा१९ ऐक्ट महसूलातबहरीमुसद्दिरे सन् १८७८ ई० के लायेजायें—और

(बे)—ऐसे धातके टुकडों से जिनपर उसतरह बनायेजाने या जिनके उसतरह पर बृटिशइंडियामें लाये जानेका गुमान—या ऐक्टहाय मज़कूरमें से ऐक्ट अव्वलुल्ज़िक्रकी खिलाफ़वर्ज़ी में चलाये जानेकेलिये मकसूद होनेका गुमानहो—और

(जीम)--उन औज़ार या असबाबसे जो बखिलाफ़वर्ज़ी ऐक्ट मजकूर के धातके टुकडों के बनाने में मुस्तअमिलहों+

कार्रवाई उन अशियाय की निस्बत जो इलाका अख्तियार के बाहर तलाश में पाईजायें,

दफा ९९--जब बवक्त तामील किसी वारंट तलाशी के ऐसे मुकाम पर जो अदालत सादिर कुनिन्दा वारंट के इलाके की हुदूद अरज़ी से बाहरहो कोई शै मिन्जुम्ला उन अशियाय के जिनकी तलाशी कीजाय दस्तयाबहोजाय-तो अशियाय मजकूर मय फेहरिस्त के जो बमूजिब अहकाम मुन्दर्जे आयन्दा तय्यारकीजाय फौरन् अदालत सादिर कुनिन्दा वारंट के रूबरू हाजिरकी जायेंगी--इल्ला उस सूरत में कि वह मुकाम उस मजिस्ट्रेट से जो उसबाबमें अख्तियार समाअत रखताहो बमुकाबिले अदालत मजकूरके जियादहकरीब हो तो उस सूरतमें फेहरिस्त और अशियाय मज़कूर फौरन उस मजिस्ट्रेट के रूबरू पेश कीजायँगी-और अगर कोई वजह मवज्जह माने न हो तो मजिस्ट्रेट मजकूर यह हुक्म सादिर करेगा कि वह फेहरिस्त और अशियाय अदालत मजकूर में पहुँचादीजायँ ॥

(जीम)--इंकिशाफहाल उन अशखास का जो बतौर बेजा मुक़य्यद किये गयेहों ॥

तलाश उन अशखास कीजोबतौरबेजामुकय्यद कियेगयेहों,

दफा १००--अगर किसी मजिस्ट्रेट प्रेजीडन्सी या मजिस्ट्रेट दर्जे अव्वल या मजिस्ट्रेट हिस्से जिले को इस अम्रके बावर करनेकी वजहहो कि कोई शख्स इसतरह मुकय्यदहै कि उसको कैद रखना बमंजिले जुर्म के है-तो नामबुर्दह वारंट तलाशी के सादिर

करने का मजाज़ है-और जिसशख्सके नाम वारंट मज़कूर भेजा जाय वह उस शख्सके तलाश करने का जो इसतरह मुक़य्यदहो मजाजहोगा-और तलाशी मज़कूर मुताबिक वारंट के अमल में आयेगी-और शख्स मज़कूर अगर दस्तयाब हो फौरन् मजिस्ट्रेट के रूबरू हाजिरकियाजायगा--और मजिस्ट्रेट मज़कूर ऐसा हुक्म सादिर करेगा जो मुक़द्दमे में मुनासिब मालूमहो॥

(दाल)-अहकाम आम बाबततलाशी॥

दफ़ा १०१--अहकाम मुन्दर्जै दफ़आत ४३ व ७५ व ७७ व ७९ व ८२ व ८३ व ८४ जहांतक मुमकिन हो उन सब वारंटहाय तलाशीसे मुतअल्लिक होंगे जो दफ़ा९६ या दफ़ा९८या दफ़ा१०० के मुताबिक सादिरहों॥

वारंट तलाशी की निस्बत हिदायत वग़ैरह,

दफ़ा १०२--जब कभी कोई मुकाम इस बाबके मुताबिक मुस्तौजिब तलाशी या मुआयना हो बन्दहो-तो उस शख्सको जो उस मुकाममें रहता या उसका एहतिमाम करता हो लाजिम है-कि अहल्कार या दीगर शख्स तामील कुनिन्दह वारंटकी दरख्वास्त और वारंट के पेश करने पर उस अहल्कार या दीगर शख्स को बिला मजाहमत अन्दर जानेदे-और उसके साथ इसतरह पेशआये कि उसको खानातलाशी लेने में हरतरह की सहूलत माकूल हासिल हो॥

उन लोगोंको जो बंदमुकामके मोहतमिमहोंचाहिये कि तलाशी लेनेदें,

अगर ऐसे मुकाममें इसतौर से दखल करना गैर मुमकिन हो-तो अहल्कार या दीगर शख्सतामीलकुनिन्दह वारंट मजाजहोगा कि हस्ब शरायत मुन्दर्जे दफ़ा ४८ के कारबन्द हो॥

दफ़ा १०३--क़ब्ल लेने तलाशी के बमूजिब अहकाम इसबाब के अहल्कार या दीगरशख्स आज़म तलाशी को चाहिये कि उस मौके के दो या जियादह बाशिन्दगान शरीफको जहां मुकामतलाशी तलबवाकैहो तलाशी

तलाशीगवाहोंके रूबरू ली जायेगी,

के वक्त हाजिर होने और गवाह रहने के लिये तलब करे ॥

तलाशी मजकूर ऐसे बाशिन्दों के रूबरूहोगी-और लाजिम है कि एक फेहरिस्त जुमले अशियाय की जो दरअस्नाय तलाशी मजकूर गिरफ्तार हों और उन मुकामात की जहां कि वह दस्तियाबहों मारफत अहल्कार मजकूर या शख्सदीगर मुरत्तिबकीजाय-और उसपर गवाहान मजकूर के दस्तखतहों-लेकिन किसी शख्स के लिये जो अजरूय दफा हाजा तलाशीका गवाहहो यह जरूर न होगा कि अदालत में बतौर गवाह तलाशी के हाजिरहो-बजुज उस सूरत के कि वह बिलतखसीस तलब कियाजाय ॥

उस मुकामका रहने वाला जिसकी तलाशीलो जायहाजिर होसक्ताहे,

जोशख्स उसमुकाम में रहताहो जिसकी तलाशी लीजाय उस को या उसकी तरफ से किसी और शख्स को हर सूरतमें इजाजत दीजायगी कि तलाशी के वक्त हाजिर रहे और एक नकल उस फेहरिस्तकी जो हस्बदफाहाजा तय्यार कीजाय और जिसपर गवाहान मजकूरके दस्तखत हों उस रहनेवाले या शख्स को उसकी दरख्वास्त पर हवाले कीजायगी ॥

(ह)-मुतफर्कात ॥

दस्तावेज वगैरहजो पेशहोउसकेजब्तकरने का अख्तियार,

दफा १०४—हर अदालतको अख्तियार है कि अगरमुनासिब समझे किसी दस्तावेज या शै दीगरको जो इस मजमूयेके मुताबिक उसकेरूबरू हाजिरकीजाय जब्त कररक्खे ॥

मजिस्ट्रेटअपनेरूबरू तलाशीलियेजानेके लिये हिदायत करसक्ताहे,

दफा १०५--हर मजिस्ट्रेट को इस बातकी हिदायत करनेका अख्तियारहै कि कोईमुकाम जिसकीतलाशी के लिये वह वारंट तलाशी जारी करनेकामजाज है उसके रूबरू तलाश कियाजाय ॥

हिस्सा चहारुम ॥

इन्सदाद जरायम ॥

बाब--८* ॥

दाबतजमानत हिफ्ज़ अमन और नेकचलनी ॥

(अलिफ़)-जमानत हिफ्ज़ अमन बाद

सुबूत जुर्म ॥

दफा १०६--जब किसी शख्सपर जुर्म बलवह या हमलाया

जमानतहिफ्ज़ अमन बादसुबूत जुर्म के, और तरहपर नुकज़ अमन या उनमें से किसी जुर्ममें अआनत करने या ऐसे जुर्मके इर्तिकाब की नियत सरीहसे अशखास मुसल्लहके मुजतमाकरने या और तदबीर नाजायज़ अमलमें लानेका इल्जाम लगायाजाय-या जब कोई शख्स बज़रियेधमकी नुक़सान पहुँचाने जिस्म या मालके इर्तिकाब तखवीफ़ मुजरिमानाका करे-और वह किसी हाईकोर्ट या अदालत सिशन या अदालत प्रेजीडन्सी मजिस्ट्रेट या मजिस्ट्रेट जिले या हिस्से जिला या मजिस्ट्रेट दर्जे अव्वल के हुज़ूरसे उस जुर्मका मुजरिम क़रार दियाजाय ॥

और ऐसी अदालतकीरायहो कि शख्स मजकूरसे मुचलिका बवादै हिफ्ज़ अमन लिखवाना जरूर है ॥

तो ऐसी अदालत मजाज़ होगी कि ऐसे शख्स की निस्बत सज़ा तजवीज़ करनेकेवक्त यह हुक्म सादिरकरे कि वह मुचलिका

---

*उन मुक़ामात में जहां पंजाब के सरहद्दी जरायम का कानून मुसद्दिरह सन् १८८७ ई० नाफिज है—उस क़ानून की दफा ३९—से दफा ४५-तक (बशमूल इन दोनों दफ़आत के) बतौर जुज्व बाबहाज़ा पढ़ा और समझा जायेगा—देखो कानून ४-सन् १८८७ ई० - दफा ४६,

बवादै अदा उसकदर तादाद के जो उसके मक़दूर के मुवाफ़िक़ हो मय या विलाज़ामिनों के और बइक़रार हिफ्जअमन खलायक़ अन्दर उसमीआदके जो तीनबरससे ज़ियादह न हो और जोअदालत मज़कूर की तजवीज से मुकर्ररकीजाय लिखदे॥

अगर हुक्म सुबूत जुर्म अपील में या और तौर पर मन्सूख कियाजाय तो मुचलिका जो इस तौरपर लिखा गया हो कालअदम हो जायेगा॥

(बे)-ज़मानत हिफ्जअमन बमुकद्दमात दीगर व जमानत नेकचलनी॥

दफा १०७--जब कभी किसी प्रेज़ीडन्सी मजिस्ट्रेट या मजिस्ट्रेटजिला या हिस्साज़िला या मजिस्ट्रेटदर्जे अव्वलको इत्तिलाअपहुंचे कि फलांशख्सकी निस्बत एहतमाल है कि वह नुक्ज अमन करेगा-या कोई ऐसा फेल बेजा अन्दर हुदूद इलाक़े अरज़ी मजिस्ट्रेट मज़कूर के करेगा जिससे नुक्ज़ अमन लाज़िम आयेगा-या यह कि हुदूदमजकूरके अंदर कोई ऐसा शख्स है जिसकी निस्बत एहतमाल है कि वह नुक्ज़ अमन करे या उसक़िस्मका कोई और फेलबेजा किसी और जगह उनहुदूद के बाहर अमल में लाये-तो साहबमजिस्ट्रेटमजाज होगा-कि हस्ब तरीक़े मुफस्सिले जैल शख्स मुल्जिम से वजह इस अम्रकी इस्तिफ्सार करे कि उससे मुचलिकामय या बिला जामिनान बवादै हिफ्जअमन खलायक़ उसक़दर मीआद के लिये जो एकबरस से जियादह न हो और जिसको मजिस्ट्रेटमुकर्रर करना मुनासिब समझे क्यों न लियाजाय॥

ज़मानत हिफ्ज़ अमन और और सूरतों में,

दफा १०८— जब कोई मजिस्ट्रेट जिसको दफा १०७--के बमूजिब अमल करने का अख्तियार नहो या कोईअदालतसिशन याहाईकोर्टकिसी वजहसेयहबावरकरे--कि किसीशख्सकी निस्बत एहतमाल है-कि वह नुक्ज़ अमन करेगा या ऐसाकोई फ़ेल बेजा करेगा जिससे गालिबन् नुक्जअ-

जाबिताकारखाई उसमजिस्ट्रेटवगैरहका जोतहतदफा१०७-कारगुजार होनेका अख्तियार नहीं रखताहै,

मन पैदाहो--और ऐसानुक़्ज़अमन बजुज़ हिरासतमें रखनें शख्स मज़कूर के और किसीतरह से मसदूद नहीं होसक्ता है तो ऐसे मजिस्ट्रेट या अदालत को अख्तियारहै--कि उसकी गिरफ्तारीके लिये (अगर वह उससे पहिले हिरासत या अदालतमें हाज़िर नहो) अपना वारंट जारीकरे--और शख्समज़कूरको मजिस्ट्रेटजी अख्तियार के रूबरू इस ग़रज़से भेजदे--कि वह दफ़ा १०७ के बमूजिब मुक़द्दमे में अमलकरे ॥

वह मजिस्ट्रेट जिसके रूबरू कोई शख्स इसदफ़ा के बमूजिब भेजाजाय मजाज़ है-कि अगर मुनासिब समझे ऐसे किसी शख्स को उसवक्ततक हिरासतमें रक्खे जबतक कि वह तहक़ीक़ात जो आयन्दा मुक़र्रर हुई है खतम न होले ॥

दफ़ा १०९—जबकभी प्रेज़ीडन्सी मजिस्ट्रेट या मजिस्ट्रेट जिला या हिस्सा ज़िला या मजिस्ट्रेटदर्जे अव्वल को अमूर मुफस्सिलै जैलकी इत्तिलाअपहुँचे॥

जमानत नेकचलनी की आवारह गरदों और उनशख्सोंसे जिनपर शुभहहो,

(अलिफ़)-यह कि कोई शख्स ऐसे मजिस्ट्रेट के इलाक़ेकी हुदूद अरजीके अन्दर अपनी मौजूदगीके अख़फ़ा के लिये एहतियात कररहा है-और क़रीन क़यास है कि वह शख्सबवहएहतियात इसीवजह से कररहा है कि किसी जुर्मका मुर्तकिब हो-या

(बे)--यह कि हुदूद मज़कूरके अन्दर एक ऐसा शख्स हैजो बज़ाहिर कोईसबीलमआशकी नहीं रखताहै या जो अपनाहाल हस्ब इतमीनान नहींबयान करसक्ताहै ॥

तो ऐसा मजिस्ट्रेट मजाज़ होगा कि हस्ब तरीक़ै मुफ़स्सिलै ज़ैल ऐसे शख्ससे इसबातकीवजह तलबकरे-कि उससे मुचलिका मय जामिनों के बवादे नेकचलनरहने के उस क़दर मीआद के लिये जो ६-छःमहीनेसे जियादह न हो और जिसको मजिस्ट्रेटमुक़र्रर करना मुनासिब समझे क्यों न लिखवा लियाजाय ॥

दफ़ा ११०--जब किसी मजिस्ट्रेट प्रेजीडन्सी या मजिस्ट्रेट

जमानत नेकचलनी की उन शख्सों से जो आदतन जुर्म कियाकरते हैं,

जिला+या मजिस्ट्रेटहिस्साजिला या मजिस्ट्रेट दर्जे अव्वलको जिसे लोकलगवर्नमेण्ट की तरफ़से बिलखसूस इस बाबमें अख़्तियार अता हुआ हो+इस बातकी इत्तिलाअ पहुँचे- कि कोई शख़्स जो उसके इलाक़ेकी हुदूद् अरजीके अन्दरहो आदतन् शख़्स रहजन या नक़बजन या चोरहै-या आदतन् माल मसरूका हासिल करता है यह जानकर कि वह माल बसबील सरक़ा हासिल हुआ है या यह कि वह आदतन् हुसूल बिलजब्र करता है या हुसूल बिलजब्र के इरादेसे आदतन्ख़लायक़ को नुक़सान रसानीका खौफ़दिलाता है या उसका क़स्द करताहै ॥

ऐसे मजिस्ट्रेट को अख़्तियार होगा कि हस्बतरीक़े मुफ़स्सिलै आयन्दा ऐसे शख़्ससे इसबातकी वजह तलबकरे कि उससे मुचलिका मयजमानत बबादै नेकचलन रहने के किसी मीआद तक जो ३-तीन बरससे जियादह न हो और मजिस्ट्रेट की तजवीज से मुकर्रर हो क्यों न लिखवाया जाय ॥

दफ़ा १११—अहकाम दफ़आत १०९-व ११०-रिआयाय

अहकामअबारहगरदां अहलयूरुपकेमुतअल्लिक़, ऐक्ट ६ सन् १८७४ई०,

बृटानिया अहलयूरोपसे उन सूरतों में मुतअल्लिक़ न होंगे जब उनकी निस्बत कारवाई मुताबिक़ ऐक्टमुतअल्लिक़ै रिआयाय आवारह अहल यूरोप मुसहिरै सन् १८७४ ई० के होसक्तीहो ॥

दफ़ा ११२—जबकोई मजिस्ट्रेट जो दफ़ा १०७-या दफ़ा१०९-

हुक्म जोसादिर कियाजायेगा,

या दफ़ा ११०-के बमूजिब अमल करताहो किसी शख़्ससे दफ़ा मुतजक्किरै सदर के बमूजिब वजह ज़ाहिरकरानी ज़रूर समझे-उसको चाहिये कि हुक्म तहरीरी में खुलासा उस इत्तिलाअका जो उसके पासपहुंचीहो मैतादाद मुचलिका और ज़मानतनामै तहरीरतलब और मीआदके

+—+यह अलफ़ाज दफा ११०—में अजरूय दफा ५—ऐक्ट १०—सन् १८८६ ई० के क़ायमकियेगये हैं,

जिसके लिये मुचलिका निफ़ाजपिजीर रहेगा औरतादाद और है-सियत और क़िस्मज़ामिनान मतलूबाके (अगरकुछहों) क़लम्बंदकरै॥

दफ़ा ११३--अगर वह शख्स जिसकी निस्बत ऐसा हुक्मदिया जाय अदालतमें हाज़िर हो तो वह हुक्म उसको पढ़कर सुनादिया जायगा या अगर वह ख्वाहिश करे उसका खुलासा उसको समझा दिया जायेगा॥

जाब्तेकी काररवाईउसश ख्सकीनिस्बतजोअदालत मेंहाज़िरहो,

दफ़ा ११४--अगर ऐसा शख्स अदालतमें हाजिर न हो तो साहब मजिस्ट्रेट उसके नाम सम्मन इसहुक्म के साथ जारी करेगा कि वह हाजिरहो-या जब शख्स मज़कूर हिरासत में हो तो वारंट इस हिदायत के साथ भेजाजायेगा कि वह अफसर जिसकी हिरासतमें वहशख्सहो उसको अदालत के रूबरू हाज़िरकरै॥

सम्मनयावारंटउसश ख्सकीनिस्बत जो वहांहा जिरनहीं है,

मगर शर्तयह है-कि जब अफ़सर पुलिसकी रिपोर्ट या किसी और शख्सकी इत्तिलाअ रसानी से मजिस्ट्रेटको मालूमहो (रिपोर्ट या इत्तिलाअ के खुलासेको मजिस्ट्रेट कलम्बन्द करेगा) कि इस बातका ज़न्नग़ालिब है कि अमनखलायक़ में नुक्ज़वाकेहोगा और ऐसे नुक्ज़ अमन को बिला फ़ौरन गिरफ्तार करने शख्स मज़कूर के फ़रोकरना ग़ैर मुमकिन है-तो मजिस्ट्रेटमजाज़होगा कि जिस वक्त चाहे उसकी गिरफ्तारीके लिये वारंट जारीकरे॥

दफ़ा ११५--हरसम्मन या वारंटके साथ जो दफ़ा ११४-के बमूजिब सादिर कियाजाय नक़ल हुक्म मुतज़क्किरे दफ़ा ११२--शामिल रहेगी और वह नक़ल मारफत उस ओहदेदार के जो सम्मन या वारंट की तामील या तकमील करता हो उसशख्सको दीजायेगी जिसपर सम्मनकी तामील हुईहो या जो वारंट के बमूजिब गिरफ्तार हुआहो॥

हुक्ममुतज़क्किरहदफा ११२ की नक़ल के साथ सम्मन या वारंट रहा करेगा,

दफ़ा ११६--साहब मजिस्ट्रेट मजाज है-कि अगर वजह काफी

असालतन् हाज़िरीके मुआफकरनेकाअखितयार, देवे किसीशख्सकी असालतन् हाजिरीको मुआफ करे जिससे वजह इसबातकी तलब हुईथी कि उससे मुचलिका बवादह हिफ्जअमन क्यों न लिखा लियाजाय और उसको इजाज़तदे कि वहवकालतन्हाजिरहो ॥

तहक़ीक़ात दरख़ूस सिदाक़त इत्तिलाअके, दफ़ा ११७--जबकोई हुक्म जो दफ़ा ११२--के बमूजिब सादिर हुआहो किसी शख्सहाज़िर अदालतको इसदफ़ा ११३--पढ़कर सुनाया या समझा दियाजाय-या जब बइतबाअ या बसिलसिला तामील किसी सम्मन या वारंट के जो दफ़ा ११४-के बमूजिब जारीहुआहो कोई शख्स मजिस्ट्रेट के रूबरू हाजिरहो या लायाजाय--तो मजिस्ट्रेट मजकूर उसइत्तिलाअकी सिदाक़तकी तहक़ीक़ात शुरूअ करेगा जिसपर उसने अमलकियाहो-और ऐसी शहादतमजीदजो उसकी दानिस्त में जरूरीहो लेगा ॥

तहकीकात मजकूर जब हुक्म में हिदायत वास्तेलेने जमानत हिफ्जअमन के भी शामिल हो-जहांतक मुमकिनहो मुताबिक उस तरीके के अमलमें आयेगी जो मुकद्दमात सम्मनकी तजवीज के लिये आयन्दा मुकर्ररहै और जब हुक्मके अंदर हिदायतवास्ते लेने जमानत नेकचलनीकेहो तो तहकीकात उस तरीकेके मुताबिक होगी जो आयन्दा वास्ते तहकीकात मुकद्दमात वारंट के मुकर्रर हुआहै-इल्ला फर्दक़रारदाद जुर्मका लिखना जरूर न होगा ॥

वास्तेअग़राज इसदफ़ाके यहबाकै बजरिये सुबूत शोहरतआम के या और नेहज पर साबित करना जायज है कि कोई शख्स आदतन् मुजरिम है ॥

जमानत दाख़िल करने का हुक्म, दफ़ा ११८—अगर ऐसी तहकीक़ातसे यह साबितहो कि वास्ते हिफ्ज अमन या कायमरखने नेकचलनी के (जैसी कि सूरतहो) उस शख्ससे जिसकी बाबत तहक़ीक़ातकीगई है मुचलिका मै याबिलाज़ामिनानके लिखानाज़रूरहै तो मजिस्ट्रेटमजकूर उसमजमूनकाहुक्म सादिरकरेगा ॥

मगर शर्त यह है कि--

अव्वलन्-किसीशख्सके नाम यहहुक्म सादिर न होगा कि वह उसकिस्मसे मुख्तलिफ़ या उस तादादसे जायद या उसमीआद से जियादहकी जमानत लिखदे जिसकी तसरीह हुक्म मुसद्दिरह तहत दफ़ा ११२-में मुंदर्जकीगई है॥

सानियन्-यह कि हरमुचलिकेकी तादाद हालात मुक़द्दमे पर मुनासिब लिहाज़करके मुक़र्ररकीजाय और बहुत ज्यादह न हो॥

सालिसन्-यह कि जब वहशख्स जिसकी निस्बत तहक़ीक़ात अमलमें आय नाबालिग़हो-तो मुचलिका सिर्फ़ उसके ज़ामिनों से लिखायाजायगा॥

रिहाई उस शख्स की जिसके वारेमेंइत्तिलाअ दीगई हो,

दफ़ा ११९—अगर इन्दुल् तहक़ीक़ात मुक़र्ररह दफ़ा ११७-यह साबित न हो कि उसशख्ससे जिसकी निस्बत तहक़ीक़ात अमलमें आई है मुचलिकाबवादै हिफ्ज़अमन या नेकचलनीके (जैसी कि सूरत हो) लेना ज़रूरहै-तो मजिस्ट्रेट मिसलमें एक यादृदाश्त इसमज़मूनकी लिखलेगा-और अगर वहशख्ससिर्फ़वास्ते अग़राज़तहक़ीक़ातके जेर हिरासतहो उसको छोड़देगा-या अगर शख्स मज़कूर हिरासतमें न हो उसको रुख्सतकरेगा॥

(जीम)—कारवाई मुतअल्लिके जुमले मुकद्दमात माबाद हुक्म मशअर तलबकरने जमानत के॥

शुरू उसमीआदकी जिसकेलिये जमानत मतलूबहो,

दफ़ा १२०—अगर किसीशख्सकी निस्बत जिसकी बाबत दफ़ा १०६-या दफ़ा ११८-के बमूजिब हुक्म मशअर तलबी जमानत सादिरकियाजाय बवक्त सिदूर उसहुक्मके हुक्मसज़ाय क़ैद सादिरहोचुकाहो या वह क़ैदमेंहो तो वहमीआद जिसकेलिये जमानत तलबहुई थी उस मीआद क़ैदके इन्क़ज़ाके बाद शुरूहोगी॥

और सूरतोंमें मीआदमज़कूर हुक्मकी तारीखसे शुरूहोगी॥

मुचलिकाका मजमून,

दफ़ा १२१—उस मुचलिके में जो ऐसे शख्सको लिखनापड़ेगा शख्स मज़कूर इसबातका इक़रारकरेगा कि अमनखलायक़को महफूज रक्खेगा या नेकचलनरहेगा यानी जैसा

मौक़ाहो और सूरतआखिरुल्ज़िक्र में किसीजुर्मकाइर्त्तिकाबकरना या उसके इर्त्तिकाब का कस्द करना या उसमें मआवनहोना जो लायक़ सज़ाय क़ैदहो जहांकहीं उसका इर्त्तिकाब कियाजाय बमंज़िलै इन्हराफ़ मुचल्का समझा जायेगा॥

दफ़ा १२२—— साहब मजिस्ट्रेटकोअख्तियार है-कि मिन्जुमले ज़ामिनान नेकचलनी मुल्ज़िम के जो इसबाब के बमूजिब हाज़िर कियेजायँ किसी ज़ामिन को इसवजह से नामंजूरकरे और वजूह नामंज़ूरी को मजिस्ट्रेटक़लमबन्दकरेगा कि वह ज़ामिन नालायक़ है॥

ज़ामिनोंके नामंजूर करनेका अख्तियार,

दफ़ा १२३--अगरकोईशख्स जिसकोदफ़ा १०६-या दफ़ा ११८- के बमूजिब हुक्म वास्ते अदखाल जमानत के दियागयाहो ऐसी जमानत उसतारीखतक या उसके माक़ब्लदाखिल न करे जिसतारीखको वहमीआदशुरूअहो जिसकीबाबत जमानत देनीचाहिये-तो वहशख्स-बजुज़उससूरत के जिसकाज़िक्र आयन्दालियाजायगा जेलखानेमें भेजादियाजायगा-या अगर वह पहिलेही से जेलखाने में हो तोउसवक्ततकजेलखानेमें रक्खाजायगा जबतक मीआदमज़कूर मुनक़ज़ी न हो या उसवक्ततक कि वह जमानत मतलूबा मीआद मज़कूरके अन्दर उस अदालत या मजिस्ट्रेटके हुजूर हाज़िरकरदे जिसने उसकीबाबत हुक्मदियाहो-या उस जेलखानेके ओहदेदार मोहतमिम को लिखदे जिसमें वहशख्स क़ैदहो जिसको जमानतदेनेका हुक्म हुआ हो॥

क़ैदजमानत नदाखि लकरनेकी तक़दीरमें,

जब ऐसे शख्सके नाम साहब मजिस्ट्रेटकी तरफ़से हुक्मवास्ते देने जमानत मीआदी जायद अज़ एक सालके सादिरहुआहो और वहजमानत किस्म मज़कूरै वाला दाखिल न करे तोसाहब मजिस्ट्रेटको लाज़िमहै कि उसके नाम वारंट इस हिदायतकेसाथ जारी करे कि तासिदूरहुक्मअदालतासिशनके या अगर मजिस्ट्रेट मज़कूर प्रेज़ीडेन्सी का मजिस्ट्रेटहो तो तासिदूर हुक्म हाईकोर्टके वहनज़र-

कागजात मुक़द्दमा कब हाईकोर्ट याअदालतसिश नकेरूबरू पेशकियेजायेंगे,

बन्द रक्खाजायँ-कि उसवक्त कागजात मुकद्दमा जिसकदर जल्द मुमकिन हो अदालत मजकूर के रूबरू पेश किये जायँगे ॥

अदालत मजकूरमजाज़है-कि बाद मुलाहिजा कागजातऔर बाद तलब करने किसी हालात या सुबूतमजीद के जो अदालत को जरूरी मालूम हो मुक़द्दमे में ऐसाहुक्म सादिर करे जोउसको मुनासिब मालूमहो ॥

मगर शर्त्त यहहै-कि मीआद (अगर कोई मीआदहो) जिसके लिये कोई शख्स बकुसूर अदमइदखाल ज़मानतके क़ैदकासजावार होताहै ३-तीनवरस से ज़ियादा न होगी ॥

वह क़ैद जो बहालत अदम इदखाल ज़मानत बग़र्ज़ हिफ़्ज अमन के आयदकीजाय क़ैद महज़होगी ॥

क़िस्मक़ैद,

जायजहै-कि वह क़ैद जो बसूरत अदमइदखाल जमानतबबादे नेकचलनीके आयद कीजाय सख्तहो या महज जैसी कि अदालत या मजिस्ट्रेट की हरमुक़द्दमे में हिदायतहो ॥

दफ़ा १२४—जब मजिस्ट्रेट जिला या मजिस्ट्रेट प्रेजीडन्सी की यह रायहो कि कोई शख्स जो बमूजिब हुक्म किसी मजिस्ट्रेट या किसी और मजिस्ट्रेटके जो उससे पहिले उसी ओहदे परथा या हुक्म किसी मजिस्ट्रेट मातहतके इसबाब के मुताबिक़ ज़मानत न दाखिलकरने के क़सूरमें क़ैदकियागयाहो इस बातकेलायक़है किबिलाअन्देशाज़ररखलायक़ या किसी और शख्सके उसको रिहाईदीजाय-तो ऐसा मजिस्ट्रेट मजाज़होगा कि उसके रिहाहोनेकाहुक्मदे ॥

उनलोगोंको रिहाकर देनेका अखितयारजो अदम इदखाल जमानत के बाअस मुकय्यदहों,

जब किसीमजिस्ट्रेट ज़िला या मजिस्ट्रेट प्रेजीडन्सी की यह राय हो-कि कोई शख्स जो इसबाबके मुताबिक़ हस्ब हुक्म अदालत सिशन या हाईकोर्ट बक़सूर अदम इदखाल जमानत क़ैद कियागया है इसलायक़ है कि वह बिलाअन्देशा छोड़ दियाजाय तो ऐसे मजिस्ट्रेट को लाज़िम है-कि फ़ौरन् उस मुक़द्दमेकी रिपोर्ट वास्ते सिदूर हुक्म अदालत सिशन या हाईकोर्टके जैसा मौक़ाहो

लिखभेजे और अदालत मजकूर मजाज होगी कि अगर मुनासिब समझे ऐसे शख्स की रिहाईका हुक्मदे ॥

दफा १२५-साहब मजिस्ट्रेट जिला मजाज़ है- कि किसी वक्त बवजूह काफी जो जब्त तहरीरमें आयेंगी किसी ऐसे मुचल्के को मन्सूख करे जो वास्ते हिफ्जअमन के बमूजिब बाब हाजा हस्ब हुक्म किसी अदालत वाक़ै जिलेके जो उसकी अदालत से बालातर न हो तहरीर कियागया हो ॥

मजिस्ट्रेट जिला का अख्तियार दरबारहमंसूख करने किसी ऐसे मुचलका के जो वास्ते हिफ़ज अमनके हो,

दफा१२६--हरवह शख्स जो किसी और शख्सकी खुशरवी या नेकचलनी का जामिन्हुआहो मजाज़है-कि जिसवक्तचाहे मजिस्ट्रेट प्रेज़ीडन्सी या मजिस्ट्रेट ज़िला या मजिस्ट्रेट हिस्सा जिला या मजिस्ट्रेट दरजा अव्वलसे मुचल्का और जमानतनामा मन्सूखकराने की दरख्वास्तकरे जो हस्ब बाबहाजा अन्दर हुदूद अरजी उसके इलाके के लिखागयाहो ॥

जामिनों की रिहाई,

बरतवक्त गुजरने ऐसी दरख्वास्तके साहब मजिस्ट्रेट अपनासम्मन या वारंट जो कुछ मुनासिब समझे इस हुक्म से जारी करेगा-कि वह शख्स जिसकेलिये जामिन उसकी तरफ से पाबन्द हुआथा उसके रूबरूहाजिरहो या हाजिरकियाजाये ॥

जब ऐसा शख्स मजिस्ट्रेटके रूबरू हाजिरहो या हाजिरकिया जाय-तो मजिस्ट्रेट मज़कूर मुचल्का और जमानत नामेको मन्सूख करेगा-और शख्स मजकूर को यह हुक्मदेगा--कि जमानत जदीद उसी किस्मकी जैसी अस्लजमानत थी मुचल्केकीमीआद गैरमुनक़जिया की बाबत दाखिल करे-ऐसा हरहुक्म वास्ते हुसूल इग़राजदफात १२१ व १२२ व १२३ व १२४ के बमन्जिलै ऐसे हुक्मके समझाजायगा जो बमूजिब दफा १०६ या दफा ११८- (जैसी सूरतहो) सादिरहुआ हो ॥

बाब-९ ॥

मजमाहाय ख़िलाफ़ क़ानून ॥

मजिस्ट्रेटयाअहलकार पुलिसकेहुक्मकेमुताबिक मजमाका मुंतशिरहोना,

दफ़ा १२७–हर मजिस्ट्रेट या अहलकार मोहतमिम पुलिस इस्टेशन मजाज है-कि किसी मजमे खिलाफ़ कानूनको या पांच या जियादह असख़ासकी जमाअतको जिनकी निस्बत एहतमाल हो कि वह अमन खलायकमें खलल डालेंगे मुन्तशिर होजानेका हुक्म दे-उसके मुताबिक जमाअत मज़कूर के तमाम शख्सायको लाजिम होगा कि मुंतशिर होजायँ ॥

यह दफ़ा बलाद कलकत्ता व बम्बईकी पुलिससे मुतअल्लिक़है॥

दीवानी कूवतका इस्तेमालमें लाना मुंतशिर करनेकेलिये,

दफ़ा १२८–अगर ऐसा हुक्म सादिर होने पर ऐसा कोई मजमा मुन्तशिरनहोजाय-या अगर बिलाऐसे हुक्म दियेजाने के मजमा मज़कूर इसतरह काररवाई करे कि जिससे इरादा मुन्तशिर न होनेका जाहिरहो-तो हर मजिस्ट्रेट या अहलकार मोहतमिम इस्टेशन पुलिस आम इससे कि वह बलाद प्रेजीडेंसीके अंदरहो या बाहर मजाज़है-कि जबरन् मजमाको मुन्तशिरकरे-और किसी शख्स जकूरको जो मलका मुअज्जिमाकी अफवाजका अफसर या सिपाही न हो-या ऐसा वालन्टियर न हो जिसकानाम बमूजिबऐक्ट वालन्टियरहिंद मुसद्दिरे सन् १८६९ई०के दर्जहुआ हो और उसी हैसियत से अमल करताहो मजमाके मुन्तशिर कराने के लिये उसकीमदद करनेकी हिदायतकरे-औरअगर जरूरत हो मजमा मजकूर के शख्सायको मजमाके मुन्तशिरकरने के लिये या कानून के बमूजिब उनको सजा दिलाने के लिये गिरफ्तार और कैदकरे ॥

ऐक्ट२० सन् १८६९ ई०,

कूवत फौजीकाइस्तेमाल में लाना,

दफ़ा १२९–अगर कोई ऐसा मजमा और नेहजपर मुन्तशिर नहोसके- और अगर आम खयालक की हिफाजत के लिये उसका मुन्तशिर करना जरूरहो तो सबसे आला दर्जेका मजिस्ट्रेट जो उसवक्त हाजिर

हो मजाज होगा कि बमदद फौज उसको मुन्तशिर कराये ॥

उस अफ़सरसिपाह का लाज़िमाख़िदमत जिसको मजिस्ट्रेट मजमाकेमुंतशिर करदेनेके लिये कहे,

दफा १३०——जब कोईमजिस्ट्रेट किसीऐसे मजमाकोबमदद फौजमुन्तशिर करनेका इरादा करे तो उसको अख्तियारहै-कि किसी अफ्सर कमीशनयाफ्ता या गैर कमीशनयाफ्ता को जो मलकामुअ्ज्जिमाकी अफवाजके किसी कदर सिपाहियों का कमानियर होया जो किसी ऐसे अशखास वालन्टियरका कमान अफ्सरहो जो ऐक्ट वालन्टियर हिन्द मुसद्दिरै सन् १८६६ ई० के मुताबिक़ भरती हुये हों यह हुक्मदे-कि मजमा को अहाली फौजके जरिये से मुन्ताशिरकरे--और उनअशखास को जो मजमाके शरीक हों और जिनका मजिस्ट्रेट निशानदे या जिनको गिरफ्तार और कैद करना इस वजहसे जरूरहो कि मजमा मुन्तशिर होजाय या कि उनकी सजा मुताबिक कानूनके कीजाय गिरफ्तार और कैदकरे ॥

ऐसा हर कमान अफ्सर ऐसी दरख्वास्तकी तामील जिसतरह मुनासिब समझे करैगा-मगर तामील करनेके वक्त इसकदर कम तशद्दुद अमलमें लायेगा और इन्सानकी जात व मालको इसकदर कम नुक्सानपहुँचायेगा जोबवक्त मुन्ताशिरकरने मजमा और गिरफ्तार और कैदकरने अशखास निशानदादहके मुमकिन पायाजाय ॥

कमीशन याफ़ता फौजी अफ़सरोंका अख्तियारदरबारह मुंतशिर करनेमजमाके,

दफा १३१–जब साफ व सरीह अमन खलायकमें नुकसान पहुँचने का खतरा बबाअस ऐसे मजमा खिलाफ कानून के हो और उसवक्त किसी मजिस्ट्रेट के साथ खत व किताबत करना मुमकिन न हो-तो मलिका मुअज्जिमा की अफवाजके हर अफ्सर कमीशन याफ्तहको अख्तियार हैं कि फौजकी मददसे मजमा मजकूरको मुन्तशिर करे-और मिन्जुम्ला अशखास शरीक मजमाके किसीकदर अशखास को उसके मुन्तशिर करने के लिये या मुताबिक कानूनके उनकी सजा करने के लिये गिरफ्तार और कैद करे-लेकिन जिसवक्त कि वह इस दफ़को

बमूजिब काररवाई करताहो अगर यह मुमकिन हो कि मजिस्ट्रेटसे इस्तिसलाह करसके-तो लाज़िमहै कि वह ऐसाकरे-और उसके बाद हिदायात मजिस्ट्रेट की दरबारे इस अम्रके कि आया उसको ऐसी काररवाई जारी रखनी चाहिये या नहीं-तामीलकरेगा ॥

मुमानिअत इजराअ नालिश बइल्लत उन अफ़आलके जोहस्बबा बहाना वक़ूअमेंआयें,

दफ़ा १३२-किसी मजिस्ट्रेट या किसी अफ्सर फ़ौज या अहलकार पुलिस या सिपाही या वालन्टियर पर किसी फ़ेलकी बाबत जिसका इसबाबके मुताबिक वक़ूअमें आना जाहिर किया जाय कोई नालिश किसी अदालत फ़ौजदारी में रुजूअ न कीजायगी-इल्लाबमंजूरी जनाब नव्वाब गवर्नर जनरलबहादुर बइजलास कौंसल-और—

(अलिफ़)-कोई मजिस्ट्रेट या अहल्कार पुलिस जो नेकनीयती से इसबाबके मुताबिक़ अमल करे—

(बे)-कोई अफ्सर जो नेकनीयती से दफ़ा १३१-के मुताबिक कारबन्दहो-

(जीम)-कोई शख्स जो बइतबअ किसी हुक्म मुतअल्लिक़ै दफ़ा १२८-या १३०-के कोई फ़ेल नेकनीयती से करे-और

(दाल)-कोई अफ्सर अदना या सिपाही या वालन्टियर जो बतबअय्यत किसी हुक्मके जिसका बजालाना क़ानून फ़ौजकी रूसे उसपर वाजिब है कोई फ़ेलकरे-

ऐसा फ़ेलकरने से जुर्मका मुर्तकिब न समझाजायगा ॥

बाब-१० ×॥

उमूर वाअ़स तकलीफ़ खलायक़ ॥

हुक्मबिलशर्त वास्ते दफ़ा करने उमूरवाअ़स तकलीफ़ के,

दफ़ा १३३-जब कोई मजिस्ट्रेट ज़िला या मजिस्ट्रेट हिस्सा ज़िला या कोई मजिस्ट्रेट दर्जैअव्वल दरहालें कि लोकल गवर्नमेरट से उसको इसबाब में अख्तियार दिया गया हो इन्दुलहुसूल किसी

× बाब १०-शह्र मदरास में-मदरास के ऐक्ट ७ -सन्१८८४ ई० कीदफा२६-को रूसे बसअ़त पिज़ीर किया गयाहै,

रिपोर्ट या और तरहकी इत्तिलाअ के और बादलेने उसक़दर सुबू-
तके (अगरकुछहो) जो मुनासिब मालूम हो यह तसव्वरकरे-
कि किसी रास्ता या दरिया या नालीसे जिसे अवाम बतौर
जायज इस्तैमाल में ला सक्ते हों या किसी मुक़ाम आमसे कोई
सद्दनाजायज या बाअ्स तकलीफ खलायकदूरहोजानीचाहिये-या
किसी दूकान्दारी या पेशेका या रखना किसी माल या माल
तिजारती का जो खलायक की तन्दुरुस्ती या आसायश जिस्मा-
नीका मुजिरहो मौकूफ कियाजाना या दूसरी जगह उठादिया
जाना या ममनूअ करार दियाजाना अनसबहै—या
तामीर किसी इमारतकी यासर्फ किसी चीजका जिससे एहत-
माल आग लगने या भकसे उड़जाने का पैदाहो लायक रोकदेने
या बन्द करदेनेके है —या
कोई इमारत ऐसी हालतमें है कि ग़ालिबन् गिरपड़ेगी जिससे
उनलोगों को जो उसके पास रहते या कारोबारकरते या उस के
पास होकर गुज़रते हैं नुक्सान आयेगा और इसी सबबसे उसका
दूर कियाजाना यामरम्मत करना या पुश्ता बनाना जरूर है —या
किसी तालाब या चाह या खन्दक़केगिर्द जो किसी ऐसे रास्ते
या मुक़ाम आमके मुत्तसिलहो ऐसा जँगला क़ायम करनाचाहिये
कि उससे जोखतरा अवामको पैदाहोताहै वह मसदूद होजाय—
तोमाजिस्ट्रेट मौसूफ मजाज होगा--कि जो शख्स ऐसी स-
द्दराह या अम्रमूजिब तकलीफ खलायक का बाअ्स हो याऐसी
दूकान्दारी या पेशा करताहो या कोई माल या माल तिजारती
रखताहो या ऐसी इमारत या चीज़ या तालाब या चाह या खन्द-
क़का मालिक या क़ाबिज़ हो या उसपर अख्तियार रखता हो
उसके नाम हुक्मशर्तिया इस हिदायतसे सादिर करे कि वहमी-
आद मुअय्यना हुक्म के अन्दर——
ऐसी सद्दराह या अम्रमूजिब तकलीफ खलायक़ को दूरकरे-या
ऐसीदूकान्दारी या पेशे को मौक़ूफकरै या उठादे —या
अशियाय मज़कूर या मालतिजारती को उठवादे—या

ऐसी इमारतकी तामीर मसदूद या बन्द करदे—या

उसको दूरकरदे या उसकी मरम्मतकरादे या उस मेंआड़ लगा दे या उसचीज़ के सर्फ करनेका तरीकाबदलदे —या

तालाब या चाह या खन्दक़ के गिर्द जैसी सूरत हो जँगला लगादे—या

उसी मजिस्ट्रेट या किसी और मजिस्ट्रेट दर्जै अव्वल या दर्जै दोम के रूबरू वक्त और मुक़ाम मुन्दर्जै हुक्म पर हाज़िर होकर दरख्वास्त वास्ते मन्सूखी या तरमीम हुक्म मज़कूरके हस्बतरीकै मुन्दर्जे आयन्दा दाखिलकरे ॥

किसी हुक्मकी निस्बत जो इसदफाके बमूजिब किसी मजिस्ट्रेटके हुजूरसे हस्बज़ाबिता जारी हुआ हो किसी अदालत दीवानी में एतराज न किया जायगा ॥

तशरीह—मुक़ामआममें वह जायदाद जो सर्कारी हो और पड़ावकी जगह और वह जमीन जोकि तन्दुरुस्ती और तफ़रीहकी अग़राज के लिये खाली छोड़दी गई हो दाखिल है ॥

दफा १३४——हुक्ममज़कूर जहांतक मुमकिनहोउसीशख्स पर जिसके नाम वह सादिर हुआहो उसी तरीके के बमूजिब जारी किया जायगा जो वास्ते इजराय सम्मन के इस मजमूये में मुक़र्रर हुआहै ॥

हुक्मकाजारी या मुश्तहर करना,

अगर वहहुक्म इसतौर से जारी न होसके तो उसकी बाबत इश्तिहार मुश्तहर कियाजायेगा—और वह इश्तिहार उसतरह पर मुश्तहर होगा--जिसतरह लोकलगवर्नमेंट अज़रूय क़ायदा हिदायत करे—और उसकी एक नकल ऐसे मुकाम या मुकामातपर आवेज़ां की जायगी जो शख्स मज़कूर की इत्तिलाअ रसानीके लिये जियादा मुनासिब मालूम हों ॥

दफा १३५-- उस शख्स को जिसके नामऐसा हुक्म सादिर हो लाज़िम है कि——

उसशख्सको उस हुक्म को तामील करना चाहिये जो उसकेनाम सादिरहो,

(अलिफ)-जिस फेलके करनेकी हिदायत हुक्ममें हो मीआद मुक़र्ररह हुक्म के अन्दर उसकी तामील करे—या

(बे)-हुक्मके बमूजिब हाजिर होकर या तो वजह नाजवाजी हुक्मकीजाहिरकरे-या उसमजिस्ट्रेटसे जिसनेहुक्म सादिर कियाहो इसअम्रकीदरख्वास्त करे कि अहाली जूरी वास्ते तजवीज इसअम्रके मुकर्रर कियेजायँ-कि हुक्म मजकूर माकूल और मुनासिब है या क्या॥

या वह वजह दिखाये या जूरीकी इस्तदुआ करे,

दफा १३६—अगर शख्स मजकूर ऐसे फेलकी तामील न करे-या असालतन् हाजिर न हो-और न दरख्वास्त वास्ते तकर्रुर अहाली जूरी हस्ब हिदायत दफा १३५-के गुजराने--तो वह उस तावान का मुस्तौजिब होगा जो मजमूये ताजीरातहिन्द की दफा १८८-मेंमुकर्रर हुआ है-और वह हुक्म नातिक करदियाजायगा॥

अदम तामीलहुक्म मजकूर का नतीजा,

ऐक्ट४५सन्१८६०ई०,

दफा १३७—अगर शख्स मजकूर हाजिर होकर वजह नाजवाजी हुक्मकी जाहिर करे तो मजिस्ट्रेटको मुनासिब है कि उस मुकद्दमे में सुबूत ले॥

जाबिताजब वह हाजिर होकर वजह जाहिर करे,

अगर मजिस्ट्रेट को इतमीनान होजाय कि वहहुक्म माकूल और मुनासिब नहीं है—तो मुकद्दमे में कुछ और काररवाई मजीद न होगी॥

अगर मजिस्ट्रेटको हस्बबयान मुतजक्किरै सदर इतमीनान न हो-तो वह हुक्म नातिक कियाजायगा॥

दफा १३८—इन्दुलहुसूल दरख्वास्त वास्ते तकर्रुरअहालीजूरी हस्बमुराद दफा १३५—के मजिस्ट्रेटको लाजिम है कि —

जाबिता जबवह जूरीके लिये इस्तदुआकरे,

(अलिफ)—उसीवक्त अहालीजूरी मुकर्ररकरे जिनमें अशखास की तादाद ताक और कमसेकम पांच हो-मिन्जुमला उनके जूरी कासरगरोह और शरकाय बाकी मुन्दाके निस्फ अशखास मजिस्ट्रेट की तरफ से नामजद कियेजायँगे-और बाकी शरकाय सायलकी तरफसे नामजदहोंगे॥

(वे)- ऐसे सरगरोह और शरकायजूरीको वास्ते हाजिर होनेके उस मुकामपर और उसवक्त में जो मजिस्ट्रेट मुनासिब समझे तलब करे ॥
(जीम)- एक अरसा मुकर्ररकरे जिसके अंदर अहलजूरी को अपनी रायदेनी जरूर है ॥.

दफा १३८-अगर अहालीजूरी या अहालीजूरी के गालिबुल्-
जाविता जबकि जूरीआरा के नजदीक हुक्म साहब मजिस्ट्रेटका
मजिस्ट्रेट के हुक्मको जैसा कि असलमें हुआथा या बाद उसक़दर
माकूल समझे, तरमीम के जिसको मजिस्ट्रेट कुबूल करे माकूल और मुंसिफाना करारपाये तो मजिस्ट्रेट मजकूर उस हुक्म को वतबअय्यत उसतरमीमके(अगर कुछ हुईहो)नातिककरदेगा॥

और सूरतों में कोई और कारवाई मजीद न होगी ॥

दफा १४०-जब कोईहुक्म बमूजिबदफा १३६-यादफा १३७-
जविता जबकि हुक्मया दफा १३९- के नातिक करदिया जाय-तो
नातिक करदियाजाय, मजिस्ट्रेट को लाजिम है कि उसके नातिक होनेकीइत्तिलाअ उसशख्सके पासभेजे जिसकेनाम हुक्म सादिर हुआथा और नीज उसको हिदायतकरे कि वह उस अम्रकीतामील अन्दर मीआद मुकर्ररह इत्तिलाअनामे के करे जिसकी बाबत उसके नाम हुक्म हुआ है-और उसकोमुत्तिलअकरदे कि उदूलहुक्मीकी सूरत में वह उस तावान का मुस्तौजिब होगा जो मज-
ऐक्ट४५सन्१८६०ई०,मूये ताजीरातहिंद की दफा १८८-में मुकर्ररहै ॥

अगर अम्रमजकूर मीआद मुकर्ररह के अन्दर न कियाजाय-
उदूलहुक्मीकेनतायज,तो मजिस्ट्रेट को अख्तियार है कि उसकी तामील कराये-और उसकी तामील करानेकाखर्च बजरिये नीलाम किसी इमारत या अशियाय या दीगर जायदादके जो उसके हुक्म से उठादीजाय या बजरिये कुर्की व नीलाम किसी और जायदाद मन्कूला ममलूका शख्स मजकूरके जो उस मजिस्ट्रेटके इलाकेकी हुदूद अर्जीके अन्दर या उससे बाहरहो वसूलकरे-अगर वह दीगर जायदाद मन्कूला हुदूद मजकूरके बाहरहो-तो उसहुक्म

की रूसे कुर्की और नीलाम करना उस वक्त जायज़होगा जब कि उसपर उसमजिस्ट्रेटके दस्तखत सब्तहोजायँ जिसके इलाके की हुदूद अर्जीके अन्दर जायदाद कुर्की तलब पाईजाय ॥

कोई नालिश बाबत किसी अमल के जो इसदफाके बमूजिब बतौरनेकनीयती कियागयाहो जायज न होगी ॥

दफा १४१—अगर सायल बवजह गफलत या और किसी वजहसे अहाली जूरी के तकर्रुर का माने हो-या अगर किसी वजहसे अहाली जूरी बाद मुकर्रर होनेके उस मीआदके अंदर जो मुकर्रर हुई हो या उस मीआद मजीदके अन्दर जो साहब मजिस्ट्रेट अपने इम्तियाज से अताकरे अपनी राय न ज़ाहिरकरें—तो मजिस्ट्रेट को अख्तियार होगा कि जोहुक्म मुनासिब समझे सादिर करे-और तामील उसहुक्मकी हस्बुलहुक्म दफा १४०-कीजायगी ॥

जाबिता जबकि जूरी न मुकर्रर कीजाय या जूरी अपनीराय जाहिर न करे,

दफा १४२--अगर कोई मजिस्ट्रेट जो दफा १३३-के मुताबिक हुक्म सादिरकरे यह तसव्वर करे कि अवामको खतरा या नुक्सान अजीमसे महफूज रखने के लिये फौरन् तदबीरात मुनासिब अमल में लानी चाहियें-तो उसको अख्तियार है कि आम इससे कि अहलजूरी मुकर्ररहुये हों या होनेवाले हों या नहीं--हुक्म इम्तनाई उस किस्म का जो वास्ते रोकने या मसदूद करने ऐसे खतरे या नुकसान के ज़रूरहो उस शख्स पर जारीकरे जिसके नाम असली हुक्म सादिरहुआथा ॥

हुक्मइम्तनाईताजमान तहकीकात,

अगर शख्स मजकूर उसीवक्त हुक्म इम्तनाई की तामील न करे-तोमजिस्ट्रेट मजकूरमजाज़है कि खुद या औरोंके जरियेसेऐसी तदबीरात अमलमें लाये-जो उसकी दानिस्तमें वास्ते रोकने ऐसे खतरे और मसदूदी ऐसे नुक़सानके उसको मुनासिब मालूमहों ॥

किसी फेल माकूलकी बाबत जो नेकनीयती से इस दफाके मुताबिक मजिस्ट्रेट से जुहूरमें आये कोई नालिश पिजीराईके लायक न होगी ॥

दफ़ा १४३----मजिस्ट्रेट जिला या मजिस्ट्रेट हिस्साजिला या कोई औरमजिस्ट्रेट जिसको लोकल गवर्नमेण्ट या मजिस्ट्रेट जिलेकी तरफसे इस बाबमें अख्तियार अताहुआहो मजाजहै कि हरशख्सको किसीअम्र बाअसतकलीफआम के जिसकी तारीफ मजमूये ताजीरातहिंद या किसी कानून मुख्तसुल्अम्र या मुख्तसुल्मुकाम में हुईहै मुकर्रर करने या करते रहनेसे मनाकरे ॥

मजिस्ट्रेटउमूरबाअस तकलीफ आमके मुकर्ररकरने या करते रहनेसे मना करसक्ताहै,

ऐक्ट४५सन्१८६०ई०

बाब–११+॥

अहकाम चंदरोज़ाक्मुकद्दमात जरूरी उमूर बाअसतकलीफ खलायक,

दफ़ा १४४---उन मुकद्दमात में जिनमें बदानिस्त मजिस्ट्रेट जिला या किसी मजिस्ट्रेट हिस्सा जिला या किसी और मजिस्ट्रेट के जिसको इस दफ़ाके बमूजिब अमल करनेका अख्तियार खासलोकलगवर्नमेण्ट या मजिस्ट्रेट जिले से मिलाहो- फ़ौरन् इन्सदाद या जल्द तदबीर करनी मुनासिब हो ॥

जरूरी मुकद्दमात उमूर बाअस तकलीफ खलायक में यकसर हुक्मनातिक़सादिर करने का अख्तियार,

तो ऐसा मजिस्ट्रेट मजाज़ होगा-कि बज़रिये हुक्म तहरीरी जिसमें मुकद्दमे के हालातअहम क़लमबन्दहोंगे और जो हस्बअहकाम दफ़ा १३४-जारी कियाजायेगा किसी शख्स को हिदायत करे-कि वह किसी फेल से बाज़ रहे या किसी खास जायदाद की निस्बत जो उसके क़ब्ज़े या एहतमाम में हो किसी खास तौर पर बंदोबस्तकरे-बशर्तें कि मजिस्ट्रेट मजकूर के नजदीक

+बाब ११---शहर मदरास में मदरासके ऐक्ट ७-सन् १८८४ई० की दफ़ा२६-की रूसेवसअत पिज़ीर किया गयाहै,

ऐसीहिदायत गालिबन् बाअस इन्सदाद या मंजिर व इन्सदाद किसी मजाहिमत या तकलीफ या नुक़्सान की बमुक़ाबिले उन अशखासके जो किसी खिदमतजायज में मसरूफहों या ऐसेखतरे की जो इन्सानकी जान या सलामती या तन्दुरुस्तीपर मवस्सरहो या बलवा या हंगामेकी होगी ॥

जायज़है कि हुक्म मुतअल्लिक़े दफाहाजा उनसूरतों में जब अशद जरूरतहो या उनहालातमें जब कि इत्तिलानामा उसशख्स पर मोहलत मुनासिबके साथ जारीकरना मुमकिन न हो जिसके नाम हुक्म सादिरकियाजाय यकतरफा सादिरकियाजाय ॥

जायजहै कि वहहुक्म जो इसदफ़ाके बमूजिब सादिरहो किसी शख्स खासके नाम या उमूमन खलायकके नाम जब वह किसी खास मुकाममें जमाहोते या उसकी सैरकरतेहों लिखाजाय ॥

हरमजिस्ट्रेटको अख्तियारहै कि किसीहुक्मको जो खुद उसीने या उसके मातहतके किसी मजिस्ट्रेट ने या जो हाकिम उससे पहले उस ओहदेपरथा उसनेहस्ब दफा हाजा सादिर कियाहो मन्सूख या तब्दीलकरे ॥

कोई हुक्म हस्ब दफाहाजा अपने सदूरकी तारीख से जायद अज दोमाह नाफिज न रहेगा बजुज उसके कि लोकलगवर्नमेण्ट जान इंसान या तंदुरुस्ती या अमनको खतराहोने या बलवे या हंगामा के एहतमालहोने की सूरतों में बजरिये इश्तिहार मुन्दर्जैगजट सर्कारी और नेहजपर हिदायतकरे ॥

बाब–१२ ॥

नज़ाआतबाबतजायदाद गैरमन्कूला ॥

जाबिताजबकिनजाअ मुतअल्लिकअराजी वगैरह से अमनमें फितूरपड़ने का एहतमालहो,

दफा १४५–जब किसी मजिस्ट्रेट जिला या मजिस्ट्रेट हिस्सा जिला या मजिस्ट्रेट दर्जे अव्वलको बहुसूल किसीरिपोर्टपुलिस या और किस्मकीइत्तिला के इतमीनानहोजाय कि उसके इलाकेकी हुदूद अर्जीके अंदर किसी जायदाद गैरमन्कूला लायक तसर्रुफ या उसकी हुदूदकी बाबत ऐसी निजाअरपा

है कि उससे अमनखलायकमें फितूरपड़ने का एहतमालहै-तो उसको लाजिमहै कि हुक्म तहरीरी मशअर इन्दराज वजूह अपने इतमीनान मुतजक्किरै सदरके कलम्बन्दकरे-और उसमें फरीकैन मुनाजिअतको हुक्मदे कि वह असालतन् या वकालतन् एक मीआदके अंदर जो मजिस्ट्रेटकी तजवीजसे मुकर्ररहोगी उसकी अदालतमें हाजिरहोकर अपने २ दावेकी बाबत खसूस निस्बत शैमुतनाजै के कब्जे असली और हकीकी के अपने २ बयानात तहरीरी दाखिलकरें ॥

तहक़ीक़ात दरखसूस कबज़ाके,

तब मजिस्ट्रेट को लाजिम है--कि बिला करने लिहाज ऊपर रूयदाद दुआबी फरीकैन निस्बत इस्तहकाक कब्जादारी शैमुतनाजाके उनके बयानात मदखलै को मुलाहिजाकरे--और फरीकैनका बयान समाअतकरे--और जो शहादत फरीकैनने पेशकीहो उसको ले-और शहादत मजकूरकी तासीरपर गौरकरे-और उसकदर शहादतमजीद जो उसकी निस्बत जरूरीहो ले-और अगर मुमकिनहो यह अम्र फैसल करदे कि फरीकैन में से कोई शख्स और कौन शख्स शैमुतनाजा पर किस्म मज़कूर का कब्जा रखताहै ॥

जिसका कब्जाहैवहका बिजरहेगा जबतककि का नूनन् उसको बेदखल न कियाजाय,

अगर मजिस्ट्रेट यह तज़वीज करे कि फरीकैनमें से एक फरीक शैमुतनाजा पर किस्म मजकूरका कब्जा रखताहै तो उसको लाजिमहै कि अपने हुक्म के जरियेसे यह बात जाहिर करदे कि फरीक मजकूर उसवक्त तक कब्जा रखनेका मुस्तहकहै जबतक कि वह हस्बजाबितै कानून बेदखल न कियाजाय--और यह कि कोईशख्स उसकी कब्जेदारी में जबतक कि वह बेदखल न कियाजाय किसीतरहकी दस्तन्दाजी न करे ॥

कोई इबारत इसदफाकी माने इसअम्रकी न होगी कि कोई शख्स जिसको हाजिरहोनेका हुक्महो यह साबितकरे कि उसको किसीके साथ हस्बबयान मुतज़क्किरै बाला निजाअ नहींहै और नथी-और

इससूरतमें मजिस्ट्रेटको लाजिमहोगा कि अपनाहुक्म मन्सूख करके तमाम कारवाई मजीद मुल्तवीरक्खे ॥

शैमुतनाजाके कुर्क करनेका अख्तियार,

दफा १४६-अगर मजिस्ट्रेटकी यहरायहो कि फरीकैनमेंसे कोई किस्म मजकूरका उसवक्त कब्जा नहींरखताहै या उसको इतमीनान हासिल न होसके कि कौनफरीक शैमुतनाजापर किस्ममजकूरका उसवक्त क़ब्जारखता है तो उसको अख्तियार है कि शै मज़कूरको उसवक्ततक कुर्क रक्खे जबतक कि कोई अदालतदीवानी मजाज समाअत मुक़द्दमे फ़रीक़ैनकेहुक़ूक वाक़े शैमजकूरको तै न करे -या यह तजवीज न करे कि कौनशख्स उसके कब्जेका मुस्तहक़है ॥

तनाजआतमुतअल्लिक हक़आसायशवगैरःहक़के,

दफा १४७-जब किसी मजिस्ट्रेट को हस्ब मुतजक्किरे सदर इस बातका इतमीनान हो कि उसके इलाकेकी हुदूद अरजीकेअंदर किसीअसलीजायदाद गैरमन्कूला क़ाबिल तसर्रुफ़ की निस्बत किसी फेल के करने या मतरूक रखनेकी बाबत ऐसी निजाबरपाहै कि उससे अमन खलायक़ में फ़ितूर पड़नेका एहतमालहै--तो मजिस्ट्रेट मज़कूरको अख्तियार है कि इस अम्रकी तहक़ीक़ातकरे और अगर उसके नज़दीक ऐसे हक़का वजूदपायाजाय तो अपने हुक्मके ज़रियेसे फ़ेल मुतनाज़अके अमलमें आनेकी इजाज़तदे या हिदायतकरे कि फेल मज़कूर अमल में न आनेपाये जैसा मौक़ाहो तावक्तेकि वह शख्स जो उसफ़ेलके होनेपर एतराज रखताहो या वह शख्स जो फेल अमल में लानेका दावा रखताहो किसी अदालत दीवानी मजाजका फैसला हासिलकरे जिसमें उसका इस्तहक़ाक़ दरबाब मतरूक रखने या अमलमेंलाने ऐसे फ़ेलके जैसा मौक़ाहो उसके हक़में तजवीज़ कियागयाहो ॥

मगर शर्त्तयहहै-कि कोई हुक्म इस दफ़ाके बमूजिब मशअर अताय इजाज़त अमलमें लाने किसीफ़ेलके जब ऐसा फ़ेल करनेका इस्तहक़ाक़हो हरवक्त सालमें निफ़ाज़ पासक्ताहै सादिर न होगा इल्ला उससूरतमें कि निफ़ाज़ उस हक़का क़ब्ल रुजूअ

होने तहक़ीक़ातके ३-तीन महीने माकब्लके अन्दर बतौर मामूल नाफ़िज किया गयाहो-या अगर वह इस्तहकाक सिर्फ खास२ मौसमों में काबिल निफ़ाज हो तो बजुज़ उस सूरतके कि वह इस्तहक़ाक़ उस मौसममें नाफिज हुआहो जो ऐसी तहकीकात के शुरूअ होने से ऐन माकब्ल हो ॥

तहक़ीक़ातमुकामी, दफा १४८–जब कभी इसाबब की अगराजके लिये तहकीकात मौका करना जरूरहो तो मजिस्ट्रेटजिला या मजिस्ट्रेट हिस्सा जिलाको अख्तियारहै कि अपने किसी मजिस्ट्रेट मातहत को तहकीकातके लिये मुतअय्यन करे और उसके पास ऐसीहिदायात तहरीरी मुरसिलकरे जो मुताबिक कानून नाफ़िजुलवक्तकेहों और उसकीरहनुमाई के लिये जरूर मालूम हों--और यह अम्रजाहिरकरदे कि कुल या जुज्वमसारिफ जरूरी तहकीकात मजकूरका किसके जिम्मेरहेगा ॥

रिपोर्ट उस शख्स की जो इस तौर पर तैनात किया जाय मुकद्दमेमें बतौर सुबूतके पढ़नी जायज है ॥

हुक्म दरखसूसखर्चाके, जब किसी कारवाई मुतअल्लिकै बाबहाजामें किसी फरीकका कुछ रुपया वास्ते मेहनताना गवाहों या वकीलों या दोनों अम्रके खर्च हुआहो तो वह मजिस्ट्रेट जो दफा १४५-या १४६-या १४७-के मुताबिक मुकद्दमा फैसल करे यह हिदायत करसक्ताहै कि ऐसा खर्चाआया उसीफरीक के सिर या मुकद्दमेके किसी और फरीक के जिम्मे रहेगा-और आया उसको कुल या जुज्व या बहिसाबरसदी देना पड़ेगा-और जायजहै कि तमाम खर्चा जिसके दिलाने की हिदायत कीजाय मिस्लजर जुर्माने के वसूल कियाजाय ॥

बाब–१३ ॥

पुलिसका अमल इंसदादी ॥

पुलिसका अख्तियार दाद, दफा१४९---हर अहलकार पुलिस मजाज़है--कि वास्ते इन्सदाद इर्तिकाब किसी जुर्म काबिल मदाखिलत

दरबारह इंसदाद जरायम क़ाबिल दस्तन्दाज़ीके, पुलिस के दस्तन्दाज़ीकरे औरउसकोलाज़िम है किताहद्दमक़दूर अपने उसका इन्सदादकरे॥

दफ़ा १५०--अगर किसीअफसर पुलिसको इत्तिलाअपहुंचे कि वैसे जुर्मोंके इर्त्तिका बकी नियतकी इत्तिलाअ, कोई शख्स जुर्मक़ाबिल मदाखिलतपुलिसके इर्त्तिकाबकीनियतरखताहै-तोउसको लाज़िम है--कि उसकीइत्तिलाअ उसओहदेदार पुलिसकेपासपहुंचाये जिसका वह मातहतहो-और भी किसीओहदेदारकेपास जिसकायह कामहो कि ऐसेजुर्मके इर्त्तिकाबकाइंसदाद याउसमेंदस्तन्दाजीकरे॥

दफ़ा १५१---जिस अहल्कार पुलिसको यह इल्महो-कि कोई वैसेजुर्मों के इन्सदाद के लिये गिरफ्तारी, शख्स किसी जुर्म क़ाबिल दस्तन्दाजी पुलिस के इर्त्तिकाबका क़स्द कररहाहै-उसको अख्तियार है -कि बिला सुदूर हुक्म मजिस्ट्रेट और बिलावारंट के उस शख्सको गिरफ्तारकरे जिसका ऐसा मक़सूदहो बशर्तेकिअहल्कार मजकूरकी दानिस्तमें उस जुर्मके इर्त्तिकाबका इन्सदाद और तरह पर न होसक्ताहो॥

दफ़ा १५२--अहल्कार पुलिस मजाजहै--कि उस नुक़सान के सर्कारी जायदादके नुक़सानपहुंचानेकाइंसदाद, इन्सदादकेलिये जो कोई शख्सउसके मवाजह में किसी सर्कारी जायदाद मन्कूला या ग़ैरमन्कूला को पहुंचाने का इक़दामकरे या किसी सरकारी निशान वाकेजमीन या पानीपर तैरनेवाले निशान या जहाजरानी के और निशानके दूर करने या नुक़सान पहुंचाने के इन्सदादके लिये खुद अपने अख्तियार से दस्तन्दाजहो॥

दफ़ा १५३--हर अहल्कार मोहतमिम इस्टेशन पुलिस मजाज बांटों और पैमानोंकामुआइना, है कि बिला वारंट इस्टेशन मजकूरकी हुदूद के अन्दर किसी मुकाम में वास्ते मुआयना या तलाश करने बांटों या पैमानों या दीगर आलात वजनकशीके जो उसमें मुस्तअमिल होते या रक्खेरहतेहों उससूरतमें दखल करे जब उसको बवजूह जन्नगालिबहो कि ऐसे मुकामपर ऐसे बांट या पैमाने या आलात वजनकशी रक्खे हैं जो झूठे हैं॥

अगर उसको ऐसे मुकाममें ऐसे बांट या पैमाने या आलात वजनकशी दस्तयाबहों जो झूठे हैं तो उसको अख्तियारहै कि उनको अपने कब्जेमें करले--और लाजिमहै कि फौरन् कब्जाकर लेनेकी इत्तिलाअ उस मजिस्ट्रेट को दे जिसको अख्तियार समाअत हासिल हो ॥

हिस्सा पंजुम ॥

पुलिस को इत्तिलाअ पहुंचाने और पुलिस के अख्तियाराततफ्तीशका बयान ॥

बाब-१४ ॥

मुकद्दमात काबिल दस्तंदाजी के मुतअल्लिक इत्तिलाअ,

दफा १५४--हरएक इत्तिलाअ मुतअल्लिके इर्तिकाब जुर्म काबिल दस्तन्दाजी अगर जबानीकिसी अफसर मोहतमिम इस्टेशन पुलिशके पास पहुँचे अफसर मजकूरके कलम से या उसके जेर हिदायत जब्त तहरीरमें आयगी --और वह तहरीर इत्तिलाअ दिहन्दा के रूबरू पढ़ी और सुनाई जायगी-और हर ऐसी इत्तिला-अपर आम इससे कि वह तहरीरीहो या हस्ब बयान मुतजक्किरैबाला जब्ततहरीरमें लाईगईहो शख्स इत्तिलाअदिहन्दाके दस्तखत किये जायँगे-और खुलासाइत्तिलाअकाएकऐसी किताबमेंदर्जकियाजा-येगा जो उसी अफसरकी मारफत मुताबिक उसनमूने के मुरत्तिब की जायगी जो लोकलगवर्नमेण्ट उसगरजसे मुकर्ररकरे ॥

मुकद्दमात गैर काबिल दस्तंदाजी के मुतअल्लिक इत्तिलाअ,

दफा १५५--जब किसी अफसर मोहतमिम इस्टेशन पुलिस के पास इस मजमून की इत्तिलाअ दीजाय कि इस्टेशन मजकूरकी हुदूदके अन्दर कोई जुर्म गैरकाबिल दस्तन्दाजी पुलिस सरजद हुआ है-तो उसको चाहिये कि एककिताब में जो हस्बबयान मुत-जक्किरैबाला उसगरजके लिये रक्खी जायगी खुलासा उस इत्तिलाअ का दर्जकरे-और इत्तिलाअ दिहन्दा को मजिस्ट्रेट के हुजूर नालिश करनेकी हिदायत करे ॥

कोई अहल्कार पुलिस मजाज़नहीं है कि बिलाहुक्म मजिस्ट्रेट

मुक़द्दमात ग़ैरक़ाबिल दस्तन्दाज़ीकी तफ्तीश, दर्जै अव्वल या दर्जै दोम के जो ऐसे मुक़द्दमे की तजवीज़ या तजवीज़ के लिये सिपुर्द करनेका अख्तियार रखताहो या बिलाहुक्म मजिस्ट्रेट प्रेज़ीडन्सी किसी मुक़द्दमे ग़ैर क़ाबिल दस्तन्दाज़ी पुलिस में तफ्तीशकरे॥

जब किसी अहल्कार पुलिस के नाम ऐसाहुक्म पहुंचे तो वह मजाज़है कि निस्बत मरातिब तफ्तीशके (बइस्तस्नाय अख्तियार गिरफ्तारी बिलावारंट) वही अख्तियारात अमलमें लाये जो कोई अफ्सर मोहतमिम इस्टेशनपुलिस क़िसी मुक़द्दमे काबिल दस्तन्दाज़ी पुलिसमें अमलमें लासक्ताहै॥

दफ़ा १५६--हर अफ्सर मोहतमिम इस्टेशनपुलिस मजाज़है--

मुक़द्दमात क़ाबिल दस्तन्दाजीकी तफ्तीश, कि बिलाहुक्म मजिस्ट्रेटके किसी ऐसेमुक़द्दमे क़ाबिलदस्तन्दाज़ीपुलिसमें तफ्तीशकरे जिसको वहअदालत जो उसइस्टेशनकी हुदूदके अन्दर उसीरक़बेअरज़ीपर अख्तियार समाअत रखती है मुताबिक एहकाम बाब १५--मशअर बयान मुकाम तहक़ीकात व तजवीज के तहक़ीकात या तजवीज़ करने की मजाज होती॥

कोई काररवाई किसी अफ्सर पुलिसकी जो ऐसे मुकद्दमेमेंहुई हो उसकी किसी नौबत पर इस वजह से काबिल एतराजके न होगी कि मुकद्दमा ऐसाथा जिसमें अफ्सर मज़कूर इसदफ़ाके बमूजिबतफ्तीश करनेका मजाज न था॥

दफ़ा १५७--अगर बएतबार किसी इत्तिलाअरसानी के या बतौर दीगर किसी अफ्सर मोहतमिम इस्टेशन पुलिस को इस गुमान की वजह पाई जाय कि ऐसे जुर्म का इर्तिकाबहुआहै जिसके तफ्तीश करने का उसको अख्तियार दफ़ा१५६के बमूजिबहासिलहै-- तो उसको चाहिये कि उसकी रिपोर्ट फौरन् उस मजिस्ट्रेट के पास मुरसिलकरे जो बरतबक़ रिपोर्ट पुलिस जुर्म मज़कूर की समाअतका अख्तियार रखता हो-और उसको लाजिमहै कि बज़ात खुद मौकेपर जाय या अपने किसी अहल्कार मातहत को

नाबिता जबकि जुर्म काबिल दस्तंदाजीका गुमानहो,

मुतअय्यन करे कि वह मुकद्दमे के वाकिआत और हालातकी तफ्तीश करे और तदाबीर जरूरी वास्ते सुराग़रसानी और गिरफ्तारी मुज़रिमके अमल में लाये ॥

मगर शर्त्त यह है कि--

(अलिफ)--जब ऐसे जुर्म के इर्तिकाबकी इत्तिलाअ किसीशख्सके मुकाबिलेमें उसका नामलेकर पहुंचाई जाय और मुकद्दमा किस्म संगीन से न हो तो अफसर मोहतमिम इस्टेशनपुलिसकेलिये जरूर नहीं है कि बजात खुद मौकअपर जाय या किसी अहल्कार मातहतको मौकअ की तफ्तीश करने के लिये मुतअय्यन करे ॥

कबतफ्तीश मौके की जरूरत नहीं,

(बे)--अगर अफसर मोहतमिम इस्टेशन पुलिसको मालूम हो कि तफ्तीश करानेकी कोई वजह काफी नहीं है तो वह मुकद्दमे की तफ्तीश न करेगा ॥

जब अफसर पुलिस मोहतमिम तफ्तीशको कोईवजहकाफी न देखे,

उन सूरतोंमें से जो जिम्नहाय (अलिफ) व (बे) में मजकूर हैं हरएक में अफसर मोहतमिम पुलिसइस्टेशन को लाजिम होगा कि अपनी रिपोर्ट मजकूर में वजूह इस अम्रकी लिखै कि दफ़ाहाजाके फिकरह अव्वलकी हिदायातकी तामील क्यों कुल्लियतन् नहीं करसका ॥

दफा १५८—हर रिपोर्ट जो दफा १५७-के बमूजिब मजिस्ट्रेट के पासभेजीजायअगरलोकलगवर्नमेण्ट ऐसी हिदायत करे उस अफसर आलापुलिस की मारफत मुरसिल होगी जिसको लोकलगवर्नमेण्ट बजरिये अपने हुक्म आम या खासके उस अम्रके लिये मुकर्रर करे ॥

रिपोर्टें तहतदफा१५७-क्योंकर मुर्सिल होंगी,

ऐसा अफसरआला मजाज है—कि अफसर मोहतमिम इस्टेशन पुलिसको जैसीहिदायात मुनासिब समझेकरे-और उसको लाजिमहै—कि हिदायात मजकूर को रिपोर्ट पर कलम्बन्द करके रिपोर्ट को बिला तवक्कुफ़ मजिस्ट्रेट के पास मुरसिल करे ॥

दफा १५९--ऐसे मजिस्ट्रेट को अख्तियारहै कि इन्दुल्हुसूल ऐसी रिपोर्टके अगर मुनासिब समझे फौरन् वास्ते करने तफ्तीस या तहकीकात इब्तिदाई या बगरज औरतरहपर तैकरने मुकद्दमेके हस्ब तरीके मुहकूमा मजमूये हाजाके बजात खुदजाय या किसी मजिस्ट्रेट मातहत अपनेको उसगरज़से मुतअय्यनकरे ॥

तफ्तीश या तहकीकात इब्तिदाई करनेका अख्तियार,

दफा १६०---हरअहल्कार पुलिस जोइसबाबकेमुताबिक तफ्तीशकरताहो मजाज़है--किबज़रिये हुक्मतहरीरी ऐसे हरशख्स को अपने रूबरू तलब करे जो उसके या किसीइस्टेशन मुत्तासिल की हुदूद के अन्दरहो और जो इत्तिलाअरसानीसे या और तौरपर मुक़द्दमे के हालातसे वाकिफ़मालूमहो पस शख्स मज़कूरको लाजिमहोगा कि इन्दुल्तलब हाजिरहो ॥

अहल्कार पुलिसका अख्तियार दरबारहतलबकरनेगवाहोंके,

दफा १६१--हरअहल्कार पुलिस जो इसबाबके मुताबिक तफ्तीशकरताहो मजाज़है कि इज़हार जबानी ऐसे हरशख्सका ले जो मुकद्दमेके वाक़िआत और हालातसे वाक़िफमालूमहो-और हर बयानको जो मुजहिर मज़कूरकरे कलम्बन्द करे ॥

गवाहोंकी जबानबंदी बज़रिये पुलिसके,

ऐसेशख्सको लाज़िमहै-कि सच्चा जवाब जुमलैसवालात मुतअल्लिके ऐसे मुकद्दमेका जोअहल्कार मज़कूरकीतरफ़से पूछे जायँ देबजुज़ उनसवालातके जिनका जवाब रास्तदेनेसे शख्स मज़कूरके किसी जुर्म फौजदारी में माखूजहोने या जुर्माना या ज़ब्ती माल के मुस्तौजिबहोजानेका एहतमालहो ॥

दफ़ा१६२--+कोई बयान अलावा बयान वक्त निज़ाअके जो किसीशख्सने दरअस्नाय तफ्तीश मुतअल्लिके

जोबयानात पुलिस

+दफ़ा १६२—कापहलाफ़िक़राकिसीऐसेबयानसेमुतअल्लिक़नहींहै जोअपरवह्नामें किसीऐसेअफ्सरपुलिसकोरूबरूकियाजायजोमजिस्ट्रेटहै-देखोकानून ७-सन् १८८६ ई०कीजमीमेकीदफ़ा८,

फ़मरके रूबरू क़ियेजायं बाबहाज़ा पुलिस अफ्सरके रूबरू कियाहो उनपरदस्तखत न कियेजा-अगर वह जब्त तहरीरमें आयाहो तो उसपर येंगेऔरनवह बतौरशहा उस शख्सके जिसने बयान मज़कूरकिया द-दत मक़बूलहोंगे, स्तखतसब्तन कियेजायँगे औरनवहशख्समु लजिमकेमुकाबिलेमेंबतौरशहादतके+मुस्तअमिलकियाजायगा+

इसदफ़ाकी किसी इबारतसे ऐक्ट शहादतहिन्द सन् १८७२ई० ऐक्ट १-सन्१८७२ई०,की दफ़ा२७-कीशरायतमेंकुछखललनपहुँचेगा॥

दफ़ा १६३--कोई अहल्कार पुलिस या औरशख्स जोअख्ति-कोईतरगीब नहीं दी जायेगी, यार मजाजनहोगा कि किसी शख्स मुल्जिम को हस्ब मुसर्रह दफ़ा २४-ऐक्ट शहादतहिन्द मुसद्दिरे सन् १८७२ ई०के किसी तरहकी तरग़ीब या धमकीदे या उसके साथ वादाकरे या तरग़ीब या तखवीफ दिलाये या वादा कराये॥

मगर कोई अहल्कारपुलिस या औरशख्स किसीशख्सको बज़-रिये किसीतम्बीहके या औरतौरपर दरअस्नाय किसीतफ्तीशमुत-अल्लिकै बाबहाज़ा ऐसाबयानकरने से मनानकरेगाजो वह अपनी खुशीसे बिलाअजबार जाहिरकरना चाहताहो॥

दफ़ा १६४--हरमजिस्ट्रेट जोअफ्सरपुलिस न हो मजाज़है बयानऔर इक़बालकेक कि किसी ऐसेबयान या इक़बालको कलम्ब-लम्बंदकरनेकाअख्तियार, न्दकरे जोउसके रूबरू अस्नायतफ्तीशमुत्त-ल्लिके बाबहाज़ामें या किसीवक्त माबादमें कब्लशुरूअहोने तहकी कातया तजवीज़के कियागयाहो॥

ऐसे बयानात मिन्जुम्ला उनतरीकोंके जो बादअज़ां शहादत के कलम्बन्दकरनेकेलिये महकूमहैं किसीतरीकासे जोउसकी राय में बनज़रहालात मुकदमा अहसनहो तहरीर कियेजायँगे-औरऐसे इकबालात जुर्म उसी तरह कलम्बन्दहोंगे और उनपर दस्तखत उसीतरहहोंगे जिसतरह दफ़ा ३६४-में हुक्महै-और बाद उसके उस मजिस्ट्रेटके पास मुरसिल कियेजायँगे जिसके रूबरू मुकद्दमे की तहकीकात या तजवीज होनेवालीहो॥

+ + यह अल्फ़ाज़ऐक्ट१०सन्१८८६ई०कीदफ़ा८कीरूसेदफ़ा१६२ मेंमुंदर्जकियेगयेहैं

कोई मजिस्ट्रेट ऐसा इक़बाल जुर्म क़लम्बन्दकरने का मजाज न होगा इल्ला उस सूरत में कि शख्स इक़बाल कुनिन्दासे इस्तिफसार करने पर मजिस्ट्रेटको इसके यक़ीन करनेकी वजहहो कि वह इक़बाल खुशी से कियागया था--और मजिस्ट्रेट मौसूफ़ जब ऐसा इक़बाल लिखे तो उसके जैलमें एकयाददाश्त इस इबारत से लिखदेगा—

मुझको यक़ीन है कि यह इक़बाल जुर्म बिलाजब्र व इकराहके अमल में आया है--यह बयान मेरे रूबरू और मेरी समाअत में किया गया--और उस शख्स के सामने पढ़ागया जिसने उसको अदाकिया था-और उसने उसकी सेहत तसलीमकी-और सही २ हाल उस बयान का है जो उसने किया ॥ (दस्तखत) अ-ब.

मजिस्ट्रेट,

दफ़ा १६५--जब किसी अहल्कार मोहतमिम इस्टेशन पुलिस या किसी ओहदेदार पुलिसकी जो किसीमुकद्दमे की तफ्तीश हाल में मसरूफ़ हो यह रायहो कि किसीजुर्मकी तफ्तीश हालके लिये जिसकी तफ्तीश करनेका वहमजाजहै किसी दस्तावेज या दूसरी शैका हाजिरकिया जाना जरूरहै और इसअम्रके बावर करनेकी वजहहै कि वह शख्स जिसके नाम सम्मन हस्बदफ़ा ९४--जारी कियागया है या जारी कियाजाय ऐसी दस्तावेज को या किसी और शैको जिसकीबाबत हिदायत सम्मन या हुक्ममें दर्जहै पेश न करेगा-या जबयहमालूम नहो कि दस्तावेज या शै मजकूर किसी शख्स के कब्जे में है तो अहल्कार मजकूर मजाज है कि किसी मुक़ाममें जो अन्दर हुदूद उस इस्टेशनके वाकैहो जिसका वह मोहतमिमहै या जिससे उसको तअल्लुक़है उसकी बाबत तलाशकरे या तलाश कराये ॥

ओहदेदार पुलिसका जरियेसे तलाशी लेनी,

ऐसे अफसर इस्टेशन पुलिस या ओहदेदार पुलिसको लाजिम है कि अगर मुमकिन हो बजातखुद तलाशीले ॥

अगर वह बजातखुद तलाशी न ले सक्ता हो और उसवक्त कोई और शख्स जो तलाशी लेनेका मजाज हो हाजिर नहो तो ऐसे

अहल्कार या ओहदेदार पुलिसको अख्तियारहोगा कि किसी अ-हल्कार से जो उसका मातहतहो तलाशी कराये--और उस को चाहिये कि दस्तावेज या दूसरीशै जिसकी तलाशी दरपेशहो और मकान तलाशी तलब की सराहत एक हुक्म तहरीरी में मुन्दर्ज करके अहल्कार मजकूरके हवालेकरे--उस पर अहल्कार मातहत को अख्तियार होगा कि उस मुकाममें उसशैको तलाशकरे॥

अहकाम मजमूये हाजा दरबाब वारंटहाय तलाशी के जहांतक मुमकिन हो उस तलाशीसे भी मुतअल्लिकहोंगे जो इस दफाके मुताबिक कीजाय॥

दफा १६६--अफसर मोहतमिम थाने पुलिसको अख्तियारहै--कि किसी दूसरे थाने पुलिसके अफसरमोहतमिमसे आम इससे कि वह उसी जिलेमेंवाके हो या किसी और जिलेमें किसी मुकामकी तलाशीलेनेकेलिये उससूरतमें दरख्वास्तकरे जिसमें अफसर अव्वलुल्जिक्र अपने थानेकी हुदूदके अन्दर तलाशी करासक्ता हो॥

कब अफसर मुहतमिम थाना पुलिस किसी और शख्स को वारंट तलाशी के सादिरकरनेका हुक्म करसक्ता है,

जब अहल्कार मजकूर से इस नेहजकी दरख्वास्त कीजाय तो उसको लाजिमहै-कि दफा १६५--के बमूजिब अमलकरै-और शैदस्तियाबशुदह को (अगरकोईहो) उस ओहदेदारके पासभेजदे जिसकी दरख्वास्त पर उसने तलाशी की हो॥

दफा १६७--जब कभी यह दरियाफ्त हो कि कोई तफ्तीश मुतअल्लिके बाब हाजा उसअरसे २४-घंटेकेअंदर तकमील नहीं पासक्ती जो दफा ६१-में मुकर्रर हुआहै-और वजूह इसबातके बावरकरनेकीहों कि इल्जाम करारदादह सही है तो अहल्कार मोहतमिम पुलिस इस्टेशन मजिस्ट्रेट करीबतरके पास फौरन् एकनकलतहरीरातमुंदर्जे रोजनामचा (जिसकीबाबत बादअजीं मजमूये हाजा में एहकामदर्ज हैं) मुतअल्लिके मुकद्दमे की इरसाल करेगा-और उसीवक्त मुजरिमको भी मजिस्ट्रेट मजकूरके पास चालानकरेगा॥

जाबिता जबकि तफ्तीश २४ घंटेके अंदरखतम न होसके,

मजिस्ट्रेटजिसकेपास शख्स मुल्ज़िम हस्वदफाहाजाभेजाजाय मजाजहोगा आम इससे कि उसको मुकद्दमे की तजवीज़ करने का अख्तियार हासिलहो या न हो कि मुजरिमको वक्तन्फवक्तन् ऐसी हिरासतमें नजरबंद रक्खेजानेकी-वास्ते किसी मीआदके कि जो पंद्रहरोजसे जियादह न हो और जो उसकी दानिस्तमें मुनासिबहो इजाजतदे-अगर वह मुक़द्दमेकी तजवीजकरने या तजवीजके लिये मुकद्दमा सिपुर्द करनेका अख्तियार न रखता हो और मुल्ज़िमको जियादह अरसेतक नजरबंद रखना गैरजरूरी समझे तो उसको अख्तियार होगा कि हुक्म दे कि मुल्जिम किसी मजिस्ट्रेट जी अख्तियार के पास रवाना कियाजाय॥

अगर कोई मजिस्ट्रेट इस दफाके बमूजिब पुलिसकी हिरासत में किसी मुल्जिमके नजरबंद रक्खे जानेकी इजाजतदे तो उसको लाजिम है कि इजाजत देनेकी वजूहको कलमबंदकरे॥

अगर हुक्म मजकूर सिवाय मजिस्ट्रेट जिला या मजिस्ट्रेट हिस्सा जिलाके किसी और मजिस्ट्रेट ने सादिर कियाहो तो उसको लाजिमहै कि अपने हुक्मकी एक नकल मयवजूह सिदूर हुक्ममजकूर उस मजिस्ट्रेटके पास मुरसिल करे जिसका वह बिला तवस्सुत मातहत हो॥

दफा १६८--जब कोई अहल्कार पुलिस मातहत इस बाबके मुताबिक कोई तफ्तीश करचुकाहो तो उसको लाजिम है कि तफ्तीश के नतीजे की रिपोर्ट उस अफसरके पास भेजदे जो पुलिस इस्टेशन का एहतमाम रखताहो॥

तफ्तीश की रिपोर्ट बजरिये अहल्कार पुलिस मातहत के,

दफा १६९--अगर बवक्तहोने तफ्तीश हस्ब मुराद इस बाबके अफसर मोहतमिम पुलिस इस्टेशन को दरियाफ्त हो कि वास्ते भेजने शख्स मुल्ज़िम के रूबरू मजिस्ट्रेट के सुबूतकाफी या वजह माकूल इश्तबाहकी हासिल नहीं है तो अगर मुल्ज़िम मजकूर हिरासतमें हो अफसर मजकूर उसको इस शर्त्तपर रिहाकरेगा कि वह कितामुचल्का म-

रिहाईमुल्ज़िमकी जब सुबूतखामहो,

य या खिलाशुमूल जामिनोंके जो कुछ अफ्सरमजकूर हिदायतकरे इंदुलतलब उस मजिस्ट्रेट के रूबरू हाजिर होने के लिये लिखदे जिसे पुलिस की रिपोर्ट पर जुर्म की समाअत का अख्तियारहो और जो मुल्जिम के मुकद्दमे की तजवीज या उसको तजवीज़के लिये सिपुर्द करने का मजाजहो ॥

दफ़ा १७०--अगर वक्त अमलमें आने किसी तफ्तीश मुताबिक़बाबहाजाके अफ्सर मोहतमिम इस्टेशन पुलिस को दरियाफ्त हो कि मुल्जिमको मजिस्ट्रेट के रूबरू भेजनेके लिये सुबूतकाफ़ी या वजह माकूल हस्बमुसर्रहबाला हासिल है तो अहल्कार मजकूरको लाजिम है कि मुल्जिमको हिरासतमें करके उसमजिस्ट्रेट के पास भेजदे जो इत्तिलाअ पुलिसके एतबारपर उसजुर्मकी समाअत करसक्ताहै--और शख्स मुल्जिम के मुकद्दमे की तजवीज या उसकोतजवीजकेलिये सिपुर्दकरनेका अख्तियाररखताहो-याअगर वहजुर्म जोमुजरिमके जिम्मे लगायागया क़ाबिल अख्ज़ज़मानत हो और मुल्जिम जमानत देनेकी लियाकत रखताहो तो उसको चाहिये कि मुल्जिमसे जमानतनामा बवादे हाजिर होने उसके रूबरू मजिस्ट्रेट मजकूरके एक तारीख मुकर्ररहपर और बइक़रार बराबर हाजिर रहने के यौमन् फयौमन् तावक्ते कि इसके खिलाफ हुक्म न हो लिखवाले ॥

मुकद्दमा मजिस्ट्रेटके पास भेजा जायगा जब सुबूत काफी हो,

जब अफ्सर मोहतमिम इस्टेशन पुलिस किसी शख्स मुल्जिमको मजिस्ट्रेट के पास रवानाकरे या इस दफाके बमूजिब उससे इसअम्रकी जमानत ले कि वह मजिस्ट्रेट के रूबरू हाजिर होगा तो अफसर मजकूरको लाजिम है कि साहब मजिस्ट्रेट के पास हरक़िस्मका हथियार या और शै जो उसके रूबरू पेशकरनाजरूर हो भेजदे-और मुस्तगीसको अगर कोई हो और नीज उसकदर अशखासको जो बदानिस्त अहल्कार मजकूर हालात मुक़द्दमे से वाकिफ मालूमहों और जिनकी उसके नजदीक जरूरत हो वास्ते लिखने मुचलके के हुक्म दे इस मजमून से कि मुस्तगीस और

अशखास मजकूर मजिस्ट्रेट के रूबरू हाजिरहोंगे और मुआमिले इल्जाममें जो मुल्जिमपर कायम कियागयाहै नालिशकी पैरवी करेंगे या शहादत देंगे (जैसी सूरतहो) ॥

अगर नामअदालत मजिस्ट्रेट जिला या मजिस्ट्रेट हिस्सा जिले का मुचलकेमें मजकूरहो तो लफ्जकोर्टमें वह कोर्ट यानीअदालत भी शामिल समझीजायगी जिसके पास साहब मजिस्ट्रेट मुकद्दमे को तहकीकात या तजवीजकेलिये सिपुर्दकरे-बशर्तेकिइत्तिलाअमा-कूल ऐसी सिपुर्दगीके पहलेसे मुस्तगीस या अशखासको दीजाय॥

तारीख सिपुर्दगीकी जो इसदफाके बमूजिब मुकर्रर कीजाय वह तारीख होगी जब मुल्जिमको अदालतमें हाजिरहोना जरूर हो-बशर्ते कि उससे हाजिर जामिनी लीगईहो-या वह तारीखहोगी जिस तारीखको वह गालिबन् मजिस्ट्रेट की अदालतमें पहुंच सकेगा अगर वह हिरासत में भेजाजाय ॥

अफसर जिसके रूबरू मुचल्का तकमीलपायाहो उसकी एक नकल उन अशखासमेंसे एकको हवालेकरेगा जो उसकी तकमीलमें शरीक रहेहों-और बाद उसके असल दस्तावेजमय अपनीरिपोर्टके मजिस्ट्रेटके पासमुरसिल करेगा ॥

मुस्तगीसों और गवाहों कोअहल्कार पुलिसकेसाथ जानेका हुक्मनहींहोगा

दफा१७१--जब कोई मुस्तगीस या गवाह अदालत मजिस्ट्रेट को जाताहो तो उसको यह हुक्म न होगा कि वह अहल्कार पुलिस के साथजाय ॥

मुस्तगीसों और गवाहों पर तशद्दुदनहीं किया जायगा,

या किसी मुस्तगीस या गवाहपर कुछ तशद्दुद गैरजरूरी न किया जायगा और न तकलीफ़ दीजायगी या उसकी हाज़िरीकी बाबत कुछ ज़मानतन लीजायगी बजुज़ उसके खासमुचलके के ॥

नाफरमान मुस्तगीसया गवाहको हिरासतमेंकर के भेज दियाजासक्ताहै,

मगर शर्त्त यह है--कि अगर कोई मुस्तगीस या गवाह हाज़िर होने या मुताबिक़ हिदायत दफा १७०-के मुचलकालिखनेसे इन्कार करे-तोअफसर मोहतमिम इस्टेशनपुलिस मजाज़होगा कि उस

को हिरासतमें करके माजिस्ट्रेट के पास भेजदे-और मजिस्ट्रेट मजाज़ होगा कि जबतक वह मुचलका न लिखे या मुक़द्दमेकी समाअत ख़त्म नहो उसको हिरासतमें क़ायम रक्खे॥

दफ़ा १७२--हर अहल्कार पुलिस को जो इस बाबके मुताबिक़ मुक़द्दमेकी तफ्तीशमेंमशरूफहो लाज़िमहै-कि अपनी तफ्तीशकी काररवाई रोज बरोज़ एक रोज़नामचेमें लिखताजाय-और उसमें वहवक्त जबकि इत्तिलाअ उसके पास पहुंची थी-और वह वक्त जबकि उसने तफ्तीश शुरूअ और ख़त्म की-और वहमुकाम या मुकामात जिन को उसने मुआइना किया मय कैफ़ियत उनहालात के जो उस की तफ्तीशसे दरियाफ्त हुये उसमें दर्जकरे॥

तफ़्तीशकी काररवाइयोंका रोज़नामचा,

हरअदालत फौजदारी मजाजहै-कि रोजनामचे हाय पुलिस मुतअल्लिके ऐसे मुकद्दमेके जो उसअदालतमें जेरतहक्कीकात या तजवीजहो तलब करके ऐसेरोजनामचे को बगरज मदद ऐसी तहकीकात या तजवीज के काममेंलाये-न बतौर शहादत सुबूतमुकद्मा-शख्स मुल्जिम या उसके कारपरदाजान ऐसे रोजनामचों के तलबकरानेके मुस्तहक नहींहैं-और न मुल्जिम और उसके कारपरदाज सिर्फ इस वजहसे रोजनामचा मुआइना करने के मुस्तहक हैं कि अदालत ने उसपर हवाला कियाहै-इल्ला अगर ऐसे रोजनामचे उस अहल्कार पुलिस की तरफसे वास्ते ताजाकरने अपने हाफिज के इस्तैमाल में लायेजायँ-या अगर अदालत उनरोजनामचों को उसअफसर पुलिसकी तकजीबके लिये काममें लाये-तो अहकाम ऐक्टशहादतहिन्दमुसद्दिरै-सन् १८७२ ई० की दफा १६१-या दफा १४५-(जैसीसूरतहो) उस से मुतअल्लिक होंगे॥

ऐक्ट १-सन् १८७२ ई०,

दफा १७३--हरतफ्तीश जोइसबाबके मुताबिक कीजाय बिलातवक्कुफ़ बेजा ख़त्म की जायगी-और जिस वक्ततफ्तीश खत्महोजाय अफ्सर मोहतमिमपुलिस इस्टेशनको लाजिमहै कि कैफ़ियतरिपोर्ट मुताबिकनमूना मुकर्ररह लोकलगवर्न-

अफ़्सरपुलिसकीरिपोर्ट

मेराट वइन्दराज इस्माय फरीकैन व कैफियत इत्तिलाअ और नाम उन अशखासके जो जाहिरन् मुकद्दमे के हालातसे वाकिफ मालूमहों साथतजकिरै इस अम्रके कि आया शख्स मुल्जिम हिरासतमें भेजागया या अपने मुचलके पर छोड़ दियागया और अगर छोड़ दियागयाहै तो बजमानत या बिला जमानत उस मजिस्ट्रेट केपास मुरसिलकरेगा जो पुलिसकी रिपोर्टपर जुर्मकीसमाअतका अख्तियार रखताहो ॥

+अगर पुलिसका कोई अफसर आलाहस्ब दफ़ा १५८-मुकर्रर कियागया हो तो रिपोर्ट मजकूर ऐसी सूरतों में जिनमें लोकल गवर्नमेराट बजरिये हुक्म आम या खासके वैसाहुक्मकरै अफसर मजकूरके तवस्सुतसे भेजी जायगी-और अफसर मजकूरको साहब मजिस्ट्रेट के हुक्म को मशरूत गरदानकर अख्तियार होगा कि ओहदेदार मुहतमिम थाना पुलिस को तहकीकात मजीद की हिदायतकरै+ ॥

जबकभी उसरिपोर्टसे जो अज़रूय दफ़ाहाजा रवाना कीगईहो यह दरियाफ्त हो कि मुल्जिम की रिहाई मुचलके पर हुई है-तो मजिस्ट्रेटको लाजिम होगा कि निस्बत मुस्तरिदहोने या न होने मुचलके के याने जैसा कि वह मुनासिब समझे हुक्मदे ॥

पुलिसखुदकुशीवग़ैरहकीतहकीक़ातऔर रिपोर्टकरेगा,

दफ़ा १७४⊛-जब किसी अफसर मोहतमिम इस्टेशन पुलिस को इसबातकी इत्तिलाअ पहुंचे कि कोई शख्स—

(अलिफ)-मुर्त्तकिब खुदकुशी का हुआ है-या

+—+दफ़ा १७३ का फ़िक़रा सानी ऐक्ट १०—सन् १८८६ ई० की दफ़ा ७-की रूसे साबिक़ फ़िक़रे के एवज कायम किया गया है,

⊛ दफ़ात १७४—व १७५—व १७६—उस रक़बा अरजी में तअल्लुक़ पिज़ीर होते वक्त जो मदरास की अदालतुल्आलिया हाईकोर्ट आफ़ जुडीकेचर के मामूली अख्तियार दीवानी सीग़े इब्तिदाई की हुदूद अरजी में शामिल है हस्ब ज़ैल पढ़ी जायगी [देखो ऐक्ट ५ सन् १८८६ ई०—दफ़ा ४ (२)]-यानी—

(बे)–किसीदूसरेकेहाथसे या जानवरसे मारागयाहै या किसी कलकेसदमें या और हादसहसे हलाकहोगयाहै–या

दफ़ा १७४—"(१)जब किसी अफ्सर मुहतमिम इस्टेशन पुलिसको इस बातकी इतिलाअ पहुंचे कि कोई शख़्स—

अफ्सर मोहतमिम इस्टेशनपुलिस मामूलन् उस मौतकी तहक़ीक़ात करेगा जो अजीयत के साथयामुश्तबहहालत में वक़ूअ में आई हो,

(अलिफ)—मुरतकिब खुदकुशी का हुआ है–या—

(बे)—किसी दूसरे के हाथ से या जानवर से मारागया है-या किसी कलके सदमा या और हादसहसे हलाकहोगया है–या—

(जीम)—ऐसे हालात में मरगया है कि उनसे शुभामाक़ूल पैदा होताहै कि किसी और शख्स से कोई जुर्म हुआ है,

उस को लाज़िम होगा—कि कमिश्नर पुलिस को फ़ौरन् अम्र मज़कूर की इत्तिला करे—और उसके बरअक्स किसी क़ायदा या हुक्म मुतज़क्किरे दफ़ा अव्वल मरक़ूमुल्ज़ैल के न रहने की तक़दीर में उस मौक़ा पर जाय जहां लाश शख्स फौत शुदह की मौजूद हो—और वहां कुर्ब व जवार के ५-पांच या जायद बाशिंदगान शरीफ़ के रूबरू मुक़द्दमाओ तफ़्तीश करे—और रिपोर्ट बाबत् वजह ज़ाहिरी मर्ग के मुरत्तिबकरे-और सराहत ज़ख़्मों या हड्डियों के टूटने की या चोट या और क़िस्मके निशानात जरर की जो बदन पर पाये जायं रिपोर्ट में दर्ज करे—और यह लिखे कि किस तौर से और किस हथियार या आला के जरिये से (अगर कुछ हो) वह निशानात बज़ाहिर पैदा किये गये थे,

"(२)—रिपोर्ट पर दस्तख़त अहल्कार पुलिस और दीगर अशख़ास के या उनमें से उस कदर अशख़ास के जो अफ्सर की राय से इत्तिफ़ाक़ करें सब्त होकर यह रिपोर्ट फ़ौरन् कमिश्नर पुलिस के दफ्तर में भेज दीजायगी—,

"(३)—सूरतहाय मरक़ूमुल्ज़ैल मेंसे किसी सूरत में—यानी—

(अलिफ)—किसी ऐसी सूरतमें कि जब लोकलगवर्नमेंट अजरूय क़ायदे के हुक्मकरे—

(बे)—किसी ऐसी सूरतमें कि जब यह मालूमहो कि मौत अजीयत के साथ वक़ूअमें आई है या बाअस मौतकी निस्बत कोई शुभा पायाजाता हो—

(जीम)-किसीऔर सूरतमें कि जब अहल्कार पुलिस क़रीन मसलहतसमझे—

(जीम)--ऐसे हालातमें मरगयाहै कि उनसेशुभहमाकूलपैदा होता है कि किसी और शख्ससे कोई जुर्महुआ है॥

उसको लाजिमहोगा —कि किसी ऐसे डाक्टरसे उसका मुआयना कराये जो लोकल गवर्नमेंट की तरफसे इस काम के लिये मुकर्रर हुआहो,

"(४)—अहल्कार पुलिस को अख्तियार है-कि बजरिये हुक्म तहरीरी के हस्ब बयान मज़कूरह वाला ५-पांच या उससे जियादह अशखासको हस्ब दफ़ा हाजा तफ़्तीशकरनेकी ग़रज़ से और किसी और शख्सको जो वाक़आत मुक़द्दिमा से वाक़िफकार मालूम होताहो-तलब करे-और हर शख्स जो इस नेहजपर तलब कियाजाय उसको लाजिमहोगा कि हाजिर होकर बजुज़ ऐसे सवालात के जिनका जवाब देनेसे उसपर किसी जुर्म फौजदारी का इल्जाम या किसी तावान या सजाय जब्ती के आयद होनेका एहतमाल हो बाक़ी सवालात का जवाबरास्त दे,

"(५)—अगर वाक़िआत से वह जुर्म क़ाबिल दस्तन्दाजी पुलिसके न पायाजाय जिस पर दफ़ा १७०-का इत्तलाअ होसके तो अफ्सर पुलिस अशखास मज़कूर को मजिस्ट्रेटकी अदालत में हाजिर होने का हुक्म न देगा,

"दफ़ा १७५—(१)—लोकलगवर्नमेंट वतसरीह हालात जेल क़वाअद वज़ा करसक्ती है-और कमिश्नर पुलिस उन क़वाअद के मुंतबिक़ अहकाम आम या ख़ास वतसरीह हालात जेल वक्तन् फवक्तन् सादिर करसक्ता है—

उन क़वाअद व अहकामके सादिर करने का अख्तियार जो दरखसूसतफ़्तीशबजरिये और ओहदेदारान गैर अफ्सरान मोहतमिम पुलिस इस्टेशनके हों,

(अलिफ)—उन हालात की कि जब अफ्सर मोहतमिम पुलिस इस्टेशन बाद देने इत्तिलाअ किसी ऐसे वाक़अके जिसका जिक्र दफ़ाअख़ीर मरकूमुल्फौक़ की दफामातहती (१) की जिम्न (अलिफ) या जिम्न (बे) या जिम्न (जीम) में कियागया है उन लवाजिम खिदमात मजीद मेंसे किसी और लाजिमह खिदमतको अंजाम न दे जो हसबुदफ़ा मजकूर वैसे ओहदेदार के जिम्मे कियेगये हैं,

(बे)--उनहालातकी कि जब लवाजिम खिदमत मजीद अंजामदियेजायंगे

उसकोलाजिमहै-कि फौरन् अम्रमजकूरकी इत्तिलाअउसमजिस्ट्रेटको करे जो क़रीबतरहो और वजहमर्गकी तहक़ीक़ातकरनेका मजाजहो-इल्ला उससूरतमें कि अजरूयकायदेमुकर्ररेलोकलगवर्नमेण्ट या अजरूय किसी हुक्म आम या खासमजिस्ट्रेट जिलाया और वैसे हालातमें लवाजिम खिदमत मजीद मजकूर किसओहदेदार के जरियेसे अंजामपायेंगे,

(२)--वह ओहदेदार जिसके जिम्मे अजरूय कवाअद या अहकाम तहतदफ़ामातहती (१) लवाजिम खिदमत मजीद मजकूर की बजाआवरीहो-कमिश्नर पुलिस या उसका कोई डिप्टी या असिस्टंट या कोई और अफ़सर पुलिस होसक्ता है जो इन्स्पेक्टर से नीचेदरजेका न हो--और ओहदेदार मजकूरको उनलवाजिम खिदमत की बजाआवरी के वक्त अख्तियार होगा--कि उन अख्तियारात में से किसी अख्तियार को अमल में लाये और उन खिदमतों को अंजामदे कि जो बरतकदीर न होने वैसे कवाअद या अहकाम के अफ़सर मोहतमिम इस्टेशन पुलिस अमल में लासक्ता और अंजाम देता,

अहकाम दर खसूस तहक़ीक़ात बजरिये प्रेज़ीडंसी मजिस्ट्रेट के और क़ब्रसे निकालने लाशों के,	"दफ़ा १७६-(१) चीफ प्रेजीडंसी मजिस्ट्रेट या और ऐसे प्रेजीडंसी मजिस्ट्रेट को जिसको चीफ़प्रेजीडंसी मजिस्ट्रेट इस बारे में अपना क़ायम मुक़ाम मुकर्ररकरे जबकोईशख्स जो पुलिस की हिरासत में या कैदखाने में हो फौतहोजाय यह लाजिम होगा--और किसी और सूरतमें जिसकाजिक्र दफ़ा १७४--की दफ़ा मातहती (१) की जिम्न (अलिफ) या

जिम्न (बे) या जिम्न (जीम) में किया गया है---यह जायज होगा---कि तहक़ीक़ात वास्ते दरियाफ्त करने वजहमौतके बवाह बयवज या बइजाफा उस तफ्तीशके अमलमें लाये जो दो अखीर दफ़ात मरकूमुल् फौक़मेंसे किसी दफ़ाकी रूसे अमल में आईहो--और जब वहतहक़ीक़ात में मसरूफहो तो उसकी काररवाई में उसको वह कुल अख्तियारात हासिलहोंगे जो बरवक्त करने तहक़ीक़ात किसी जुर्मके उसको हासिल होते---और उसको लाजिम होगा कि शहादतको जो असनाय तहक़ीक़ात में जहांतक होसके तरीका मुकर्ररहदफ़ा ३६२--केमुताबिक लीजाय--कलमबंदकरे--,

(२)-जब कमिश्नर पुलिस या प्रेजीडंसीमजिस्ट्रेट के नजदीक वास्ते दरियाफ्तकरने वजह मौतकिसी ऐसेशख्स मुतवफ्फा के जिसकी लाश मदफून हुईहै मुत्तजाय इंसाफ हो कि लाश मजकूर का मुआयना होना चाहिये तो कमिश्नर या मजिस्ट्रेट (यानी जैसी सूरतहो) मजाज है कि लाशको जमीन से खुदवाकर उसका मुआयना कराये,,

मजिस्ट्रेट हिस्सैजिलेके किसी और नेहजपर हिदायतहो-और उस मौके पर जाय जहांलाशशख्स फौतशुदह की मौजूदहो-औरवहां कुर्बोजवार के दो या चन्दवाशिन्दगान शरीफ़के रूबरू मुकद्दमेकी तफ्तीशकरे-और रिपोर्टबाबत वजहजाहिरी मर्गके मुरत्तिबकरे-और सराहत जख्मों या हड्डियोंके टूटने की या चोट या और किस्म के निशानातजररकी जो बदनपरपाये जायँ रिपोर्टमेंदर्जकरे-और यह लिखैकिकिसतौरसे और किसहथियारयाआलाके जरियेसे (अगर कुछहो) वह निशानात बजाहिरपैदाकियेगये थे॥

रिपोर्टपर दस्तखत अहल्कार पुलिस और दीगर अशखासके या उनमें से उसक़दर अशखासके जो अफ्सरकी रायसे इत्तिफाककरें सब्त होकर वहरिपोर्ट फौरन् मजिस्ट्रेट जिला या मजिस्ट्रेट हिस्से जिले के पास भेजदीजायगी॥

अगर वजह मौतकी निस्बत कुछशुभह हो या किसीऔरवजह से अहल्कार पुलिस ऐसा करना क़रीन मसलहत समझे तो उसे लाजिमहोगाकिबरिआयत उनक़वायदकेजिन्हें लोकलगवर्नमेण्ट इसबाबमें मुकर्ररकरे लाश को उस सिविल सर्जन या दीगर ओहदेदार सीग़ेतिबकेपास जो क़रीबतरहो और जिसको लोकलगवर्नमेन्टने इसकामकेलियेमुक़र्ररकियाहो इम्तिहानकेलिये भेजदेबशर्त्ते कि हालत मौसम और बोदमुसाफ़तके लिहाज़से बिला एहतमाल सड़जानेलाशके अस्नायराहमें और उसवजह से बेफ़ायदाहोजाने इम्तिहानके लाशकापहुंचना मुमकिनहो॥

प्रेजीडंसी मदरास व बम्बई में जायजहै कि वहतफ्तीश इसदफ़ाके मुताबिक़ मारफ़त गांव के मुखियाके अमलमें आये-और उस मुखियाको लाजिमहोगा कि तहक़ीक़ातके नतीजेकी रिपोर्ट उस मजिस्ट्रेटके पास भेजे जो क़रीबतरहो और वजह मर्गकी तहक़ीक़ात करने का अख्तियार रखताहो॥

साहबान मजिस्ट्रेट मुफ़स्सिलै जैल वजह मर्ग की तहक़ीक़ात करने का अख्तियार रखते हैं—याने मजिस्ट्रेट जिला और माजिस्ट्रेट हिस्सा ज़िला और वह मजिस्ट्रेट जिसको अम्रमज़कूर का

अख्तियारखास लोकलगवर्नमेंट या मजिस्ट्रेट ज़िले की तरफ़ से अताहुआ हो॥

दफ़ा १७५+—अफ्सर मोहतमिम पुलिस इस्टेशनको अख्ति-यार है-कि बज़रिये हुक्म तहरीरी के दो या ज़ियादह अशख़ासको हस्बबयानमरकूमैबाला बग़रज़ तफ्तीश मज़कूर और किसी और शख़्सकोजो वाक़िआत मुक़द्दमेसे वाक़िफ़कार मालूम होताहो तलब करे--हर शख़्स जोइस नेहजपर तलबकियाजाय उसको लाज़िम होगा कि हाज़िर होकर बजुज़ ऐसे सवालात के जिनके जवाब देने से उसपर किसीजुर्म फ़ौजदारी का इल्ज़ाम या किसीतावान या सज़ायज़ब्तीके आयद होनेका एहतमाल हो बाक़ीसवालातका जवाबरास्त दे॥

लोगों को तलबकरने का अख्तियार,

अगर वाक़िआत से वह जुर्म क़ाबिल दस्तन्दाज़ी पुलिस के न पायाजाय जिसपर दफ़ा १७०-का इतलाक़ होसके तो अफ्सर पुलिस अशख़ास मज़कूर को मजिस्ट्रेट की अदालत में हाज़िर होनेका हुक्म न देगा॥

दफ़ा १७६—+ जब कोई शख़्स जो पुलिस की हिरासत में हो फ़ौत होजाय उस मजिस्ट्रेट को जोक़री-बतर और वजह मर्ग की तहक़ीक़ात करने का अख्तियार रखताहो— लाज़िमहोगा—और हर दूसरी सूरत मुतज़क्किरह दफ़ा १७४—ज़िम्न (अलिफ़) और (बे) और (जीम) में हर मजिस्ट्रेटको जिसे इसनेहजके अख्तियारात हासिलहों जायज़ होगा-कि तहक़ीक़ात वास्ते दरियाफ्तकरने वजह मौतके बएवज़ या बइज़ाफ़ा तफ्तीश अमलआउर्दा अफ्सर पुलिसके अमल में लाये—और अगर वह तहक़ीक़ात में मसरूफ़ हो तो उसकी कारखाई में उसको वह कुल अख्तियारात हासिल होंगे जो बरवक्त करने तहक़ीक़ात किसी जुर्म के उसको हासिल होते—और जो मजिस्ट्रेट तहक़ीक़ात में मसरूफ़ हो उसको चाहिये कि शहा-

वजहमर्गकी तहक़ीक़ात बज़रिये मजिस्ट्रेट के,

+ (इसका फ़ोटनोट भी वहीहै जो सफ़हात९३ व९४व ९५ व९६में मुन्दर्जहै,

दत को जो उसने मुताबिक किसी क़ायदे मुक़र्ररह आयन्दाके ली हो हस्ब हालात मुक़द्दमा कलम्बन्द करे ॥

ज़मीन खोदकर लाश निकालनेका अख्तियार

जब ऐसे मजिस्ट्रेट के नज़दीक मुनासिब मसलहत हो कि लाश किसी शख्स फ़ौतशुदह की जोदफ़न होचुकीहो निकालकर इस ग़रज़से इम्तिहान कीजाय कि वजह मौतकी दरियाफ्त होजाय-तो मजिस्ट्रेट मौसूफ़ मजाज़ है कि लाशको ज़मीन से खुदवाकर उसका मुआयना कराये ॥

हिस्सा शशुम ॥

कारखाई हाय मुतअल्लिके नालिशात ॥

बाब-- १५ ॥

अख्तियारात अदालत हाय फौजदारी दरबारे तहकीक़ात व तजवीज़ ॥

(अलिफ़)--मुक़ाम तहक़ीक़ात या तजवीज़ ॥

तहकीकात और तजवीजका मामूली मुकाम,

दफ़ा १७७-अलउमूम तहक़ीक़ात और तजवीज़ हरजुर्म की उसअदालतकी मारफत होगी जिसके अख्तियार हुकूमतकी हुदूद अरज़ी के अन्दर जुर्म मजकूर सरजद हुआहो ॥

मुखतलिफ़ किस्मत हाय सिशनमें तजवीजमुक़द्दमातकेलियेहुक्मकरने काअख्तियार,

दफ़ा १७८--बावस्फ़इबारत मुन्दर्जे दफ़ा १७७--के लोकलगवर्नमेंट इसबातकी हिदायतकरनेकी मजाज़है कि कोईमुक़द्दमायाकिसीकिस्मकेमुक़द्दमातजोकिसी ज़िलेमें दौरह सिपुर्द कियेजायँ किसीकिस्मत सिशनमें तजवीजकियेजायँ ॥

मगर शर्त्तयह है--कि ऐसी हिदायतकिसी ऐसेहुक्मकानक़ीज़ नहो जो उससे पहिलेमुताबिक़ दफ़ा १५-बाब १०४-ऐक्ट पारलीमेन्ट मुसहिरैसन् २४-व २५-जलूस मल्कामुअज़्ज़िमा विक्टोरिया या बमूजिब दफ़ा ५२६-इस मजमूयेके सादिर हुआहो ॥

मुल्ज़िमके मुक़द्दमे की तज

दफ़ा १७९-जबकिसी शख्सपर इल्ज़ाम इर्तिकाब जुर्म का बवजहकिसीफेलकेजोउससेवाकेहुआहो या

वीजतस जिलअ में होस क्योंहैंजहांफेल या नती जा वकूअ में आयाहो

किसी नतीजेके जो उस फेलसे जहूरमें आया हो लगाया जाय तो जायज़है कि ऐसे जुर्मकी तहक़ीक़ातयातजवीज ऐसीअदालतकी मारफतहो जिसके इलाके हुकूमत की हुदूद अरजी के अन्दर ऐसा नतीजा निकला हो ॥

तमसीलात ॥

(अलिफ़)--जैद अदालत कानपूरकी हुकूमतकीहुदूद अरज़ी के अन्दर जख्मी होकर अदालत इलाहाबादमें पहुँचकर मरगया-जायजहै कि तहक़ीक़ात और तजवीज जुर्मजैदके अहलाक मुस्तलजिम सजाकी जिले कानपूर या इलाहाबादमें हो॥

(वे)--जैद अदालत कानपूरकेइलाकेकीहुदूदअरज़ीके अन्दर जख्मीहोकर दशरोजतक अदालत इलाहाबादके इलाके की हुदूद अरज़ीके अन्दर और फिर दशरोजतक अदालत मिरजापूर के इलाकेकी हुदूदअरज़ीके अन्दर पहुँचकर दोनोंजगह यानेइलाहाबादया मिरजापूरमेंसे किसी जगहकी अदालतकी हुदूद अरजीके अन्दर अपना कारोबार मामूलीकरनेसे माजूररहा तो तहकीकात व तजवीज जुर्म जैदको जररशदीद पहुँचानेकी अदालत कानपूर या अदालत इलाहाबाद या अदालत मिरजापूरमें होसक्तीहै ॥

(जीम)--जैदको अदालत कानपूर के इलाक़े की हुदूदअरजीकेअन्दर नुक्सानरसानीकीतखवीफ दीगई--और उसतखवीफ की वजहसे उसको अदालत इलाहाबाद के इलाक़े की हुदूदअरजी के अन्दर तरग़ीबहुई कि वह शख्स तखवीफ दिहन्दाको माल हवाले करे--तोजायज है कि तहक़ीकात व तजवीज जुर्म जैदपर-इस्तहसाल बिलजब्र करने की अदालत कानपूर या अदालत-इलाहाबाद में हो ॥

दफ़ा १८०--जबकोई फेल इसवजह से जुर्महै कि वह किसी

मुक़ाम तजवीज जब फेल इसवजह से जुर्महै कि वह और जुर्म सेतअ

और फेलसे कि वहभीजुर्महै तअल्लुकरखता है या कि फेलमजकूरजुर्महोगा-बशर्ते किफायलकाबिलइर्तिकाबजुर्महोतोजुर्म अव्वलुल्

इलुकरखताहै, जिस के इल्ज़ाम की तहक़ीक़ात व तजवीज़ उसअदालतकी मारफ़त होसक्तीहै जिसके इलाके हुकूमतकी हुदूद अरज़ीके अन्दर दोनों अफ़आलमज़कूरैसे कोईफ़ैलसरज़दहुआहो॥

तमसीलात ॥

(अलिफ़)--अमानतके इल्ज़ामकी तहक़ीक़ात व तजवीज उस अदालतके इलाकेकी हुदूद अरज़ीके अन्दर होसक्तीहै जिसके इलाकेकीहुदूदअरजीकेअन्दरअमानतका इर्तिकाबहुआहो-याउस अदालतमें जिसके इलाके हुकूमतकी हुदूदअरजी के अन्दर उस जुर्मका इर्तिकाबहुआहो जिसकी अमानतकीगई॥

(बे)-मालमसरूक़ाके लेने या पासरखनेके इल्ज़ामकी तहक़ीक़ात व तजवीज उस अदालतके इलाकेकी हुदूदअरज़ीके अन्दर होसक्तीहै जिसमें मालका सरका हुआ-याउस अदालतके इलाकेकीहुदूद अरज़ीके अन्दर जिसमें उस मालमें से कोई शै बदनियती से लीगई या पास रक्खीगई ॥

(जीम)-ऐसेशख्सको बतौर बेजामख्फ़ी रखने के इल्ज़ाम की निस्बत जिसकी बाबत मालूमहो कि उसको कोई ले भागाहै उस अदालत के इलाकेकी हुदूदअरज़ी के अन्दर तहक़ीक़ात व तजवीज होसक्ती है जिसके इलाकेकी हुदूद अरज़ीके अन्दर वह बतौर बेजा मख़फ़ी रक्खागयाहो-या उस अदालतमें जिसके इलाके की हुदूद अरज़ीके अन्दर ले भागने का ज़ुर्म सरज़द हुआहो ॥

ठगहोना या डाकुवों की किसीजमाअतकाशरीक होनायाहिरासतसेमफ़रूर होनावग़ैरह,

दफ़ा १८१--जायज है कि तहक़ीक़ात व तजवीज उनजरायम की -यानीठगहोना और ठगहोकर क़तल अम्दकरना और डकैती करना और डकैती करना साथ क़तलअम्दके और डाकुवों की जमाअतका शरीकहोना याहिरासतसे मफ़रूरहोना उसअदालतकी मारफ़तहो जिसकेइलाके हुकूमतकी हुदूद अरज़ी के अन्दर शख्स मुल्ज़िम मौजूदहो ॥

तसर्रुफ़मुजरिमाना और

जायज है-कि तहक़ीक़ात व तजवीज ज़ुर्मतसर्रुफ़मुजरिमाना याज़ुर्मख़यानत मुजरिमानाकी उसअदालत

खियानतमुजरिमाना, की मारफतहो जिसके इलाकेहुकूमतकीहुदूद अरजी के अन्दर कोई जुज्व उस मालका जिसकी निस्बत जुर्म का इर्तिकाबहुआहै शख्स मुल्जिमको हासिलहुआ या जिसके इलाके में जुर्म सरजदहुआ हो ॥

जायज है--कि तहकीकात व तजवीजजुर्म किसी शैके चोरीकर

चोरीकरना, नेकी मारफत उसअदालतके हो जिसके इलाके हुकूमतकी हुदूद अरजीके अन्दर शै मजकूर जो चोरीगईथी-या चोर या किसी और ऐसे शख्सके कब्जेमें थी उसको मसरूका जानकर या जानने की वजह रखकर उसको हासिल करे या रखछोड़े ॥

दफ़ा १८२--जब यह अम्र गैरमुतहक्किकहो किमिन्जुमले चंद

तहाकीकातयातजवीज का मुकामजवकिमौका जुर्म गैर मुतहक्किकहो या सिर्फ एक जिलअमेंनहो, रकबै हाय अरजीके कोई जुर्म किसरकबै में सरजदहुआ--या

किसी जुर्म के एकजुज्वका इर्तिकाब किसी एकरकबै अरजी के अन्दर और दूसरे जुज्वका इर्तिकाब दूसरे रकबे में हुआहो--या

जबजुर्म अलल् इत्तिसाल होताजाय और एकसेजियादह रक-

याजवजुर्म अललइत्तिसालहोताजाय या चंदअफआलपरमुश्तमिलहो, बा हाय अरजी के अन्दर इर्तिकाब पाता रहे--या

जब कि जुर्म चन्दअफआलपर मुश्तमिलहो जिनमें से हरएक एक मुख्तलिफरकबै अरजी में वाकैहुआहो ॥

तो जायजहै-कि उसकी तहकीकात व तजवीज किसी अदालत कीमारफतहो जो ऐसेरकबै अरजीपर अख्तियारसमाअतरखतीहो ॥

दफ़ा १८३-जायजहै-कि तहकीकात व तजवीज किसीजुर्मकी

जुर्म जब सफरमें सरज़दहो, जो उसहालत में सरजदहो जब कि मुजरिम फिल्वाकै कोई सफरखुश्की या तरीतैकरताहो उस अदालतकी मारफत अमलमें आये जिसके इलाके की हुदूद अरजीके अन्दर या उसमें होकर मुजरिम या उसशख्सने जिसकी निस्बत या उस मालने जिसकी बाबत जुर्म मजकूर वकूअमें

आया था उससफरखुश्की या तरीके तै करने में गुजरकियाहो ॥

दफ़ा १८४--जायज है कि तहक़ीक़ात व तजवीज ऐसे जुमले जरायमकी जो खिलाफ़ अहकामकिसीकानूनमजरिये वक्कमुतअल्लिकै रेलवे याटेलीग्राफ़ या डाकखाना याइसलह औरसमालहहरबके वकूअ में आयेहों किसीवल्दै प्रेजीडन्सीमेंहो आम इससे कि जुर्म मज़कूर का उस बल्दै के अन्दर या उसकेबाहर सरज़द होना करार दिया जाय ॥

जरायमबरखिलाफ़हुक्म ऐक्टहायमुतअल्लिकै रेलवे और टेलीग्राफ और डाकखाने और इसलहके,

बशर्ते कि मुजरिम और जुमलै गवाहान जो उसपर नालिश किये जानेकेलिये ज़रूरीहों बल्दै मज़कूरके अन्दर दस्तयाबहोसकें॥

दफ़ा १८५--जबकभी इसबातका शुभहनाशीहो कि किसी जुर्म कीतहक़ीक़ात या तजवीज बमूजिबअहकाम मुलहक़ेबाला मुन्दर्जैबाबहाज़ा किसअदालतकी मारफ़त होनी चाहिये तो वह हाईकोर्ट जिसके सीग़ै अपीलके इलाके फौजदारीकी हुदूद अरजी के अंदर मुजरिम वाकई मौजूद हो इस अम्रकी तन्कीह करसकेगी कि किस अदालतकी मारफ़त जुर्मकी तहकीकात व तजवीज की जायेगी ॥

शुभहहोनेकीसूरतमेंहाईकोर्टठहरादेगी कि किस जिलअ में तहक़ीक़ात या तजवीजहोनी चाहिये,

मुल्क बृटिश ब्रह्मामें जब मुजरिम रअय्यत मल्कामुअज्जिमा अहलयूरोप हो तो रंगूनका साहब रिकार्डर और बाकी कुलसूरतों में साहब जुडीशल कमिश्नर इस दफ़ाकी अग़राजके लिये बमंज़िलै हाईकोर्ट समझा जायगा ॥

दफ़ा १८६--जब किसी मजिस्ट्रेट प्रेजीडंसी या मजिस्ट्रेट जिला या मजिस्ट्रेट हिस्सा जिला या मजिस्ट्रेट दर्जै अव्वलको जिसको लोकल गवर्नमेण्ट से इस अम्र का अख्तियार खास मिला हो इस अम्र के बावर करने की वजह मालूम होकि कोई शख्स जो उसके इलाके हुकूमत की हुदूद अरजी के अन्दर है हुदूद मजकूर के बाहर आम इससे कि वह मुकाम बृटि-

सम्मन या वारंटजारी करने का अख्तियारबइल्लत उस जुर्म केजो इलाका अख्तियारके बाहरवकूअ में आयाहो,

श इण्डिया के अन्दर हो या न हो ऐसे जुर्मका मुर्त्तकिब हुआहै जिसकी तहकीकात व तजवीज हस्ब अहकाम दफआत १७७-लगायत १८४-मजमूयेहाजा या हस्ब अहकाम किसी और कानून मजरिये वक्तके उसकी हुदूद अरजीके अन्दर नहीं होसक्ती है मगर मुताबिक किसी कानून नाफिजुलवक्त के उसकी तहकीकात व तजवीज बृटिशइण्डिया में होनी चाहिये—तो ऐसा मजिस्ट्रेट मजाज होगा-कि जुर्मकी तहकीकात उसीतरहकरे कि गोया वह उसकी हुदूद अरजीके अन्दर सरजद हुआ था और हस्ब तरीके मुतजक्किरे सदर शख्स मुजरिम को जबरन् अपने रूबरू हाजिर कराये और उसको उस मजिस्ट्रेट के पास भेजदे जो जुर्म मजकूर की तहकीकात व तजवीज करनेका अख्तियार रखताहो—या अगर जुर्म मजकूर लायक अख्ज जमानत हो उससे मुचलिका बशमूल या बिलाशमूल जामिनोंके ववादे अहजार रूबरू मजिस्ट्रेट मजकूरके ले ॥

गिरफतारहोनेपर मजिस्ट्रेटका जाबिता कार्रवाई,

जब एकसेजियादह ऐसेमजिस्ट्रेटहों जो ऐसाअख्तियारसमाअत रखतेहों और वह मजिस्ट्रेट जो इस दफा के बमूजिब अमल करताहो इसबात से मुतमय्यन न होसके कि ऐसे शख्स को किस मजिस्ट्रेट के रूबरू भेजना चाहिये या उससे किसके रूबरू हाजिर होनेका मुचलिका लेना चाहिये तो मुकद्दमे की रिपोर्ट हाईकोर्ट में वास्तेसुदूर अहकाम उस हाईकोर्ट के मुरसिल की जायगी ॥

जाबिता जबकि वारंट अजतरफ मजिस्ट्रेट मातहतकेजारीहो,

दफा १८७—अगर शख्स मजकूर ऐसे वारंट के जरिये से गिरफ्तारहुआ हो जोदफा १८६-केमुताबिक मारफत किसी और मजिस्ट्रेट सिवाय मजिस्ट्रेटप्रेजीडन्सी या मजिस्ट्रेट जिलेके सादिरहुआहो तो ऐसे मजिस्ट्रेटको लाजिम है कि शख्स गिरफ्तारशुदहकोमजिस्ट्रेट जिला के पास भेजदे—इल्लाउससूरत में कि वह मजिस्ट्रेट जो ऐसे जुर्मकी तहकीकात व तजवीज का अख्तियार रखता हो शख्स मजकूर की गिरफ्तारीके लिये अपना वारंट जारी करे—कि उस सूरतमें शख्स गिरफ्तारशुदह उस अफ्सर पुलिस को हवाले

कियाजायगा जो वारंटकी तामील करता हो या उस मजिस्ट्रेट के पास भेजाजायगा जिसने वारंट मज़कूर जारी किया हो ॥

अगर वहजुर्म जिसके इर्त्तिकाब का शख्स गिरफ्तार शुदह मुलिजम या मुरतकबहहो उस किस्मकाहो कि उसकी तहक़ीक़ात व तज़वीज उसी ज़िलेमें सिवाय अदालत उस मजिस्ट्रेटके जो दफ़ा १८६-के मुताबिक़ अमल करताहो किसी और अदालत फौजदारी की मारफ़तहोसक्ती हो तो उस मजिस्ट्रेटको चाहिये कि ऐसे शख्स को उस मजिस्ट्रेट के पास भेजदे ॥

रिआयाय बृटानियाकी माखजीउनजुर्मोंकी बाबतजो बृटिशइंडिया केबाहर सरजद हों,

दफ़ा १८८—जब कोई रअय्यतबृटानिया अहल यूरोप हिन्दके किसी ऐसेवाली या रईस के मुल्कके अन्दरजुर्म का मुर्त्तकिबहो जो मलकामुअज्जिमादामइक़बालहा के साथइत्तहाद रखता हो—या

जब कोई हिन्दुस्तानी रअय्यत मलका मुअज्जिमा बृटिशइण्डिया की हुदूद के बाहर किसी मुकाम पर जुर्म का मुर्तकिब हो तो जायजहै कि उसजुर्मकी बाबत उसकेसाथ वही सलूक कियाजाय कि गोया वह बृटिशइण्डियाके अन्दर उसी मुक़ामपर सरज़द हुआ था जहां वह दस्तयाब हो ॥

पोलीटीकलएजंट इस अम्रकी तसदीककरेगा कि इल्ज़ाम लायक तहकीकातहै,

मगर शर्तयहहै—कि ऐसे किसी जुर्मके इल्ज़ामकी तहक़ीक़ात बृटिशइण्डिया में न होगी इल्ला उसवक्त कि पोलीटीकलएजन्ट उस मुल्क का जहां कि उस जुर्मका सरजद होना बयान कियागया हो अगर वहां कोई ऐसा ओहदेदार हो तसदीक इस अम्रकी करे कि उसकी रायमें इल्जाम उसनोअकाहै जिसकी तहक़ीक़ात बृटिशइण्डियामें होनी चाहिये ॥

और यह भी शर्त है-कि जो कारवाइयां किसी शख्सकीनिस्बत हस्ब दफा हाजा अमलमें आईहों अगर वह बृटिशइण्डियाके अन्दर जुर्म सरजद होनेकी सूरतमें उसीजुर्मकी बाबत और उसी शख्स की निस्बत माने माखूजी माबादकी होतीं तो वह कारवाइयां

उसी शख्सकी निस्बत हस्बशरायत क़ानून अख्तियारात सर्कार अन्दररियासतगैर व अख्तियार बाजागिरफ्त मुजरिमान मुसहिरै ऐक्ट २१-सन् १८७९ ई०, सन् १८७९ ई० बाबत उसजुर्मके भी जोबृटिश-इण्डिया की हुदूदकेबाहर किसीजगह उससे हुआहोमानै कारर-वाई मजीदकी होंगी॥

दफ़ा १८९--जब किसी ऐसे जुर्मकी निस्बत जिसकाजिक्र दफ़ा १८८ में है तहक़ीक़ात या तजवीज होतीहो लोकलगवर्नमेण्टको अख्तियारहै कि अगर मुनासिबजानै हिदायतकरे किनकलेंगवाहों के इजहारात या दस्तावेजात की जो कि उस मुल्कके पोलीटीकल एजण्ट या हाकिम अदालत के रूबरू क़लम्बन्द या पेश कीगई हों जहाँ जुर्मका सरजद होना बयान किया गयाहो उस अदालतमें जहाँ वह तहक़ीक़ात या तजवीज अमलमें आतीहो ऐसी हरसूरतमें बतौर वजह सुबूत के मक़बूल कीजायँ जिसमें कि अदालत मजकूर उन मुआमलातमें जिनसे ऐसे इजहारात या दस्तावेज़ात इलाक़ा रखती हों शहादत लेनेके लिये कमीशन जारी करसक्ती है॥

यह हिदायत करने का अख्तियार कि नकलेंगवाहों के इजहारात या दस्तावेजातकी वजह सुबूत में मक़बूलहों,

दफ़ा १९०--दफ़आत १८८-व-१८९-में लफ्ज "पोलीटीकल एजण्ट" से ओहदेदारान् जैल मुरादलिये जायेंगे और उसमें दाखिल समझे जायँगे॥

"पोलीटीकलएजंट" की तारीफ़,

(अलिफ़)-किसी मुल्कमें जो बेरूंहुदूद बृटिशइण्डिया हो वह ओहदेदारआला जोगवर्नमेण्टबृटिशइण्डियाकाक़ायममुक़ामहो॥

(बे)-हर ओहदेदार जो बृटिशइण्डिया में जनाब नव्वाब गवर्नर जनरल बहादुर बइजलास कौंसल या जनाब गवर्नर बहादुर प्रेजीडन्सी मदरास बइजलास कौंसल या नव्वाबगवर्नरबहादुर प्रेजीडंसी बम्बई बइजलास कौंसलके हुजूरसे वास्ते तामील तमाम या किसी अख्तियारात पोलीटीकल एजण्ट महकूमै ऐक्ट मौसूमै क़ानून अख्तियारात रियासतगैर और अख्तियार हवालगी मुज-

ऐक्ट २१-सन् १८०३ ई०, रिमान मुसद्दिरै सन् १८७९ ई० के किसी मुकामके लिये जो दाखिल बृटिशइण्डिया नहीं है मासूरहो ॥

(बे)--शरायत जो वास्ते शुरूअकरने

कारखाई के जरूर हैं ॥

दफ़ा १९१--बजुज़ उस सूरतके जो आयन्दा मजकूर है हर मजिस्ट्रेट प्रेजीडन्सी या मजिस्ट्रेट जिला या मजिस्ट्रेट×हिस्से जिला×या और मजिस्ट्रेट जिसको इस अम्रका अख्तियार खास दिया गया हो मजाज हर जुर्मकी समाअत करनेका है हस्बतफ़सीलज़ैल—

जुर्मोंकी समाअतमजिस्ट्रेटोंके रूबरू,

(अलिफ़)-जबउसकेपास शिकायत बाबत वकूअ ऐसे वाकिआत के हुँचे जो जुर्म मजकूरपर मुश्तमिलहों ॥

(बे)--जबऐसेवाकिआत की रिपोर्ट पुलिससे पहुँचे ॥

(जीम)--जबऐसी इत्तिलाअ सिवाय अहल्कार पुलिसके किसी और शख्सकीतरफ़से पहुँचे या उसको खुदइल्म या शुभह पैदा हो कि ऐसाजुर्म फ़िल्वाके सरजद हुआहै ॥

लोकलगवर्नमेण्ट को या मजिस्ट्रेट जिलेको बइतबाअ एहकाम आम या खास लोकलगवर्नमेण्ट के अख्तियार है-कि किसीमजिस्ट्रेटको इसबात का अख्तियार खास बख्शे कि जिम्न (अलिफ़) या जिम्न (बे) के बमूजिब ऐसे जरायम की समाअत करे जिन की तहक़ीक़ात या दौरह सिपुर्द करना उसके अख्तियारमें हो ॥

लोकलगवर्नमेण्ट मजाज है-कि किसी मजिस्ट्रेटदर्जे अव्वल या दर्जेदोम को वास्ते समाअत करने ऐसे जरायम के हस्बमुराद जिम्न (जीम) अख्तियार अताकरे जिनकी तहक़ीक़ात या तजवीज के लिये सिपुर्द करना उसके अख्तियार में हो ॥

×—× यह अलफ़ाज ऐक्ट १२—मुसद्दिरै सन् १८९१ ई० के जरीये से दाखिल कियेगये,

×जब कोई मजिस्ट्रेट किसी जुर्मतहतजिम्न (जीम) कीसमाअतकरेतोशख्स मुल्ज़िम या जबकि चंदशख्समुल्जिमहों तो उनमेंसे कोई एकशख्स इसअम्रके इस्तदुआ करनेका इस्तहक़ाक़रक्खेगा कि मजिस्ट्रेट मजकूरकेजरिये से मुकद्दमा की तजवीजन होकर वह और मजिस्ट्रेटके पास भेजदियाजाय या अदालतसिशनके सिपुर्द किया जाय ×

दफ़ा १९२—हरमजिस्ट्रेट जिला या मजिस्ट्रेट हिस्सै जिला को अख्तियारहै कि किसीमुक़द्दमेकोजिसकी वह समाअत करचुकाहो तहक़ीक़ात या तजवीजकेलिये किसीऔरमजिस्ट्रेटकेसिपुर्दकरे जो उसकामातहतहो॥

इन्तकाल मुकद्दमात मजिस्ट्रेटोंके जरियेसे,

हरमजिस्ट्रेट जिला मजाजहै-कि किसी मजिस्ट्रेट दर्जैअव्वल को जिसने किसी मुकद्दमेकी समाअतकी हो यह अख्तियारदे-कि वहमुकद्दमे को तहक़ीकात या तजवीज के लिये अपने जिले के किसी और मजिस्ट्रेट मखसूसके पास मुन्तक़िलकरे जो इस मजमूये के मुताबिक मुल्जिम की तहक़ीकात या उसको तजवीज के लिये सिपुर्द करने का मजाजहो-और ऐसे मजिस्ट्रेटको अख्तियार है कि उसी मुताबिक मुक़द्दमा फैसल करै ॥

दफ़ा १९३—+बजुज़ उससूरत के कि इस मजमूयेमें या किसी और कानून नाफ़िजुलवक्तमें कोई और हुक्म सरीह इसके खिलाफ हो किसी अदालतसिशन को अख्तियार न होगा कि बतौर अदालत मजाजसमाअत इब्तिदाईके किसी जुर्म की समाअतकरे बजुजइसके कि शख्समुल्जिम किसी ऐसे मजिस्ट्रेटकी तरफसे सिपुर्द कियागया हो जो इस अम्रका अख्तियार हस्ब जाविता रखताहो ॥

समाअत जरायम अदालतहाय सिशन में,

×——×यह फ़िकरह दफ़ा १९१-का ऐक्ट ३-सन्१८८४ ई० की दफ़ा२-कीरूसे बढ़ायागया है——

+अपर ब्रह्माकी अदालतहाय सिशनके जाविते काररवाई के लिये कानून९-सन्१८८६ ई० के जमीमाकी दफ़ा ३- जिम्न (२) देखो-और दरबारह रिआयायबृटानिया अहलयूरुप के दफ़ा २२—ऐजनदेखो,

साहिबान ऐडीशनलसिशनजज और जायण्टसिशनजज सिर्फ़ उन मुक़द्दमातकी तजवीज करेंगे जो लोकल गवर्नमेण्ट बज़रिये हुक्मआम या खासके उन को तजवीजकरनेकी हिदायतकरे या जिनको क़िस्मतकासाहब सिशनजज तजवीजके लिये उनके सिपुर्द करे ॥

मुक़द्दमात जिनकी तजवीज बज़रियेऐडीशनलसिशनजज और जायण्टसिशनजजके होगी,

साहिबान असिस्टंट सिशनजज सिर्फ़ उनमुक़द्दमातकी तजवीज करेंगेजो क़िस्मतका सिशनजज बज़रिये अपने हुक्मआमया खासके उनकोसिपुर्दकरे ॥

बज़रियेअसिस्टंटसिशन जज के,

दफ़ा १९४—अदालत हाईकोर्ट मजाजहै कि किसी ऐसे जुर्म की समाअतकरे जो हस्ब तरीके मुफ़स्सिले ज़ैल उसको सिपुर्द किया गयाहो ॥

समाअत जरायम हाईकोर्ट के रूबरू,

इस दफ़ा की किसी इबारत से किसी सनदशाहीकी शरायत में खलल न आयेगा जो मुताबिक़ बाब १०४-ऐक्ट मुसद्दिरै सन् २४-व २५-जलूस मलकामुअज्जिमा विक्टोरिया के अताहुईहो॥

दफ़ा १९५—कोई अदालत समाअत न करेगी ॥

(अलिफ़)-ऐसे जुर्म की जो हस्बदफ़आत १७२-लगायत १८८-मजमूये ताजीरातहिन्द के काबिल सजा है इल्ला बमंजूरी माक़ब्ल याबरतबक़ इरजाअ नालिश मिन्जानिब उसमुलाजिम सर्कारी के जिससे सरोकारहो या किसी और मुलाजिम सर्कारी के जिसका वहमातहतहो ॥

ऐक्ट४५-सन्१८६०ई०, नालिश बइल्लत तौहीन अख्तियार जायज मुलाजिमानसर्कारीके,

(बे)-ऐसे जुर्म की जो मजमूये ताजीरातहिन्द की दफ़आत १९३-या १९४-या १९५-या १९६-या१९९ या२००-या२०५-या२०६-या२०७-या२०८-या२०९-या२१०-या२११-या२२८-केबमूजिब क़ाबिल सज़ाहो जब वह जुर्म किसी काररवाई अदालत में या बतअल्लुक़ उसके सरज़दहो इल्ला बमंजूरी या बरतबक़ इस्तग़ासे

नालिश बइल्लत बाज जरायम नकीज इन्साफ़ आमके,

उसी अदालत के या किसी और अदालत के जिसकी अदालत अव्वलुल् ज़िक्र मातहत हो ॥

(जीम) ऐसे जुर्मकी जिसकी तसरीह दफ़ा ४६३ में है-या
नालिश बइल्लतबाज जो काबिल सजा हस्ब दफ़ा ४७१-या ४७५-
जरायम मुतअल्लिक या ४७६-मजमूये मजकूर के है जब वहजुर्म
उनदस्तावेजातके जो किसी मुकदमे मरजूआ अदालतके किसी फरी-
सबूतमेंदीजायें,
क़की तरफसे निस्बत किसी दस्तावेजके सरजदहो जो उसकारर-वाई में बतौर शहादतके दाखिलहुई हो इल्ला बमंजूरी माकब्ल या बरतबक रुजूअइस्तगासा उसी अदालत या किसी और अदालत के जिसकी अदालत अव्वलुल्जिक्रमातहतहो ॥

जायजहै-किवहमंजूरी जो इसदफ़ामेंमजकूरहुई है अल्फाज आ-
कस्मको मंजूरी जिसको मुफ़स्सल जाहिरकीजाय-और जरूरनहीं है कि
जरूरतहै, उसमें शख्स मुल्जिमकानामलियाजाय म-गरउसमें हत्तुल्इमकान तखसीस उस अदालत या और मुकामकी कीजायगी जहां जुर्म सरजद हुआथा और नीज उसके सरजद होनेकी नौबतकी ॥

जबमंजूरी निस्बत इरजाअनालिश बाबत किसीजुर्मसुतजक्किरे दफ़ाहाजा के दीजाय तो वहअदालत जो मुकद्दमेकी समाअतकेमजाजहोगी कि किसी और जुर्मकी फर्दकरारदाद मुरत्तिबकरे जिसका सरजदहोना वाकिआतसे पायाजाता हो ॥

हरमंजूरी या उसका इन्कार जो इसदफा के बमूजिब वकूअमें आये उसके मन्सूख करनेका उस हाकिमको अख्तियार है जिसके मातहत हाकिम मंजूरी दिहन्दा या इन्कारकुनिन्दाहो--और कोई मंजूरी उस तारीखसे जबमंजूरी अताहो६-छःमहीनेसेजियादहअरसे तक बहाल न रहेगी ॥

वास्ते अगराज इसदफ़ाके हरअदालत बजुज अदालतमतालिबा खफीफा उसअदालतकी मातहत तसव्वरकीजायगी जिसमेंमामूल नअपीलबनाराजी डिकरीअदालत अव्वलुल्जिक्रदायरहोताहो॥

बलादप्रेजीडन्सीमें अदालतहाय मतालिबाखफीफे हाईकोर्टकी मातहत समझीजायँगी--औरबाकीसबअदालतहायमुतालिबातख-फीफे उसकिस्मत सिशनकी अदालत सिशनकी मातहत समझी जायेंगी जिसके अन्दर कोई वैसी अदालत वाकैहो ॥

नालिश बइल्लत उन जरायमके जो सल्तनतसे तअल्लुक हों,

दफ़ा १९६-*कोई अदालत किसी ऐसेजुर्मकी समाअतनकरेगी जिसकी सजा मजमूये ताजीरातहिन्द के छठे बाबमें मुकर्ररहुई है बजुज दफ़ा १२७—बाब मजकूर के या जिसकी सजा मजमूये मजकूरकी दफा २९४-(अलिफ) में मुकर्रर हुई है इल्ला बरतबक

ऐक्ट ४५-सन् १८६० ई०,

रुजूअ ऐसी नालिश के जो बमूजिब हुक्म या अजरूय अख्तियार मुफव्विजा जनाब नव्वाब गवर्नर जनरल बहादुर ब इजलास कौंसल या लोकल गवर्नमेंट या किसी और ओहदेदार के जिसको जनाब नव्वाब गवर्नर जनरल बहादुर ब-इजलास कौंसलने उसअम्रका अख्तियारदियाहो दायरकीगईहो ॥

हजों और सर्कारी मुलाजिमोंपर नालिशें,

दफ़ा १९७—जब किसी जज या और ओहदेदार सर्कारी पर जो बिला मंजूरी गवर्नमेंटहिन्द या लोकलगवर्नमेंट अपनेओहदे से बरखास्त नहीं होसक्ता है उसकी जजी या मुलाजिमी सर्कारी की हैसियतसे किसी जुर्म के करने का इल्जाम लगायाजाय तो किसी अदालत को इल्जाम मजकूर की समाअत का मन्सब न होगा इल्ला बमंजूरी माकब्ल उसगवर्नमेण्टके जोउसकी बरखास्तगीका अख्तियाररखती है या बमंजूरी किसी और ओहदेदार के जिसको गवर्नमेंटने उस अम्रका अख्तियार दियाहो या बमंजूरी किसीअदालत याओरहाकिम के जिसका वह जज या ओहदेदार सर्कारी मातहत हो और जिसका अख्तियार मंजूरी देने की बाबत लोकल गवर्नमेण्ट ने महदूद न कियाहो ॥

---

*दरखसूस जरायम मुतअल्लिक सल्तनत औरझूठीगवाही अजतरफउसशख्सके जिसकोअपरब्रह्मामें मुआफीकी उम्मेददीगईहै-देखो कानून७सन्१८८६ई० केजमीमा की दफा १० मगर रिआयाय बृटानियाअहलयूरुपसेबारेमें देखो दफा२९—ऐक्ट,

गवर्नमेंटकाअख्तियार दरखसूस नालिश के,

गवर्नमेण्ट मजकूर इसबातकी तजवीजकरने की मजाजहै-कि किसशख्स की मारफ़त और किसतौरपरऐसी नालिशबनामजजया मुलाजिम सर्कारीमजकूर के अमलमें आयेगी और उसअदालतकी तखसीसकरसक्तीहैजिसके रूबरू मुकद्दमा तजवीज कियाजायगा ॥

नालिशबइल्लतनुकजमु आहिदाओरअजालहहै खियतउरफीओर जरायम मुतअल्लिकइजदवाजके,

दफ़ा १९८—कोईअदालत किसी ऐसे जुर्मकी समाअतनकरेगी जो मजमूये ताजीरातहिंदके बाब १९-याबाब २१-यादफ़आत ४९३-लगायत ४९६-मजमूये मजकूर में दाखिलहो इल्लाबरबिनायनालिश किसी शख्सके जिसे उसजुर्मसे रंजपहुंचाहो॥

नालिशबइल्लतजिना याफुसलालेजानेकिसी ओरतमनकूहाके,

दफ़ा १९९--कोईअदालत किसीऐसेजुर्मकी समाअत न करेगी जो मजमूये ताजीरातहिन्दकी दफ़ा ४९७-या दफ़ा ४९८-मेंदाखिलहोइल्लाबरबिनायनालिश अजतरफ़ शौहर और तकेया दरसूरत गैरहाजिरी शौहरके अजतरफ़ उसशख्सके जो बरवक्त सरजदहोने जुर्मके उसकीतरफ़से और त मजकूरकी खबरगीरी करताथा ॥

बाब--१६ ॥

बाबत इस्तगासे बहुजूरमजिस्ट्रेट ॥

मुस्तगीसकाइजहार,

दफ़ा २००--जबमजिस्ट्रेट किसीमुकद्दमेकी बरतबक इस्तगासा समाअतकरे उसको लाजिमहै कि फौरनइजहार मुस्तगीसका बजरिये हलफ़या इकरारसालहके ले-और वह इज़हारज़ब्त तहरीरमें-आयेगा और उसपर मुस्तगीस और नीजमाजिस्ट्रेटके दस्तखत सब्तकियेजायँगे ॥

मगरशर्त्त यहहै कि--

(अलिफ)-जब इस्तगासा तहरीरी हो तो मजमूये हाजाकी किसीइबारतसे यह न समझाजायगा कि मजिस्ट्रेट कब्ल मुन्तकिलकरने मुकद्दमे हस्ब दफ़ा १९२-के मुस्तगीसका इजहारले।

(बे)-- जब मजिस्ट्रेट मजकूर किसीप्रेजीडन्सीका मजिस्ट्रेटहो तोजायजहै कि ऐसा इजहार अजरूय हलफके या बिलाहलफ

लियाजाय जैसा मजिस्ट्रेट मज़कूर हरमुकद्दमेमें मुनासिबसमझे और इज़हारको तहरीरमें लाना ज़रूरनहीं है-मगर मजिस्ट्रेटको अख्तियारहै कि अगर मुनासिबसमझे क़ब्ल इसकेकि मरातिब इस्तगासा उसके रूबरू पेशहों उन मरातिब के तहरीर किये जाने का हुक्मदे॥

(जीम)-जबऐसामुकद्दमा दफ़ा १९२-केमुताबिक मुन्तकिल कियागयाहो औरमजिस्ट्रेट मुन्तकिलकुनिन्दाने पहलेसेमुस्तगीसका इजहारलेलियाहो तो उसमजिस्ट्रेटकेलिये जिसकेपास वह मुन्तकिल कियागयाहो जरूरनहीं है कि मुस्तगीसका इजहार मुकर्रर ले॥

दफ़ा २०१--अगर इस्तगासा मज़कूर तहरीरन दाखिलहुआहो औरमजिस्ट्रेटइस्तगासेकीसमाअतकरनेका मजाज नहोतोउसकोचाहियेकिइस्तगासेको इसगरजसेमयइबारत जोहरीइसअम्रकेवापस करे किवह अदालत मुनासिबके रूबरू पेश कियाजाय॥

जाबिताकाररवाईम जिस्ट्रेटका जोसमाअतमुकद्दमाका अख्तियार न रखताहो,

दफ़ा२०२-अगरचीफमजिस्ट्रेटप्रेजीडन्सी या किसीऔरमजिस्ट्रेट प्रेज़ीडन्सीको जिसकोलोकलगवर्नमेण्टवक्तनफ़वक्तन इस अम्रका अख्तियार दे या मजिस्ट्रेट दर्जेअव्वल या दर्जे दोमको किसी जुर्म के इस्तग़ासे की सिदाक़तकी निस्बत जिसके समाअत करनेका वहमजाज़हो एतबार न करनेकी वजह मालूमहो तो उसको अख्तियार है कि जब मुस्तगीस का इज़हार होजाय तो वजूह अदम एतबार सिदाक़त इस्तग़ासे की क़लम्बन्दकरे और मुस्तग़ासअलेह के जबरन हाज़िर कराये जाने के लिये हुक्मनामेका इजरामुलतवीरक्खे-और मुक़द्दमेकी तहक़ीक़ातमें खुद मसरूफ़ हो-या हिदायत करे कि सबसे पहले तफ्तीश मौक़ाबग़रज़ दरियाफ्त सिदाक़त या अदम सिदाक़त इस्तग़ासे के मारफ़त किसी ओहदेदार के जो मातहत ऐसे मजिस्ट्रेटकाहो या मारफ़त किसी अफसर पुलिस के या मारफ़त किसी और शख्सके

इजरायहुक्मनामाकाइल्तवा,

जिसे वह मुनासिब समझे और जो मजिस्ट्रेट या अफ्सर पुलिस न हो अमलमें आये ॥

अगर वह तफ्तीश किसी ऐसे शख्स की मारफ़त अमल में आये जो न मजिस्ट्रेटहो न ओहदेदार पुलिस-तो शख्स मज़कूर वह तमाम अख्तियारात अमलमें लायेगा जो इसमजमूये की रूसे अफ्सर मोहतमिम पुलिस इस्टेशन को अताहुये हैं-इल्ला उसको अख्तियार बिलावारंट गिरफ्तार करने का हासिल न होगा ॥

यह दफ़ा बलाद कलकत्ता और बम्बई की पुलिस से मुतअल्लिक़ है ॥

इस्तग़ासा का डिसमिसहोना,

दफ़ा २०३-वह मजिस्ट्रेट जिसकेरूबरू इस्तग़ासा कियाजाय या जिसको इस्तग़ासा सिपुर्दकियाजाय मजाज़ है--कि अगर बादलेने इज़हार मुस्तग़ीसके और ग़ौरकरने ऊपर नतीजे तफ्तीश मुक्तज़िया दफ़ा २०२-के (अगर कोई हुईहो) उसके नज़दीक कोई वजह काफ़ी पैरवी मुक़द्दमे की न हो तो इस्तग़ासे को डिसमिस करदे ॥

बाब-१७ ॥

बाबत शुरूअ कारखाई रूबरू मजिस्ट्रेट ॥

दफ़ा २०४--अगर बदानिस्त मजिस्ट्रेट समाअत कुनिन्दह मुक़द्दमा के कारखाई करने की वजह काफ़ी हो और मुक़द्दमा उस क़िस्मका नज़र आये जिसमें हस्ब हिदायत खाने ४ ज़मीमे २ के पहले पहल सम्मन जारीहोना चाहिये तो उसे लाज़िम है कि अपना सम्मन जारीकरे और अगर मुक़द्दमा उस क़िस्मका मालूमहो कि बमूजिब हिदायत मुन्दर्जे खाने मज़कूर के पहले पहल वारंट जारीहोना चाहिये तो वह मजाज़होगा कि अपना वारंट या अगर मुनासिब समझे अपना सम्मन इसग़रज़से जारी करे कि शख्स मज़कूर उसमजिस्ट्रेट के रूबरू या किसी और मजिस्ट्रेट के रूबरू जो मजाज़समाअत हो एक वक्त मुअय्यन पर हाज़िर हो या हाज़िर कियाजाय ॥

कोई इबारत दफ़ाहाज़ाकी मुख़ल अहकाम दफ़ा ६० न समझी जायगी ॥

दफ़ा २०५--जब कभी मजिस्ट्रेट सम्मन जारीकरे उसको अख़्तियार है कि अगर उसके नज़दीक वजह काफ़ी हो मुल्ज़िमको असालतन् हाज़िरहोनेसे मुआफ़ रक्खे और मारफ़त वकील के हाज़िर होने की इजाज़त दे ॥

मजिस्ट्रेट मुल्ज़िमको असालतन्हाज़िर होने से मुआफ़रखसक्ताहै,

मगर ऐसा मजिस्ट्रेट जो मुक़द्दमेकी तहक़ीक़ात या तजवीज़ में मसरूफ़हो मजाज़ है--कि बमूजिब अपने सवाबदीद के कार रवाई की किसी नौबत पर मुल्ज़िम के असालतन् हाज़िर होने की हिदायतकरे--और अगर ज़रूरतहो उसको हस्बतरीक़े मुतज़क़िरै सदर जबरन् हाज़िरकराये ॥

बाब—१८ ॥

बाबत तहक़ीक़ात मुतअल्लिके उनमुक़द्दमात के जो अदालतहाय सिशन या हाईकोर्ट की तजवीज़ के लायक हैं ॥

दफ़ा २०६--हर मजिस्ट्रेटप्रेजीडन्सी और मजिस्ट्रेट ज़िला और मजिस्ट्रेट हिस्सा ज़िला या×मजिस्ट्रेट दर्जा अव्वल और वह मजिस्ट्रेट जिसको लोकलगवर्नमेण्ट से इसबाब में अख़्तियार दियागयाहो मजाज़है--कि किसी शख़्सको अदालतसिशन या हाईकोर्टमें बइल्लत किसी-जुर्मके जो उस अदालतकी तजवीज़ के लायक़हो तजवीज़ के लिये सिपुर्दकरे ॥

तजवीज़मुक़द्दमे केलिये सिपुर्दकरनेका अख़्तियार,

लेकिन बजुज़ उसके जिसकेलिये मजमूयेहाज़ामें और तौर का हुक्महुआ है कोई शख़्स जो लायक़ तजवीज़ अदालतसिशन हो तजवीज़ मुकद्दमे के लिये हाईकोर्टको सिपुर्द न कियाजायगा ॥

दफ़ा २०७--जो मुक़द्दमा सिर्फ़ अदालत सिशन या अदालत

× यह लफ़्ज़बजरिये ऐक्टनम्बर १२-मुसद्दिरै सन् १८९१ ई० केदाख़िलकीगई,

जाबिताउनतहक़ीक़ातमें जोक़ाबिलसिपुर्दगीकेहों,

हाईकोर्टसे तजवीज़ होने के लायकहो या मजिस्ट्रेट की दानिस्त में अदालतमज़कूर की तजवीज़के लायक हो उसकी तहक़ीक़ातमें जो मजिस्ट्रेट के रूबरूहोती है ज़ाबिता मुफ़स्सिलेज़ैल मरई रक्खा जायगा॥

लेना सुबूतकाजो पेश कियाजाय,

दफ़ा २०८—जब शख्स मुल्ज़िम मजिस्ट्रेट के रूबरू हाज़िर हो या हाजिरकियाजाय मजिस्ट्रेटकोलाज़िम है—कि मुस्तग़ीसका बयान सुने (अगर कोई मुस्तग़ीसहो) और हस्ब तरीक़े मुसर्रहः आयन्दा वह तमाम सुबूत जो बताईद इस्तग़ासे या मिन्जानिब शख्स मुल्ज़िम के पेश कियाजाय या जिसक़दर मजिस्ट्रेट तलब करे-ले॥

हुक्मनामा वास्तेपेश करनेसुबूत मज़ीदके,

अगर मुस्तग़ीस या अहल्कार पैरोकार इस्तग़ासा या शख्स मुल्ज़िम मजिस्ट्रेट से यह दरख्वास्त करे कि हुक्मनामा वास्ते जबरन् हाज़िर करने किसी गवाह या हाज़िर कियेजाने किसी दस्तावेज़ या दीगर शैकेजारी कियाजाय तो मजिस्ट्रेटको चाहिये कि उसमज़मूनका हुक्मनामा जारीकरे-इल्ला उसहालतमें कि बाअस किसी वजूहके जो तहरीर कीजायेंगी वह उसका जारीकरना ग़ैरज़रूरी समझे॥

इस दफ़ाकी किसी इबारतसे यह न समझाजायगा कि किसी मजिस्ट्रेट प्रेज़ीडन्सीको भी अपनी वजूह क़लम्बन्द करनीज़रूरहैं॥

कब शख्समुल्ज़िमकी रिहाई होगी,

दफ़ा २०९-जबवह सुबूत जिसकाज़िक्र दफ़ै २०८-के फ़िक़रात १व२-में हुआ है लेलियाजाय-और मजिस्ट्रेट मुल्ज़िम का इज़हार जिसमें मुल्ज़िमको उन हालात और वाक़िआतके साफ़करने का मौका मिलाहो जो शहादतमें उसके मुख़ालिफ़ नज़र आतेहों लेचुके—तो ऐसे मजिस्ट्रेट को लाज़िम है कि अगर उसकी दानिस्तमें शख्स मुल्ज़िमको तजवीज़ मुक़द्दमेके लिये सिपुर्दकरनेकी वजूहकाफ़ी नहों तो उसको रिहाई दे-इल्ला उससूरतमें कि मजिस्ट्रेट मौसूफ़को दरियाफ्तहो कि शख्स मज़कूरके मुक़द्दमे की तजवीज़ खुद उसीके रूबरू या किसी

और मजिस्ट्रेट के रूबरू होनी चाहिये-कि उस सूरतमें वह उसीके मुताबिक़ अमल करेगा ॥

कोई इबारत इसदफ़ाकी मानः इसअम्रकी न समझीजायगी कि मजिस्ट्रेट किसी मुल्ज़िमको मुक़द्दमे की किसी नौबत माक़ब्लपर रिहाकरे बशर्ते कि उन वजूहसे जिन्हें मजिस्ट्रेट मज़कूरको क़लम्बन्द करना चाहियें मजिस्ट्रेट इल्ज़ाम मज़कूर को वेबुनियाद समझे ॥

दफ़ा २१०—जब ऐसे सुबूत के लेने और ऐसा इज़हार लिये जाने के बाद (अगर कोई इज़हार हो) मजिस्ट्रेट को मालूमहो कि शख्स मुल्ज़िमको तजवीज़ के लिये सिपुर्द करने की वजूह काफ़ीहैं तो उसको लाज़िमहै—कि अपने हाथसे एकफ़र्द क़रारदाद जुर्म लिखे—और यह ज़ाहिर करे कि मुल्जिम पर कौनसा जुर्म लगाया गयाहै ॥

कब फ़र्दक़रारदादजुर्म तैयारहोगी,

बफ़ौर क़लम्बन्द होने फ़र्द क़रारदाद जुर्म के वह फ़र्द शख्स मुल्जिम के रूबरू पढ़ी और उसको समझाई जायगी-और उसकी एकनक़ल अगर शख्स मुल्जिम दरख्वास्तकरे बिलालेने किसी रसूमके दीजायगी ॥

फ़र्दमुल्जिमको समझाईजायगी और नकल मुल्जिमको दीजायगी,

दफ़ा २११---शख्स मुल्ज़िमको हिदायत कीजायगी कि उसी वक्त फ़ेहरिस्त उन अशखासकी (अगर कुछहों) जिनको वह तजवीजके वक्त शहादत देने के लिये तलब कराना चाहता हो तक़रीरन् या तहरीरन् दाखिलकरे ॥

सफ़ाईके गवाहोंकी फ़ेहरिस्ततजवीजके वक्त,

मजिस्ट्रेट मजाज है--कि हस्ब इक्तिज़ायराय अपने शख्स मुल्ज़िमको किसीवक्त माबादपर अपने गवाहों की फेहरिस्त मजीद दाखिल करने की इजाज़त दे-और जब मुल्जिम हाईकोर्टमें तजवीज मुकद्दमे के लिये सिपुर्द हुआहो कोई इबारत इसदफ़ाकी माने इस अम्रकी न समझी जायगी कि शख्स

फ़ेहरिस्त मजीद,

मुल्ज़िम किसी वक्त माक़ब्ल शुरूअ होने उसके मुकद्दमेकी तज-वीज रूबरू हाईकोर्टके एक फेहरिस्त मज़ीद उन अशखास की जिनको वह तज़वीज मजकूरके वक्त शहादत देनेके लिये तलब कराना चाहता हो क्लार्कशाही को हवालेकरे ॥

मजिस्ट्रेटका अख्तियार दरबारह लेने इजहार वैसे गवाहों के,

दफ़ा २१२ – मजिस्ट्रेट मजाज है-कि हस्ब इक्तिजाय राय अपने किसी गवाह को जिसकानाम ऐसी फ़ेहरिस्त में मुंदर्ज हो जो दफा २११-के बमूजिब दाखिल हुई हो तलब करके उसका इजहारले ॥

हुक्म सिपुर्दगी,

दफा २१३—अगर शख्स मुल्जिम बाद इसके कि उससे फेहरिस्त गवाहान हस्ब एहकाम दफा २११-तलबहुईहो उसको दाखिल न करे- या बाद दाखिल होने ऐसी-फहरिस्त के और बादतलबहोने और दफा २१२-के बमूजिबकल म्बंद होने इजहारात उन गवाहोंके (अगर कुछहों) जो फेहरिस्त में मुन्दर्ज हों और जिनका इजहारलेना मजिस्ट्रेट को मंजूर हो मजिस्ट्रेट इसहुक्म के इसदारकामजाज होगा-कि शख्स मुल्जिम हाईकोर्ट या अदालत सिशनमें (जैसी सूरतहो) तजवीजमुकद्दमे के लिये सिपुर्द कियाजाय-और (सिवाय उससूरतके कि मजि-स्ट्रेट प्रेजीडंसी का मजिस्ट्रेट हो) उसके सिपुर्द करने की वजूह व इबारत मुख्तसिर लिखैगा ॥

वह शख्सपर प्रेजीडंसी शहरोंके बाहरर अय्यतबृटानियाअहलयूरुपकेशामिल इल्जामलगायाजाय,

दफा २१४—अगर किसी शख्स पर जो रअय्यत बृटानिया अहलयूरुप न हो सिवाय मजिस्ट्रेटप्रेजीडं-सीके किसीऔरमजिस्ट्रेटकेरूबरूयहइल्जाम लगायाजाय कि वह किसी जुर्मका मुर्त्तकिब बशिराक़त किसी रअय्यत बृटानिया अहल यूरुपके हुआ है जोनइल्लत उसीकिसमके जुर्म के हाईकोर्टके रूबरू सिपुर्द होनेवाला है या जिसके मुकद्दमेकी तजवीज बरबिनाय किसी इल्जामके जो उस मुआमिले से पैदा होताहो हाईकोर्ट में होनेवाली है-और मजिस्ट्रेटके नजदीक शख्स मुल्जिममज-

कूर को उसके सिपुर्द होनेकी वजूह काफी पाई जायें–तो मजि-
स्ट्रेट मजकूर को लाजिम है –कि उसको वास्ते तजवीज मुकद्दमे
के रूबरू हाईकोर्ट न रूबरू अदालत सिशनके सिपुर्द करे॥

दफ़ा २१५–जब कोई सिपुर्दगी मारफत किसी मजिस्ट्रेट म-
जाज़के दफ़ा २१३-या दफ़ा २१४–के मुता-
बिक एक मर्तबा होले तो वह सिर्फ हाईकोर्ट
के हुक्मसे मुस्तरद होसक्ती है–और सिर्फ-
बराबिनाय अम्र क़ानूनीके॥

सिपुर्दगी तहत दफा २१३-या २१४-का मुस्तरद होना,

दफ़ा २१६—जब शख्स मुल्ज़िम ने फेहरिस्त अपने गवाहों
की हस्बहुक्मदफा२११-दाखिलकीहो और व-
ह तजवीज मुकद्दमेके लिये दूसरीअदालतमें
सिपुर्द कियागयाहो तोमजिस्ट्रेटको लाजिम
है-कि उनगवाहान मुन्दर्जे फेहरिस्त को जो उसके रूबरू हाजिर न
कियेगयेहों तलबकरे--ताकि वह उसअदालतमें हाजिरहों जिसमें
शख्समुल्जिम सिपुर्दकियागया हो॥

सफाईके गवाहोंकोतलबकरना जबकि मुल्जिमसिपुर्दकियाजाय,

मगर शर्त्त यह है--कि अगर शख्स मुल्जिम हाईकोर्टमें सिपुर्द
हुआहो तो मजिस्ट्रेट को अख्तियारहै--कि अगर मुनासिबसमझे
गवाहान मजकूर की तलबी क्लार्कशाही पर छोड़दे-चुनांचे वह
गवाह उसी सबीलसे तलबहोसकेंगे॥

और यहभीशर्त्त है-कि अगरमजिस्ट्रेटकीदानिस्तमें किसीगवा-
हका नाम सिर्फवास्ते ईजारसानी याअय्या-
म गुजारी या वास्ते जवाल अगराजमादि-
लतके फेहरिस्तमें दर्ज कियागयाहोतोमजि-
स्ट्रेटमजकूरशख्समुल्जिमको हुक्मदेसक्ता है
कि वह हस्ब इतमीनान अदालत साबितकरे कि गवाह मजकूर के
मुकद्दमेमें जरूरी होनेकी वजूहमाकूल मौजूदहैं -और अगर उसको
इसका इतमीनान न हो तो मजिस्ट्रेट मजाज़होगा कि गवाह मज-
कूरको तलब न करे (मगर न तलबकरने की वजह लिखदे) या
उसके तलब करने से पहले उसकदर मबलिगके जमाकरने की

गैरजरूरीगवाहकेतलबकरनेसे इन्कारकरना इल्लाजबकि रुपया अमानतकरदिया जाय,

हिदायतकरे जो वास्ते अदायखर्च हाजिरकराने गवाह मजकूर के जरूरी मालूमहो ॥

दफा २१७--अशखास मुस्तगीस और गवाहान मुद्दई और मुद्दआअलेह को जिनका अदालत सिशन या अदालत हाईकोर्टमें हाजिरहोना जरूरहो और जो मजिस्ट्रेटके रूबरू हाजिरआयें-लाजिम है-कि अपने २ मुचलिके बइकरार हाजिरहोने इन्दुल्तलब रूबरू अदालत सिशन या हाईकोर्टके वास्ते पैरवी मुकद्दमा या अदाय शहादतके जैसी सूरत हो मजिस्ट्रेटके रूबरू तहरीरकरें ॥

मुस्तगीसों औरगवाहों के मुचलिके,

अगर कोई मुस्तगीस या गवाह अदालत सिशन या अदालत हाईकोर्टमें हाजिरहोने से या मुचलिका मुतजक्किरे बालाके लिखने से इन्कारकरे तो मजिस्ट्रेट मजाज़है-कि जबतक वह ऐसा मुचलिका न लिखे या जबतक कि उसका अदालत सिशन या हाईकोर्ट में हाजिर होना जरूरहो कि (उसवक्त मजिस्ट्रेट उसको हिरासतमें करके अदालत सिशन या हाईकोर्ट में जैसी कि सूरतहो भेजदेगा) उसको नजरबंद रक्खे ॥

हिरासतमेंरखनाजबकि हाजिरहोने या मुचलिका देनेसे इन्कारकियाजाय,

दफा २१८--जब शख्समुल्जिम तजवीज के लिये सिपुर्दकिया जाय साहब मजिस्ट्रेटको लाजिम है-कि हुक्म मशअर इत्तिलाअ सिपुर्दगी और सराहत जुर्म के उन्हीं अल्फ़ाज के साथ जो फर्दक़रारदाद जुर्म में मुन्दर्ज हों उस शख्स के नाम सादिरकरे जो उस गरज से लोकलगवर्नमेंट की तरफ़ से मुक़र्रर हुआहो-इल्ला उस सूरत में कि मजिस्ट्रेट को इतमीनानहो कि शख्स मजकूर अम्र सिपुर्दगी औरक़रारदादजुर्म के अल्फ़ाज से पहले वाकिफ होचुका है ॥

सिपुर्दगी की इत्तिला कब दीजायगी,

और मजिस्ट्रेट मौसूफ़ फर्द क़रारदाद जुर्म और तहक़ीक़ात की मिसलको मै किसी हथियार या और शैमन्कूलाके जोसुबूतमें दाखिलहोनेवालीहो अदालत सिशन में भेजदेगा-या जबसिपुर्दगीहाई-

फर्द क़रारदाद जुर्म वगैरह हाईकोर्ट या अदालत सिशन में भेजदे

या जायेगा, कोर्टमेंहुईहो तोपासक्लार्कशाही या दूसरेओहदेदारके जोहाईकोर्टसे उसकामकेलिये मुकर्ररहुआहोमुरसिलकरेगा॥

जब कि सिपुर्दगी हाईकोर्ट को कीजाय और कोई हिस्सा मि-
अंगरेजीतर्जुमा हाई सलका अंगरेजी जवानमें नहो तो लाज़िम है
कोर्टमें भेजदियाजायगा, कि उस हिस्से का अंगरेजी तर्जुमा मिसलके साथ रवाना कियाजाय॥

दफ़ा २१९-मजिस्ट्रेट को अख्तियारहै-किबादसिपुर्दगी मुक़-
गवाहान मज़ीदके त- द्दमाऔर क़ब्लशुरूअहोनेतजवीज़केकुछऔर
लब करनेका अख्तियार, गवाहान मजीद को तलब करके उनका इज-हारले और हस्ब तरीक़े मुसर्रहबाला उनसे मुचलिका बइक़रार हाजिरी अदालत और अदाय शहादत के लिखवाले॥

जहांतक मुमकिनहो ऐसा इज़हार शख्स मुल्जिम के रूबरू लियाजायेगा--और अगर मजिस्ट्रेट प्रेजीडंसी का मजिस्ट्रेट नहो तो ऐसे गवाहके इजहारकी एक नकल शख्स मुल्जिम को अगर वह दरख्वास्तकरे बिलाअख्ज रसूमदीजायेगी॥

दफ़ा२२०-तावकूअ तजवीज औरदौरान तजवीजमें मजिस्ट्रेटको
दौरान तजवीज में लाजिमहोगा कि बपाबंदी अहकाम इस मज-
मुल्जिमकोहिरासतमें मूये के दरबाबलेने जमानतके अपने वारंट के
रखना, जरिये से शख्समुल्जिम को हिरासत में नजर-बन्द रक्खे॥

बाब-१९॥

बाबत फ़र्द करारदाद जुर्म के॥

नमूना हाय फ़र्द करारदाद जुर्म॥

दफ़ा २२१-हरफ़र्द क़रारदाद जुर्ममें जो इसमजमूये के मुता-
फ़र्द करारदाद जुर्ममें बिक़हो वहजुर्मलिखाजायगाजिसकाइल्जाम
जुर्म लिखाजायगा, शख्स मुल्जिमपर लगाया जाय॥

अगर उस कानूनमें जिसकी रूसे कोईजुर्म करार पाया हो
जुर्मकानामनाम उसका कोई खासनाम मुक़र्ररहुआहो तो जा-

बयानकाफीहोगा, यजहै कि फर्द करारदाद जुर्म में वहजुर्म सिर्फ उसी नामसे बयान कियाजाय ॥

जबजुर्मकाकोईखास नाम नहोतो क्योंकर बयानहोगा,

अगर उसकानून में जिसकीरूसे कोई जुर्म करार पायाहो उस का कोईखासनाम मुकर्रर न होतो जरूर है कि फर्द करारदाद जुर्म में उस जुर्म की उस कदर तारीफ दर्ज कीजाय कि मुल्जिम उन मरातिबसेमुत्तिलअहोजाय जिनकाइल्ज़ाम उसपरलगायागया है ॥

कानून और कानूनकी दफा जिसकी खिलाफ वर्जी से जुर्म करारदादहका वकूअमें आना जाहिर कियागयाहो फर्दकरारदाद जुर्म में जाहिरकीजायेगी ॥

फर्दकरारदादजुर्मसेक नायतन्क्यामफहूम होगा,

फर्द करारदाद जुर्मका मुरत्तिब करना बमंजिलै इस बयान के है कि हर शर्त क़ानूनी जो वास्ते क़ायम करने उसजुर्म के कानूनन्जरूरी हो जिसका इल्ज़ाम लगायागया इस खासमुक़द्दमे में पूरीकीगई ॥

फर्दकरारदाद जुर्म किस ज़बानमें होगी,

बलाद प्रेजीडन्सीमें फर्दक़रारदाद जुर्म बज़बान अंग्रेजी लिखी जायगी- और और जगह फ़र्द मज़कूरख्वाह बज़बान अंग्रेज़ी ख्वाह अदालत की ज़बान में तहरीर पायेगी ॥

कवसज़ायाबी साबिक कीतसरीह कीजायगी,

अगर शख्स मुल्ज़िम किसी जुर्म साबिक़ में माखूज होकर सज़ायाब हुआहो और उस सजायाबी साबिक का साबित करना इस वजहसे मंजूरहोकि उसका असर उससज़ापर पहुँचे जो अदालत देनेकी मजाज़ है- तो सज़ायाबी साबिक़ का हाल बक़ैद तारीख़ और मुक़ाम फ़र्द क़रारदाद जुर्ममें दर्ज करना चाहिये-अगर यह हाल उससे मतरूक होजाय तो हुक्मसज़ा सुनाने से पहिले किसी वक्त उसका दर्ज करना अदालत को जायज़है ॥

तमसीलात ॥

(अलिफ़)--फर्दक़रारदाद जुर्ममें जैदकी निस्बतबकरके क़तलअमद्का इल्ज़ाम लगायागया-यह बमंजिलै इसबयानके है कि

जैदका फ़ेल तारीफ़ क़तलअमद मुन्दर्जे दफ़आत २९९-व३००-ऐक्ट ४५ सन् १८६० ई०, मजमूये ताजीरातहिन्दमें दाख़िल है-औरजो मुस्तस्नियात आम्मह उसमजमूये में मुन्दर्ज हैं उनमेंसे किसीमें दाख़िल नहींहै-और जो पांच मुस्तस्नियात दफ़ा ३००-के जैलमें हैं उनमें भी दाख़िल नहीं है-या यह कि अगर वह मुस्तस्ना अव्वल में दाख़िल है तो उस मुस्तस्नाकी जो तीन शरायत हैं उनमें से कोई एकशर्त्त उससे मुतअल्लिक़ है॥

(बे)-जैद की निस्बत फ़र्द क़रारदादजुर्ममें हस्ब दफ़ा ३२६-मजमूये ताजीरातहिन्द के यह इल्ज़ाम लगायागया कि उसने उमरूको किसी गोली चलाने के आले के ज़रिये से बिल्इरादे ज़ररशदीद पहुंचाया-यह बमंज़िले इस बयान के है कि यह मुक़द्दमा दफ़ा ३३५-मजमूये ताजीरातहिन्द में दाख़िल नहीं है-और मुस्तस्नियात आम्मह उससे इलाक़ा नहींरखतीं॥

(जीम)--जैदपर क़तलअमद या दग़ा या सिरक़े या इस्तहसाल बिल्जब्र या ज़िना या तख़वीफ़मुजरिमाना या झूठे निशान मिल्कियतके इस्तैमाल में लानेका इल्ज़ाम लगाया गया-पस फ़र्द क़रारदादजुर्म में यह मुन्दर्ज होसक्ता है-कि ज़ैदने क़तल अमद या दग़ा या सिरक़ा या इस्तहसाल बिल्जब्र या ज़िना या तख़वीफ़ मुजरिमाने का इर्त्तिकाब किया--या कि वह मिल्कियत के झूठे निशान को इस्तैमाल में लाया-और ज़रूर नहीं है कि इन जरायम की तारीफ़ातपर जो मजमूये ताजीरात हिन्द में मरक़ूम हैं हवाले कियाजाय-लेकिन उन दफ़आत का हवाला जिनके मुताबिक़ जुर्म क़ाबिल सज़ा है हरसूरत में फ़र्द क़रारदाद जुर्मके अन्दर लिखना चाहिये॥

(दाल)-जैदपर हस्बदफ़ा १८४-मजमूये ताजीरातहिन्द के इसबातका इल्ज़ाम लगायागया-कि उसने अमदन् मालके नीलाममें जो एक सर्कारी मुलाज़िम के अख़्तियार जायज़की रूसे नीलामपर चढ़ायागयाथा मज़ाहिमतकी पस-फ़र्दक़रारदाद जुर्म में यही इबारत लिखीजायेगी॥

दफ़ा २२२–फ़र्दक़रारदाद जुर्ममें उसक़दर तफ़्सीलात बाबत वक्त और मौक़े इर्त्तिकाब जुर्म क़रारदादहके मै नाम उस शख़्सके अगर कोई हो या उस शैके (अगरकुछहो) मुन्दर्जहोंगी जिसके मुक़ाबिलेमें या जिसकीनिस्बत जुर्मवक़ूअमें आयाहो जो बतौर माकूल मुल्ज़िम को इसबात से मुत्तिलाअकरने के लिये काफ़ीहों कि उस पर किस अम्रका इल्ज़ाम लगायागयाहै ॥

तफ़सील बाबत वक्त और मौक़ा और शख़्सके,

दफ़ा २२३—जबमुक़द्दमाइसक़िस्मकाहो कि मरातिबमुन्दर्जै दफ़आत २२१—व २२२-से शख़्स मुल्जिमको बख़ूबी यहअम्र न मालूम होसके कि उसपर किस अम्रका इल्ज़ामहै-तो लाजिमहै-कि जिस तौरपर इर्त्तिकाब जुर्म मुबैयनाका कियागयाहो उसकी बाबत वह हालात भी फ़र्द क़रारदाद जुर्म में दर्ज कियेजायँ जो उसग़रज़के वास्ते काफ़ी हों ॥

कबइर्तिकाबजुर्मके तौर का बयान करना ज़रूर है,

तमसीलात ॥

(अलिफ़)–जैदपर एकखासवक्त और मुक़ामपर एक खासशैके सिरक़ाकरनेका इल्ज़ामलगाया गया-तो फ़र्द क़रारदाद जुर्ममेंयह लिखाजाना ज़रूर नहीं है कि किसतौरपर सिरक़ा कियागया ॥

(बे)–जैदपर यह इल्ज़ाम लगायागया-कि उसने एकखास वक्त और मुक़ामपर बकरको दग़ादी-तोजरूर है कि फ़र्द क़रारदाद जुर्ममें यह लिखाजाय कि जैदने किस तौरपर बकरको दग़ादी ॥

(जीम)–जैदपर यह इल्जाम लगायागया-कि उसने फ़लां वक्त औरफ़लांमुक़ामपर झूठीगवाहीदी-तोजरूरहै कि फ़र्दक़रारदाद जुर्म में जैदकी गवाहीका वह जुज्व लिखाजाय जिसका झूठहोना बयान किया गया है ॥

(दाल)–जैदपर यहइल्जाम लगायागया-कि उसने खालिद एक सर्कारी मुलाजिमको उसके मन्सबीकारहाय सर्कारी के इन्सराम में फलांवक्त औरफलां मुकामपर मजाहिमतपहुंचाई-तोजरूर है किफ़र्दक़रारदाद जुर्ममें यहलिखाजाय कि जैदने खालिदकोउस

केकारहाय मन्सबीके इन्सरामसें किसनेहजपरसजाहिमतपहुंचाई॥

(हे)--जैदपर यह इल्जाम लगायागया-कि उसने फलां वक्त और मुकामपर खालिद्को अमदन् कतलकिया-तो जरूरनहींहै कि फर्द क़रारदाद जुर्म में यहभी लिखा जाय कि जैदने किसतौरपर खालिदको क़तल किया ॥

(वाव)--जैदपर यहइल्जाम लगायागया-कि उसने इस नियत से हुक्म क़ानूनकी नाफ़र्मानीकी कि बकर सजासे बचजाय-पस फ़र्द क़रारदाद जुर्म में वह नाफ़र्मानी दर्ज की जायगी जिसका इल्जामहै-और नीज वह कानून जिससे खिलाफ़ वर्जी हुईहो ॥

फ़र्दक़रारदाद जुर्म के अल्फ़ाज के मानी उसकानूनकेमानियोंके मुवाफ़िक़ समझे जायँगे जिसकी रूसे वह जुर्म लायक़ सज़ा हो,

दफ़ा २२४--हरफ़र्दक़रारदाद् जुर्ममें जो अल्फाजजुर्मके बयान करने में मुस्तैमिलहों उनसे यहसमझाजायेग कि वह उन मानियों के साथ मुस्तैमिलहुये हैं जो उस क़ानून में जिसके बमूजिब जुर्म मज़कूर लायक़ सजाहो उनकेलिये मुक़र्रर किये गये हैं ॥

ग़लतियों का असर,

दफ़ा २२५—जुर्म के बयान या उन मरातिब के बयान में जिनका फ़र्दक़रारदाद जुर्म में दर्ज कियाजाना जरूर है गलतीका वाक़ैहोना और जुर्म और नीज़ मरातिब मजकूर के बयान में फ़रोगुजाश्त होना किसी नौबत मुक़द्दमे में मुक़ुम अहम मुतसव्विर न होगा-इल्ला उस हालत में कि मुल्जिमको फ़िल्वाक़ै उस गलती या फरोगुजाश्त से मुगालताहुआहो ॥

तमसीलात ॥

(अलिफ़)--जैदपरहस्ब दफ़ा २४२-मजमूये ताजीरात हिंदके ऐक्ट ४५-सन् १८६०ई०, यह इल्जाम लगाया गया कि उसने ऐसा सिका मुल्तबिस अपने पास रक्खा जिसको कब्जेमें लाते वक्तवह जानताथा कि यह सिका मुल्तबिसहै-और फ़र्दकरारदाद जुर्म में अल्फ़ाज "फ़रेबसे" फरोगुजाश्त होगये-तो जिस हालमें यहबात न पाईजाय कि जैदको इस फरोगुजाश्त से फ़िल्वाक़ै मुगालता

हुआ वह ग़लती मवस्सर नफ्स मुकद्दमा मुतसव्विर न होगी॥

(बे)–जैद पर यह इल्ज़ाम लगायागया-कि उसने बकरको दग़ादी-और जिसतौरपर कि उसने बकर को दग़ादी वह फर्दकरारदाद जुर्ममें नहींलिखा या ग़लतलिखागया जैद ने जवाबदिही की- और गवाह हाजिरकिये और उस मुआमलेकाहाल जो उसको बयान करनाथा बयान किया-पस अदालत इससे यह मुस्तंबित करसक्ती है-कि दग़ादेनेके तौर का बयान न होना एक फरोगुजाश्तमवस्सर नफ्स मुकद्दमानहीं है॥

(जीम)--जैदपर यह इल्ज़ाम लगाया गया कि उसने बकर को दग़ादी-और जिस तौर पर कि उसने बकर को दग़ादी वहफर्दकरारदाद जुर्म में बयान नहींकिया गया-और फीमाबैन जैद और बकरके अक्सर मुआमलात हुयेथे-और जैदको कोई जरिया इस बातके मालूम करने का नहीं मिला कि वह इल्ज़ाम उन मुआमलातमेंसे किसकी बाबत है-पस उसने कुछ जवाबदिही न की-तो इनवाक़िआत से अदालत यह मुस्तंबित करसक्ती है-कि दग़ादेने के तौर का न बयान होना इस मुकद्दमे में एकगल्ती मवस्सर नफ्स मुकद्दमा है॥

(दाल)--जैदपर यह इल्ज़ाम लगायागया-कि उसने जनवरी सन् १८८२ ई० की २१-तारीख को खुदाबख्श को अमदन् कतल किया-और वाके में शख्समकतूलका नाम हैदरबख्श था-और कतलकी तारीख २०-जनवरी सन् १८८२ ई० थी-जैदपर सिवाय एक इल्ज़ामके और कभी कतल अमदका इल्ज़ाम नहीं लगायागया था-और जो तहकीकात किमजिस्ट्रेटके रूबरूहुई उसको उसने सुना-और वह सिर्फ हैदरबख्श के मुकद्दमे से मुतअल्लिक है पस इन वाकिआत से अदालत यह इस्तम्बातकरसक्ती है कि जैद को मुगालता नहीं हुआ-और फर्दकरारदाद जुर्म की गल्ती मवस्सर नफ्सुमुकद्दमा नहीं है॥

(हे)–जैद पर यह इल्ज़ाम लगाया गया-कि उसने जनवरी सन् १८८२ ई० की २०--तारीख को हैदरबख्शको अमदन्कतल

किया-और २१--जनवरीसन् १८८२ ई० को खुदाबख्शको जो उस कत्लअमद की इल्लत में उसको गिरफ्तार करनेकी कोशिश करता था अमदन् कत्लकिया जब उसपर कत्ल हैदरबख्श का इल्जाम लगायागया उसके मुकदमेकी तजवीज बइल्लत कत्ल अमद खुदाबख्श के की गई-और जो गवाह उसकी सफाईके हाजिर किये गये वह गवाह हैदरबख्श के मुकदमे के थे-इस सूरतमें अदालत यहबात मुस्तम्बित करसक्तीहै कि जैद को मुगालताहुआ और यह कि यह गलती मवस्सर नफ्ससुकदमाहै॥

जाबिना सिपुर्द होनेपर बिदून फर्द करारदादजुर्म केयाबजरिये नाकिसफर्दकरारदादजुर्म के,

दफा २२६——अगर कोई शख्स बिदून किसी फर्द करारदाद जुर्म के या बजरिये नाकिस या गलत फर्द करारदाद जुर्मके तजवीज मुकदमे के लिये सिपुर्द कियाजाय-तो अदालत याजब हाईकोर्टको सिपुर्दगी अमल में आई हो तो क्लार्कशाहीको जायजहै-कि बलिहाज कवाअद मुन्दर्जै मजमूये हाजा दरबारे नमूने फर्द करारदाद जुर्मके फर्द करारदाद जुर्म मुरत्तिबकरे-या उसमें इजाफा करे-या और नेहजपर उसमें तरमीम करे-यानी जैसी कि सूरतहो॥

फर्दकरारदादजुर्मकोअदालततब्दील करसक्ती है,

दफा २२७——हर अदालत मजाजहै कि किसी फर्दकरारदाद जुर्मको किसीवक्तकब्ल सुनानेतजवीजके या अगर जुर्मकी तजवीज रूबरूअदालत सिशन या हाईकोर्टके हो तो किसीवक्त माकब्ल मालूम होने रायअहाली जूरी या जाहिर होने रायअसेसरोंके तब्दीलकरदे॥

ऐसी हरएक तब्दील शख्स मुल्जिमके रूबरूपढ़ी और उसको समझा दीजायेगी॥

कबबादतब्दील केतज बीज फौरन् अमलमेंआसक्तीहै,

दफा २२८—अगर फर्द करारदाद जुर्म जो बमूजिब दफा २२६-या दफा २२७-के मुरत्तिब या तब्दील की गईहो ऐसीहोकि फौरन् तजवीज मुकदमेमेंमसरूफहोनेसे अदालतकेनजदीकगालिबनमुद्दालेहकीजवाबदिहीमें यामुस्तगीसकीपैरवीमुकदमामें फितूरवाके

न होगा तो यह बात ब अख्तियार अदालत है कि फर्द करारदाद जुर्म के मुरत्तिब होने या उसमें तब्दील करने के बाद मुकद्दमे की तजवीज में उसीतरह मसरूफ हो कि गोया फ़र्दजदीद या तब्दील शुदह असल फ़र्द करारदाद जुर्मथी ॥

दफ़ा २२९----अगर फ़र्द करारदाद जदीद या तब्दील शुदह ऐसी होकि फौरन्तजवीजमुकद्दमेमें मसरूफ़ होनेसेअदालतकेनजदीकगालिबनमुलजिम या मुस्तगीसकी हक़तलफ़ीहस्बतरीकैमुतज-क्किरैसदरहोगीतो उस अदालतको अख्तियारहै-कि तजवीजजदीद होनेका हुक्मदे-या तजवीज मुकद्दमा उस मीआदतक मुल्तवी रक्खे जो जरूरीहो ॥

कवतजवीजजदीदका हुक्म दियाजासक्ताहैयातजवीजमुल्तवी रहसक्तीहै,

दफ़ा २३०——-अगर जुर्म मुन्दर्जै फर्द जदीद या तब्दील शुदह ऐसा हो कि उसकी बाबत नालिश करने के लिये पेश्तरसे मंजूरी तलबकरनी जरूर हो-तो मुकद्दमे की कार्रवाई ताहुसूल मंजूरी मुल्तवी रहेगी-इल्ला उस हालमें कि इस्तगाअ नालिशके लिये उन्हीं वाकिआतकी बुनियाद पर मंजूरीहासिल होगईहो जिनपर फ़र्द जदीद या तब्दीलशुदह मबनीहो ॥

मुकद्दमाकामुल्तवी रहना अगरतब्दीलशुदहफर्द करारदादजुर्म में उस जुर्म कीबाबतनालिशकरकेनेलिये पेश्तर मंजूरीदरकार हो,

दफ़ा २३१----जब कोई फ़र्द करारदाद जुर्म अदालत से बाद शुरूअहोने तजवीजके तब्दील की जाय तो मुस्तगीस और शख्स मुल्जिम को इजाजत दीजायगीकि मिन्जुमलै उन गवाहोंके जिनका इजहार होचुकाहो जिस गवाहको चाहे मुकर्रर तलब करे या मुकर्ररतलब कराके अम्र मुतबदला की बाबत उसका इजहारले ॥

गवाहोंको फिरतलबकरनाजबकि फर्द करारदाद जुर्मतब्दीलकीजाय,

दफ़ा २३२--अगर राय किसी अदालत अपील या अदालत हाईकोर्टकी वक्त इस्तेमाल अपने अख्तियारात निगरानी या अख्तियारात मुतअल्लिके बाब २७-के यह हो किजिस शख्सपर जुर्म क़रार दिया गया है उसको फिल्वाक़ै

संगीनगल्तीकीतासीर,

बवजह न होने फ़र्द क़रारदाद जुर्म के या बवजह ग़लती होने के फ़र्द क़रारदाद जुर्म में जवाबदिही में मुग़ालता हुआहै-तो उसको लाज़िम है-कि फ़र्द करारदाद जुर्म को जिसतरह मुनासिब समझे मुरत्तिबकरके उसीकी बुनियाद पर तजवीज जदीद अमल में आने का हुक्म दे ॥

अगर उस अदालत की राय में वाक़िआत मुक़द्दमा ऐसेहोंकि उनकी बिनायपर कोई इल्जाम सही शख्स मुल्जिमपर वाक़िआत मुसबिते परनजर करके आयद न होसक्ताहो तो वह अदालत हुक्म असबात जुर्मको फ़िस्ख करेगी ॥

तमसील ॥

जैदपर जुर्म मुतअल्लिकै दफ़ा १९६-मजमूये ताजीरातहिंद बर बिनाय ऐसी फ़र्दकरारदाद जुर्म के साबित करार दियागया जिस ऐक्ट ४५-सन् १८६० ई०, मेंयह लिखनाफ़रोगुजाश्तहुआथा-किज़ैदयह बात जानता था कि वह शहादत जिसको उसने बददियानती से बतौर शहादत सही व असली के मुस्तैमिल किया या मुस्तैमिल करने का कस्द किया झूठी और जाली थी-तोअगर अदालतको ज़न्नग़ालिब हो कि जैद ऐसा इल्म रखता था-और फ़र्द क़रारदाद जुर्म में इस बातका बयान फ़रोगुजाश्त होने से कि जैद ऐसा इल्म रखता था उसको अपनी जवाबदिही में मुग़ालता हुआ-तो अदालत मज़कूर यह हुक्म देगी कि फ़र्द करारदाद जुर्म तरमीम होकर तजवीज अजसरनौ अमल में आये-मगर जिस हालमें कि कार्रवाई मुक़द्दमे से यह करीन कयास हो कि जैद को ऐसा इल्म न था तो अदालत हुक्म असबात जुर्म को फ़िस्ख करेगी ॥

चन्दइल्जामातकाश मूल ॥

अलाहिदाः फर्द करार दाद जुर्म हरजुर्म जुदा गाना की बाबत,

२३३----लाज़िम है-कि हर जुर्म जुदागाना की बाबत जिसका किसी शख्सपर इल्जामलगायाजाय फ़र्द करारदाद जुर्म अलाहिदाहो—और ऐसे हर इल्जामकी तजवीज भी जुदागाना होनी

चाहिये बजुज़ उन सूरतों के जो दफआत २३४-व २३५-व २३६-व २३९-में मज़कूर हैं ॥

तमसील ॥

जैदपर एकवक्त सिरकाका और दूसरेवक्त जररशदीद पहुँचाने का इल्जाम लगायागया-तो चाहिये कि जैद की निस्बत सिरके की फर्द करारदाद जुर्म और तजवीज जुदाहो-और जररशदीद पहुँचाने की फर्द करारदाद जुर्म और तजवीज जुदाहो ॥

जब तीनजुर्म एकहीकिस्मके एकसालकेअन्दर वकूअमें आयें तो उनकाइल्जाम एकशामिलआयद कियाजायेगा,

दफा २३४-जब एक शख्स की निस्बत एकही किस्मके एक से जियादह इल्जामात लगाये जायँ जो जुर्म अव्वलसेलेकर जुर्मआखिरतक अर्से १२-बारह महीनेके अन्दर सरजदहुयेहों-तोजायजहै कि उसपर एकहीवक्तमें चन्द जरायमका इल्जाम जो३-तीनसेजियादह न हों आयद होकर सबकी एक तजवीज कीजाय ॥

ऐक्ट४५ सन्१८६०ई०,

जरायम उसवक्त एकही किस्मके हैं जब उनके लिये मजमूये ताजीरातहिन्दकी दफा वाहिद में या किसी और कानून खास या मुख्तसुल मौके में एकही तादाद की सजा मुकर्रर हो ॥

१-एकसेजियादाजुर्मों की बाबत तजवीज,

दफा २३५-(१)-अगर चन्द वाकिआत में जो बाहम ऐसा तअल्लुक रखते हैं कि वह एकही मुआमला हो गये हैं एकही शख्स से एकसे जियादह जरायम सरजद हों-तो जायजहै कि ऐसे हर जुर्मकी इल्लतमें शख्स मजकूरकी निस्बत तकमीलै फर्द करारदाद जुर्म और तजवीजका एकही साथहो ॥

२-वहजुर्म जोदोतारीफोंकेअन्दरआये,

(२)-अगर अफआलमुजहरै ऐसेजुर्मपर मुश्तमिलहों जोबमूजिब किसीकानून मजरिये वक्तके ऐसी दो या कई तारीफात जुदागानामेंदाखिलहों जिनमेंजरायमकी तारीफात या ताजीरात मरकूमहों--तो जिसशख्स से वह फेल सरजद हो जायज है कि एकही तजवीज के वक्त उसपर हर

जुर्म मिंजुमलै जरायम मजकूर लगायाजाय और हरएक की तजवीज कीजाये ॥

(३)-अगर चन्दअफ़आल जिनमेंसे एक या जियादह अफ़आल फ़रदन् फ़रदन् जुर्महों या जरायमहों मगर जिन का मजमूआ एक दूसराजुर्महो किसी शख्ससे सरजद हों-तो जायजहै कि शख्स मुल्जिमपर इल्जाम उसजुर्म का जो उनअफ़आल से मजमूअन् पैदाहोता हो या उसजुर्मका जो मिंजुम्लै उनअफ़आलके एक या चंदअफ़आल से पैदाहोताहो एकही मुकद्दमे में शामिल होकर उनकी एकवक्त तजवीज कीजाय ॥

८--वहअफ़आल जो एकजुर्म हों मगर उनका मजमूआदूसराजुर्महो,

कोई इबारतदफ़ा हाजाकी मजमूये ताजीरात हिन्दकीदफ़ा७१-ऐक्ट४५-सन्१८६०ई०, की मुखिल न होगी ॥

तमसीलात-मुतअल्लिकै फ़िकरैअव्वल ॥

(अलिफ़)-जैद एक शख्स खालिदको जो हिरासत जायजमेंथा छुड़ालेगया-और उसके छुड़ाने में एककानिस्टबिल वलीदको जिसकी हिरासतमें खालिदथा जैदने जररशदीदपहुंचाया-तो जायज है कि जैदकी निस्बतजरायममुसर्रहादफ़आत २२५-व ३३३-मजमूये ताजीरातहिंदकी बाबत फर्दकरारदाद जुर्म लिखीजाय और तजवीज कीजाय ॥

(बे)-जैदने जिनाकरने की नियतसे दिनकेवक्त एकमकानमें नकबजनीकी-और उस मकान में दाखिल होकर बकरकी जौजाके साथ जिना किया-तो जायजहै कि जैदकी निस्बत बाबत जरायम मुतअल्लिकै दफ़आत ४५४-व ४९७-मजमूये ताजीरातहिंद के जुदा २ अफ़राद् करारदाद जुर्म लिखी जायें और जुदा २ अहकाम इसबात जुर्म सादिर हों ॥

(जीम)-जैदहिंदाको जो खालिदकी जौजाहै खालिदके पाससे बईं इरादे फ़ुसला लेगया कि उसके साथ जिनाकरे--और दरहकीकत उसके साथ जिनाका मुर्तकिब हुआ-तो जायज है कि जैदकी निस्बत बाबत जरायम मुतअल्लिकै दफ़आत ४९८-व

४६१-मजमूये ताजीरातहिंदके जुदा २ अफराद करारदादजुर्म लिखीजायें और जुदा २ तजावीज इसबात जुर्म सादिरहों ॥

(दाल)--जैदके पास चंद मवाहीरहैं जिनकी बाबत वह जानताहै कि मुलतबिसहैं-और यह नियतरखताहै कि बगरज इर्त्तिकाबचन्द जालसाजियों के जिनकी सजाम जमूये ताजीरात हिंदकी दफ़ा ४६६-में मुकर्ररहै उनको इस्तैमाल में लाये-तो जायजहै कि बइल्लत कब्जेदारी हरएक मोहर हस्ब दफा ४७३--मजमूये ताजीरातहिंदके जैदकी निस्बत जुदा २ फ़र्द करारदाद जुर्म लिखी जाय और तजवीज इसबात जुर्म जुदा २ कीजाय ॥

(हे)--जैदने खालिदको नुक़सान पहुंचाने के इरादे से यह जानकर उसपर नालिश फौजदारी दायरकी-कि इनसाफ़न या क़ानूनन् उस नालिश की कोई वजह नहीं है--फिर उसी जैद ने खालिदपर एक जुर्म के इर्त्तिकाब का झूठा इल्ज़ाम लगाया यह जानकर कि ऐसे इल्ज़ाम लगाने की इंसाफन् या क़ानूनन कोई वजह नहीं है-तो जायजहै कि जैदपर बाबत दो जरायम मुसर्रहा दफा २११-मजमूये ताजीरातहिन्दके जुदा२ अफराद करारदाद जुर्म लिखी जायें और उनकी निस्बत तजवीज इसबात जुर्म कीजाय ॥

(वाव)--जैदने खालिदको नुक़सान पहुंचाने के इरादे से उस पर एक जुर्म के इर्त्तिकाब का झूठा इल्ज़ाम लगाया यह जानकर कि इन्साफ़न् या कानूनन् उस इल्ज़ामकी कोई वजह नहीं है-और तजवीजके वक्त जैदने खालिदकी निस्बत झूठी गवाही दी इस नियतसे कि खालिदपर ऐसा जुर्म साबित कियाजाय जिसकी सजा मौत है तो जायज़ है-कि ज़ैदकी निस्बत जरायम मुसर्रहा दफा २११--व दफा १९४--मजमूये ताजीरात हिन्दके जुदा २ अफराद करारदाद जुर्मलिखीजायें और जुदा २ तजावीज इसबात जुर्म कीजायें ॥

×(ज़)--जैदने और छः शख्सों के साथ जरायम बलवह और ज़ररशदीद और ऐसे सर्कारी मुलाजिमपर हमला करनेका इर्त्ति-

काब किया जो अपने कारमन्सबीके अंजाम देने में बलवह फर्ो करने का कस्दकरता था-तो जायजहै कि जैदकी निस्बत बाबत जरायम महकूमा दफा १४७--व ३२५--व १५२--मजमूये ताजी-रात हिन्दके जुदा २ अफराद करारदाद जुर्म लिखीजायें और जुदा २ तजावीज़ इसबात जुर्मकीजायें ॥

ऐक्ट४५ सन् १८६०ई०,

(हे)--जैदने एकही वक्तमें बकर और खालिद और उमरूको खौफदिलाने की नियतसे नुक्सान जिस्मानी पहुंचानेकी धमकी दी-तो जायजहै कि जैदकी निस्बत बाबत तीनों जरायम मुन्दर्जे दफा ५०६--मजमूये ताजीरात हिंदके जुदा २ अफराद करारदाद जुर्म लिखीजायें और जुदा २ तजावीज इसबात जुर्मकीजायें ॥

जायजहै कि तजवीज़ जुदागाना इल्जामातकी जो तमसीलात (अलिफ) लगायत (हे) में मुन्दर्जहैं एकहीवक्तमेंकीजाय ॥

तमसीलात मुतअल्लिकै फ़िक़रे २ ॥

(तो)--जैदने बेजातौरपर खालिदको एक बेत मारी तो जायज है कि जैदकी निस्बत बाबत जरायम मुसर्रहा दफा३५२-व ३२३-मजमूये ताजीरात हिंदके जुदा २ अफ़राद करारदाद जुर्म लिखी जायें और जुदा २ तजवीज सुबूत जुर्म कीजाय ॥

(ये)--अनाजके चंदमसरूका बोरे पोशीदा रखनेकी ग़रज़ से जैद और खालिदके हवाले कियेगये जिनको मालूम था कि यह माल मसरूकाहै-बादअजां जैद और खालिदने बिलअमद एक गल्लेके खत्तेकी तहमें उन बोरों के पोशीदा करने में एकदूसरे की मददकी-तो जायजहै कि जैद और खालिद की निस्बत बाबत जरायम दफआत ४११-व ४१४-मजमूये ताजीरात हिन्दके जुदा२ अफराद करारदाद जुर्म लिखीजायें और जुदा २ तजावीज सुबूत जुर्मकीजायें ॥

(काफ)—हिन्दैने अपने तिफ्लको वहीं इल्म छोड़ा कि इस फेलसे यह एहतमाल है कि वह उस तिफ्ल की हलाकत का बाअसहोगी-और तिफ्ल मजकूर बवजह ऐसेछोड़नेके मरगया-तो जायजहै कि हिन्दैकी निस्बतहस्बदफा ३१७व दफा ३०४-मजमु-

ये ताजिरात हिन्द के जुदा २ अफ़राद करारदाद जुर्म लिखीजायें और जुदा २ तजावीज सुबूत जुर्म कीजायें ॥

(लाम)-जैदने बददियानतीसे एक दस्तावेज जालीकोबतौर दस्तावेज असली के सुबूतके लिये मुस्तैमिल किया इसग़रज से कि खालिद एक मुलाजिम सर्कारपर जुर्म मुफस्सिलै दफ़ा १६७-मजमूये ताजीरात हिन्द साबिता कराये-तो जायजहै कि जैदपर बाबत जरायम मुफस्सिलै दफ़आत ४७१-(जो दफ़ा ४६६-के साथ पढ़ीजायेगी) और दफ़ा १९६ मजमूये ताजीरात हिंदके जुदा२ अफ़राद क़रारदाद जुर्म लिखीजायें और जुदा २ तजावीज इसबात जुर्म सादिरहों ॥

तमसील-मुतल्लिक़े फ़िक़रै ३ ॥

(मीम)--जैदने बकरपर सिरक़े बिलाजब्र का इर्तिकाब किया और उस इर्तिकाब के वक्त बिलइरादै बकर को जरर पहुंचाया-तो जायज है कि जैदकी निस्बत बाबत जरायम मुतअल्लिक़ै दफ़आत ३२३—व ३९२-व ३९४-मजमुये ताजीरातहिन्द के जुदा २ अफराद करारदाद जुर्म लिखी जायें-और जुदा २ तजावीज इसबात जुर्म की जायें ॥

जबकि मुश्तबह हो कि कौनसा जुर्म सरजद हुआहै,

दफ़ा २३६—अगर कोई फ़ेल वाहिद या अफ़आल का मजमूआ इस किस्मका हो कि उन वाकिआत से जो साबिता होसक्ते हैं यहबात मुश्तबहहै कि मिन्जुम्लै चंदजरायम के कौनसा जुर्म करार पायेगा तो जायज है कि शख्समुल्जिमकी निस्बतफर्द करारदाद जुर्ममें उन तमाम जरायम या उनमें से किसी जुर्म के इर्तिकाबका इल्जाम लगायाजाय-और ऐसे इल्जामातकी किसी तादादकीतजवीजें मुअन् होसक्ती हैं-या जरायम मजकूरैमें से किसी एकजुर्मका इल्जाम अलस्सबीलुलबदालियत उसके जिम्मे कायम होसक्ता है॥

तमसील ॥

जैदपर ऐसे फ़ेल के इर्तिकाव का इल्जाम लगाया गया जो दरजे जुर्म सिरक़े या जुर्म इस्तहसाल मालमसरूका या खयानत

मुजरिमाना या दगाकोपहुंचसक्ता है-तो जायज है कि उसपर इल्जाम जरायम सिरका और हुसूलमालमसरूका और खयानत मुजरिमाना और दगाका फर्द करारदाद जुर्ममें लगाया जायया उसपर इल्जाम लगाया जाय-कि वह सिरका या हुसूलमालमसरूका या खयानत मुजरिमाना या दगाका मुर्तकिब हुआ है ॥

दफा २३७—अगर सूरत मुतजक्किरै दफा २३६ में सिर्फ एक जुर्म का इल्जाम मुल्जिम पर फर्द करारदाद जुर्ममेंलगाया जाय औरशहादतसे यहपाया जाय कि उसने किसी और जुर्मका इर्तिकाब कियाहै जिसकी इल्लतमें हस्ब अहकामदफा मजकूर उसकी निस्बत फर्द करारदाद जुर्म लिखी जा सक्ती थी-तो जायज है कि उसके जिम्मे वही जुर्म साबित करार दियाजाय जिसका इर्तिकाब करना उसपर साबित होगो वह इल्जाम फर्द करारदाद जुर्म में दर्ज न हुआहो ॥

(जब कि किसी शख्सपर एकजुर्म का इल्जामलगायाजाय तो उसकोदूसरे जुर्मकामुजरिमठहराया जासक्ताहै,)

तमसील ॥

जैदपर फर्द करारदाद जुर्म में सिरके का इल्जाम लगाया गया-और मालूमहुआ कि उस से जुर्म खयानत मुजरिमाना या जुर्म इस्तहसाल माल मसरूका जहूर में आया है तो जायज है कि उसपर जुर्म खयानत मुजरिमाना या जुर्म इस्तहसाल माल मसरूका (जैसा मौकाहो) साबित करार दियाजायगोफर्दकरारदाद जुर्म में उसपर जुर्म मजकूर का इल्जाम न लगाया गयाहो ॥

दफा २३८ जब किसी शख्स पर फर्द करारदाद जुर्म में ऐसे जुर्म का इल्जाम लगायाजाय जो चंदमुख्तलिफअजजा का मजमूआहो और उनमें से सिर्फ चन्द अजजा बिलइश्तमाल एकजुर्मसगीरा मुकम्मिलकी हद्दतक पहुंचते हों और ऐसा इश्तमालसाबितहो लेकिन बाकी अजजासाबित न हों-तो जायजहै किजुर्म सगीरा उसपर साबित करार दियाजाय गो फर्द करारदाद जुर्ममें उसपर उसजुर्मका इल्जाम न लगाया गयाहो ॥

(जब कि वह जुर्मजो साबितहुआहैउसजुर्म में शामिलहो जिसका इल्जामलगाया गयाहै,)

जब किसी शख्स की निस्बत जिसपर फर्द करारदाद जुर्म में कोई जुर्म करारदिया गयाहो ऐसे हालात साबित हों कि जिनसे जुर्म मजकूर बकदर एक जुर्म खफीफ के होजाय-तो जायज है कि नामबुरदाकी निस्बत जुर्मखफीफ साबित करार दियाजायगो उसकीनिस्बत फर्दकरारदाद जुर्ममें वहजुर्मकरार न दियागयाहो॥

किसी इबारत मुन्दर्जै दफा हाजासे यह तसव्वरकरना लाजिम नहीं है कि तजवीज सुबूत किसी जुर्म मुसर्रहा दफा १६८ या दफा १९९ की उसहालत में जायज होगीजब कोई इस्तगासा हस्बुल हुक्म उसदफाके न कियागयाहो ॥

तमसीलात॥

(अलिफ) जैदपर मजमूये ताजीरात हिन्दकी दफा ४०७ ऐक्ट ४५ सन् १८६०ई०). के मुताबिकइल्जाम खयानत मुजरिमानाका किसी जायदाद की बाबत फर्द करारदाद जुर्म में लगायागया जिसका जैदको बहैसियतमाल पहुंचानेवाले के सिपुर्द होना फर्द मजकूरमें करार दिया गयाथा यह मुतहक्किक होता है कि मालकी निस्बत जैदने दफा ४०६ के मुताबिक खयानत मुजरिमाना की—मगर वह माल बहैसियत रसानन्दै मालके उसको सिपुर्द नहीं किया गया था तो जायज है कि उसकी निस्बत तजवीज सुबूत जुर्म खयानत मुजरिमाना हस्ब मुराददफा ४०६ के कीजाय ॥

(बे)—जैदकी निस्बत मजमूये ताजीरातहिंदकी दफा३२५के ऐक्ट ४५ सन् १८६०ई०) बमूजिब इल्जाम जररशदीद पहुंचानेकाफर्द करारदादजुर्ममें कायम कियागया नाम बुरदाने यह साबितकिया किसख्त व नागहानी इश्तआल तबाहोने पर उसने अमल किया जायज है कि नामबुरदाकी निस्बत तजवीजसुबूत जुर्म हस्बदफा ३३५ मजमूये ताजीरातहिन्दकीजाय ॥

दफा २३६--जब एकसे जियादह अशखासपर जुर्म वाहिद या किनरशख्सोंपरविला जरायममुख्तलिफकाजिनका इर्तिकाबमुआम रुसतर कइल्जामलगाया लैनाहिदमेंहुआहोइल्जाम लगायाजाययाजब

जासक्ताहै, एकशख्सपरइल्ज़ाम इर्त्तिकाब किसी जुर्मका और दूसरे पर अआनत या इक़दाम जुर्म मज़कूर का इल्ज़ाम लगायाजाय तो जायज़है कि ऐसेजरायमकी बाबत फर्दक़रारदाद जुर्म और तजवीज़ मुक़द्दमा शामिलात में होयाजुदा २ (जैसाअदालतको मुनासिबमालूमहो) औरअहकाम मुंदर्जे जुज़्वअव्वल बाबहाजा जुमलै ऐसे इल्ज़ामातसे मुतअल्लिक़ समझे जायेंगे ॥

तमसीलात ॥

(अलिफ)– जैद औरबकरपरएकही क़तलअमदकाइल्ज़ाम लगायागयातो जायज़है कि क़तलअमदकी इल्लतमेंज़ैदऔरबकर कीफर्द क़रारदादजुर्म औरतजवीज़ मुक़द्दमायकशामिलहो ॥

(बे)–ज़ैद और बकरपर सिरक़ै बिलजब्रका इल्ज़ामलगाया गया जिसके अस्ना में ज़ैदनेक़तलअमदका इर्त्तिकाब कियाजिससे बकरको कुछ तअल्लुक़ नहींहै-तो जायज़है कि बरबिनायएकही फर्दक़रारदाद जुर्मकेजिसमें दोनोंपर सिरक़ैकाइल्ज़ाम औरसिर्फ जैदपर क़तलअमदका इल्ज़ाम लगायागयाहो दोनोंकी तजवीज मुक़द्दमायकशामिलहो ॥

(जीम)--जैद और बकरदोनोंपर एक सिरक़ा का इल्ज़ाम लगायागया और बकरपर और दोसिरक़ोंका इल्ज़ाम क़ायमहुआ है जो उसी वारदातके अस्ना में उससे सरज़दहुये थे जायज़ है किएकही फर्द क़रारदाद जुर्मकी बिनायपर एकही साथज़ैद और खालिद दोनोंके मुक़द्दमाकी तजवीज़ कीजाय इस तरहपर कि एकसिरक़ैकाइल्ज़ामदोनोंपरहोऔरबाक़ीदो सिरक़ोंकासिर्फबकरपर॥

दफ़ा २४०-जबएकसे ज़ियादह इल्ज़ाम एकहीशख्सपर क़ायम किये जायँ और जब तजवीज़ इसबात जुर्म किसी एक या चन्दजरायमकी बुनियादपर की ज़ायतो शख्स मुस्तगीस या ओहदेदार पैरोकारजानिब सर्कारमजाज़ है कि अदालत की इजाज़तलेकर बाक़ी इल्ज़ाम या इल्ज़ामातसे दस्तबरदारहो—या खुदअदालत को अख्तियार है कि इल्ज़ाम या इल्ज़ामात बाक़ी

चन्दइल्ज़ामोंमेंसे एक इल्ज़ामपरमुजरिमठहरने पर बाकी इल्ज़ामोंसे दस्तबरदार होना,

मुन्दाकी निस्बत तहक़ीक़ात या तजवीज़ मुल्तवीकरदे- चुनांचे ऐसीदस्तबरदारी यहअसर रक्खेगी कि गोया शख्स मुल्ज़िम ऐसे इल्ज़ामया इल्ज़ामात से बरीकियागया बजुज़ उस सूरतके कि तजवीज़ इसबात जुर्मकी मन्सूखकीजाय कि उस सूरतमें अदालतमज़कूर (बइतबाअ हुक्मअदालत मन्सूखकुनिन्दा हुक्म इस बात जुर्म) मजाज़होगी कि उसइल्ज़ाम या इल्ज़ामातकी तहक़ीक़ात या तजवीज़ में मसरूफ हो ज़िनसे दस्तबरदारी हुई थी ॥

बाब–२०

तजवीज मुक़द्दमात क़ाबिलइजराय सम्मन मारफ़तसाहबान मजिस्ट्रेट ॥

दफ़ा २४१–मुक़द्दमात क़ाबिलइजराय सम्मनकी तजवीज़में साहबान मजिस्ट्रेट जाबिते मुफ़स्सिलै ज़ैल अमलमें लायेंगे ॥

मुक़द्दमात क़ाबिल इजरायसम्मनमेंजाबिता,

दफ़ा २४२--जब शख्स मुल्ज़िम मजिस्ट्रेट के हुज़ूर हाज़िर हो या हाज़िर कियाजाय तो तफ़सील उसजुर्म की जिसका इल्ज़ाम उसपर लगायागया है उसको सुनादी जायेगी-और उससे इस्तिफ्सार कियाजायेगा कि इसबातकी वजह ज़ाहिरकरे कि वह क्यों जुर्म मजकूरका मुजरिम न ठहराया जाय-लेकिन कोई बाजाबिता फर्द करारदाद जुर्म मुरत्तिब करनी जरूर न होगी ॥

इल्जामका मजमून बयान करदियाजायेगा,

दफ़ा २४३--अगर शख्स मुल्ज़िम उसजुर्मके इर्तिकाबका इ- करारकरे जो उसपर लगायाजाय तो उसका इकबाल हत्तुल्मक़दूर उन्हीं अल्फाजमें लिखा जायगा जो उसके मुँहसेनिकलें-और अगर वह इसबातकी वजह काफ़ी न ज़ाहिरकरसके कि उसकी निस्बत तज़वीज सुबूत जुर्म क्यों न कीजाय तो मजिस्ट्रेट उसकी निस्बत तजवीज सुबूत जुर्म मुताबिक उसके करेगा ॥

इल्जामके सहीहोने के अक़बालपरसुबूतजुर्म,

दफ़ा २४४--अगर शख्स मुल्ज़िम ऐसा इक़बाल न करे तो म- जिस्ट्रेटको लाज़िमहै-कि इजहार मुस्तगीस

जाबिता जबकि कोई

वेस्नाइकवालन कियाजाय, का (अगर कोईहो) ले और तमाम वजह सुबूत जो बताईद नालिश पेशकीजाय शामिल मिस्लकरे-और मुस्तगास अलेहका भी बयान समाअतकरे-और जो कुछ सुबूत बताईद उसकी जैवाबदिही के गुजरे उसको लेले ॥

मजिस्ट्रेट मजाज़ है-कि अगर मुनासिब समझे बरवक्त दर्ख्वास्त किसी मुस्तगीस या मुल्जिमके हुक्मनामा वास्ते जबरन् हाजिर कराने किसी गवाह या पेश कराने किसी दस्तावेज़ या दीगर शैके जारीकरे ॥

मजिस्ट्रेट मजाजहै कि कब्ल तलबकरने किसीगवाहके बरतबक ऐसी दर्ख्वास्तके यह हुक्म सादिरकरे कि मसारिफ माकूलगवाह के जो मुकद्दमेकी अगराज़के लिये कचहरी में हाजिरहोने से उसके आयदहोतहों अदालतमें जमा करायेजायें ॥

दफ़ा २४५--अगर मजिस्ट्रेट बाद लेने सुबूत मुतज़क्किरे

बराअत, दफ़ा २४४--और उससुबूत मजीदके (अगर कुछहो) जो उसने अपनी तहरीकखाससे पेशकरायाहो और बाद करने सवाल व जवाबसाथ शख्स मुल्जिम के (अगर मजिस्ट्रेटको ऐसामंज़ूरहो) शख्स मुल्जिमको बेगुनाह समझे तो उसको लाजिमहै-कि उसकी बराअतका हुक्म तहरीर करे ॥

अगर मजिस्ट्रेट मजकूर शख्स मुल्ज़िमको मुजरिम करारदे तो

हुक्म सज़ा, उसको लाजिमहै कि उसकी निस्बत हुक्म सज़ा मुताबिक कानून के सादिरकरे ॥

दफ़ा २४६—मजिस्ट्रेट मजाज है-कि दफ़ा २४३—या दफ़ा

तजवीज-नालिशयासम्मनके वाअससे महदूद नहींहोगी, २४५-के मुताबिक़ शख्स मुल्जिम को ऐसे जुर्म का मुर्तकिब करारदे जिसकी तजवीज़ इसबाब के बमूजिब होती है और जिसका उससे सरज़द होना वाक़िआत मुसल्लमा या मुसबिता की रूसे साबितहो गो नालिश या सम्मन में कुछ और मजमून हो ॥

दफ़ा २४७-अगर सम्मन बरतबक़ नालिश के जारी हुआ

मुस्तगीसका न हाजिर हो और उस तारीख को जो वास्ते हाजिरी

होना, शख्स मुल्जिम के मुक़र्रर हुई हो या किसी और तारीख माबादको जिसपर मुक़द्दमे की समाअ़त मुल्तवीकी गई हो-मुस्तग़ीस हाजिर न हो-तो मजिस्ट्रेट को लाजिम है कि बावस्फ़ किसी मजमून के जो ऊपर मरकूम है शख्स मुल्ज़िमको बरीकरदे-इल्ला उससूरतमें कि किसीवजहसे मजिस्ट्रेटको मुक़द्दमे का किसी और तारीखपर मुल्तवी करना मुनासिब मालूम हो ॥

दफ़ा २४८—अगर किसीमुक़द्दमे में जिसमें इसबाबके मुताबिक़ अमलहो शख्स मुस्तगीस हुक्म अखीर के सादिर होने से पहिले किसी वक्त मजिस्ट्रेट को इसबातसे मुतमय्यन करदे कि उसको नालिश से दस्तकश होनेकी इजाज़त देनेकी वजूह काफी हैं-तो मजिस्ट्रेट मजाज है-कि उसको दस्तकश होनेकी इजाज़तदे- और उसीवक्त शख्स मुल्जिमको बरीकरे ॥

इस्तग़ासे से दस्तकश होना,

दफ़ा २४९—हरमुक़द्दमे में जो बजुज़ बरबिनाय नालिशनहीं बल्कि और तौरपर रुजूअहुआ हो मजिस्ट्रेट प्रेजीडन्सी या मजिस्ट्रेट दर्जे अव्वल या बमंजूरी मजिस्ट्रेट जिला हर दीगर मजिस्ट्रेट मजाज़ है-कि बमूजिब उन वजूहातके जिनको उसे कलम्बंद करना चाहिये हरमुक़द्दमे में जो बिलानालिशके किसी और तौरसे रुजूअ हुआहो काररवाइयों को किसी नौबतपर बिलासुनाने तजवीज़ मशअ़र बरअत मुद्दआअ़लेह ख्वाह इसबातजुर्म के मुल्तवीकरदे और उसके बाद शख्स मुल्ज़िमको रिहाईदे + ॥

काररवाईकेमौक़ूफकरने का अख्तियार जब कि मुस्तगीसनहो,

बाब—२१ ॥

तजवीज मुक़द्दमात काबिल इजराय वारंट बहुज़ूरमजिस्ट्रेट ॥

दफ़ा २५१—मुक़द्दमात काबिल इजराय वारंट की तजवीज में साहबान मजिस्ट्रेट को चाहिये कि जाबिता मुफस्सिलै ज़ैलपर अमल करें ॥

ज़ाबिता मुक़द्दमातका बिल इजराय वारंट में,

+दफ़ा २५० बज़रिये ऐक्ट४-मुसद्दिरैसन् १८९१ ई० की दफ़ा१ के मंसूखकीगई,

दफ़ा २५२--जब शख्स मुल्जिम किसी मजिस्ट्रेट के रूबरू

मुबूतनालिशकीबाबत, हाजिरहो या हाजिर कियाजाय तो मजिस्ट्रेट मजकूर को लाजिम है-कि बयान शख्स मुस्तगीस का अगरकोई होसुने-और तमाम वजह सुबूत को जो बताईद नालिश पेशकी जाय शामिल मिस्ल करे॥

मजिस्ट्रेट को लाजिम है-कि मुस्तगीस से या किसी औरतौर पर नाम उन अशखास के दरियाफ्त करे जो ग़ालिबन् हालात मुकद्दमे से वाक़िफ हों-और मुद्दई की तरफ से शहादत देसक्तेहों-और उनमें से उसकदर अशखास को जो जरूरी मालूम होंअपने रूबरू शहादत देनेके लिये तलब करे॥

दफा २५३—अगर बाद लेने तमाम वजह सुबूतके जिसका

मुल्जिम की रिहाई, हवाला दफा २५२—में हुआ है और बाद लेने उस कदर इजहार शख्स मुल्जिमके (अगर कुछ लियाजाय) जो मजिस्ट्रेट को जरूरी मालूम हो मजिस्ट्रेट की दानिस्त में किसी ऐसे मुकद्दमे का सुबूत जिस्मे शख्स मुल्जिमके न पाया जाय कि बसूरत उसकी अदमतरदीद के मुल्जिम की निस्बत तजवीज सुबूत जुर्म जायजहोतीतो मजिस्ट्रेट उसकोरिहाकरेगा॥

कोई इबारत दफा हाजा माने इस्की न समझीजायगी कि मजिस्ट्रेट शख्स मुल्जिम को मुकद्दमा की किसी नौबत साबिक पर रिहाकरे अगर बमूजिब उन वजूह के जिन्हें मजिस्ट्रेट को लिखना चाहिये मजिस्ट्रेट की यह रायहो कि इल्जाम बेबुनियादहै॥

दफा २५४—अगर उसवक्त जबकि ऐसी वजह सुबूत और इज-

फर्द करारदाद जुर्मका मुरत्तिबकरना जबकिजुर्म का साबित होनामालूम होता हो,

हार लियागया हो मजिस्ट्रेट की यहराय करारपाये-कि यह कयास करनेकी वजह मौजूद है कि शख्स मुल्जिम ऐसे जुर्मका मुर्तकिब हुआ है जिसकी तजवीज इसबाब के मुताबिक होसक्ती है और जिसको मजिस्ट्रेट मजकूर तजवीज करने का मजाज है और जिसके बदले मजिस्ट्रेट मौसूफ़ अपनी दानिस्त में सजाय कामिल आयद करसक्ता है तो उसको चाहिये कि

एक फर्द करारदाद जुर्म मुल्जिम की निस्बत कलम्बन्द करे ॥

दफा २५५–तब फर्द करारदाद जुर्म शख्स मुल्जिम के रूबरू पढ़ीजायगी और उसको समझाई जायगी और मुल्जिम से पूंछा जायगा कि तुम मुजरिम हो या कुछ जवाब दिही करनाचाहते हो ॥

इकबाल जुर्म,

अगर शख्स मुल्जिम अपनी निस्बत मुजरिम होना कबूल करे तो साहब मजिस्ट्रेट उसका इकबाल कलम्बंद करेगा-और अगर मुनासिब समझे हस्ब इक्तिजाय रायअपनी बरबिनाय उस के इकबाल के उसको मुजरिम ठहरायेगा ॥

दफा २५६--अगर शख्स मुल्जिम जवाब देने से इन्कार करे या जवाब न दे या यह दावाकरे कि उसकी निस्बत तजवीज कीजाय तो उसको हिदायत कीजायगी कि अपनी जवाब दिहीमें मसरूफ हो-और अपना सुबूत पेशकरे-औरहरवक्त उस अय्याम में जब वह अपनी जवाब दिही में पैरवी करता हो उसको इजाजत दीजायगी कि किसी गवाह जानिबमुस्तगीस को जो अदालत में या अदालत के अहाते में हाजिरहो मुकर्रर तलबकरके उससे सवाल जरहका करे ॥

जवाब,

अगर शख्स मुल्जिम कोईबयान तहरीरी दाखिल करे तो मजिस्ट्रेट को लाजिम है कि उसको शामिल मिस्लकरदे ॥

दफा २५७--अगर शख्स मुल्जिम मजिस्ट्रेटसे यहदरख्वास्त करे कि हुक्मनामा वास्ते जबरन हाजिर कराने किसी गवाहके इसगरज से जारीकिया जाय कि उससे इस्तिफ्सार या जरहके सवालात किये जायँ या कोई दस्तावेज या औरशै पेश कराईजायतो मजिस्ट्रेट को लाजिम है कि हुक्मनामा मतलूबा जारीकरे इल्ला उससूरत में कि उसके नजदीक दरख्वास्त को इसवजह से नामंजूर करनामुनासिबहो कियह बराह ईजारसानी याअय्यामगुजारी या जवाल अग्रराज मादलतगुस्तरी के गुजरी है-और मजिस्ट्रेट को लाजिम है कि वजह मजकूर को कलम्बन्द करे ॥

हुक्मनामा वास्ते जबरन् पेशकरानेसुबूतकेहस्ब दरख्वास्त मुल्जिम,

मजिस्ट्रेट मजकूर मजाजहै-कि ऐसी दरख्वास्तपर किसीगवाह के तलबकरने से पहले यह हुक्मदे कि गवाह मजकूर के मसारिफ़ माकूल जो उस मुक़द्दमे की अगराजके लिये अदालत में हाजिर होने से उसके आयदहालहों अदालत में जमाकिये जायँ ॥

दफ़ा २५८—अगर किसी मुक़द्दमे में जो इस बाबसे मुतअल्लिकहो और जिसमें फ़र्द करारदाद जुर्म मुरत्तिब की गई हो मजिस्ट्रेट को मालूम हो कि शख्स मुल्जिम बेगुनाह है-- तो मजिस्ट्रेट मजकूर उसकी बराअत का हुक्म सादिर करेगा ॥ बराअत,

अगर किसी ऐसे मुक़द्दमेमें मजिस्ट्रेटको दरियाफ्तहो कि शख्स मुल्जिम फ़िल्वाके मुजरिमहै तो उसको चाहिये कि कानून के मुताबिक उसकी निस्बत हुक्मसजा सादिरकरे ॥ सुबूत जुर्म,

दफ़ा २५९--अगर मुक़द्दमा बरबिनाय नालिश किसी मुस्तगीस के कायम हुआ हो और उस रोज जो वास्ते समाअत मुक़द्दमे के मुकर्रर हुआ हो मुस्तगीस ग़ैरहाजिर हो और जुर्म ऐसा हो कि उसकी बाबत सुलह करना जायज हो तो मजिस्ट्रेट मजाज़है कि हस्ब इक्तिजाय राय अपनी बावस्फ़ इसके कि किसी दफ़ा मासबक़ में कुछ और हुक्महो फ़र्द करारदाद जुर्म के मुरत्तिब होने से पहिले शख्स मुल्जिमको रुख्सतकरदे ॥ मुस्तगीसकीगैरहाजिरी,

बाब—२२॥

बाबत तजवीज सरसरी ॥

दफ़ा २६०--×बावस्फ़ इसके कि इस मजमूये में कोई और मजमून हो ॥ तजवीज सरसरीका

अख्तियार,

(१) मजिस्ट्रेट जिला ॥

(२) मजिस्ट्रेट दरजे अव्वल जिसको लोकलगवर्नमेण्ट ने इस अम्रका अख्तियार खास अता किया हो ॥

(३) हरबेंच यानी जलसे मजिस्ट्रेटों का जिसको अख्तिया-

×दरखसूस अख्तियारात मजिस्ट्रेटके अपरब्रह्मामें--देखो कानून सन् जर्मीमेकोदफ़ा८-मगर दरखसूसरआयायवृटानियाअहल्यूरोपकेदेखो

रात मजिस्ट्रेट दरजे अव्वल अता हुये हों और लोकलगवर्नमेण्ट की तरफसे अख्तियार दियागया हो-मजाज है-कि जरायम मुफस्सिलै जैल में से कुल या जुज्वकी तजवीज बतौर सरसरीकरे॥

(अलिफ)--वह जरायम जिनकी सजा मौत या हब्स बउबूर दरियायशोर या६ छः महीने से जियादह मीआदकी न हो॥

(बे)--जरायम जो हस्ब दफात २६४ व २६५ व २६६ ऐक्ट४५ सन्१८६०ई०, मजमूये ताज़ीरातहिंदके वज़न और पैमानों से मुतअल्लिक़ हैं॥

(जीम)--ज़रर पहुँचाना हस्बदफ़ा ३२३-मजमूये ताजीरातहिंद॥

(दाल)--सरकाहस्ब दफ़ा ३७९-या३८०-या३८१-मजमूयेमज़कूर जब कि माल मसरूक़ा की मालियत ५०) पचास रु० से जियादहनहो॥

(हे)-मालमसरूक़ाका लेना या पासरखना हस्बदफ़ा ४११ मजमूये मज़कूर जब कि मालियत माल मजकूरकी ५०) पचास रु० से जियादह न हो॥

(वाव)-मालमसरूक़ाके पोशीदहरखने या अलाहिदाकरने में मद्दकरनी हस्बदफ़ा ४१४ मजमूये मजकूर जब मालियत माल मजकूर की ५०)पचास रु० से जियादह न हो॥

(जे) नुकसानरसानी हस्बदफ़ा ४२७ मजमूये मजकूर॥

(हे)-मदाखिलत बेजाबखाना हस्बदफ़ा ४४८-मजमूये मज़कूर॥

(तो)--तौहीनबइरादै इश्तआलतबा बगरज़ नुक्ज़अमन् हस्ब दफ़ा ५०४--और तखवीफ मुजरिमाना हस्ब दफ़ा ५०६--मजमूये मजकूर॥

(ये)--अआनत किसीजुर्मकी मिंजुम्लाजरायममुतजक्किरैसदर॥

(काफ)--इकदामकिसी जुर्मका मिन्जुम्ला जरायममुतजक्किरै सदर जब ऐसा इकदाम भी जुर्महो॥

मगरशर्त्त यहहै-कि कोई मुकद्दमा जिसमें मजिस्ट्रेट जिलावह अख्तियारात खास अमल में लाये जो अजरूयदफा ३४-के अता हुये हैं सरसरी तौरपर तजवीज न कियाजायगा॥

दफ़ा २६१--लोकलगवर्नमेण्ट मजाजहै-कि मजिस्ट्रेटों के किसी बेंच यानी इजलासको जिसको मजिस्ट्रेटदर्जे दोम या दर्जे सोमके अख्तियारात अताहुयेहों इसबातका अख्तियार अताकरे कि वहकुल जरायम मुफ़स्सिलै जैल या उनमें से किसीकी तजवीज बतौर सरसरी करे ॥

उन मजिस्ट्रेटोंकेबेंचको अख्तियार अताकरना जिनकोकमतर अख्तियार बख्शागयाहै,

(अलिफ)--जरायम बखिलाफवरजी मजमूये ताजीरातहिन्द की दफ़आत २७७ व २७८ व २७९ व २८५ व २८६ व २८९ व २९० व २९२ व २९३ व २९४ व ३२३ व ३३४ व ३३६ व ३४१ व ३५२ व ४२६ व ४४७ ॥

(बे)--जरायम बखिलाफवरजी ऐक्टहाय म्युनिसिपेल व दफ़आतसफाई मुन्दर्जै ऐक्टहायपुलिस जिनकी सजा सिर्फजुर्मानाया कैदवास्ते किसीमीआदकेजो एकमहीनेसेजियादहनहो मुक़र्ररहै ॥

(जीम)--किसीजुर्म मुफ़स्सिलै सदरकी अआनत ॥

(दाल)--किसी जुर्म मुफ़स्सिलै सदरका इक़दामकरना जब ऐसाइक़दाम करना भी जुर्महो ॥

दफ़ा २६२--जो मुक़द्दमात इसबाबके मुताबिक तजवीजकिये जायँ अगर मुक़द्दमा लायक इजराय सम्मन होतो वहीजाबिता जो मुक़द्दमात लायक इजरायसम्मनके लिये मुकर्रर हुआहै मरई रहेगा-और अगर मुक़द्दमात लायक इजराय वारंटहों तो वही जाबिता जो मुक़द्दमात लायकइजराय वारंट के लिये मुकर्रर हुआ है अमल में आयेगा बजुज उससूरत के जिसका आयन्दा जिक्र किया जायगा ॥

मुक़द्दमात लायक इजरायसम्मनमेंऔरमुक़द्दमातलायकइजराय वारंटमेंज़ाबिताजोमुतअल्लिकहोसकेगा,

किसी मुक़द्दमे में जिसमें हस्ब शरायत बाबहाजा जुर्म साबित करार पाये कोई सजा कैदकी ३ तीन महीने से जियादह मीआद के लिये तजवीज न कीजायगी ॥

क़ैदकी हद्द,

दफ़ा २६३--जिन मुक़द्दमात में कि अपील जायज नहीं है मजिस्ट्रेट या साहबान मजिस्ट्रेट के बेंच यानी

रिकार्ड उनमुक़द्दमात

में जिनका अपीलनहो, इजलासको जरूरनहींहै कि गवाहों की शहादतकलम्बन्द करे या फर्द करारदाद जुर्म बाजा बिता मुरत्तबकरे-मगरऐसे मजिस्ट्रेट या साहबान मजिस्ट्रेट को लाजिम है कि एक ऐसे फार्म यानी रजिस्टरमें जिसकी लोकलगवर्नमेण्ट हिदायतकरे मरातिब मुफस्सिलै जैल मुन्दर्ज करते रहैं॥

(अलिफ)—नम्बर सिलसिलेवार॥

(बे)—तारीख इर्तिकाब जुर्म॥

(जीम)—तारीख रिपोर्ट या इस्तगासा॥

(दाल)—नाम मुस्त गीसका अगर कोईहो॥

(हे)--शख्स मुल्जिमकानाम बकैदवल्दियत व सकूनत॥

(वाव)--जुर्म जिस्का इस्तगासा कियागया और जो साबित हुआ अगर कुछहो—और उन सूरतोंमें जो दफ़ा २६०की जिम्न (दाल) व (हे) व (वाव) से मुतअल्लिकहों मालियत उस जायदाद की जिसकी बाबत जुर्म सरजद हुआ॥

(जे)--शख्स मुल्जिम का उज्र औरउसकाइजहारअगर कुछ लिखागयाहो॥

(हे)--तजवीज-और दरसूरत साबित करारपाने जुर्म केमुख्तसिरकैफ़ियत वजूह तजवीज की॥

(तो)—हुक्म सजा या दीगर हुक्म अखीर॥

(ये)—काररवाई के खतमहोने की तारीख॥

दफ़ा २६४--हरमुकद्दमे में जो किसी मजिस्ट्रेट या वेंचकी मारफत बतौर सरसरी तजवीज कियाजाय जब उस तजवीजसे अपील करना जायजहो मजिस्ट्रेट या वेंच मजकूर को लाजिमहै कि कब्लसादिरकरने हुक्म सजा के एकतजवीज बइन्दराज खुलासा वजह सुबूत के जिसकी बिनापर जुर्म साबित करारपायाहो और नीजमरातिब मुन्दर्जै दफा २६३के कलम्बन्दकरे॥

रिकार्ड इन मुकद्दमा तमेंजोलायकअपीलहों,

तजवीजमजकूर उनमुकद्दमात में जो इसदफासे मुतअल्लिकहों सिर्फ एकहीकागज मिसलका होगी॥

दफ़ा २६५--इबारत मुन्दर्जे रजिस्टर हस्बदफ़ा २६३--और
रिकार्डऔरतजवीजकि तजवीज़ात महकूमा दफ़ा २६४-जबानअं-
सज़बानमें लिखीजायगी, गरेजीया अदालतकी जबानमें हाकिमइज-
लासकुनिन्दैके हाथसे लिखीजायँगी या अगरवह अदालत जिस-
काहाकिम इजलासकुनिन्दा ऐनमातहतहो हिदायतकरे हाकिम
मजकूरकीजबानखासमें लिखीजायँगी ॥

लोकलगवर्नमेंट मजाज़है कि ऐसेसाहिबानमजिस्ट्रेट के बेंचको
क्लार्क के मामूरकरने जो जरायमकी तजवीज सरसरीकरने के मजाज
के लिये बेंचकोअख्ति हों इसबातका अख्तियारदे कि इबारत मुन्दर्जे
यारदियाजासक्ताहै, रजिस्टर या तजवीज मुतजिक्किरे सदरको ऐसे
ओहदेदारके हाथसे लिखवाये जो उसअदालतके हुक्मसे जिसका
वहबेंच बिला तवस्सुत मातहतहो उसकामके लिये मुक़र्ररकिया
जाय- पस उस इबारत या तजवीजपर जो इसतौरसे मुरत्तिबहो
उसबेंचके हरमजिस्ट्रेट के दस्तखत होंगे जो उस काररवाई में
शरीक रहाहो ॥

बाब--२३ ॥

बाबत तजवीज़ मुक़द्दमात बहुजूर हाईकोर्ट और अदालत सिशन *

(अलिफ़)——इब्तिदाई ॥

दफ़ा २६६- इसबाबमें बजुज़×दफ़आत २७६ व ३०७-×केलफ्ज़
हाईकोर्टकीतारीफ़, "हाईकोर्ट,, से वहहाईकोर्ट आफ़जुडिकेचर मु-
रादहै जो बमूजिब ऐक्ट पार्लीमेण्ट मुसद्दिरे सन् २४ व २५ ज-
लूस मलकामुअज्जिमा विक्टोरिया बाब० १०४ मुक़र्ररहुई हैं या
आयन्दा मुकर्रर कीजाय-और उसमें मुल्क पंजाब की चीफ़कोर्ट
+औरअदालतसाहबरिकार्डररंगून+औरऐसी औरऔरकोर्टयानी

*अपरब्रह्माकी अदालतहाय सिशनके बारेमें कानून ७--सन् १८८६ ई० के ज-मीम कीदफ़ा३मगररिआयायवृटानियाअहलयूरोपके बारेमें दफा२२--येज़न देखो,

×——×दफा२६६में यहअल्फाजबऐदादऐक्ट१० सन्१८८६ ई० कीदफ़ा ८ कीरूसे साबिकलफ्ज़ बऐदादकी एवजकायमकियेगये हैं

+——+ यहअलफाज ऐक्ट११सन्१८८६ई०की दफा६७ कीरूसेमुंदर्जकियेगये हैं——

अदालतैं शामिलहैं जिनको जनाब नव्वाबगवर्नरजनरलबहादुर बइजलासकौंसल वक़्तन् फ़वक़्तन् बज़रिये इश्तिहार मुन्दर्जै गज़ट आफ़इण्डियाके इसबाबकी अग़राज़केलियेहाईकोर्टक़रारदें ॥

हाईकोर्टकेरूबरूतजवीजातबज़रियेजूरीकेहोंगी,

दफ़ा२६७--तमाम मुक़द्दमातकी तजवीज़जो इसबाब के बमूजिब हाईकोर्टके रूबरूहो बज़रिये अहाली जूरीके होगी ॥

और गोकि इसमजमूयेकी किसीदफ़ामें कोई और मज़मूनहो जुमला मुक़द्दमात फौजदारी में जो इस मजमूये के बमूजिब या बमूजिब फ़रमानशाही मुतअल्लिक़े किसीअदालत हाईकोर्टके जो बमूजिब ऐक्ट पार्लीमेण्ट मुसद्दिरे सन् २४-व २५ जलूसमलका मुअज़्ज़िम विक्टोरिया बाब १०४ के मुक़र्रर हुई है किसी हाई-कोर्ट में मुन्तक़िल कियेजायँ जायज़है किउनकी तजवीज अगर हाईकोर्ट हिदायत करे बजरिये अहाली जूरी के अमलमें आये ॥

अदालत सिशनके रूबरूतजवीज़ात बज़रिये जूरीया बशरकत असेसरों के होंगी,

दफ़ा २६८----तमाम मुक़द्दमातकी तजवीज़ जो किसी अदालत सिशन के रूबरू अमल में आये बज़रिये अहाली जूरी या बअआनत असेसरों के की जायगी ॥

लोकलगवर्नमेण्टहुक्म करसक्ती है कि अदालत सिशन केरूबरूतजवीज़ात बज़रिये जूरीकेहो,

दफ़ा २६९—लोकलगवर्नमेण्ट मजाज है किबज़रियेहुक्म मुन्दर्जै गजट सरकारीके यह हिदायतकरे-कि तजवीज जुमला जरायमया किसीखास किस्म के जरायमकी रूबरू किसी अदालत सिशन के किसी ज़िलेमें बजरिये जूरी के होगी-और इस बातकी भी मजाज है-कि वक़्तन फवक़्तनऐसेहुक्म को मन्सूख या तब्दील करे ॥

*जबमुलज़िम एकही मुक़द्दमे में ऐसे मुतअद्दिद जरायमकी-

+—+ दफ़ा २६९ का दूसराफ़िक़रा ऐक्ट १० सन् १८८६ई० कीदफ़ा ६ की रूसे साबिक फ़िक़रे के एवज़ क़ायम कियागया ॥

*यहफ़ोटनोट जिसइबारतसे मुतअल्लिकहै वहकिसीकदर सफ़ा१४९मेंभीहै,

इल्लतमें माखूज हो जिनमें से बाजलायक तजवीज बजरिये जूरी हों और बाज ऐसेनहों तो जरायम मजकूर में से उन जरायम की बजरिये जूरीके तजवीज की जायगी जो बजरिये जूरी के लायक तजवीज हैं--और उनमें से उन जरायमकी बजरिये अदालत सिशन बमदद ऐसे अहाली जूरीके जो बहैसियत असेसरके हों तजवीज की जायगी जो लायक तजवीज बजरिये जूरी न हों ॥

हर मुक़द्दमा में नालिशकी कार्रवाई मारफतकिसीपैरोकार सरकारी के होगी,

दफ़ा २७०--हर मुक़द्दमे में जो अदालत सिशन के रूबरू तजवीज कियाजाय जरूर है कि नालिशकी कार्रवाई मारफत किसीपैरोकारसरकारीकेहो ॥

(बे)-आगाज कार्रवाई ॥

शुरूतजवीज,

दफ़ा २७१-जब अदालत मुक़द्दमे की तजवीज करने पर मुस्तैद हो तो शख्स मुल्जिम उसके रूबरू हाजिर होगा या हाजिर कियाजायगा-और फ़र्द करारदाद जुर्म अदालत में पढ़ी और उसको समझा दीजायगी और उससे इस्तफ्सारकिया जायगा कि आया तुम जुर्म करारदादह के मुर्तकिब हुयेहो या मुक़द्दमे का तजवीज कियाजाना चाहतेहो ॥

जवाब मुशइर मुजरमियत,

अगर शख्स मुल्जिम बजवाब उसके अपनेतईं मुजरिम करार दे तो उसका जवाब कलम्बन्द किया जायगा-और जायज है कि उसकी बुनियाद पर नामबुरदा की निस्बत तजवीज अस्बात जुर्म अमलमें आये ॥

जवाब देनेसे इन्कार करना या तजवीजकिये जाने का दावाकरना,

दफ़ा २७२-अगर शख्स मुल्जिम जवाब देने से इन्कार करे या जवाब न दे या तजवीजकियेजानेकादावा करे तो अदालत हस्ब हिदायात मुंदर्जे जैल अहाली जूरी या असेसरों को मुंतखिब करके मुक़द्दमे की तजवीज शुरूअ करेगी ॥

एकहीजूरीया एकहीजमा

मगर शर्त यह है-कि बमलहूजीं इस्तेहकाक पेशकरने एतराज के जो आयन्दा मजकूरहै जायजहै-कि

बातअसेसरानके जरियेसे चंद मुल्जिमोंकी तजवीज़ यकेबाद दीगरे अमलमें आसक्तीहै,

एकही जूरी या एकही जमाअत असेसरों की उसकदर अशखास मुल्जिम के मुकद्दमातकी तजवीज में तदरीजन् मसरूफहो या अआनतकरे जो अदालत को मुनासिब मालूमहो ॥

दफ़ा २७३--जिन मुकद्दमात की तजवीज हाईकोर्ट के रूबरू

फर्दकरारदाद जुर्ममें इल्जामगैरकाबिल सुबूत कामुंदर्ज होना,

हो जब हाईकोर्ट को शख्स मुल्जिमकी तहकीकात व तजवीजके शुरूअ होनेसे पहिले किसी वक्त मालूम हो कि कोई इल्ज़ाम या जुज्वइल्जाम सरीह गैरकाबिल सुबूतहै तो जजको अख्तियार है कि फर्द करारदाद जुर्म में यह हाल दर्ज करे ॥

ऐसे हालकी फर्द करारदाद जुर्म में दर्ज होने से यह नतीजा

इन्दराज की तासीर,

होगा कि कार्रवाई आयन्दा बाबत जुर्म करारदादह या जुज्व जुर्म करारदादह के जैसा मौका हो मुल्तवी होजायगी ॥

(जीम)—बाबतइन्तिख़ाब जूरी ॥

दफ़ा २७४-उन मुकद्दमात में जिनकी तजवीज हाईकोर्ट के

अहालीजूरीकी तादाद,

रूबरू हो जूरी में ९-नौ अशखास शरीकहोंगे ॥

मुकद्दमात लायक तजवीज अदालत सिशनमें जोबजरिये जूरी केतजवीजहों जूरीमें उसकदर अशखास बअददताक शरीकहोंगेजो ३-तीनसेकम औरं९-नौसे जियादह न हों-औरजो लोकलगवर्नमेंट बजरिये हुक्म मुतअल्लिके किसीजिलेखास या किसीखासअकसाम जरायम मौकूये जिले मजकूरके वक्तन्फवक्तन् मुकर्रर फरमाये ॥

दफ़ा २७५-जब ऐसेशख्स के मुकद्दमे की तजवीज अदालत

जूरी वास्ते तजवीज मुकद्दमा उनअशखासके अदालत सिशनके रूबरू जो अहल यूरोपया अहल अमरीका न हों,

सिशनमें अहालीजूरीके जरियेसेहो जोअहल यूरुप या अहल अमरीका नहो तो लाजिम है कि अगर शख्स मुल्जिम दरख्वास्तकरे तो तादादकसीर अहल जूरी में ऐसे असखास शामिल किये जायँ जो न अहल यूरुपहों न अहल अमरी का ॥

दफ़ा २७६-मुक़द्दमेके अहाली जूरी बजरिये कुरआअन्दाजी उस तौरपर जिसकी अदालत हाईकोर्ट वक्तन् फ़वक्तन् बजरिये कायदे के हिदायत करे उन अशखासमेंसे मुन्तखिब किये जायँगे जो जूरी का कामदेने के लिये तलबकिये गयेहों ॥

अहाली जूरी बजरिये कुरआअन्दाजी के मुंतखिबकिये जायंगे,

मगर शर्त यह है-कि-

अव्वलन्-ताइजराय-कवायद हस्ब दफ़े हाज़ा वास्ते किसी अदालतके उसतर्ज़के इन्तखाब अहालीजूरीकी पाबंदी कीजायगी जो उसअदालतमें फ़िल्हाल जारी हो ॥

मौजूदहतरीकोंका बरकरार रहना,

सानियन्- दरसूरत गैरकाफीहोने तादाद अशखास तलबशुदहके जायज है-कि अहालीजूरी बतादाद मतलूबा बादहुसूल इजाजत अदालत के उनदीगर अशखासमें से जो हाजिरहों मुन्तखिब किये जायँ ॥

जो अशखास तलब नकिये जायँ वहकाबमुस्तहक होंगे,

सालिसन्-बलादप्रेजीडेंसी में ॥

(अलिफ़)-अगरशख्स मुल्जिमपर ऐसे जुर्मके इर्तिकाब का इल्जाम लगायाजाय जिसकी सजा मौत मुक़र्रर है-या

खास अहाली जूरी के रूबरू 'तजवीजात,

(बे)-अगर किसी और मुक़द्दमे में हाईकोर्ट का हाकिम इस-तरह हिदायतकरे ॥

तो अहालीजूरी उस फ़ेहरिस्त खास अशखासजूरी से मुन्तखिब किये जायँगे जो आयन्दा मुकर्ररकीगई है ॥

दफ़ा २७७--उसीवक्त जब एक २ अहलजूरी मुंतखिब होताजाय उसकानाम बआवाजबलंद पुकाराजायगा-और उसके हाजिर होनेपर शख्स मुल्जिमसे पूंछाजायगा कि वह उस अहलजूरी की मारफ़त अपने जुर्म की तजवीज कराने पर कुछएतराज रखता है यानहीं ॥

अहाली जूरीकेनाम पुकारेजायँगे,

जायज है-कि उसवक्त एतराज निस्बत ऐसे अहलजूरी के तरफ़ से शख्स मुल्जिम या शख्स फ़रीकमुक़द्द-

अहाली जूरीकी निस्बत

त एतराज, मे के किया जाय-और वजूह एतराजका बयानकरना लाजिम होगा ॥

मगरशर्त्त यह है-कि अदालत हाईकोर्ट में शख्स पैरोकार मि- एतराज बिलापेशकर- नजानिब सरकारको आठमर्त्तबह बिलापेश ने वजूह के, करने वजूह के एतराज करने का इस्तहकाक होगा-और शख्स मुल्जिम या जुमला अशखास मुल्जिमकी तरफसे भी आठमर्त्तबह एतराज करना जायजहोगा ॥

दफ़ा २७८—जब कोई एतराजनिस्बत किसी अहलजूरी के एतराजकी वजूहात, बरबिनाय किसी वजह मिनजुमला वजूहमुन्दर्जै जैलके पेश कियाजाय तो अगर वह हस्ब इतमीनान अदालत साबित हो वह एतराज मंजूर किया जायगा--

(अलिफ)—अहलजूरीके दिलमें कुछ जानिबदारी क़यासी या वाक़ई का होना ॥

(बे)-कोई वजहजाती मसलन् गैरमुल्क का बाशिन्दा होना या अदम मौजूदगी ऐसी लियाक़त की जो किसी कानून या ऐसे क़ायदे मजारिया वक्तकी रूसे जो हुक्म कानूनका रखताहो अहल जूरी के लिये जरूर हो या २१-इक्कीस बरससे कम या ६०-साठ बरस से जियादह उम्रका होना ॥

(जीम)-अजरूय अदालत कदीमी या बपाबन्दी किस्म मजहबीके तमाम मुआमलात दुनियवी की फिक्रसे किता तअल्लुक करना ॥

(दाल)-अदालतमें या अदालत के जेरहुकूमत किसी ओहदे पर मामूर होना ॥

(हे)-खिदमात पुलिस की तामील में मसरूफ होना या खिदमात पुलिस का उसके सिपुर्द रहना ॥

(वाव)-उसपर ऐसे जुर्मका साबितहोना जो अदालतकी राय में उसको जूरी में बैठने के गैरकाबिल करदेता है ॥

(जे)-उस जबानके समझनेकी नाकाबिलियत जिसमें शहादत

अदाकीजाय-या जबशहादतका तर्जुमा दूसरी जबानमें कियाजाय तर्जुमे की जबानका न समझसकना ॥

(हे)-कोई और अम्र जो अदालतकी दानिस्तमें उसको जूरी में बैठने के लायक नहींरखता है ॥

दफ़ा २७९—हर एतराज जो किसी अहलजूरी की निबस्त कियाजाय फैसला उसका अदालतसे होगा-और अदालतका फैसला क़लम्बन्द कियाजायगा और नातिक़होगा ॥

एतराज का फ़ैसला,

अगर एतराज मंजूर कियाजाय तो उस अहलजूरी की जगह जिसपर एतराजहुआहो एक और अहलजूरी जो सम्मनके हुक्मके बमूजिब हाजिरहो और मुताबिक तरीके मुक़र्ररह दफा २७६-मुन्तखिब हुआहो मामूर कियाजायगा या अगर ऐसादूसरा अहलजूरी हाजिर नहो तो उसजगहपर कोई और शख्स कायम कियाजायगा जो अदालत में हाजिर और जिसकानाम जूरी की फ़ेहरिस्तमें मुन्दर्जहो या जिसको अदालत जलसेजूरीमें शरीक होनेके लायक समझे ॥

उसअहलजूरीकीजगह परजिसकीनिस्वतएतराजकियाजाय और शख्स कामामूरहोना,

मगर शर्तयहहै कि कोई एतराज निस्बत मामूरी ऐसे अहलजूरी या गैर शख्स के दफ़ा २७८--के मुताबिक पेशहोकर मंजूर न कियागया हो ॥

दफ़ा २८०—जब अहाली जूरी मुन्तखिबहो लें तो उनको लाजिमहै कि अपनी जमाअतमें से एक शख्स को मीर मजलिस मुक़र्रर करें ॥

अहाली जूरीका मीरमजलिस,

मीर मजलिसको लाजिम है कि अहाली जूरी के मुबाहिसमें सदरनशीनहो-और जूरीकी राय जाहिर करे-और अगर अहाली जूरी या किसी अहल जूरी को कुछ पूछना मंजूरहो तो अदालत से इस्तिफ्सारकरे ॥

अगर अक्सरीन अहाली जूरी उसमीआद के अन्दर जो हाकिम अदालत के नजदीक माकूल मालूमहो किसी मीरमजलिस

के तक़र्रुर पर मुत्तफ़िक़ न हों तो वह अदालत की तरफ़से मुक़र्रर कियाजायगा ॥

अहाली जूरीको हलफ़ देना, ऐक्ट १०सन् १८७३ई०,

दफ़ा २८१--जब मीर मजलिस मुक़र्रर होले तो अहाली-जूरी को हलफ़ हस्ब अहकाम ऐक्ट हलफ़ मुतअल्लिक़ै हिन्द मुसद्दिरै सन् १८७३ ई० के दिया जायगा ॥

जाबिताजबकिअहलजूरी हाजिरनहो-वगैरह,

दफ़ा २८२—अगर कोई मुक़द्दमा किसी जूरीके रूबरू पेश हो और किसी वक़्तपर जूरी की राय जाहिर होने से पहिले कोई अहलजूरी किसीवजह काफ़ी से तजवीज के वक़्त अज़ इब्तिदा ताइन्तिहा हाजिर रहने से माज़ूर होजाय या अगर कोई अहलजूरी गैरहाजिर होजाय और उसको जबरन् हाज़िर कराना गैरमुमकिन हो या अगर मालूम हो कि कोई अहलजूरी उस जबानसे नावाक़िफ़ है जिस में शहादत दीगई या जब शहादत का तर्जुमा सुनायाजाय तर्जु-मे की जबानसे नावाक़िफ़है तो कोई शख्स जदीद जूरीमें शामि-लकियाजायगा या अहाली जूरी बरखास्त होकर जूरी जदीद मुक़र्रर की जायेगी ॥

ऐसी हर सूरतमें तजवीज अज़सरनौ शुरूअ कीजायगी ॥

क़ैदीकीबीमारीकी सूरतमें जूरीकोरुखसतकरदेना,

दफ़ा २८३--हाकिम अदालतको उस सूरतमें भी अहालीजूरी के रुख्सत करनेका अख्तियारहै जबकिक़ैदी कटेहरा के आगे खड़ेरहने से माज़ूरहोजाय॥

(दाल)-इंतिखाब असेसरान ॥

असेसरानक्योंकरमुंतखि बकियेजायेंगे,

दफ़ा २८४--जब मुक़द्दमेकी तजवीज बअआनत असेसरान होनेवाली हो दो या जियादह असेसरजिस क़दर हाकिम अदालतको मुनासिब मालू-महों उन अशखासमें से मुन्तखिब किये जायँगे जो असेसर का कामदेने के लिये तलबहुयेहों ॥

जाबिताजबकिअसेसर

दफ़ा २८५--अगर दरअस्नाय तजवीज किसी मुक़द्दमेके जो बअआनत असेसरान अमलमें आये किसी

हाजिर न होसके, वक्राय अखीरसे पहिलेकोई असेसर किसी वजह काफीसे इब्तिदा से इन्तिहाय तहकीकाततक हाजिर रहने से माजर होजाय या गैरहाजिर होजाय और उसका जबरन् हाजिरकराना गैरमुमकिनहो तो मुकद्दमेकी तजवीज दूसरेअसेसर या असेसरोंकी मददसे जारी रहेगी ॥

अगर तमाम असेसरलोग हाजिरहोनेसे मजबूरहोजायँ या हाजिरहोनेमें कसूरकरें तो कारवाई मुकद्दमेकी मुल्तवीकीजायगी-और नये असेसरों की मदद से मुकद्दमाअजसरनौ तजवीज कियाजायगा ॥

(ह)-तजवीज ताइब्तिता मकाररवाई
हाय मुद्दई व मुद्दआअलेह ॥

दफ़ा २८६-जब अहालीजूरी या असेसरान मुन्तखिब हो लें शुरूअ पैरवीइस्तगासा, शख्स पैरोकारइस्तगासाको चाहिये कि अपना बयान इसतरह शुरूअकरे कि मजमूये ताजीराताहिन्द या किसी औरकानूनसे वह इबारतपढ़े जिसमें जुर्म करारदादहकी तशरीह हो—और इसअम्रका मुख्तसिर बयानकरे कि किस वजह सुबूतसे उसको मुस्तगासअलेह पर जुर्मसाबितकरनेकी उम्मेदहै ॥

तब पैरोकार मजकूर अपनेगवाहों का इजहारकरायेगा ॥

गवाहोंकाइजहार,

दफ़ा २८७-शख्स मुल्जिमका इजहार जो मजिस्ट्रेट सिपुर्द मजिस्ट्रेटके रूबरूइज कुनिन्दहकेकलमसे या उसकेरूबरू हस्बजा-हार शख्स मुल्जिमका ब बिता लिखागया हो पैरोकार मजकूरकी तरफ जहसुबूतहोगा, से दाखिलकियाजायगा—और वह बतौर वजह सुबूतके पढ़ाजायगा ॥

दफ़ा २८८-जायजहै-कि शहादत किसीगवाहकी जो हस्बजा तहकीकात इब्तिदाई बितै शख्स मुल्जिमके मवाजहामें औरमजि-में जो शहादत गुजरे वह स्ट्रेट सिपुर्दकुनिन्दहके रूबरूलीगईहो अगर मकबूलहोगी, राय हाकिम इजलासकुनिन्दाकी मुक्तजीहो

और वह गवाह पेश कियाजाय और उसका इजहार लियाजाय बतौर सुबूत के मुक़द्दमे में तसव्वर की जाय ॥

दफ़ा २८९—जब इजहार गवाहान जानिब मुस्तग़ीस और बयान मुस्तग़ीस अलेह (अगरकुछहुआहो) खतम होजाय तो शख्स मुल्ज़िम से यह पूछा जायगा कि उसको शहादत पेशकरानी मंज़ूर है या नहीं ॥

जाबिता बाद इज़हार गवाहान जानिब मुस्तग़ीस के,

अगर वह जवाब दे कि शहादत पेश कराना मंज़ूर नहीं है-तो शख्स पैरोकार को अख्तियार है-कि अपने बयान का खुलासा ज़ाहिर करे-और अगर अदालत को यह गुमान हो कि किसी सुबूतसे साबित नहीं है कि मुल्ज़िमसे जुर्म सरज़दहुआ तो उसको अख्तियार है-कि अगर मुक़द्दमे की तजवीज असेसरोंकी मददसे हुईहो अपनी तजवीज कलम्बन्दकरे-या अगर मुकद्दमेकी तजवीज अहाली जूरीकी अआनतसे हुईहो अहाली मजकूरको हिदायतकरे कि अपनी राय मुशअर बेगुनाही मुस्तग़ासअलेहके ज़ाहिरकरें ॥

अगर शख्स मुल्ज़िम या अशखास मुल्ज़िममें से एकशख्स (जबकि कई मुल्ज़िमहों) यहजवाबदे-कि उसको शहादतपेश करानी मंज़ूरहै-और अदालत के नजदीक कुछसुबूत इसअम्रका न हो कि मुल्ज़िमसे जुर्मकरारदादह सरज़दहुआ तो अदालत मजाजहै-कि अगर मुक़द्दमेकी तजवीज बअआनत असेसरानहोतीहो तजवीज मुशअरबराअत मुद्दआअलेहके कलम्बन्दकरे—या अगर मुकद्दमाकी तजवीज मारफ़तजूरीके होती हो तो जूरीको हिदायत करे कि वह मुद्दआअलेहकी बराअतकी रायदे ॥

अगर शख्स मुल्ज़िम या जबचन्द मुल्ज़िमहों कोईएक मुल्ज़िम उज्रकरे कि हमको शहादतदेनीमंज़ूरहै-और अदालतके नजदीक सुबूत इसअम्रकापायाजाय-कि उससे जुर्म सरज़दहुआहै--या अगर उसके इस उज्रपर कि हमको शहादतदेनी मंज़ूरनहींहै पैरोकार सर्कार अपनेबयानका खुलासा ज़ाहिरकरे-और अदालतकी यहरायहो कि मुल्ज़िमसे जुर्म सरज़दहोनेका सुबूतपायाजाताहै-

तो अदालत शख्समुल्जिमको हुक्मदेगी कि अपनी जवाब दिहीकरे—॥

दफ़ा२९०--तब शख्स मुल्जिम या उसके वकील को अख्ति-यार है-कि अपनी जवाबदिही शुरूअकरे-और उन वाक़िआत याक़ानूनको जाहिरकरे जिसपर वह इस्तिदलालकरने का इरादारखताहो औरसुबूतमदखला जानिबमुद्दईकी निस्बतजि-सकदर जिरहकरनी जरूरसमझेकरे-उसकेबाद उसको अख्तियारहै-कि अपने गवाहों का इज़हार कराये (अगर कुछहों) और बाद होने सवालात जिरह और सवालात मुकर्ररखताईद जवाबदिहीके (अगर कुछहों) अपने जवाब का खुलासा बयानकरे॥

जवाब,

दफ़ा २९१-शख्स मुल्जिमको अख्तियारहै-कि किसी ऐसेगवा-हकाइजहारकराये जिसको उसनेपहिलेनाम-जद न कियाहो-मगर जो अदालतमें हाजिर हो-इल्लाउसको इस्तहक़ाक़न यहअख्तियारन होगा कि सिवाय उससूरतके जो दफ़आत २११-व२३१-में मज़कूरहै अलावह गवाहान मुन्दर्जै उस फ़ेहरिस्तके जो उसने मजिस्ट्रेट सिपुर्दकुनिन्दह मुक़द्दमा को हवालेकी थी किसी और गवाह को तलबकराये॥

मुल्जिमका इस्तहक़ाक़ दरख़्सूस इजहार और तलबी गवाहों के,

दफ़ा २९२--अगर शख्स मुल्जिम या अशखास मुल्जिममें से किसीने यहबयानकियाहो जबकिदफ़ा२८९-के बमूजिब उससे दरियाफ्त कियाजाय-कि वह सुबूत पेशकियाचाहताहै-तो शख्स पैरोकार नालिश उसका जवाब देने का मुस्तहक़होगा॥

पैरोकार नालिश का हक़जवाब,

दफ़ा २९३-जबकभी अदालतकीरायमें यह अम्रमुनासिबमालूम हो कि अहालीजूरी या असेसरलोग उसमौक़े को मुआयनाकरें जहां जुर्मसुतअ़ल्लिक़ा नालिश का सरज़दहोना जाहिर कियागयाहो-या किसी और मुक़ामका मुआयनाकरें जिसमें किसी और अम्रमुतअ़स्सिर तहक़ीक़ात वतज-वीज मुक़द्दमेका वाक़ैहोना जाहिर कियागयाहो-तो अदालतउसी

अहालीजूरी या असेसरों का मुआयना करना,

मज़मूनकाहुक्म सादिरकरेगी-और अहालीजूरी या असेसर एक साथ किसी अहल्कार अदालतकी हवालगी में मुकाममजकूरपर पहुँचाये जायँगे-और कोई शख्स जिसको अदालतने मामूर कियाहो उनको मौकामज़कूर मुआयना करायेगा ॥

अहल्कार मज़कूरको लाज़िमहै- इल्लाबइजाज़त अदालत कि किसी और शख्स को अहाली जूरी या असेसरों में से किसी के साथ गुफ्तगू या किसीतरहकी मकालमत न करनेदे-और जब मुआयना खतमहोले तो अहाली जूरी या असेसरलोग फौरन् अदालत में वापस पहुँचाये जायँगे-इल्ला उस सूरतमें कि अदालतसे कुछ और हिदायतहो ॥

दफ़ा २९४--अगर कोई अहलजूरी या असेसर बजात खुद किसीअम्र वाकै मुतअल्लिकै मुक़द्दमासे वाकिफ हो तो उसको लाजिमहै कि उसहालसे हाकिम अदालतको मुत्तिलअकरे-बाद उसके जायज है कि दूसरे गवाहों की तरह उसको हलफदियाजाय और उसका इजहारलियाजाय और उससे सवालात जिरह और फिर सवालात ताईदी कियेजायँ ॥

अहलजूरी या असेसर का इजहार लियाजाना,

दफ़ा २९५—अगर तजवीज मुल्तवीकीजाय तो अहाली जूरी या असेसरोंको लाजिमहै-कि जिसरोजपर इजलास मुल्तवी रक्खाजाय उस रोज़ और हर इजलास माबादमें ताइख्तिताम तजवीज हाजिरहुआ करें ॥

जूरीयाअसेसरोंकाउसइजलासमें हाजिरहोनाजिस परतजवीज मुल्तवीरहे,

दफ़ा २९६--अदालत हाईकोर्टको अख्तियार है कि वक्तन् फवक्तन् जब तजवीज किसी मुकद्दमे मरजूये हाईकोर्टकी एकदिनसे जियादह अरसेतक जारीरहे अहालीजूरी को यकजारखनेके लिये कवाअद मुंजबितकरे-और बपाबन्दी उन कवाअदके हाकिम इजलास कुनिन्दह इसबाबमें हुक्मदेसक्ता है कि आया अहालीजूरी किसी अहल्कार अदालत के एहतमाम में यकजारक्खे जायँगे और क्योंकर यकजारक्खे जायँगे--या

अहालीजूरीकोबन्दरखना,

उनको इजाजत दीजायगी कि अपने अपने घरकोचलेजायँ ॥

(बाब)--खातमा तजवीज का उन मुक़द्दमात में जो बजरिये ज़ूरीके तजवीजहों ॥

दफ़ा २६७--जिन मुक़द्दमातकी तजवीज बजरिये अहालीज़ूरी

ज़ूरीकोमुतनब्बाकरना,

के हो जब मुक़द्दमेकी जवाबदिही और मुद्दई की जानिबका जवाब (बशर्ते कि कुछहो) खतमहोजाय तोहाकिम अदालत अहालीज़ूरीको मुतनब्बाकरेगा और नालिशऔर जवाबदिही दोनों की शहादत के खुलासेकोऔर उसकानूनको जाहिरकरेगा जिसके अहकाम के बमूजिब अहालीज़ूरी को कारबन्दहोनाचाहिये ॥

दफ़ा २९८---ऐसे मुक़द्दमातमेंसाहबजजको लाजिमहै-कि-

साहबजजकाला

जिमाखिदमत,

हुक्मसजायहब्सबउबूर दरियाय शोर, रीह न होगी जिसमें कि शख्स सज़ायाब को भेजना मंज़ूरहो॥

दफा ३६९—किसीअदालतको बइस्तस्नाय हाईकोर्टके अख्ति-

अदालत तजवीजको तब्दील न करसकेगी, यार नहीं है कि जब अपनी तजवीज पर एक मर्त्तबा दस्तख़त करचुके उसमें कुछ तब्दील या नजरसानीकरे इल्ला उसतौरपर जिसकाजिक्र दफ़ा ३६५-में है या वास्ते तसहीह गल्ती किताबतके॥

दफ़ा ३७०----प्रेजीडंसी के मजिस्ट्रेटको लाजिमहै कि तरीक़ै

प्रेजीडंसी मजिस्ट्रेट की तजवीज, महकूमै सदरके मुताबिक़ तजवीज लिखने के इवज उमूर मुफ़स्सिलै जैल क़लम्बन्दकरे—

(अलिफ़)--मुक़द्दमेका नम्बर तरतीबी॥

(बे)--तारीख इर्त्तिकाब जुर्म॥

(जीम)--नाम मुस्तगीस अगर कोईहो॥

(दाल)--नाम शख्स मुल्जिमका और (बजुजरिआयाय बृटानिया अहलयूरुपके) उसकी वल्दियत व सकूनत॥

(हे)--जुर्म जिसका इल्जाम लगायागया या जो साबित करार दियागया॥

(वाव)--उम्र शख्स मुल्जिमका और उसका इजहार (अगरकुछ लियागयाहो)॥

(जे)--हुक्म अखीर॥

(हे)--तारीख हुक्म मजकूर॥

(तो)-उनसब मुकद्दमातमें मजिस्ट्रेटजिनमें कैदकीसजातजवीज करे या जुर्माना दोसौरुपयेसे ज़ियादह तादादका या दोनों सज़ायें आयदकरे एक मुख्तासिर कैफियत वजूह साबितकरार देने जुर्मकी॥

दफ़ा ३७१– तजवीज शख्स मुल्जिमको समझादीजायेगी-

मुल्जिमको तजवीज समझादीजायेगी औरनकलदीजायेगी,

और उसकी दरख्वास्तपर तजवीजकी एक नकल या जब वहख्वाहिश जाहिरकरे तजवीजका तर्जुमा उसीकीजबानमें अगरउसका तय्यार करना मुमकिनहो या बजबान मुस्तैमिला अदालत उसको बिला तवक्कुफ़ दियाजायेगा लाजिम है कि नकल मजकूर हरसूरत में अलावहमुकद्दमे लायक इजराय सम्मनके बिलाउजरत दीजाय॥

लाजिमहै कि उन मुकद्दमातमें जो मारफ़त जूरीके अदालत सिशनमें तजवीज कियेजायें नकल मद्दात हिदायत हाकिम जो जूरीको सुनाईजाय शख्स मुल्जिमकी दरख्वास्तपर बिलादिरंग व बिलाखर्चा दीजाय॥

जब शख्स मुल्जिमकी निस्बत सिशनजजके हुक्मसे सजाय

उसशख्स की सूरतमें जिसकी निस्बत हुक्म सजायमौत सादिरहुआहो,

मौत तजवीजकीगईहो तो जजमजकूरकोचाहिये कि मुल्जिमको इसबातसेभी मुत्तिलाकरे कि अगरउसको अपीलकरना मंजूरहोतो किस मीआदके अन्दर अपील रुजूअ करना चाहिये॥

दफ़ा ३७२--असल तजवीज मुकद्दमे की मिसलमें शामिल

तजवीजकाकतर्जुमा

की जायेगी और अगर असल तजवीज सि-

क्रियाजायेगा,   बाय जबान मुस्तैमिला अदालत के किसी और जबानमेंलिखीहुईहो और मुल्जिम ख्वास्तगारहो तो तर्जुमा उसका बजबान मुस्तैमिला अदालत मुरत्तिब होकर मिसल में शामिल कियाजायेगा ॥

दफ़ा ३७३--जिन मुकद्दमातकी तजवीज अदालत सिशनके

अदालत सिशन तजवीज औरहुक्मसजाकीनकल मजिस्ट्रेटकेपासभेजदेगी, रूबरूहो अदालत मजकूरको लाजिमहै-कि अपनी तजवीज और हुक्म सजाकी एक नकल (अगर कोईहो) उस जिलेके मजिस्ट्रेटके पास भेजदे जिसके इलाके हुकूमत की हुदूद अरजी के अन्दर मुकद्दमेकी तजवीज हुईथी ॥

बाब--२७ ॥

बाबत तरमील अहकाम सजा वगरज बहाली अदालत आलामें ॥

दफ़ा ३७४--जबअदालत सिशनहुक्म सजायमौत सादिरकरे

हुक्म सजाय मौत अदालतसिशनमुरसिलकरेगी, तो कागजात मिसल अदालत हाईकोर्ट में मुरसिल किये जायेंगे-और हुक्म मजकूरकी तामील न कीजायेगी इल्ला उस सूरत में कि वह हाईकोर्ट से बहालरक्खा जाय ॥

दफ़ा ३७५-जबऐसे कागजातमिसल मुरसिलकियेजायँअगर

हिदायतकरनेका अख्तियारकितहकीकातमजीदकीजाययाशहादत मजीदलीजाय, हाईकोर्टकी यह रायहो कि किसी ऐसे अम्र की बाबत तहकीकात मजीदकीजाय या शहादतमजीद लीजाय जो शख्स मुजरिम करार दादहकी कुसूरवारी या बेगुनाहीसे तअल्लुक रखताहो तो हाईकोर्टको अख्तियार है कि खुद तहकीकात मजकूर करै या शहादत्त मजीद ले या अदालत सिशनको तहकीकात करने या शहादत मजीद लेनेकी हिदायत करे ॥

ऐसी तहकीकात या शहादतरूबरू अहालीजूरी या असेसरके न अमल में आयेगी और न लीजायगी-और बजुज उससूरतकेकि अदालत हाईकोर्टसे और तरहपर हिदायत हो शख्स मुजरिम

करारदादहका उसवक्त हाजिर रहना जरूर नहीं है जब वह तहकीकात कीजाय या शहादत लीजाय ॥

नतीजा ऐसी तहकीकात या शहादत जब कि हाईकोर्ट खुद तहक़ीकात न करे और शहादत न ले बजरिये सार्टीफिकट हाईकोर्ट मजकूरमें मुरसिल कियाजायेगा ॥

दफ़ा ३७६——हर मुकद्दमे में जो दफा३७४-के बमूजिब सिपुर्दहुआहो आमइससे कि उसकी तजवीज बअआनत असेसरान या अहल जूरीके हुईहो हाईकोर्टको अख्तियारहै कि-

अख्तियार हाईकोर्टका दरबारहबहालरखने हुक्म सजाके या मन्सूख करने उसतजवीजके जिसकीरूसे जुर्म साबित करारपायाहो,

(अलिफ़)--हुक्म सजाको बहालरक्खे या कोई और हुक्म सजा जो कानूनन् जायज हो सादिरकरे या--

(बे)---उस तजवीज को जिसकी रूसे जुर्म साबित करार पायाहो मन्सूखकरे और मुल्जिम पर ऐसा जुर्म साबित तजवीज करे जो अदालत सिशन कायम करसक्ती है या बरबिनाय उसी फर्द करारदाद जुर्म या फर्द मुसद्दहा के अजसरनौ मुकदमे के तजवीज होनेका हुक्मदे या--

(जीम)--शख्स मुल्जिमको जुर्मसे बरीकरे ॥

मगर शर्त्त यहहै कि कोई हुक्म बहालीका हस्ब दफा हाजा सादिर न कियाजायेगा तावक्ते कि मीआद अपीलके दायरकरने की न गुजरजाय या अगर अपील मीआद मजकूर के अन्दर दायरहो चुकाहो तो तावक्ते कि अपीलका तस्फ़िया न होजाय ॥

दफ़ा ३७७--हरमुकद्दमे में जो हस्बतरीके मुतजक्किरे सदर सिपुर्द कियाजाय हाईकोर्टकी तजवीज का जो मुशअर बहाली हुक्म सजाहो या किसी और तजवीज या हुक्म जदीदका जो हाईकोर्टसे सादिर हो जब कोर्ट मजकूर में दो या जियादह हाकिमहों कमसे कम दो हुक्काम के हाथ से कलम्बन्द होकर सादिर होना

बहाली हुक्मसजा या नयेहुक्मसजापरदोजजके दस्तखतहोंगे,

और उसपर उन के दस्तखत का सब्त होना जरूरियात से है ॥

दफ़ा ३७८--जब ऐसा मुकद्दमा चन्द हाकिमों के बेंचके रूबरू समाअत कियाजाय और उन हाकिमों में इख्तिलाफ राय मसावी हो तो वह मुकद्दमा मय आरा उन हाकिमों के किसी और हाकिम के रूबरू पेश कियाजायेगा-और हाकिम आखिरुल्जिक्र बाद उसकदरसवाल व जवाब और समाअत के जो उसको मुनासिब मालूमहो अपनी राय जाहिर करेगा-और तजवीज़ या हुक्म उसी रायके मुताबिक सादिर कियाजायेगा ॥

जाबिता इख्तिलाफ रायकी सूरतमें,

दफ़ा ३७९-जो मुकद्दमात अदालत सिशनसे अदालत हाई-कोर्ट में वास्ते बहाली हुक्म सजाय मौत के सिपुर्दकियेजायँ हाईकोर्टके अहल्कारमुनासिब को लाजिमहै कि बिला तवक्कुफ़ बाद सादिर होने हुक्म बहाली सजा या किसी और हुक्म मुसद्दिरै हाईकोर्ट क नकल उस हुक्म की बादसब्त मोहर हाईकोर्ट और बतसदीक़ अपने दस्तखत के अदालत सिशनमें मुरसिल करे ॥

जाबिताउनमुकद्दमात में जोबहालीकेलियेहाई कोर्ट में पेशहों,

दफ़ा ३८०--जब कोई हुक्म सजा मुसद्दिरै किसी असिस्टंट-सिशनजज या मजिस्ट्रेट जिलेका जो दफ़ा३४ केबमूजिब अमल करता हो सिशन जज के पास बहाली के लिये पेश कियाजाय तो सिशन जज मजकूर को अख्तियार है कि-

असिस्टंट सिशनजज यामजिस्ट्रेटकारगुजारतहतदफ़ा३४—के हुक्म सजाकी बहाली,

(अलिफ़)—उस हुक्म सजा को बहाल रक्खे या कोई और हुक्म सजा सादिरकरे जिसे अदालत मातहत सादिर करसक्ती है ॥

(बे)—उसतजवीजको जिसकीरूसे जुर्म साबित करारपाया हो मन्सूख करे और मुल्जिम पर ऐसा जुर्म कायम करे जिसको अदालत मातहत कायम करसक्ती हो या बरबिना उसी फर्द करारदाद जुर्म या फ़र्द मुसहहाके अजसरनौमुकद्दमेके तजवीजहोने का हुक्मदे या—

(जीम)-शख्स मुल्जिम को जुर्म से बरीकरे या—

(दाल)--अगर जज मौसूफके नजदीक तहकीकात मजीदया शहादतजायद ऐसे किसी अम्रकीबाबत जरूर मालूमहो कि शख्स मुल्जिम कुसूरवार है या बेकुसूर तो उसको जायजहै कि ऐसी तहकीकात अमलमें लाये या शहादत मजकूर खुद ले या हिदायत करे कि ऐसी तहकीकात अमलमें आये या शहादत लीजाय॥

बजुज उस सूरत के कि अदालत सिशन से औरतरहपर हिदायत हो जायजहै-कि शख्स मुल्जिम उसवक्त हाजिर रहने से मुआफ़ कियाजाय जब ऐसी तहकीक़ात कीजाती या शहादत लीजातीहो-और जब हुक्म सजा किसी असिस्टंट सिशन जजकी तरफ़से मुरसिलहुआ हो तो ऐसी तहकीकात रूबरू अहलजूरी या असेसरों के न अमलमें आयेगीऔर न शहादत लीजायेगी॥

जब ऐसी तहकीकात और शहादत (अगर कुछहो) मारफत खुद अदालत सिशन के न कीजाय या न लीजाय तो नतीजा ऐसी तहकीकात और शहादत का बजरिये सार्टीफिकट अदालत सिशनमें मुरसिल किया जायेगा॥

बाब--२८॥

बाबत तामील अहकाम सजा॥

दफ़ा २८१--जब कोई हुक्म सजाय मौत मुसद्दिरै अदालत सिशन बहाली के लिये हाईकोर्ट में मुरसिल किया जाय तो अदालत सिशनको लाजिम है-कि हाईकोर्ट का हुक्म बहाली या और हुक्म जो उसपर सादिर हुआहो हासिलकरके हुक्म मजकूर की तामील बजरिये इजराय कितैवारंट या किसी औरतरीकपरअमलमेंलायेजोजरूरीमालूमहो॥

(तामील हुक्मजोहस्ब दफ़ा३०६-सादिर हो,)

दफ़ा२८२--अगर कोई औरत जिसके नाम हुक्मसजाय मौत सादिर हुआहो हामिला पाईजाय तो हाईकोर्ट को लाजिम है-कि वास्ते इल्तवाय तामील उस हुक्म सजाके हुक्म दे-और उसको अख्तियार है-कि उसहुक्म के बदले हुक्म हब्सदायमी बउबूर दरियाय शोर सादिर करे॥

(इल्तवाय हुक्म सजाय मौत जोहामिलाऔरतपरसादिरहो,)

और सूरतोंमें हुक्मस जायहब्सबउबूरदरियाय शोरयाकैदकी तामील,

दफ़ा २८३---+जब शख्स मुल्जिम पर सिवाय उन मुक़-द्दमातके जो दफा २८१-में मरकूमहैं और और मुक़द्दमात में हुक्म हब्स बउबूर दरियाय शोर या कैद का सादिर कियाजाय तो अदालतसा-दिर कुनिन्दै हुक्म सजा को लाजिम है-कि फ़ौरन् वारंट उस जेल-खाने में भेजदे जिसमें शख्स मुल्जिम मुक़य्यद होनेवाला हो-और बजुज उस सूरत के कि शख्स मजकूर पहिलेसे जेलखाने में मुक़य्यद हो उसे मय वारंट के जेलखाना मजकूर में भेजदे ॥

वारंट बगरज तामील किसकेनामलिखाजायेगा,

दफ़ा २८४-हर वारंट जो बाबत तामील हुक्म सजाय कैद के हो उस जेलखाने या और मुक़ामकेअफ्सर मोहतमिम के नाम लिखा जायेगा जिसमें मु-जरिम मुक़य्यद हो या मुक़य्यद होनेवाला हो ॥

वारंट किसके हाथमें दिया जायेगा,

दफ़ा २८५ ---जब शख्स मुजरिम जेलखाने में कैद होनेवाला हो तो वारंट जेलर के हाथमें दियाजायेगा ॥

वारंटबगरजवसूलजुर्मानाके,

दफ़ा २८६ ---जब किसी मुजरिम पर हुक्म सजाय अदाय जु-र्माना सादिर कियाजाय तो अदालत सादिर कुनिन्दै हुक्म मजकूर को अख्तियार है-कि अगर मुनासिब समझे कितै वारंट बगरज वसूलजर जुर्मानाबजरिये कुर्की और नीलाम जायदाद मन्कूला ममलूका मुजरिममजकूर के जारी करेगो हुक्म सजामें यह हिदायत हो कि दरसूरत अदमअ-दाय जुर्माना के मुजरिम कैद किया जायगा ॥

वैसे वारंट का असर,

दफ़ा २८७--- जायज है कि ऐसा वारंट उस अदालतके इलाकै हुकूमतकी हुदूद अरजी के अंदर तामील किया जाय-और उसमें यह अख्तियार दिया जायेगा कि किस्म मजकूर की जो कुछ जायदाद उन हुदूदके बाहर हो वह भी कुर्क औरनी-

---

+दरबारह तामील अहकाम सजाय कैद के अपरबह्मा में जिसकी मीआदछ-छःमहीना या उस से कमहो देखो क़ानून ७-सन् १८८६ ई० के जमीमाकी दफा १३-मगर दरबारहरिआयाय बृटानियाअहलयूरुपके देखोदफा २२--ऐजन,-

लाम कीजाय बशर्तें कि वारंट की जोहर पर उस मजिस्ट्रेट जिला या उस प्रेजीडन्सी के चीफ़मजिस्ट्रेट के दस्तखतहों जिसकेइलाके की हुदूद अरजीके अंदर वह जायदाद दस्तयाब हो ॥

दफ़ा ३८८--जब मुजरिम पर सिर्फ जुर्माने की सजा तजवीज कीजाय और दरसूरत अदमअदाय जुर्माना कैद तजवीज कीजाय और अदालत दफ़ा ३८६-के बमूजिब वारंटजारीकरै उसको अख्तियारहै-कि हुक्मकैदकीतामील मुल्तवीकरके शख्स मुल्जिमको इस शर्त्तपररिहाकरे कि वह किते मुचलके मय या बिला जामिनोंके जोकुछ अदालत मुनासिब समझे इसमजमूनसे लिखदे कि जो तारीख वास्ते वापिसी वारंटके मुकर्ररहै-कि वहतारीख रोजतहरीर मुचलकेसे इन्तिहा दरजे १५-रोजसे जियादह फासलेपर न होगी उसतारीखको अदालतमें हाजिरहोगा-और दरसूरत अदम वसूल जुर्माना अदालत हिदायत करसक्तीहै कि हुक्मकैदकी तामील फौरन कीजाय ॥

हुक्म सजाय कैद की तामील का इल्तवा,

दफ़ा ३८९---जायजहै-कि वारंटवास्ते तामील किसीहुक्म सजा के उसजज या मजिस्ट्रेट के हुक्मसे जारी किया जाय जिसने हुक्म सज़ा सादिरकियाहो या मारफत उसके कायम मुकाम ओहदेके जारी कियाजाय ॥

किसकेहुक्मसेवारंटजारीकियाजासक्ताहै,

दफ़ा ३९०---जब मुल्जिमके नाम सिर्फ हुक्मसजाय ताजियाना सादिरहो तो तामील सजायमजकूरकी उस मुकाम और वक्तपर कीजायेगी जिसकी अदालत हिदायतकरे ॥

सिर्फ़हुक्मसजायताजियानाज़नीकीतामील,

दफ़ा ३९१--जबशख्स मुल्जिमपरहुक्मसजाय ताजियाना बइजदियादकैदके ऐसे मुकद्दमेमें सादिरहो जो काबिल अपीलहो तो वह ताजियाना उस वक्ततक नलगायाजायेगा जबतक कि तारीखहुक्मसजासे १५-रोज न गुजरजायें या अगर उसअरसेमें अपील दायरहोजाय तो जबतक कि हुक्म सजाअदालत अपील से बहाल न कियाजाय-मगरवाजैहो कि जिसकदर जल्द मुमकिनहो बाद

हुक्मसजायताजियानाजनी बइजदियाद कैदकी तामील,

इश्तिताम उसपन्द्रह रोज के या अगर अपीलहुआहो तो जिस कदरजल्द मुमकिनहो बाद हुसूल हुक्म अदालत अपीलमुशअर बहाली हुक्मसजा के ताजियाना लगायाजायेगा॥

ताजियानारूबरू अफसर मोहतमिमजेलखानेकेलगायाजायेगा-बजुजउससूरतके कि जज या मजिस्ट्रेट यहहुक्मदे कि ताजियाना खुदउसके मवजहामें लगायाजाय॥

दफा ३९२-जबशख्स मुजरिम १६-बरस या उससे जियादह

सजादेनेकातरीका,

उमरकाहो उसकोसजाय ताजियाना सुबुकबेदसे जिसकाकुतुर आधइंचसे कम नहो उसतरीकपर औरजिस्मके उस मुकामपर जो लोकलगवर्नमेण्टकी तजवीजसे मुकर्ररहो दीजायगी-और अगर मुजरिम १६-बरस से कम उमरकाहो तो सजाय मजकूरह बतरीक तादीब मक्तबी बजरिये बेदसुबुकके दीजायेगी॥

लाजिम है-कि किसी सूरत में सजाय मजकूर ३०-जरब से

तादाद जरब की हद्द,

जियादह न हो॥

दफा ३९३-तामील किसीहुक्मसजाय ताजियानाकी बदफ-

बदफआततामीलनको जायेगी,

आतनकीजायेगी-और कोई शख्स मिन्जुमलैअशखास मुन्दर्जेजैल लायक सजाय ताजियाना न होगा याने--

(अलिफ)-औरत॥

मुस्तस्नियात,

(बे)-मर्द जिनकी निस्बत सजाय मौत या हब्स बउबूर दरियायशोर या सजायमशक्कत ताजीरी या पांचबरससे जियादह कैद का हुक्महुआहो॥

(जीम)--मर्दजिनकी निस्बत अदालत यह गुमानकरे कि वह ४५-बरससे जियादह उमरके हैं॥

दफा ३९४—किसी हुक्म सजाय ताजियाना की तामील

ताजियाना ज़नोअमल में नहींआयेगी अगरमुजरिमतन्दुरुस्तनहो,

न कीजायेगी इल्ला उससूरतमें कि कोईडाक्टर बशर्त्ते कि वह हाजिर हो इस अम्रकी तसदीक करे दरसूरत न हाजिर होने किसी

डाक्टर के मजिस्ट्रेट या और अफ्सरको जो उसवक्त मौजूदहो यह मालूम हो कि मुजरिम इसक़दर तन्दुरुस्त है कि सजाय मजकूर बरदाश्त करसकेगा ॥

अगर दरअस्नाय तामील किसीहुक्म सजाय ताजियाना के
तामील कोमौकूफ़ो कोई ओहदेदार सीगै डाक्टरी इसबातकी तसदीककरे या उस मजिस्ट्रेट या ओहदेदार हाजिरको मालूम हो कि मुजरिम ऐसा तन्दुरुस्त नहीं है कि सजाय बाकीमुन्दै को बरदाश्त करे तो सजाय ताजियाना क़तअन् मौकूफ़कीजायेगी ॥

दफ़ा ३९५--हरमुकद्दमेमें जिसमें दफ़ा ३९४-कीरूसे तामीलहुक्म
जाविता अगर सजा हस्वदफ़ा ३९४-अमल में नआसके,
सजाय ताजियानाकी कुल्लन् या जुज़व्मसदूदकरदीजाय शख्स मुजरिम उसवक्त तक हवालातमें रक्खाजायेगा जबतक कि अदालत सादिरकुनिन्दै हुक्मसजा उसकी तरमीमनकरे-और अदालत मौसूफ मजाजहोगी-कि हस्ब इक्तिजाय राय अपने सजाय तजवीज शुदहको मुआफकरदे या बजाय हुक्म ताजियाना या बजाय उसकदरजुज्व सजाय ताजियानाके जिसकीतामील न हुईहो शख्स मुजरिमको किसी मीआदके लिये क़ैद रहनेका हुक्मदे जो बारहमहीनेसे जियादह न हो और यह किसी और सजाके अलावह होसक्ती है जो उसी जुर्मकी बाबत उसके लिये पहिले तजवीज होचुकी हो ॥

इस दफ़ाकी किसी इबारत से यह न समझा जायेगा कि अदालत उसमीआदसे जियादहअय्यामतककैद तजवीजकरसक्ती है जिसका शख्स मुल्जिम क़ानूनन् सजावारहो या जो अदालत तजवीज करने की मजाज है ॥

दफ़ा ३९६—जबहुक्मसजा किसी मुजरिमफ़रारीकीनिस्बत
मुजरिमान फरारीप रहुक्मसज़ाकीतामील,
इस मज़मूये के बमूजिब सादिर कियाजाय तो अगर ऐसा हुक्म सजाबाबतमौत या जुर्मना या ताजियानाकेहो वहबकैद शरायत मुन्दर्जै माकब्ल मजमूये हाजा वक़ौर सिदूर हुक्मके असर पिज़ीर होजायेगा-और अगर सज़ाय

कैद या मशक्कत ताजीरी या हब्स बउबूर दरियाय शोरकी बाबत हो तो मुताबिक़ कवायद मुन्दर्जे जैलके असर पिजीर होगा॥

अगर सजाय जदीद बएतबार अपनी नवय्यत के उस सजा से जियादह शदीदहो जोशख्स मुजरिम उसवक्त भुगतरहाथाजब वह फरारहोगया तो सजायजदीद फौरन् असर पिजीरहोजायगी॥

जब सजाय जदीद बएतबार अपनी नवय्यत के उस सजा से जियादह शदीद नहो जो मुजरिम फ़रारहोनेकेवक्त पारहा था तो असरसजाय जदीदका उसवक्तशुरूहोगा जब वहकैद या मशक्कत ताजीरी या हब्स-बउबूर दरियाय शोर जैसा मौकाहो उसअर्से मजीदतक़ काटले जोउसके मफ़रूरहोनेकेवक्त उसकी मीआद साबिकमेंसे मुन्कज़ी होनेको बाकीथा॥

तशरीह—इसदफ़ाकेमकसूदकेलिये--

(अलिफ़)-सजाय हब्सबउबूर दरियाय शोर या मशक्कत ताजीरी सजाय कैदसे जियादह सख्त समझीजायेगी॥

(बे)-सजायकैद मयहब्स तनहाई उसीकिस्मकी कैदसे जिसमें हब्सतनहाई शामिल नहो जियादह सख्त समझी जायेगी॥

(जीम)-सजाय कैदसख्त सजाय कैद महजसे जिसमें हब्स तनहाई शामिल हो या न हो जियादह सख्तसमझी जायेगी॥

दफ़ा ३९७—जब ऐसे शख्सकी निस्बत हुक्म सजाय कैद या मशक्कत ताजीरी या हब्स बउबूरदरियायशोर का ऐसेवक्तपर सादिर कियाजाय जब कि वह किसी और जुर्मकी पादाशमें कोई मीआदकैद या मशक्कत ताजीरी या हब्स बउबूरदरियाय शोर भुगतरहाहो तोवहसजायकैद या मशक्कत ताजीरी या हब्स बउबूरदरियायशोर उसवक्त शुरूअहोगी जबवह कैद या मशक्कत ताजीरी या हब्सबउबूर दरियाय शोर मुन्कज़ी होजाय जो पहिले मर्त्तबे उसके लिये तजवीज हुई थी॥

हुक्म सजा उसमुजरिमकी निस्बतकि जिसको निस्बत किसी और जुर्म की इल्लतमें हुक्म सजा सादिर होचुकाहो,

मगर शर्त्त यहहै—कि अगर शख्स मजकूर कोई मीआद कैद की काटरहाहो और हुक्मसजा जोबसुबूत जुर्म मुरत्तिबे सानी सा-

दिर हो वास्ते हब्स बउबूर दरियाय शोरकेहो तो अदालत मजाज है-कि अगर मसलहत देखे यह हिदायत करे कि पिछली सजा फौरन् यावक्त इन्कजाय उसमीआद कैद के शुरूअ होगी जो पहिले मर्त्तबा उसके लिये तजवीज की गईथी ॥

दफ़ा ३९८-+(१)-दफ़ा ३९६-या दफ़ा ३९७-की किसी इबारत से यह मुतसव्विर न होगा कि कोई शख्स किसी ऐसे जुज्वसजा से बरी होगा जिसका वह माकब्ल या माबादकी तजवीज जुर्मकी रूसे मुस्तौजिब था ॥

दफ़ाआत३९६-व३९७-का महफूज रहना,

(२)-जब अदम अदाय जुर्माना के कुसूर में हुक्म सजाय कैद ऐसे हुक्म सजाय कैद असली के साथ या हुक्म सजायकैद बउबूर दरियाय शोर या मशक्कत ताजीरीकेसाथ मिलादिया जाये जो किसी जुर्म मुस्तल्जिम सजाय कैदकेलिये सादिरहो-और उस शख्सको जो सजायकैद भुगतरहाहो बादभुगतने सजाय मजकूर के कैद या कैदबउबूर दरियाय शोर या मशक्कत ताजीरी के असल हुक्म सजाय जायद या असल अहकाम सजाय जायदभी भुगतना पड़े तो अदमअदाय जुर्माना के कुसूरमें हुक्म सजाय कैद असर पिजीर न होगा जबतक कि शख्स मजकूर जायद हुक्म सजा या अहकाम सजाय मजकूर न भुगतचुकाहो ॥

दफ़ा ३९९—*अगर किसी शख्स की निस्बत जिसकी उम्र सोलह बरससे कमहो किसी अदालत फौजदारी से किसी जुर्मकी इल्लतमें कैद की सजा तजवीज हुई हो तो अदालत मौसूफ को इसहुक्मके इसदार का अख्तियार रहेगा कि ऐसा शख्स जेलखाने फौजदारी में कैद

तादीबगाहोंमें नाबालिग मुजरिमोंकी कैद,

+ यह दफ़ा ३९८-साबिक दफ़ाकी जगह ऐक्ट १०-सन् १८८६ ई० की दफ़ा१०-की रूसे कायम की गई है,

* दफ़ा ३९९-(जो साबिक मजमूआ जाबिता यानी ऐक्ट १०-सन् १८७२ई० की दफ़ा ३१८-की मुतरादिफहै) उन सूबजातमें मन्सूखकीगई जहां तादीबगाहों के ऐक्ट मुसद्दिरे सन् १८७६ ई० का नाफिजुलअमलहोना मुशख्खिसकियागया है-देखो ऐक्ट ५-सन् १८७६ ई० की दफआत१-व२-और दफ़ा २-इसऐक्टको,

किये जानेके एवज ऐसे तादीबखानामें कैद कियाजाय जिसको लोकल गवर्नमेंटने बतौर एक ऐसेमहब्स मुनासिबके मुकर्ररकिया हो जिसमें तादीब मुनासिब और किसी पेशेमुफीद की तालीम के वसायल मौजूदहों-या जिसकी निगहदाश्त कोई ऐसा शख्स करताहो जो उन कवायदकी तामील पर राजीहो जिनको गवर्नमेंट बलिहाज तादीब व तालीम अशखास मुकय्यद तादीबखाने मजकूर के मुन्जबित फरमाये ॥

जुमले अशखास जो इस दफाके मुताबिक महबूसहों उन कवायदके पाबन्दरहेंगे जो गवर्नमेंट से तजवीजहों ॥

दफा ४००—जब हुक्म सजाकी तामील पूरीहोजाय तो ओहदेदार तामीलकुनिन्दा वारंटको लाजिमहो-गा—कि वारंटकी पुश्तपर इसअम्रकीतसदीक लिखे कि हुक्मसजाकी तामील किसतरहकीगई-बादइसके अपने दस्तखत सब्तकरके अदालत जारीकुनिन्दे वारंटसें वापसकरे ॥

हुक्मसजाकीतामीलके बादवारंटकावापसकरना,

बाब-२९ ॥

बाबत इल्तवाय और मुआफी और तब्दीलअहकामसजा ॥

दफा ४०१—जब किसीशख्सपर किसीजुर्मकी पादाशमें कोई हुक्म सजा सादिरहुआहो तो जनाब नव्वाब गवर्नर जनरल बहादुर बइजलास कौंसल या लोकलगवर्नमेंट मजाजहै-कि किसीवक्त बिला शर्त्त या बपाबन्दी उनशरायतके जिनकोशख्स मुजरिमकरारदादह कुबूलकरे उसकीसजाकी तामील मुल्तवीकरदे—या जोसजा उसके लिये तजवीज की गईहो उसको कुल्लन् या जुजन् मुआफ करदे ॥

अहकामसजा के मुल्तवीया मुआफ करनेकाअख्तियार,

जब कोई दरख्वास्तवास्ते इल्तवा या मुआफ कराने किसी हुक्मसजाकेरूबरू जनाब नव्वाबगवर्नरजनरलबहादुर बइजलास कौंसल या किसीलोकलगवर्नमेंटके पेशहोतो जनाबममदूह बइजलास कौंसल या लोकलगवर्नमेंट जैसा मौकाहो मजाजहै-कि उस अदालतके हाकिम इजलासकुनिंदाको जिसकेरूबरू जुर्मसा-

वित करारदियागयाथा या जिसने उसको बहाल रक्खाथा हुक्म दे कि वह अपनीराय लिखे कि दरख्वास्त मंजूरी या नामंजूरी के काबिल है मय वजूह अपनीरायके ॥

अगर जनाब नव्वाब गवर्नरजनरलबहादुर बइजलास कौंसल या लोकलगवर्नमेंटकी रायमें कोईशर्त्त जिसके बमूजिबकोईहुक्म सजामुल्तवी रक्खागया या मुआफ कियागयाहो-जैसी सूरतहो-पूरी न कीगईहो--तो जनाब नव्वाब गवर्नरजनरल बहादुर बइजलास कौंसल या लोकलगवर्नमेंटको अख्तियारहोगा कि इल्तवा या मुआफी मजकूरको मंसूखकरैं याकरै--और तबवह शख्सजिस के हकमें हुक्म मजकूर मुल्तवी रक्खागया या मुआफ कियागया था अगर गैर मुकय्यदरहै बजरिये किसी ओहदेदार पुलिसकेबिला वारंट गिरफ्तारहोसक्ताहै--औरहुक्म मजकूरकेनातमामजुज्व मीआदसजाके भुगतनेकेलिये फिरजेलखानेमें भेजाजासक्ताहै;

×वहशर्त्त जिसकेबमूजिब कोई हुक्मसजा हस्बदफाहाजामुल्तवीरक्खा या मुआफ कियाजाय ऐसीहोसक्तीहै जिसेवहशख्स पूरी करै जिसके हकमें हुक्मसजाय मजकूर मुल्तवीरक्खा या मुआफ़ कियागयाहो--या ऐसी होसक्तीहै जिसमें शख्स मजकूर की ख्वाहिशका लिहाज न कियाजाय, ×

इसदफाकी किसीइबारतसे जनाबमलकामुअज्जिमाकेइस्तहकाकमेंदरबाबमुआफी या इल्तवायतामील या अतायमोहलतया मन्सूखीहुक्म सजाके कुछ खलल न आयेगा ॥

तब्दील सजाका अख्तियार, दफा ४०२--जनाब नव्वाब गवर्नर जनरल बहादुर बइजलास कौंसल या लोकलगवर्नमेण्ट मजाज है-कि बिला रजामंदी उस शख्सके जिसके नाम हुक्मसजा सादिरहुआहो सजाहाय मुफस्सिलै जैलमेंसे किसी एक सजाके एवज दूसरी सजा तजवीजकरे ॥

*--*दफा ४०१ का तीसरा फिकरा-ऐक्ट१०सन्१८८६ई०की दफा११-(१)की रूसे साबिक फिकरेके एवज कायम कियागया है,

×-× यहफिकरा दफा४०१-का ऐक्ट १०-सन् १८८६ ई० की दफा ११-(२)की रूसे मुन्दर्ज कियागया है,

सजाहाय मौत व हब्स बउबूरदरियायशोर बमशक्कत ताजीरी व क़ैद सख्त किसी मीआदके लिये जो उससे जियादह न हो जो क़ानूनन् आयद हो सक्तीथी-व क़ैद महज ताहद मीआद मज-कूरै सदर और जुर्माना॥

बाब-३०॥

बाबत बराअत या इसबात जुर्म साबिका॥

दफ़ा ४०३-जिस शख्स के मुक़द्दमेकी तजवीज मारफ़त किसी अदालत मजाज समाअतके किसी जुर्म की इल्लत में होचुकी हो और वह उस जुर्म का मुजरिमकरारपाया या बजुर्म करार दियागया-हो तो जबतक वहहुक्म मशअर इसबात या बराअत जुर्म मजकूरना-फ़िज व बरकराररहे शख्स मजकूर ईसबातके लायक़ न होगा कि उसी जुर्मकी इल्लत में फिर उसके मुक़द्दमे की तजवीज कीजाय-या कि उसकी तजवीज बएतबार उन्हीं वाकिआतके बइल्लत किसी और जुर्मके अमलमें आये जिसकी बाबत कोई और इल्जाम सिवाय उस इल्जामके जो उसपरकायम कियागया दफ़ा २३६-के मुताबिक कायमहो सक्ताथा याजिसकी बाबत दफ़ा२३७-के बमूजिब उसपर जुर्मसाबितकरारपासक्ताथा॥

(जोशख्सएकबारमुजरिमठहरचुकाहोयाजिसकोएकबाररिहाईहोचुकीहोउसके मुक़द्दमे कीतजवीज उसीजुर्मकीबाबत फिर नहींहोगी,)

जायज है-कि किसी शख्सकी निस्बत जो साबिकन् किसी जुर्मका मुजरिम या उसकी बाबत बे जुर्म करार पाया हो किसी और जुर्म जुदागाना की बाबत जिसकी बाबत इल्जाम अला-हिदा मुक़द्दमा साबिक़में दफ़ा २३५-फ़िकरह १-के मुताबिक़ उ-सपर क़ायम होसक्ताथा किसी अय्याम माबाद में फिर तजवीज शुरूअ कीजाय॥

जो शख्स किसी ऐसे फेलकी बाबत मुजरिम क़रार दियागया हो जो मुश्तमिल ऐसे नतायज पर हो जिनके और फेल मजकूर के शमूलसे एक औरजुर्म पैदा होजाताहो जो उसजुर्म से मुग़ायर हो जिससे वह मुजरिम क़रार दिया गया हो-तो जायज है कि

मिन्बाद उसकी तजवीज उस दूसरे जुर्म आखिरुल्जिककी इल्लतमें कीजाय- बशर्त्ते कि सुबूत जुर्मके वक्त वह नतायज पैदा न हुयेहों या उनका पैदा होना अदालतको मालूम न हो ॥

जो शख्स किसी ऐसे जुर्म से बरी या उसका मुजरिम क़रार दियाजाय जो चन्द अफ़आल पर मुश्तमिल हो तो जायज़ है- कि उसपर बावजूद उस बराअत या सुबूत जुर्मके मिन्बाद किसी और जुर्मका इल्जाम जिसका इर्त्तिकाब उसने उन्हीं अफ़आल की रूसे कियाहो क़ायम कियाजाय—और उसके मुकद्दमे की तजवीज अमल में आये- बशर्ते कि जिस अदालत ने पहले मर्त्तबा उसकी तजवीज की हो उसजुर्म की तजवीज करने की मजाज न हो जिसका इल्जाम उसपर मिन्बाद क़ायम कियाजाय॥

तशरीह—खारिज होना इस्तिग़ासे का और मौकूफ़ रखना कार्रवाइयोंका हस्ब दफ़ा २४९-और रुख्सत कियाजाना शख्स मुल्जिमका या दाखिल होना इबारतका फर्दक़रारदाद जुर्म में हस्बुल्हुक्म दफ़ा २७३-इसदफ़ाकी अग़राजके लिये दरजै बरअत का जुर्म से नहीं रखता है ॥

तमसीलात ॥

(अलिफ)--जैदके मुकद्दमेकी तजवीज बइल्लत सिरक़े बहैसियत मुलाजिम अमलमें आई-और वह बरी किया गया--पस मिन्बाद जबतक कि बरअतका हुक्मनाफिज़रहे उन्हीं वाक़िआत की बुनियादपर सिरक़ा बहैसियत मुलाजिमी या सिरक़ा महज या खयानत मुजरिमानाकाइल्जामउसपर क़ायमनहींहोसक्ताहै ॥

(बे)— जैद के मुकद्दमेकी तजवीज बरबिनाय इल्जाम कत्ल अमदहुई-और वहबरी कियागया-सिरक़े बिलजब्रका इल्जाम उस पर नहीं लगाया गयाथा-लेकिन वाक़िआतसे पाया जाताहै कि कत्लअमद के इर्तिकाबके वक्त उसने सिरक़ा बिलजब्र का भी इर्तिकाब कियाथा तो जायजहै कि मिन्बाद उसपर सिर-

कै बिलजब्र का इल्जामलगाया जाय और उसके मुक़द्दमेकी तजवीज अमल में आये ॥

(जीम)--जैदके मुक़द्दमे की तजवीज बइल्लत जुर्म जररशदीद पहुँचाने के कीगई--और वह जुर्म साबित क़रार पाया-मिनबाद वह शख्स जिसको जररपहुंचायागयाथा फ़ौतहोगया-तो जायज है कि जैद की निस्बत बइल्लत क़त्ल इन्सान मुस्तल्जिम सज़ा फिर तजवीज अमल में आये ॥

(दाल)-जैदपर अदालतासिशनके रूबरूबकरके क़त्लमुस्तल्जिम सजाका इल्जाम लगायागया और जुर्म साबितक़रारपाया-पस मिन्बाद बइल्लत अमदन् क़त्लकरने ख़ालिदके उन्हीं वाक़िआतकीबिनायपर जैदके मुक़द्दमे की तजवीज अमल में नहीं आसक्ती है ॥

(हे)--किसी मजिस्ट्रेट दरजे अव्वलनेजैदपर बकरको बिलइरादे ज़रर पहुंचानेका इल्ज़ामक़ायमकिया-और उसको मुजरिम क़रार दिया-पसमिन्बादबकरको बिल्इरादे ज़ररशदीद पहुंचानेकी इल्लत में उन्हीं वाक़िआतकी बिनायपर जैद के मुकद्दमे की तजवीज़ अमल में नहीं आसक्ती-इल्ला उसहाल में कि मुक़द्दमा इस दफ़ा के फिकरह सोम में दाख़िलहो ॥

(वाव)--किसी मजिस्ट्रेट दरजे दोमने ज़ैदपर बकरके बदनपरसे मालके सिरक़ाकरने का इल्ज़ाम लगाया-और उसी ने उसको मुजरिमक़रारदिया-तो जायज़ है कि मिन्बादज़ैदपर सिरक़ै बिल्जब्र का इल्ज़ाम उन्हीं वाक़िआत की बुनियादपर क़ायम कियाजाय और तजवीज अमल में आये ॥

(जे)--किसी मजिस्ट्रेट दरजैअव्वलने जैद और बकर और ख़ालिद पर महमूदको बतौर सिरक़ै बिलजब्र लूटनेका इल्ज़ाम क़ायम किया और मुजरिमक़रारादिया-तो जायज़है कि ज़ैद और बकर और ख़ालिदपर डकैती का इल्ज़ाम उन्हीं वाक़िआतकी बुनियादपर क़ायम कियाजाय और उनकेमुक़द्दमेकी तजवीज़ अमलमें आये॥

हिस्सहहफ्तुम ॥

बाबत अपील और इस्तसवाब और नज़रसानी ॥

बाब--३१ ॥

बाबत अपील ॥

दफ़ा ४०४--कोई अपीलबनाराज़ी किसी तजवीज़ या हुक्म मुसद्दिरै किसी अदालत फौजदारी के जायज़ न होगा-इल्ला हस्ब महकूमै मजमूये हाज़ा या किसी और क़ानून मजरिये वक्त के ॥

कोई अपीलदायर नहीं होगा इल्ला जब कि और तरहपर हुक्महो,

दफ़ा ४०५--हर शख्सको जिसकी दरख्वास्त हस्बदफ़ा ८६-बाबत हवालगी माल या उसके ज़र समन नीलाम के किसी अदालत से नामंज़ूर हुईहो अख़्तियार है-कि उस अदालत में अपीलकरे जिसमें बनाराज़ी हुक्म सजा अदालत साबिक़ुल्ज़िक्र के उमूमन अपील होसक्ता है ॥

अपील बनाराजी हुक्म मुशअरनामंज़ूरी दरख्वास्त दरबाब वापसी मालक़ुर्कशुदहके,

दफ़ा ४०६--हर शख़्सको जिससे कोई मजिस्ट्रेट सिवाय मजिस्ट्रेट जिला या मजिस्ट्रेट प्रेज़ीडेंसी के उसकी नेकचलनी की जमानतमुताबिक दफ़ा ११८-के तलबकरे अख़्तियारहै-कि मजिस्ट्रेट जिले के हुज़ूर अपील करे ॥

अपील बनाराजीहुक्म मुशअर दाखिल करने ज़मानत नेकचलनीके,

दफ़ा ४०७--हरशख्स जिसपर हस्ब तजवीज किसी मजिस्ट्रेट दरजै दोम या दरजै सोमके जुर्म साबित करार दियागयाहो या वहशख्स जिसकेनाम हुक्म सजा हस्बदफ़ा ३४६-बतजवीज किसी मजिस्ट्रेट हिस्सा जिला दरजा दोमके सादिरहुआहो अख़्तियार रखता है-कि मजिस्ट्रेट जिलेके हुज़ूर अपीलकरे ॥

अपीलबनाराजी हुक्म सजा मुसद्दिरै मजिस्ट्रेट दरजा दोम या सोमके,

मजिस्ट्रेट जिला इसअम्रके हुक्मदेने का मजाज है-कि किसी अपीलको जो हस्ब दफ़ा हाज़ारुजूअहुआ हो या उसक़िस्मके चंदमुक़द्दमात अपीलको हर मजिस्ट्रेट दरजै अव्वल जो उसका मातहतहो

अपीलोंका मजिस्ट्रेट दरजा अव्वल के पास मुन्तक़िल होना,

और जिसने लोकलगवर्नमेंटसे ऐसेमुकद्दमात अपीलकी समाअत का अख़्तियार पायाहो समाअत कियाकरे-और बादअर्जी अपील या अकसामअपील मजकूर मजिस्ट्रेट मातहतके रूबरू पेशकी जायँगी-या अगर मजिस्ट्रेट जिलेके रूबरू पेशहोचुकी हों तो मजिस्ट्रेट मातहत मजकूर के नाम मुन्तकिल करदी जायँगी-और मजिस्ट्रेट जिले को अख़्तियारहोगा-कि किसी अपील या अकसाम अपील पेशशुदह या मुन्तकिलशुदह को फिर उसमजिस्ट्रेट से अपने पास उठामँगाये॥

अपीलबनाराजीहुक्म सजामुसद्दिरे असिस्टंट सिशनजज या मजिस्ट्रेट दरजा अव्वल,

दफ़ा ४०८-- ×हर शख़्स जो अजरूय तजवीज असल आबु-रदह किसी असिस्टंट सिशनजज या मजिस्ट्रेट जिला या दीगर मजिस्ट्रेट दरजे अव्वलके मुजरिम करार पायाहो और हर शख़्स जिसपर हुक्म सजा हस्ब दफ़ा ३४९-तरफ से किसी मजिस्ट्रेट दरजै अव्वल के सादिर हुआ हो अख़्तियार रखताहै-कि अदालत सिशन में अपील करे॥

मगर शर्त्त यह है कि--

(अलिफ)--जब मुकद्दमे में असिस्टंट सिशनजज या मजिस्ट्रेट जिला कोई हुक्म सजा सादिर करे जो मोहताज मंजूरी अदालत सिशनकाहो तो लाजिम है कि ऐसे मुकद्दमे का हर अपील हाईकोर्ट में हुआकरे-लेकिन उस वक्ततक पेश न किया जायेगा कि मुकद्दमा अदालत सिशनसे तै न पाये॥

(बे)--हर रअय्यत बृटानिया अहल यूरुप जो मुजरिम करार

× अपरब्रह्मा में दरखसूस उस अपील के जो मजिस्ट्रेट जिले के हुक्म सजा की नाराजी से दायर हो--और अपील मजकूर की हद्दमीआद समाअत की बाबत देखो कानून ७--सन्१८८६ ई० के जमीमे की दफ़ा १४--मगर रिआयाय बृटानिया अहल यूरुप के बारे में देखो दफ़ा २२-ऐजन,

उन मुकामात में जहां जरायम सरहद्दी पंजाबके कानून मुसद्दिरे सन् १८८७-ई० नाफ़िजुल् अमल है बाज़ अपील अदालत चीफकोर्ट में दायर होंगे और अदालत सिशन में दायर न होंगे देखो कानून ४-सन् १८८७ ई० की — दफ़ा८ (२),

दियाजाय मजाज है-कि हस्ब ख्वाहिश अपने ख्वाह हाईकोर्ट में अपील करे ख्वाह अदालत सिशन में ॥

अपील बअदालत सिशन क्योंकर समाअतमें आयेगा,

दफ़ा ४०९-जब अपील अदालतसिशन या सिशनजजकेरूबरू दायर कियाजाय तो उसकी समाअत मारफत सिशनजज या ऐडीशनल या जायंट सिशन जजके अमलमें आयेगी ॥

अपील बनाराजीहुक्म सजाय अदालतसिशन,

दफ़ा ४१०--हर शख्स जो बतजवीज किसी सिशनजज या ऐडीशनल या जायंट सिशनजज के मुजरिम करार पाया हो अख्तियार रखता है-कि हाई-कोर्ट में अपील करे ॥

मजिस्ट्रेट प्रेजीडंसी के हुक्मसजाकीनाराजी से अपील,

दफ़ा ४११--हरशख्स जो बतजवीज किसी मजिस्ट्रेटप्रेजीडंसी के मुजरिम करारपाया हो मजाज है-कि अगर मजिस्ट्रेट मजकूरने अपने हुक्म सजामें उसके लिये कैद ६-छः महीने से जियादह मीआदकी या जुर्माना तादादी जायद अज दोसौरुपया तजवीजकियाहो तो हाईकोर्ट में अपील करे ॥

बाज सूरतों में जब कि मुल्जिम जुर्मका इकरारकरे कोई अपील न होसकेगा,

दफ़ा ४१२--बावजूदे कि किसी दफ़ा माकब्ल में कुछ और हुक्महो अगर कोई शख्स मुल्जिम जिसने जुर्म का अकबाल किया हो किसी अदालत सिशन या मजिस्ट्रेट प्रेजीडंसी की तजवीज से उसी अकबाल पर मुजरिमकरार पायाहो तो उस का अपील न होसकेगा इल्ला निस्बत तादाद मीआद या जवाज हुक्मसजाके ॥

खफीफ मुकद्दमातका अपील नहीं है,

दफ़ा ४१३--×बावस्फ इसके कि किसी दफ़ा माकब्ल में कोई और हुक्म हो वह शख्स जिसपर जुर्म साबित करार दियाजाय उन सूरतों में अपील न कर सकैगा जिनमें अदालत सिशन या मजिस्ट्रेटजिला याकिसीऔर मजिस्ट्रेट दरजे अव्वलने हुक्म सजाय कैदका जिसकी मीआद

+(इसदफा के मुतअल्लिक फोट नोट सफ़ा २१५ में देखिये,)

सिर्फ एकमहीनेसे जियादह न हो या सिर्फ जुर्मानेका जो तादाद में ५०) रुपयेसेजायद न हो यासिर्फ ताजियानेका सादिरकियाहो॥

तशरीह--जब ऐसी अदालत या मजिस्ट्रेट की तरफ़ से हुक्म सजा यहहो कि मुजरिम दरसूरत अदमअदाय जुर्माना कैद कियाजाय और कोई हुक्म अलाहिदा बाबत कैदके सादिर नहो तो हुक्म अव्वलुल्जिक्रकी नाराजी से अपील नहीं होसक्ता है ॥

उन तजवीजातसरसरीकी नाराजीसे जिनमें जुर्मसाबित करारदियाजाय अपील न होसकेगा,

दफ़ा ४१४--× बाबस्फ इसके कि किसी दफा माकब्ल में कुछ और हुक्म हो वह शख्स जिसपर जुर्म साबित करार दियाजाय उन मुकद्दमात तजवीज सरसरी में अपील न करसकेगा जिन में ऐसा मजिस्ट्रेट जो दफा २६०--के मुताबिक अमल करनेका मजाजहो सिर्फ हुक्म सजाय क़ैदका जिसकी मीआद ३-तीनमहीनेसे जियादह नहो या महज़ जुर्माने का जिसकी तादाद दोसौ रुपये से जियादह न हो या महज ताजियाने का सादिर करे ॥

दफात ४१३-व४१४-के मुतअल्लिक शर्त,

दफ़ा ४१५—अपील बनाराजी किसी हुक्म सजा मजकूरे दफ़ा ४१३—या दफ़ा ४१४-के जिसकी रूसे दो या चन्द सजायें मुफस्सिलै दफआत मजकूर शामिल कीजायें जायज होगा-मगर ऐसे हुक्म सजा की नाराजी से अपील करना जो किसी और तौरसे लायक अपीलके नहीं है सिर्फ इस वजहसे जायज न होगा कि शख्स मुजरिम करारदादह के नाम हुक्म इदखाल जमानत हिफ्ज अमनका सादिर हुआहै॥

तशरीह—हुक्म सजा जिसकी रूसे दरसूरत अदम अदाय जुर्माना कैद तजवीज कीगईहो ऐसा हुक्म सजा नहींहै जिसमें दो या जियादह सजायेंहस्बमन्शाय दफ़ाहाजाके शामिल कीगईहैं ॥

दफा ४१६—कोई इबारत दफात ४१३--व ४१४—की उन

× —अपरब्रह्मामें अपीलों के मुतअल्लिक़ क़ायदके लिये देखो क़ानून ०-सन् १८८३ ई० के जमीमेकी दफा १५-मगर रिआयाय बृटानिया अहल यूरुपके बारेमें देखो दफा २२-येज़न,

उन यहकाम सजाका मुस्तसनाहोनाजो रिआयाय वृटानिया अहल यूरुपकीनिस्बत सादिर हुयेहों, मुकद्दमात अपीलसे मुतअल्लिकनहीं है जो बनाराजीउनअहकामसजाके रुजूअ कियेजायें जो बाब ३३-के मुताबिक रिआयाय वृटानिया अहल यूरुप के नाम सादिर हों ॥

अपील अजतरफगवर्नमेंट वराअतकी सूरतमें, दफ़ा ४१७—लोकल गवर्नमेण्ट हिदायत करसक्ती है कि पैरोकारमुकद्दमाजानिबसरकार बनाराजीकिसी हुक्म इब्तिदाई या अपील मुतजम्मिन बराअत मुल्जिम मुसद्दिरै किसी अदालत बजुज अदालत हाईकोर्ट के अदालत हाईकोर्टमें अपील रुजूअकरे ॥

अपील किन उमूर में जायज होगा, दफ़ा ४१८—जायजहै कि अपील अलावह अम्र कानूनी के निस्बत उमूर वाकिआतीके भी दायर किया जाय इल्ला उस सूरतमें कि तजवीज मुकद्दमा बअआनत अहलजूरी के हुईहो कि उससूरतमें अपील सिर्फ़ निस्बत उमूर कानूनी के जायजहोगा ॥

तशरीह—यह उज्रकि हुक्म सजा निहायत सख्तहै हस्बमुराद दफ़ा हाजा एक उज्र कानूनी है ॥

सवाल अपील, दफ़ा ४१९—हर एक अपील बतरीक सवाल तहरीरी के अपीलांट या उसके वकीलकी मारफ़तपेशकिया जायेगा-और ऐसे हरसवाल अपीलकेसाथ नकल उसतजवीजया हुक्मकी जिसकी नाराजीसे अपील हो मुन्सलिक होगी इल्ला उस सूरतमें कि जब वह अदालत जिसमें सवाल मजकूर गुजरानाजाय और तरहपर हुक्मकरे और जिन मुकद्दमातकी तजवीज मारफत जूरीके हुईहो नकलमदात जुर्म करारदादह की जो दफ़ा २६७-के मुताविक कलम्बन्दहुई हों शामिल की जायेगी ॥

जाबिताजबअपीलांट जेलखानामेंहो, दफ़ा ४२०—अगर अपीलांट जेलखाने में हो तो उसको अख्तियारहै कि अपनासवाल अपीलमैनकूल मुन्सलिका अफसर मोहतमिम जेलखाना के पास दाखिलकरे-और अफ़सर मजकूर उस सवाल और नकूलको अदालत अपील मुनासिबमें मुरसिल करेगा ॥

दफ़ा ४२१——इन्दुल हुसूल ऐसे सवाल व नकल हस्ब मन्शायदफ़ा ४१६--या दफ़ा ४२०--के अदालत अपीलको लाजिमहै-कि उसको मुलाहिजाकरे और अगर अदालत की दानिस्त में कोई वजह काफी दस्तन्दाजी की न पाई जाय तो उसको अख्तियार है कि अपील को बतौर सरसरी नामंजूर करे ॥

अपीलका बतौर सरसरी नामंजूरहोना,

मगर शर्त्त यह है-कि कोई अपील जो दफ़ा ४१९-के मुताबिक रुजूअ कियाजाय डिसमिस न कियाजायेगा इल्ला उससूरत में कि अपीलांट या उसके वकीलको अपीलकी ताईद में उजरात पेश करनेका मौका माकूल हासिलहुआ हो ॥

किसी अपीलको इसदफ़ाके मुताबिक खारिजकरने से पहले अदालतको अख्तियार है कि मुकद्दमे की मिसलतलबकरे--मगर ऐसा करना उसपर लाजिम नहीं है ॥

दफ़ा ४२२--अगर अदालत अपील सवाल अपीलको बतौर सरसरी नामंजूर न करे तो उसको चाहिये कि अपीलांट या उसके वकीलको या उस ओहदेदारको जिसे लोकलगवर्नमेंट इसअम्रके लिये मुकर्ररकरे उस वक्त और मुकाम से इत्तिला कराये जो अपीलकी समाअतके लिये मुकर्रर कियागया हो-और ओहदेदार मजकूरकी दरख्वास्त पर नक़ल वजूह अपील की उसके हवाले करे ॥

अपीलकी इत्तिलाअ,

और उन मुक़द्दमातमें जिनमें अपील हस्ब दफ़ा ४१७-रुजूअ कियाजाय अदालत अपील को लाजिमहै-कि उसी किसमकी इत्तिलाअ शख्स मुल्जिमको पहुंचाये ॥

दफ़ा ४२३--×तब अदालत अपील मुकद्दमे की मिसल तलब करेगी अगर मिसलमजकूर पहले से अदालत में न आगईहो-और बादकरने मुलाहिजा मि-

इन्फिसाल अपील में अदालत अपील के अख्तियारात

× अपर ब्रह्मा में दरबारह अख्तियार दरबाब इजाफा करने सजा के अपील में देखो कानून ७-सन् १८८६ ई० के जमीमेको-दफ़ा१६-मगर दरमुकद्दमे रिआयाय बृटानिया अहल युरुप के देखो दफ़ा ४४-ऐजन,

तियारात, सल मजकूर और समाअत उजरात अपीलांट या उसके वकील के अगर वकील हाजिर हो और भी पैरोकार सरकारी के अगर वह हाजिर हो और नीज उजरात शख्स मुल्जिम के अगर अपील मुतज़क्किरै दफ़ा ४१७-दायरहुआहो औरमुल्जिम मजकूर हाजिर हो अदालत मजाज होगी कि अगर उसकी दानिस्तमें कोई वजह काफी दस्तन्दाजी की न पाई जाय अपील को ना मंजूर करे--या—

(अलिफ़)--अगर अपील बनाराजी किसी हुक्म मुतजाम्मिन बराअत शख्समुल्जिमके हो तो ऐसेहुक्मको मंसूख करके तहकीकात मजीद होनेकी हिदायतकरे-या यह हिदायतकरे कि शख्स मुल्जिमकी तजवीज मुकद्दमा अजसरनौहो यावहतजवीजमुकद्दमा के लिये सिपुर्द कियाजाय जैसामौकाहो या शख्स मुल्जिमपर जुर्म साबित करार देकर उसकी निस्बत हुक्म सजा हस्ब मन्शाय कानून के सादिर करे॥

(बे)--जब अपील बनाराजी हुक्म इसबात जुर्मके दायर हो—तो अव्वलन् तजवीज और हुक्मसजा को मन्सूख करे और शख्स मुल्जिमको बरीकरे या उसको रिहाइदे या यह हुक्मदे कि उसकेमुकद्दमेकी तजवीज जदीदमारफत किसीअदालत मजाजसमाअत ताबे हुकूमत अदालत अपील मजकूरके अमलमें आये या वह वास्ते तजवीज मुकद्दमे के सिपुर्द कियाजाय या सानियन् तजवीजको बदलदे और हुक्म सजाको क़ायम रक्खे या बादतब्दील या बिलातब्दील तजवीजके सजाको कमकरदे या सालिसन् बाद या बिलाघटाने तादाद सजा और बिला या बादतब्दील तजवीज के सजाकी हैसियत उस तौर पर बदलदे कि तादादसजाकी न बढ़ने पावे॥

(जीम)--जब किसी और हुक्मकी नाराजी से अपीलहो तो उस हुक्मको तब्दील या मन्सूखकरदे॥

(दाल)--इस ऐक्टकी किसी इबारतसे अदालतको यहअख्तियार नहोगा कि अहाली जूरीकीरायकोतब्दील या मन्सूख करे-इल्ला

उस सूरतमें कि उसके नजदीक हाकिम अदालतकी हिदायत ग़लतके बाअस या बाअसग़लतफ़हमी मरातिब क़ानूनी मुबय्यना साहब जज मिन्जानिब अहाली जूरी रायजूरीकी ग़लतमालूमहो ॥

दफ़ा ४२४--क़वाअद मुन्दर्जे बाब २६-बाबत तजवीज मुराफ़ै मातहतकी अदालतहा अदालत फौजदारी मजाज समाअत इब्तिदाई यअपीलकीतजवीज, के जहांतकमुमकिनहो बजुज हाईकोर्ट के बाक़ी हरअदालत अपील की तजवीज से मुतअल्लिक़ समझे जायेंगे ॥

मगरशर्त यहहै कि अगर अदालतअपील इसके खिलाफहुक्मन दे तो शख़्समुल्जिमको तजवीज सुनानेके लिये हाजिरकरना और हाज़िररखना जरूर न होगा ॥

दफ़ा ४२५--जब इसबाबके मुताबिक हाईकोर्टसे कोईमुक़द्दमा ब- हाईकोर्ट अपीलके हुक्मकासर्टीफिकट अदालत मातहतकेपासभेजदेगी, सीगै अपील फैसलकियाजाय तो हाईकोर्टको लाजिमहै कि अपना फैसला या हुक्मबजरिये सार्टीफ़िकट उसअदालतमें भेजदे जिसने तजवीजया हुक्मसजा या कोई और हुक्म जिसकी नाराजीसे अपील हुआ हो क़लम्बंद या सादिरकियाहो अगरवह तजवीज याहुक्मसजाया हुक्मासिवाय मजिस्ट्रेटजिलेके किसीऔर मजिस्ट्रेटकी तरफ़से कलम्बंद या सादिरहुआहो तो सर्टीफिकटबतवस्सुत मजिस्ट्रेटजिले के मुरसिल कियाजायेगा ॥

उसअदालतको जिसके पास हाईकोर्ट का फैसला या हुक्म बजरिये सार्टीफिकटके पहुंचे लाजिमहै-कि बमुजर्रद हुसूलउसके ऐसे अहकामसादिरकरे जोहाईकोर्टके फैसलके मुवाफिकहों-और अगर जरूरत हो तो मुक़द्दमे के कागजात उसके मुताबिक़ सही कियेजायेंगे ॥

दफ़ा४२६-अदालतअपील यहहुक्मदेसक्ती है और उसकीवजूह अपीलकेदौरानमेंहुक्मकलम्बंदकीजायेंगीकिकिसीशख्समुजरिमक़रासजामुकाअत्तिलरहना, रदादहकेअपीलकेदौरानमेंतामीलउसतजवीज याहुक्मकीमुल्तवीरहे जिसकीनाराजीसेअपीलहुआहो-औरअगरशख्स मुजरिमकरारदादह जेलखानेमेंहो यहहुक्म देसक्ती है कि

जमानतपरअपीलांट की रिहाई, वह जमानतपर या खुद अपने मुचलके पर रिहाई पाये॥

अख्तियार जो इसदफा की रूसे अदालत अपीलको हासिल है हाईकोर्टकी तरफ से भी उसवक्तनाफिज होसक्ताहै जब किसी शख्स मुजरिम करारयाफ्तह का अपील किसी अदालत मातहत हाईकोर्ट में दायरहो॥

जबबिल्आखिरअपीलांटके नाम हुक्मसजाय कैद या मशक्कत ताजीरी या हब्सबउबूरदरियायशोर सादिरकियाजाय तो वहअय्याम जिनमें उसने हस्बतरीके मुतजक्किरै सदररिहाई पाईहो उस की सजाकी मीआदके महसूबकरने में खारिज किये जायेंगे॥

दफ़ा ४२७--जब कोई अपील मुताबिक़ दफ़ा ४१७--रुजूअ हुक्मरिहाई के अपील के वक्त मुल्जिमकोगिरफ्तारी, कियाजाय अदालत हाईकोर्ट इस हुक्मका वारंट सादिर करसक्ती है कि शख्समुल्जिम गिरफ्तार होकर उसके रूबरू या किसी अदालत मातहतके रूबरू हाजिर कियाजाये-और जिसअदालत के हुज़ूर वह हाजिरलायाजाय उसे अख्तियारहै-कि रोजइन्फिसाल अपीलतक उसकोकैदखानेमेंभेजे या उसकोजमानतपररिहाकरे॥

दफ़ा ४२८--इस बाबके मुताबिक़ किसी अपील में मसरूफ़ अदालत अपील शहादत मजीद लेसक्तीहै या लिये जानेकी हिदायतकर सक्ती है, होने के वक्त अदालत अपील को अख्तियारहै-कि अगर शहादत मजीदका लेना जरूरी समझे तो ऐसी शहादत वह खुदले या शहादतके किसी मजिस्ट्रेट की मारफ़त लियेजाने का हुक्मदे-या अगर अदालत अपील हाईकोर्ट हो तो यह हुक्मदे कि शहादत मजकूर किसी अदालत सिशन या मजिस्ट्रेटकी मारफ़तलीजाय॥

जब शहादत मजीद अदालत सिशन या मजिस्ट्रेट की मारफत लीजाय तो उसे लाजिमहै-कि शहादत मजकूरके साथ क़ितै सार्टीफ़िकट अदालत अपीलमें भेजदे-उसपर अदालत मजकूर अपीलके तैकरने में मसरूफहोगी॥

बइस्तस्नाय उससूरतके कि अदालत अपील और तरह पर हिदायतकरे जब शहादत मजीद लीजाये लाज़िमहै-कि मुल्ज़िम या उसका वकील हाजिररहे-मगर ऐसी शहादत मजीद अहाली जूरी-या असेसरों के रूबरू न लीजायगी ॥

शहादतका इसदफ़ाकी रूसे लियाजाना बनज़रहुसूल अग़राज़ बाब २५-बमंजिलै तहक़ीक़ात के मुतसव्विर होगा ॥

जाबिता जबकि अदालत अपील के हुक्काम बतादादमसावी मुख़्तलफ़ुल आराहों,

दफ़ा ४२९--जबअदालत अपीलके हुक्काम बतादाद मसावीमुख़्तलफ़ुलआराहों तो मुक़द्दमामयआराय हुक्कामके उसी अदालतके किसी और हाकिमके रूबरूपेशहोगा-और हाकिमआख़िरुल्जिक्रबाद उसक़दर तहक़ीक़ात व समाअतके जो उसको मुनासिब मालूमहो अपनीराय जाहिर करेगा-और अदालतकी तजवीज और हुक्मबतबैयत उसरायके सादिर होगा ॥

अपीलमें अहकामका नातिक़होना,

दफ़ा ४३०—तजावीज और अहकाम जो बसीगै अपील अदालत अपीलसे सादिर हों नातिक होंगे-बजुज उन मुक़द्दमात के जिनकी बाबत दफ़ा४१७-और बाब ३२—में अहकाम मुनासिब मुन्दर्ज हुये हैं ॥

अपीलोंका साकित होजाना,

दफ़ा ४३१—हर अपील जो दफ़ा ४१७-के मुताबिक़ हुआहो शख़्स मुल्ज़िम की वफ़ात पर मुतलक़न् साक़ित होताहै-और हर दूसरे क़िस्मका अपील अज़रूय बाब हाज़ा अपीलांट की वफ़ातपर मुतलक़न् साक़ित होजाता है ॥

बाब-३२॥

बाबतइस्तसवाब और नज़रसानी ॥

प्रेज़ीडंसी मजिस्ट्रेट का इस्तसवाब रायहाईकोर्टसे,

दफ़ा ४३२—मजिस्ट्रेट प्रेज़ीडंसी को अख़्तियार है-कि अगर मुनासिब समझै किसी मसलैक़ानूनी को जो उसकी अदालत के किसी मुक़द्दमे मुतदायरे की समाअत के वक़्त पैदाहो वास्ते हुसूलराय हाईकोर्ट के मुरसिलकरे-या बशर्त्त पाबन्दी फ़ैसला हाईकोर्ट के जो

वजवाब उस इस्तसवाब के पहुंचे मुक़द्दमे की तजवीज़ करे-और ताहुसूलफ़ैसले कोर्ट मज़कूरके शख्स मुल्ज़िम को जेलखाने में सिपुर्दकरे-या उसको इस शर्त पर ज़मानत लेकर रिहाकरे कि वह हुक्म अख़ीर सुनने के लिये इन्दुल तलब हाज़िर होगा॥

दफ़ा ४३३—जबऐसा मसला इस्तसवाबन् हाईकोर्ट में मुरसिल कियाजाये तो कोर्ट मज़कूरको लाज़िमहै-कि उसकी निस्बत जो हुक्म मुनासिब समझे सादिर करे--और हुक्म मज़कूर की एक नक़ल उस मजिस्ट्रेटके पासभेजदे जिसनेइस्तसवाब कियाहो-और मजिस्ट्रेट मज़कूर उस हुक्मकी पाबन्दीसे मुक़द्दमेको फ़ैसल करेगा॥

इन्फ़िसाल मुक़द्दमा मुताबिक़ फ़ैसला हाईकोर्ट के,

हाईकोर्ट इस बाबमें हिदायत करसक्ती है कि खर्चा ऐसे इस्तसवाबका किसके ज़िम्मे आयद किया जायेगा॥

हिदायतें दरबाब खर्चाके,

दफ़ा ४३४—जब रूबरू किसी हाकिम अदालत हाईकोर्टके जिसमें एक से ज़ियादह जज इजलास करतेहों और दरहाले कि वह अपने अख्तियारात फौजदारी सीग़े इब्तिदाई अमल में लाते हों किसी शख्स पर किसी तजवीज की रूसे जुर्म साबित करार दियाजाय तो हाकिम मजकूर को अख्तियार है-कि अगर मुनासिब समझे किसी अम्र कानूनीका तस्फ़िया जो उस शख्सकी दौरानतजवीज मुकद्दमे में पैदाहुआ हो और जिसकी तजवीज मुकद्दमे के नतीजे पर मवस्सर हो ऐसे जल्सेसे कराये जिसमें हाईकोर्ट मजकूरके दो या जियादह हुक्काम इजलास फरमाहों॥

उन उमूरके मुल्तवी रखनेका अख्तियार जो हाईकोर्टके अख्तियारात सीगेइब्तिदाईके अमलमेंलातेवक्त पैदाहों,

जब हाकिम मजकूर तस्फियाकिसी ऐसी बहसका दूसरे जल्से की रायपर मौकूफरक्खे तो शख्स मुजरिम करारदादह ताहुसूल फैसला जल्सामजकूरके जेलखाने में वापिस भेजा जायेगा-या अगरहाकिम मजकूर मुनासिब समझे जमानतपर रिहाई पायेगा॥

जाबिता जबकि किसी बहसका तस्फियहमौकूफ रक्खाजाय,

और हुक्काम हाईकोर्ट मजाज होंगे-कि उस मुकद्दमे पर या उसके उसकदर जुज्व पर जिसकी जरूरत पाईजाय नजरसानी करें- और अम्रवहस तलबकी तजवीज मुल्तातिम करदें-और जो हुक्मसजा तरफसे अदालत समाअत इब्तिदाई के सादिर हुआ हो उसको तब्दीलकरके ऐसी तजवीज या हुक्म सादिर करें जो हुक्काममौसूफको मुनासिब मालूम हो ॥

अदालत हाय मातहतकोमिसलोंके तलब करनेका अख्तियार,

दफा ४३५—हुक्काम हाईकोर्ट या अदालत सिशन या मजिस्ट्रेट जिला या किसी मजिस्ट्रेट हिस्से जिलेको जिसे लोकल गवर्नमेण्टने इस बाब में अख्तियार अताकियाहो अख्तियार है-कि कागजात मिसल किसी मुकद्दमे मरजुये किसी ऐसी अदालत फौजदारी मातहत के जो कोर्ट या मजिस्ट्रेट मौसूफ के इलाके की हुदूद अर्जीके अन्दर वाके हो इसगरजसे तलब करके उनका मुआयना करे कि उसको इसबातका इतमीनान हासिलहो कि जो तजवीज या हुक्म सजा या और हुक्म मुकद्दमे में तहरीर या सादिर कियागयाहो सही और मुताबिक कानून और इन्साफ के है या नहीं-और आया कारवाई ऐसी अदालत मातहत की मुताबिक जाबितै हुई है या नहीं ॥

अगर किसी मजिस्ट्रेट हिस्से जिले की दानिस्त में जोअजरूय दफा हाजा कारबन्द हो कोई तजवीज या हुक्म सजा या हुक्म खिलाफ कानून या गैर मुनासिब हो या कोई ऐसी कारवाई बेजाबितैहो तो उसे लाजिम होगा-कि मिसलको मै उस कैफियत के जो उसके नजदीक मुनासिब हो मजिस्ट्रेट जिले के पास रवाना करदे ॥

वह अहकाम जो दफआत १४३-व १४४-के बमूजिब सादिर हों और कारवाई मुतअल्लिकै दफा १७६-हस्ब मुराद इस दफा के लफ्ज कारवाई में दाखिल नहीं है ॥

हुक्म सिपुर्दगी का

दफा ४३६—जब किसी मुकद्दमे के कागजात मिसल की दफा ४३५-के मुताबिक या और तौरपर मुआ-

अख्तियार, यनाकरनेके बाद अदालतसिशन या मजिस्ट्रेट जिलेकी यहराय करारपाये कि मुकद्दमा मजकूर सिर्फ़ अदालतसिशनसे तजवीजहोनेके लायकहै औरकोईशख्स मुल्जिम अदालत मातहत के हुक्मसे बेजातौरपर रिहाकियागया है-तो अदालत सिशन या मजिस्ट्रेट जिलेको अख्तियार है-कि शख्स मज़कूरको गिरफ्तारकराके उसकेबादबजाय हुक्मदेने तहक़ीक़ातजदीदके शख्स मुल्जिमकी निस्बत यह हुक्म सादिरकरे कि वह बइल्लत उसफेल के जिसकी बाबत अदालतसिशन या मजिस्ट्रेट जिलेकीदानिस्त में वह बतौर नाजायज रिहाई पाचुका है तजवीज़ के लिये सिपुर्द कियाजाय ॥

मगरशर्त्त यह है कि-

(अलिफ़)-ऐसे शख्स मुल्जिमको ऐसी कोर्ट या मजिस्ट्रेटके रूबरू इस बातकी अर्ज मारूज करने का मौक़ा दिया गयाहो कि उसकी सिपुर्दगी क्यों न होनी चाहिये ॥

(बे)-और यह कि अगर अदालत या मजिस्ट्रेट मजकूरकी दानिस्तमें शहादत मौजूदह से यहवाज़ेहो कि शख्स मुल्जिमसेकोई और जुर्मसरजद हुआहै-तो ऐसी अदालत या मजिस्ट्रेट यहहुक्म बनाम अदालत मातहत सादिर करसक्ता है-कि अदालत आखिरुल्जिक्र उस जुर्मकी तहक़ीक़ात करे ॥

दफ़ा ४३७----हाईकोर्ट या अदालत सिशनको अख़्तियारहै-कि दफ़ा४३५-के मुताबिक या औरतौरपर किसी मुकद्दमेकेकाग़ज़ात मिसलकेमुआयना करनेके वक्त मजिस्ट्रेट जिलेकेनामयहहुक्मसादिरकरे कि वहखुद या मारफ़तकिसी अपनेमातहतकेमजिस्ट्रेटके-औरइसीतरह मजिस्ट्रेट जिलेको अख़्तियारहै कि खुद या अपने किसीमजिस्ट्रेट मातहतको हिदायतकरे कि वहतहक़ीकातमजीद निस्बत किसीऐसे इस्तग़ासाके करे जो दफ़ा २०३-के मुताबिक खारिज होगयाहो या निस्बत मुक़द्दमा किसीशख्स मुल्जिमके जिसने रिहाई पाईहो ॥

हुक्म तहक़ीक़ात सादिरकरनेका अख्तियार,

दफ़ा४३८--*अदालत सिशन या मजिस्ट्रेट जिलेको अख़्तियार है-कि बादकरने मुआयना काग़ज़ात मुतअल्लिके किसी कारखाई हस्बमहकूमै दफ़ा ४३५-के या और तौरपर अगर मुनासिब मालूमहो अपने मुआयने का नतीजावास्ते सुदूर अहकाम हाईकोर्टके मुर्सिलकरे-और जब रिपोर्ट मजकूरमें इसअम्र की सिफारिशहो कि हुक्मसजा मुस्तरद कियाजाय-तो यह हुक्म देसक्ता है कि तामील सजा मज़्कूर की मुल्तवीरक्खीजाय-और अगर शख्स मुल्जिम कैदमेंहो तो वह जमानतपर या खुदअपने मुचलकेपर रिहा कियाजाय ॥

हाईकोर्टकोरिपोर्टकरना

दफ़ा ४३९-- निस्बत किसी कारखाई के जिसकी मिसल केकाग़जातखुद हाईकोर्टसे तलब कियेगये हों या जिसकी बाबत रिपोर्टवास्ते सुदूर हुक्म कोर्टमजकूरके मुर्सिलहुईहो या जिसका इल्मकोर्टमजकूर को किसी और तौरपर होजाय हुक्कामहाईकोर्टमजाजहोंगे-कि हस्ब इक्तिजायरायअपनेवहअख़्तियारातनाफ़िजकरेंजोदफ़आत१९५-व ४२३--व ४२६-व४२७-व ४२८-के बमूजिब अदालत अपील को या बमूजिब दफ़ा ३३८--अदालत को मुफ़व्विजहुये हैं-और किसी सजाको बढ़ादें-और जबवह हुक्काम जो बतौर अदालत नजरसानीके शरीकहों बतादाद मसावी मुख्तलिफुलआराहों तो मुक़द्दमा मज़्कूर उस तरीक़पर फैसलाकियाजायेगा जोदफा४२९-में महकूमहै ॥

हाईकोर्टकेअख़्तियारातदरबारहनजरसानीके,

कोईहुक्म इसदफाके बमूजिबन दियाजायेगा जो मुज़िर हक़ शख्स मुल्जिम हो-ताबक्ते कि उसको असालतन् या वकालतन् अपनी जवाबदिही करनेका मौका न मिलाहो ॥

जब वहहुक्म सजा जिसमें दस्तन्दाजी इसदफा के बमूजिब कीजाय किसी मजिस्ट्रेटके हुजूरसे सादिरहुआहो जोसिवायइत-

---

* अपर ब्रह्मा के अपीलों में जो कयूद हैं उनके लिये देखो क़ानून ८-सन् १८८६ई० के जमीमे की दफा१३-और दरखसूस रिआयाय बृटानिया अहलयूरुप के देखोदफ़ा २२-ऐजन्,

चाअ दफ़ा ३४-किसी औरतौरपर अमलकरताहो-तोअदालतउस जुर्मकी बाबत जो बदानिस्त अदालत मुजरिमसे सरज़दहुआहो उससे जियादह सजा तजवीज न करसकेगी जोउस जुर्मकी बाबत कोई प्रेजीडंसी मजिस्ट्रेट या मजिस्ट्रेट दर्जे अव्वल तजवीज करसक्ता था ॥

इसदफ़ाकी कोई इबारत उसतहरीरसे मुतअल्लिक नहीं है जो दफ़ा २७३—के मुताबिक फर्द करारदाद जुर्मपर लिखीजाय-और न इसदफ़ाकीरूसे हाईकोर्टको यह अख्तियार दियागयाहै कि तजवीज बराअत मुल्जिमके बदले तजवीज इसबात जुर्म कायमकरै ॥

फ़रीकेनके उजरातकी समाअत अदालतकी मरजी पर मौकूफ है,

दफ़ा ४४०—जब कोई अदालत अपने अख्तियारात नजरसानी नाफिजकरतीहो तो कोई फरीक मुस्तहक इसबातका न होगा कि अदालतके रूबरू असालतन् या वकालतन् उजरात पेशकरे ॥

मगरशर्त्त यह है-कि अदालतको अख्तियार होगा कि अगर मुनासिब समझे बवक्त निफाज ऐसे इख्तियारातके किसी फरीकके उजरात जो असालतन् या वकालतन् पेशहों समाअत करे-और कोई इबारत इस दफाकी दफ़ा ४३६--के फिकरह २-के नकीज न समझी जायगी ॥

प्रेजीडंसी मजिस्ट्रेट काबयान जिसमें उसके फैसलेकीवजूहरहेंगी और उसपर हाईकोर्ट गौर करेगी,

दफ़ा ४४१--जब मजिस्ट्रेट प्रेजीडंसी की कार्रवाई के कागजात मिसलदफ़ा ४३५-केमुताबिकहाईकोर्टके हुक्म से तलब किये जायँ मजिस्ट्रेट मजकूरको अख्तियारहै-कि मिसलमुकद्दमेके साथ एक बयान तहरीरीजिसमें उसके फैसले या हुक्मकी वजूह और कुछ और वाकिआतउम्दाजिनको वह मवस्सरनतीजा मुक़द्दमासमझताहो लिखेजायँगे कलम्बन्दकरकेमुर्सिलकरे-पसहुक्कामहाईकोर्टकव्लमन्सूखऔर मुस्तरिदकरनेफैसले या हुक्ममजिस्ट्रेटकेकैफियतमजकूरकोगौरसेमुलाहिजाकरेंगे॥

हाईकोर्टकेहुक्मका

दफ़ा ४४२-जब अदालत हाईकोर्ट इसबाबके मुताबिक किसी मुकद्दमेमें इसलाह फरमाये अदालतमौसुफा

सर्टीफिकट अदालतमा तहतयामजिस्ट्रेटकोदि याजायगा,

कोलाजिम होगा-किअपने फैसले या हुक्म कोवजरिये सार्टीफिकट उसअदालत में भेजदे जिसनेवहतजवीज या हुक्म सजा या औरहुक्म तहरीर या सादिर कियाहो जिसपर नजरसानी हुई हो-और उसअदालत या मजिस्ट्रेट को जिसके पास फैसला या हुक्म वज़रिये सार्टीफिकट के पहुँचे लाजिमहै-कि ऐसे अहकाम सादिर करे जो फैसले मजकूर के मुताबिक हों-और अगर जरूरत हो मिसल मुकद्दमे को उसी के मुताबिक तरमीम कराये ॥

हिस्सह हस्तुम ॥

काररवाई हायखास ॥

बाब-३३ ॥

काररवाई सीगे फौजदारी बमुकाबिले अहल यूरोप व अहल अमरीका ॥

साहिबान मजिस्ट्रेट उन इल्जामोंकी तहकीकात और तजवीज करेंगे जो रिआयाय बृटानियाअहलयूरोपपर लगाये जायँ,

दफ़ा ४४३--किसी मजिस्ट्रेट को अख्तियार न होगा इल्ला उस सूरतमें कि वह जस्टिस आफ़दी पीसभी हो और (बजुज़ उससूरतके कि वह×मजिस्ट्रेट जिला या ×मजिस्ट्रेट प्रेज़ीडंसीहो) बजुज़ उस सूरत के कि वह मजिस्ट्रेट दर्जे अव्वल और खुदरअय्यत बृटानिया अहलयूरोपहो कि किसी इल्जामकी तहक़ीक़ात या तजवीज करे जो किसी रअय्यत बृटानिया अहल यूरोपपर लगाया जाय ॥

सिशन जज रअय्यत बृटानिया अहल यूरुपहोगा-और असिस्टंट सिशन जज३-तीन बरसतक ओहदेपर रहाहो. और उसको खासअख्तियार मिलाहो,

दफ़ा ४४४--किसी जजको जो किसी अदालत सिशनमें मीर मजलिसकी हैसियत रखताहो×बइस्तस्नाय सिशन जजके×किसी रअय्यत बृटानिय अहलयूरोप पर अपने इख्तियारात नाफ़िज़ करने का अख्तियार न होगा इल्ला उस सूरतमें कि वह खुद रअय्यत बृटानियाअहल यूरोपहो-और अगर वह असिस्टण्ट सिशन

× --×दफ़ात४४३-व ४४४-में यहअल्फ़ाज ऐक्ट ३-सन् १८८४ ई०कीदफ़ात३-व४--की रूसे बढ़ाये गयेहैं,

जजहो-तो बजुज़ इसके कि वह ओहदा असिस्टंट सिशनजज पर कमसे कम ३-तीन बरस रहाहो और उसको लोकल गवर्नमेंट से ऐसे इक्तिदारात नाफ़िज़करने का अख़्तियार खासमिलाहो ॥

समाअ्रतउसजुर्म की जोरअय्यत वृटानिया अहलयूरुपसे सरजद हो,

दफ़ा ४४५-कोई इबारत मुन्दर्जै दफा ४४३-या ४४४- की मानै इसअम्रकी न होगी कि कोईमजिस्ट्रेट किसी ऐसेजुर्ममें दस्तन्दाजी करे जो किसी रअय्यतवृटानिया अहल यूरोपसे सरजदहो उस सूरतमें जबकि उसी किसमके जुर्मके किसी और शख्ससे सरजद होनेपरउसको समाअ्रत करनेका अख्तियार होता ॥

मगर शर्त यह है-कि अगर मजिस्ट्रेट कोई हुक्मनामा वास्ते जबरन् हाजिर कराने किसी रअय्यत वृटानिया अहलयूरोप के जारीकरे जिसपर किसी जुर्म का इल्जाम लगायागयाहो तो उस हुक्मनामेमें यह लिखाजायेगा कि वह इजराय के बाद ऐसे मजिस्ट्रेट के पास वापिसजायेगा जो मुक़द्दमे की तहकीक़ात या तजवीज करने का अख्तियार रखताहो ॥

अहकाम सज़ा जो साहबानमजिस्ट्रेट मुफस्सिल सादिर करसक्तेहैं,

दफ़ा ४४६—अगर्चे दफ़ा ३२-या दफ़ा३४-में कुछ और हुक्म मुन्दर्ज हो कोई मजिस्ट्रेट सिवाय×मजिस्ट्रेट जिला या×मजिट्रेट प्रेजीडंसीके किसी रअय्यत वृटानिया अहल यूरोपकी निस्बत कोई और हुक्म सज़ा सिवाय इसके सादिर न करसकेगा कि मुजरिम किसी मीआदतक कैदरहे जो ३—तीन महीने से जियादहनहो-या उसक़दर जुर्माना अदाकरे जो१०००एक हजाररुपयेसे जियादह न हो-या उसपरदोनोंसजायें आयदहों×और कोईमजिस्ट्रेट जिला कोई वैसा हुक्म सजा सिवाय इसके सादिर न करसकेगा कि मुजरिम किसी मीआदतक कैदरहे जो ६-छः महीने से जियादह नहो या उसक़दर जुर्माना अदाकरे जो २०००दोहजार रुपये से-जियादहन हो या उसपर दोनों सजायें आयदहों× ॥

× —×दफा४४६-में यह अल्फाज ऐक्ट ३-सन् १८८४ई०की दफा५-कीरूसे बढ़ाये गयेहैं,

दफ़ा ४४७—जब किसी मजिस्ट्रेट के रूबरू किसी रअय्यत बृटानिया अहल यूरोप पर किसी जुर्मका इल्ज़ाम लगायाजाय-और बदानिस्त मजिस्ट्रेट मौसूफ़ उस इल्ज़ाम की पादाशमें वह सज़ा काफ़ी तजवीज न करसक्ताहो और उसकी सज़ा मौत या हब्सदायमीबउबूरदरियायशोर नहो तो ऐसे मजिस्ट्रेट को लाज़िम है कि अगर उसकी दानिस्तमें मुल्ज़िम सिपुर्द किये जानेके लायकहो उसको अदालत सिशनमें सिपुर्द करे-या अगर मजिस्ट्रेट प्रेज़ीडेंसीका मजिस्ट्रेट होतो उसको हाईकोर्टमेंसिपुर्द करे

मुल्ज़िम कब अदालत सिशन में और कब हाईकोर्ट में सिपुर्द कियाजायगा,

जबजुर्म जो बज़ाहिर वकूअमें आयाहो लायक सज़ायमौत या हब्सदायमी बउबूर दरियायशोरके हो तो सिपुर्दगी मुल्ज़िम की हाईकोर्ट में होगी ॥

दफ़ा ४४८—जब किसी शख्सपर जो दफ़ा ४४७-के मुताबिक हाईकोर्ट में सिपुर्द हुआहो चंदमुख्तलिफ़ जरायमकाइल्ज़ामलगायाजाय-और उनमें से एक जुर्म लायक़ सज़ाय मौत या हब्सदवाम बउबूर दरियायशोर के हो-और बाकी जरायम उससे ख़फ़ीफ़ सजाके लायक़हों-और हाईकोर्ट की दानिस्तमें उस शख्सको बइल्लत उस जुर्म के जिसकी सज़ा मौत या हब्सबउबूर दरियाय शोर मुक़र्ररहै मारज़ तजवीज़ में लाना ना मुनासिबहो-तो बावस्फ़ इसके कोर्ट मौसूफ़ को अख्तियार रहेगा कि बइल्लत दूसरे जुर्मके उसके मुकद्दमेकी तजवीज़ करे ॥

उनजुर्मोंकी तजवीज जिनमेंसे एकजुर्म लायक सज़ाय मौत या हब्सदवाम बउबूर दरियायशोरके हो और बाक़ी जरायमउससजाके लायक न हों,

दफ़ा ४४९—बावस्फ़ इसके कि दफ़ा३१-में कुछ और हुक्म मुन्दर्जहो किसी अदालतसिशन को अख्तियार न होगा कि रअय्यत बृटानिया अहल यूरोपपर कोई हुक्मसज़ा अलावह हुक्म सज़ाय-क़ैद के जिसकी मीआद एकबरस तक होसक्ती है सादिर करे या जुर्माना या दोनों सज़ायें सादिर करे ॥

वह अहकाम सज़ा जो अदालतसिशनसादिर कर सक्ती है,

जाबिता जबकि सिशन जज अपने अख्तियारातकोगैरकाफ़ी पाये,

अगर किसी वक्त बाद सिपुर्दगी मुल्ज़िम और क़ब्ल इसके कि तजवीज़पर दस्तख़त होजायँ हाकिम इजलास कुनिंदा की दानिस्तमें सज़ायकाफी उस जुर्म की जो ज़ाहिरा मुल्ज़िम पर साबितहुआहो उस हुक्मसे न होसक्तीहो जिसके सादिर करने का वह मजाज़हो तो उसको लाज़िमहै-कि अपनीराय बमज़मून मज़कूर लिखकर मुक़द्दमेको हाईकोर्टमें मुन्तक़िलकरदे-ऐसेहाकिमको अख्तियार है-कि मुद्दई और गवाहोंसेमुचलके और इक़रारनामे बवादे इहज़ार रूबरू हाईकोर्ट खुद लिखाये या मजिस्ट्रेट सिपुर्द कुनिन्देको लिखवालेनेकी हिदायत करे॥

दफ़ा ४५०-[ज़ाबिताजबकि सिशनजजरअय्यतबृटानिया अहल यूरुपनहो] ऐक्ट३--सन् १८८४ ई०की दफ़ा६-कीरूसे मंसूखहुई॥

जूरी या असेसरानहाई कोर्टयाअदालतसिशनके रूबरू,

दफ़ा ४५१—+(१)--जब रिआयाय बृटानिया अहल यूरोप के मुकद्दमोंकी तजवीज़ हाईकोर्ट या अदालत सिशनकेरूबरूहो अगर क़ब्ल इसके कि अव्वल अहलजूरी तलब होकर मक़बूल कियाजाय या अव्वल असेसर मुकर्रर कियाजाय जैसी सूरतहो ऐसी रअय्यत यह दावाकरे कि उसके मुकद्दमेकी तजवीज मारफत अहाली जूरी अक़वाम मुख्तालिफ़के हो तोउसकेमुकद्दमेकी तजवीज ऐसीजूरीकी मारफ़त होगी जिसकी तादादमेंसे क़मसेकम एक निस्फ़ अहलयूरुप या अहलअमरीकाहों या अहल यूरोप और अहल अमरीका दोनों मेंसे हों॥

(२)-जब इसकिस्मके मुकद्दमेकी तजवीज रूबरू अदालत सिशन हस्बमामूल व अआनत असेसरोंके होतीहो-तो रअय्यत बृटानिया अहलयूरुप जिसपर इल्ज़ाम लगायागयाहो--या जब कई एक रिआयायबृटानिया अहलयूरुपमुल्ज़िमहों-सब शामिलहोकर इसदावेकेबदलेकि उनकेमुकद्दमेकी तजवीजहस्बज़िम्न(१)मारफत

+दफ़ा ४५१-ऐक्ट ३-सन् १८८४ ई० की दफ़ा ७-की रूसे साबिक़ दफ़ा की जगह क़ायम कीगई है,॥

अहालीजूरी मुखतलिफुल्अक्वामके हों यहदावा करसक्ते हैं कि मिंजुमलै असेसरोंकेकमसेकम एकनिस्फ अहलयूरुप या अहलअमरीकाहों या अहल यूरुप और अहल अमरीका दोनोंमेंसे हों॥

दफ़ा ४५१—आलिफ+(१)-रिआयाय बृटानिया अहलयूरुप

मजिस्ट्रेट जिलाकेरूबरू रआय्यतबृटानिया अहलयूरुपकाहक दरबारह तलब करने जूरीके,

